पृष्ठ ५११६ से ५६०२ (स)
१ से २३४ (ह)

(स एव ह)

शब्द संख्या ३१२२५

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[चतुर्थ खण्ड]
(तृतीय जिल्द)

सपादक
(सपादन, परिवर्द्धन एव संशोधनकर्ता)
मनीषी, साहित्य भूषण, डॉ० सीताराम लाळस डी. लिट्. (मानद)

व्युत्पति आदि द्वारा परिष्कारक
स्व० पं० नित्यानन्द शास्त्री दाधीच
[आशुकवि, कविभूषण, व्याकरण, साहित्य, कोपादि तीर्थ
श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् महाकाव्य आदि के प्रणेता]

कर्ता
डॉ० सीताराम लाळस डी लिट् (मानद)
स्व० उदयराज उजळ

प्रकाशक
चौपासनी शिक्षा समिति
जोधपुर

❁ श्रद्धांजलि ❁

ठा० गोरधनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) *आई ए एस.* !

जन्म वि० सं० १९६६ चैत्र शुक्ल सप्तमी रविवार

निधन · वि० स० २०३४ भाद्रपद शुक्ल ६ रविवार

दोहा

मित्र मनोरथ पूरणा. कवि जपै जग जीह,

इक तो गोरधन धारणा, दुजा गोरधन सीह ।

—सीताराम लालस

—: दूहा :—

सांई तूं वडा धणी, तूझ न वडा कोय।
तूं जिन्नां सिर हत्थ दे, से जग वडा होय॥
सांई सूं सब कुछ हुवै, बंदा सूं कुछ नांहि।
राई सूं परबत हुवै, परबत राई मांहि॥

—महात्मा ईसरदास

प्रधान मंत्री भवन
नई दिल्ली

सन्देश

शब्द संस्कृति के परिचायक होते हैं। व्यक्ति और समाज के विकास की प्रक्रिया में शब्द बनते हैं और प्रयोग की कसौटी पर उनकी परख होती है। 'शब्द कोष' में सांस्कृतिक इतिहास का स्पन्दन सुनाई देता है और उसकी अनुभूतियों का आभास मिलता है। इस दृष्टि से डा० सीताराम लाल्स का राजस्थानी सबद कोस एक अपूर्व एवं अत्यन्त उपयोगी सांस्कृतिक उपलब्धि है। इस सबद कोस में न केवल संख्या की दृष्टि से विपुल शब्द भंडार है बल्कि उसमें व्युत्पत्ति, उदाहरण एवं अर्थवैविध्य की व्याख्या का भी समावेश हुआ है।

'सबद कोस' डा० लाल्स के अध्यवसाय और निष्ठा तथा साधना का फल है। मैं साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में डा० लाल्स की लगन और तपस्या की सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि हमारे देश की नई पीढ़ी उनके कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त करेगा।

'सबद कोस' के लिए एवं डा० लाल्स के लिए मेरी शुभकामनाएं।

(मोरारजी देसाई)

नई दिल्ली,
अक्तूबर २२, १९७८

प्रधान मंत्री श्री मोरारजी भाई देसाई, कोशकर्त्ता व संपादक डॉ० सीताराम लाळस, डॉ० लक्ष्मीमल्लजी सिंघवी के साथ "राजस्थानी सबद कोस" का अवलोकन करते हुए।

कोशकर्त्ता व संपादक डॉ० सीताराम लाळस, प्रधान मंत्री श्री मोरारजी भाई देसाई व डॉ० लक्ष्मीमल्लजी सिंघवी

दिनांक दिसम्बर ५, १६७८

राजस्थान के वयोवृद्ध विद्वान श्री सीताराम लालस द्वारा ६ जिल्दों में लिखे हुए राजस्थानी कोश को मैं ने देखा। मुझे इस बात से अत्यन्त हर्ष तथा आश्चर्य हुआ कि इस विद्वान ने गरीबी की परिस्थितियों में भी अपने परिश्रम और लगन से कितना बड़ा काम सम्पादित किया।

श्री लालस प्रचार के कृत्रिम प्रकाश से दूर रहने वाले कर्मठ साहित्यकार हैं। इन्होंने जो कोश तैयार किया है वह राजस्थानी भाषा और साहित्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ही। हिन्दी भाषा और साहित्य के लिए भी यह एक बहुत उपयोगी सन्दर्भ-ग्रन्थ है।

मैं चाहता हूं कि राजस्थान और भारत के विद्वान लोग इस कोश को देखें। राजस्थानी में और हिन्दी में इस प्रकार के महत्वपूर्ण सन्दर्भ ग्रन्थों की कमी है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि श्री लालस का यह परिश्रम विद्वानों द्वारा मान्य और प्रशंसित होगा।

(रघुकुल तिलक)

राज्यपाल रघुकुल तिलक को कोश कर्त्ता : डॉ० सीताराम लाळस राजस्थानी सबद कोस भेंट कर रहे है।
पास में प. विष्णुदत्त शर्मा, अध्यक्ष राजस्थानी साहित्य एकेडेमी, खड़े है।

डॉ० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी, श्री प्रताप चंद्र चंदर, शिक्षा मंत्री (भारत) एवम् डॉ० सीताराम लालस

493/C M O G/79

मुख्य मन्त्री, राजस्थान
जयपुर
Chief Minister of Rajasthan
JAIPUR
9 फरवरी, 1979

प्रिय श्री लालस,

आपका पत्र प्राप्त हुआ। आपने राजस्थानी शब्द कोष को पूरा कर लिया है, यह जानकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। शब्द कोष के बारे मे जो जानकारी आपने मुझे भेजी है उसके आधार पर मै कह सकता हूँ कि आपने राजस्थानी साहित्य को एक सुदृढ आधार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। आपने न केवल इस प्रदेश के विभिन्न अचलो मे फैले हुए शब्दो को ढूँढा है बल्कि उनके अर्थ और वैज्ञानिक व्याख्या के साथ उनके प्रयोगो को जिस प्रकार सकलित किया है उसने सचमुच मे इस कोष को राजस्थानी जन-जीवन के विश्व कोष के रूप मे प्रतिष्ठित कर दिया है।

मै आशा करता हूँ कि आपकी अनवरत तपस्या और सतत् साधना ने राजस्थानी साहित्य के निर्माण और आधुनिकरण की दिशा मे एक बुनियादी आधार खडा किया है और मुझे विश्वास है कि भविष्य मे इसी आधार पर राजस्थानी भाषा का भवन खडा होगा। आपका यह प्रयत्न सचमुच मे सराहनीय है और इसके माध्यम से न केवल राजस्थानी साहित्य की श्रीवृद्धि होगी बल्कि इससे हिन्दी भाषा के विकास मे भी महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मै आपकी कठोर तपस्या और साधना के प्रतिफल के रूप मे प्राप्त इस सफलता के लिए आपको हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आपका यह योगदान राजस्थानी साहित्य और सस्कृति के लिए न केवल सजीवनी प्रदान करेगा बल्कि इस क्षेत्र मे सदियो से व्याप्त अधकार को दूर कर एक नई आभा और एक नये प्राण का सचार करेगा। मै आपको इस महत्वपूर्ण उपलब्धी के लिए पुन बधाई देता हूँ।

आपने मुझसे मिलने के लिए समय चाहा है। मार्च मे बजट सत्र के दौरान मै अधिकाशत जयपुर मे ही रहूँगा, आप जानकारी करके अवश्य पधारे मै आपका स्वागत करूँगा।

आपका,

(भैरोसिंह शेखावत)

❀ उप समिति राजस्थानी शब्द कोश की ओर से ❀

इस वृहत राजस्थानी शब्द कोश का अन्तिम खण्ड साहित्य-समाज के सम्मुख रखते हुए हमे अपार हर्ष का अनुभव होता है। एक लम्बी साधना के पश्चात् इस ग्रन्थ रत्न के सभी भाग प्रकाश मे आने से हमारे साहित्य की एक बहुत बडी कमी की जहाँ पूर्ति हुई है वहाँ चौपासनी शिक्षा समिति के संकल्प को पूर्ण सफलता प्रदान करने मे कोश के लिये निर्मित इस उप समिति की सेवाएँ भी सार्थक हुई है।

इस भाग मे 'स' और 'ह' दोनो ही अक्षर एक जिल्द मे समाहित कर दिये गये है। इसका मुख्य कारण 'ह' अक्षर की पृष्ठ संख्या का अति सीमित होना ही है। समिति ने यही उचित समझा कि कोश क्रय करने वालो पर एक अतिरिक्त जिल्द बँधाई का व्यय मूल्य निर्धारण मे न पडे।

इस खण्ड के प्रकाशन मे भी भारत सरकार और राज्य सरकार से हमे जो आर्थिक सहायता उपलब्ध हुई है उसके लिये हम उन सभी सज्जनो का भी आभार प्रकट करते है जिन्होने राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य मे हमारी विभिन्न प्रकार से सहायता की है। कोश की उप समिति के मन्त्री श्री नारायणसिहजी माणकलाव ने जिस तत्परता और सूझबूझ से कार्य को गति देने मे हमारी सहायता की है उसके लिए उन्हे अनेक धन्यवाद देते है। साथ ही हमारे वयोवृद्ध मनीषी डॉ० सीतारामजी लालस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते है कि उन्होने अपनी अपूर्व साधना के फलस्वरूप हमारे समाज की अविस्मरणीय सेवा की है, भगवान उन्हे दीर्घायु करे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी
२५ अगस्त, १९७८

महाराजा प्रह्लादसिंह
अध्यक्ष
उप समिति राजस्थानी शब्द कोश
जोधपुर

इस अवसर पर कोश कार्यालय मे समय-समय पर कार्यरत उन सभी कर्मचारियो को भी मैं उनकी कर्त्तव्यनिष्ठता और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

यहाँ कोश के मुद्रण व प्रकाशन मे सहयोग देने वाले साधना प्रेस के मालिक हरिप्रसादजी पारीक और सुमेर प्रेस के मैनेजर रामदत्तजी थानवी साहिब को भी नही भुलाया जा सकता जिन्होंने इस विशिष्ट कार्य मे अपना पूरा सहयोग दिया।

इतने बडे राष्ट्रीय महत्त्व के कार्य मे बहुत बडी राशि का खर्च होना स्वाभाविक ही है। चौपासनी शिक्षा समिति जहां अपने साधनो से यह कार्य करने मे यथाशक्य सक्रिय रही है, वहां इस मामले मे अपने आपको बडी भाग्यशाली मानती है कि राजस्थान राज्य सरकार और भारत सरकार दोनो ने ही इस कार्य के लिए समुचित अनुदान की राशि समय-समय पर प्रदान कर हमारे इस कार्य को सुगम बनाया। एतदर्थ हम दोनो ही सरकारो के प्रति विशेष कृतज्ञता ज्ञापित करते है।

इस कोश यज्ञ की पूर्णाहुति पर शिक्षा समिति के समस्त सदस्य और शुभचिंतक तथा योगदान देने वाले सज्जन साधुवादार्ह हैं पर सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य तो यह है कि इस कोश के निर्माता डॉ० सीताराम जी लाळस की सम्पूर्ण जीवन-आराधना का प्रतिफल मातृभाषा के लिए अमृत-घट की तरह निकल कर बाहर आ गया है अतः उनके असीम आनन्द की थाह लेना जितना कठिन है उतना ही कठिन है शब्दों मे उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना। शिक्षा समिति ही क्या, भविष्य मे मे आने वाली विद्वानों की पीढियां और साहित्य प्रेमी इनके चिर कृतज्ञ रहेंगे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
२५ अगस्त, १९७८

डॉ० गोविन्दसिंह
मन्त्री
चौपासनी शिक्षा समिति
जोधपुर

।। श्री ।।

❀ निवेदन ❀

—: दूहा सोरठा :—

नारायण भूले नही, अपणी माया, ईश ।	रोग पैल ओखद रचै, जगवाळा जगदीश ।।१।।
साच न बूढो होय, साच अमर ससार मे ।	कैतो धोवो कोय, ओ सेवट प्रकटे 'उदय' ।।२।।
सेवा देश समाज, धरती मे साचो धरम ।	इण सू पूरै आस सकल मनोरथ सावरो ।।३।।
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री ।	आवे इण एवाह ईशर किरपा स उदय ।।४।।
खत ऊजळा सदेश, उदयराज ऊजल अखै ।	दीपै वारा देश, ज्यारा साहित जगमगै ।।५।।

भारत ससद मे सन् १६५० रे करीब देशरी दूसरी सगला प्रान्ता री भसावा मानी गई उणा रे सामल राजस्थानी षा ने नही मानी तो कुदरतो तौर सू राजस्थान मे अपणी भाषा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु आन्दोलन ो मे शुरु हुवो ।

राजस्थानी रै विरोध मे अक्सर आ वात कही जाती के इण रो कोई आधुनिक कोश नही हो । ओ घाटो टावण सारु म्है सीतारामजी लालस ने कयो क्योकि हूँ जाणतो हो के डिगल रा सग्रह रो उण ने काफी अनुभव । श्री सीताराम जी इण काम सारु तैयार हो गया ने म्हे दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग सू मैनत सू कोश रो काम ह कियो ने इण मे खर्च री मदत री जरुरत हुई तो उण बाबत म्है स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिंहजी साहव वार एटला करण ने अरज की । इणा कृपा करने मजूर करी ने तारीख १-५-५१ सू रुपीया री मदत देणी चालू कर दीवी । तारामजी मथाणिया मे लेखक राख ने काम शब्द सग्रह री स्लिप कोपिया लिखावण रो चालू कर दीयो और म्है दोनु ारीख १-५-५१ सूं सन् १६५२ रा आखिर तक सामिल काम कियो जिण सू कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपिया मे खीजीया फेर समय रा हेरफेर सू श्री पोकरण ठाकुर साहव री सहायता वद हो गई, इण सू सन् १६५३ लगायत न् १६५६ तक ४ साल तक कोश रो काम वद रेयो ।

इण कोश ने पूरो करण री म्हा दोनू री लगन ही । म्है करनल श्री स्यामसिहजी रोडला ने जून सन् १६५६ मे ोश मे सहायता देवण सारु कागद लिखियो उण रो जवाब उणां तारीख २६-६-५६ रा कागद मे म्हने लिखियो के कोश ारु मावार रु ५०) ३ या ४ साल तक या कोश पूरो होवे जठा तक दे सकू ला । परन्तु उणारा पिता करनल श्री नोपसिहजी बीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू होणे मे देरी हुई । उणा रे स्वर्गवास होणे रे बाद मे नवम्बर रा न्त मे ने दिसम्बर रा शुरू मे जोधपुर मे ही जद कर्नल श्री सामसिहजी कोश री मदत बावत बातचीत करणने दोयवार हारे मकान पर आया और फिर सहायता देणी चालू कर दीवी ।

कोश रो काम उणा री सहायता सू सन् १६५७ री जनवरी सू सीतारामजी जोधपुर मे चालू कर दियो क्यू कि जद णा रो तबादलो जोधपुर मे हो गयो हो । जो एक लाख तेरह हजार शब्दो की स्लिप कोपिया पेली बणी हुई ही । णतरे सब शब्द अक्षरवार किया जाय ने उणा अक्षरवार रजिस्टर मे लिख लिया गया इणतरे कोश सन् १६५८ री माह ई तक पूरो हो गयो । म्है पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखी ने काम कियो ओ कोश रनल श्री सामसिहजी री रुपीया री सहायता सू पूरो हुवो ।

इणरे बाद प्रेस कापी बणावण रो काम चालू हुवो । उणरे खरचे रो प्रबन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिहजी मेडतिया ानपुर वाला श्री झालावाड दरवार सू श्री नीवाज ठाकुर साहव सू रुपिया री सहायता लेने करायो ने तरे छपण रो बन्ध राजस्थानी सोध सस्थान चोपासनी जोधपुर सू हुवो ने तारीख ११-३-५६ ने सीतारामजी ने इण सोध सस्थान शिक्षा वभाग सू लोन पर ले लिया जद सू वे इण सस्थान मे काम करण लागा ।

इण कोश ने तैयार करावण मे व्युत्पति विभाग पूरो करावण मे स्वर्गीय प० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर री णी मतद ही इण वास्ते वैकूठवासी विदवान ने घणा धन्यवाद देवा हा । तारीख २२-५-५७ ने लिख दय्या नीचे मुजब हो —

चांद बावड़ी

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यत्र श्री उदयराजजी उज्जवल यंत्रो (मेकेनिकल) के बल सचालित हुवा है।, मैंने इसे देखा, इन्होने प्रत्येक शब्द और धातु को जाचकर उनके प्रयोज्य सब प्रकार के प्रयोगो को प्रदर्शित किया है क्योकि इन्होने सस्कृत, प्राकृत, अपभ्र श विविध भाषाओ के बल पर यह कार्यभार उठाया है। बीच-बीच मे हर समय मेरे साथ विचार-विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने मे श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा है राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश को त्रुटी की पूर्ती से सतुष्ठ होगी और श्रम को समझने वाले विद्वान काय की प्रशसा करेगे। फकत-नित्यानन्द शास्त्री।

इण तरे ननण विश्वविद्यालय सूं डा० डब्लू० एम० एलन जो ससार री करीब चालीस भाषाओ रो जानकार है ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती रा भाषा शास्त्री है वे राजस्थानी भाषा रे ध्वनि विज्ञान सबन्धी जाच वो शोध रो काम सारू सन् १९५२ मे राजस्थान आया हा ने जोधपुर मे दोय मास ठहरिया हा ने भाषा रे सिलसिले मे म्हारे कने घणा आता उणाने म्हे ने सीतारामजी दोनू कोश वाली स्लिप कोपिया राय रे वास्ते म्हारे मकान पर दिखाई ही उणा म्हारो उत्साह बधायो उणा री सम्मति नीचे मुजब है —

Thinity College Cambridge **26 Feb, 1960**

It is excellent news for Indo/Aryan Linguistics that the Rajasthan Dictionary of Shri Udayraj Ujjawal and Shri Sitaram Lalas is new to be published Rajasthani has long pressented a serious gap in the comparative study of the voca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at Last it is filled by the evoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguisbed Sponsors I know well the difficulties that have beset the undertaking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani Language can no Longer be denied

Sd W S Allen M A, P H. D

Professor Comprative Philology
in the University of Cambridge.

कोश दोय दातार राजपूत सरदारों री रुपया री मदत सू शुरू होय ने पूरो बणियो इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफत म्हे ता० २६-६-५७ ने इण बाबत काव्य गीत, कविता, रचियौ ने सीतारामजी कने भेजीया वो अठे दिया जावे है इण मे दोनू सरदारा रो धन्यवाद रे तौर पर वर्णन है। इण गीत री सीतारामजी पत्रो में तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी में

कोम मरू बाणरो सुणो वण्यो नह किण सू, लाख शब्दो तणे वडो लेखो गया भूपात, कवराज गुण गावता दियो नह ध्यान इण हेत देखो ॥१॥
खूटगा खजना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा । सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पथ घन छोड लाडा ॥२॥
सेव साहित्य ही रहे ससार मे, सुजसफल लगावे घणो सरसे । मिले सुखलाघ हितकर चित समाजा, दिनो दिन किता सनमान दरसै ॥३॥
पाण भरू बान है प्रात रो परपर, वेण परताप राजस्थान ऊचो । रखी नह पढण मे भावखा प्रात री, निरखता जाय है प्रांत नीचो ॥४॥
वणाई चारणो व्याकरण विधोवित्र, वणेगो कोश ही लाखसवदो । 'सीत'रो परिश्रम अथग फलियो सिरे, रेटियो'उदय' मिल सकल सवदो ॥५॥
पोकरण भवानीसीह चापे प्रथम कोश रे हेत धन खर्च कियो । पडता लाच इण समेरा फेर सू, स्यामसी रोडले कांम सीधो ॥६॥
रोडले स्यामसी सपूतो सिरोमण, कमधज आज अखियाज कीधी । वार विपरीति मे हजारो खरचवै, दाद उजल 'उदे' देस दीधी ॥७॥
चारणो दोय मिल व्याकरण कोश रचि, वण्या नह वडो कवराज मिलियो। कमधा दोय मिल कियो सुभ काम जो, महीयो कियो नह बीस मिलियो॥८॥

कवित

सूर्यमल मिशण ने बनाया वंस भास्कर, बूंदी नृपराम ने खजाना खोल करके।
सावल कविराज ने लिखाया इतिहास त्योही उदीयापुर रान के कोष वल घर के।
सीताराम लालस ने की राजस्थानी कोश उदयराज उज्जवल के योग शक्ति भरके।
पोकरण भवानीसिंह स्यामसिंह रोडला के कोष हित कोष बने दानी धन घर के।
प्रात की प्रवल भाषा प्रतिष्ठत परम्परा विवुधन दीनमाल वीरपद वाला हे।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त हूँ मे रही नही होय कोटि जनता को दास गति डाला है।
डूबत है मात्र भाषा वीर राजस्थान केरी, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित विदाजा है।
जीवित उट्ठेगी प्रीय राजस्थानी आशमात्र, व्याकरण कोश याके बनेगे जिशाला है।

Compared by
Sd. Bhawar Singh
Sd. लक्ष्मीप्रकाश गुप्ता

Sd. ह० उदयराज उज्जवल
Sd. Nami Chand Jain
Civil Judge, Jodhpur

—— भूमिका ——

लेखक डॉ० हीरालाल माहेश्वरी,
एम ए , एल्-एल् बी , डी.फिल् , डी.-लिट्
प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

राजस्थानी-हिन्दी के वृहत् कोश—'राजस्थानी सवद कोस,' जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की इस अन्तिम जिल्द मे भूमिका लिखना मानो सूर्य को दीपक दिखाना है। अद्यावधि प्रकाशित आधुनिक भारतीय भाषाओ के कोशो मे सामान्यतः और नागरी अक्षरो मे प्रकाशित कोशो मे विशेषत इस कोश का अन्यतम स्थान है, यह नि सकोच कहा जा सकता है।

साधारण पाठक को भी सरसरी तौर से देखने पर इसके महत्त्व का पता चल जाता है, तथापि श्री सीतारामजी लाळस का स्नेहानुरोध है कि मैं इस सम्बन्ध मे कुछ लिखूं। सो, इसका अधिकारी न होते हुए भी, इस भाषा और साहित्य के एक विद्यार्थी के नाते अपनी कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप ये पक्तियाँ लिख रहा हूँ। श्री सीतारामजी लाळस की सतत दीर्घ साधना के साकार रूप इस कोश के महत्त्व-दिग्दर्शन के लिए राजस्थानी भाषा और साहित्य पर दो शब्द कहने आवश्यक है।

राजस्थानी साहित्य अत्यन्त समृद्ध और विशाल है। इसकी अधिकाश महत्त्वपूर्ण रचनाएँ अभी तक हस्तलिखित प्रतियो के रूप मे ही प्राप्त है। इन रचनाओ की प्राप्ति और अध्ययन अत्यन्त श्रमसाध्य है। अनेक पण्डितो के प्रयासो के फलस्वरूप कुछ रचनाएँ पुस्तक रूप मे सामने आई है और अनेक छोटी-छोटी रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओ के माध्यम से प्रकाश मे आई और आ रही है। साधनो के अभाव मे आधुनिक लेखको की बहुत सी कृतियाँ भी प्रकाशित नही हो पा रही हैं। जो रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी है, उनकी प्राप्ति मे भी काफी प्रयास करने पडते है। कुल मिलाकर स्थिति सतोषजनक नही है। एक सर्वांगपूर्ण मानक शब्द कोश के लिए उस भाषा की सभी महत्त्वपूर्ण कृतियो का सुसम्पादित रूप मे प्रकाशित होना आवश्यक है। राजस्थानी के लिए यह बात अल्पाश मे ही सत्य है। श्री सीतारामजी को कोश के शब्द चयन मे कतिपय हस्तलिखित ग्रन्थो के अतिरिक्त अधिकतर ऐसी पुस्तको पर निर्भर रहना पडा है। शब्द-चयन और रूप मे इसी अनुपात से कोश की काया का निर्माण हुआ है। शब्द के अर्थ, उसके प्रयोग, व्याकरणिक परिचय, रूप-भेद, तत्सम्बन्धी मुहावरो और कहावतो तथा सम्बन्धित टिप्पणियाँ कर्ता की हे जो इस विषय मे उसके गहन पाण्डित्य की द्योतक है।

ऐतिहासिक दृष्टि से आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओ के विकास-क्रम मे राजस्थानी का सम्बन्ध शौरसेनी प्राकृत से है। शौरसेनी प्राकृत से शौरसेनी अपभ्र श और गुर्जर या गौर्जरी अपभ्रंश का विकास हुआ है। शौरसेनी अपभ्र श का क्षेत्र मुख्यत मथुरा-मण्डल तथा उसके आसपास का प्रदेश था। गुर्जर अपभ्र श का क्षेत्र गुर्जर-प्रदेश था जिसके अन्तर्गत वर्तमान राजस्थान, गुजरात तथा पजाब, सिन्ध और मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्र सम्मिलित है। प्राप्त अपभ्रंश साहित्य के आधार पर अपभ्र श को पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी रूपो मे विभाजित किया जा सकता है। यहाँ यह भी लक्ष्यनीय हे कि किसी समय अपभ्र श पूरे उत्तर भारत मे साहित्यिक भाषा की मर्यादा ग्रहण कर चुकी थी। उसका एक ऐसा सामान्य रूप था जिसका मूलाधार पश्चिमी अपभ्र श था। पुन , प्राप्त अपभ्र श साहित्य का बहुलाश पश्चिमी अपभ्र श मे है। इस पश्चिमी अपभ्र श अथवा गुर्जरी अपभ्र श की अनेक विशेषताएँ पुरानी राजस्थानी मे पाई जाती है।

विक्रम सवत् 1100 के लगभग गुर्जरी अपभ्रंश से जिस भाषा का विकास हुआ उसके कई नाम दिये गए हैं, यथा—मरु-गुर्जर, पुरानी पश्चिमी राजस्थानी, मरु-सोरठ, जूनी गुजराती, पुरानी राजस्थानी आदि। इनमे मरु-गुर्जर नाम सर्वाधिक सगत लगता है जिससे गुजरात और मरु प्रदेश—दोनो की भाषाओ का बोध होता हे। अपने उद्भव-काल से लेकर लगभग सवत् 1500 तक गुजराती और राजस्थानी एक ही थी। भाषिक दृष्टि से दोनो का इतिहास इसके पश्चात् पृथक्-पृथक् होता है।

मरु-गुर्जर या पुरानी राजस्थानी के उद्भव-काल—सवत् 1100 से लेकर वर्तमान समय तक राजस्थानी मे विभिन्न शैलियो मे प्रभूत परिमाण मे साहित्य-रचना होती रही है। विक्रम की उन्नीसवी शताब्दी उत्तरार्द्ध और बीसवी शताब्दी के आरम्भिक 5–6 दशको मे अग्रेजो के फैलते और सुदृढ होते राजनैतिक प्रभुत्व, तद्जन्य परिस्थितियो, वैचारिक परिवर्तनो आदि के कारण साहित्य की धारा मद तो पडी, पर किसी न किसी रूप मे वह प्रवाहित अवश्य होती रही। वर्तमान शताब्दी मे स्वतन्त्रता-प्राप्ति के आसपास से राजस्थानी मे साहित्य-निर्माण की गति पुन तेज हुई और उसका क्षेत्र-विस्तार हुआ। यह परम्परा अब पूरे जोर से चालू है।

मोटे रूप से इन साढे नौ सौ सालो के राजस्थानी-साहित्य के इतिहास को इन तीन कालो मे विभक्त किया जा सकता है —

साधना से ही महान् कार्य सम्पन्न होते है, यह कोश इसका उत्कृष्ट प्रमाण है।

इससे यह न समझा जाय कि इससे पूर्व राजस्थानी के किसी प्रकार के शब्द कोश थे ही नही। छोटे-मोटे लगभग एक दर्जन कोशो का पता चलता है किन्तु वे विभिन्न भाषाओ के प्राचीन कोशो की भाति छन्दोवद्ध है। ये मुख्यत तीन प्रकार के हैं —

(१) पर्यायवाची कोश (यथा—डिंगळ नाम-माला, नागराज डिंगळ कोश, हमीर नाम-माला, अवधान माला, नाम माला, डिंगळ कोश (कविराजा मुरारीदान कृत) आदि।
(२) अनेकार्थी कोश, जैसे—उदयराम कृत 'अनेकारथी कोश' तथा
(३) एकाक्षरी कोश, जैसे –वीरभाण रतनू तथा उदयराम रचित एकाक्षरी नाम मालाएं।

प्राचीन काल मे ऐसे शब्द कोशो का महत्त्व था जो अनेक दृष्टियो से किसी अश तक अव भी है पर आज के पाठक और उपयोगकर्ता के सामने उनकी उपयोगिता अत्यन्त सीमित और प्रयोग-विधि जटिल है, यह लिखने की आवश्यकता नही है। श्री सीतारामजी ने इनका यथोचित उपयोग किया है। कहा जा चुका है कि राजस्थानी का सम्वन्ध एक ओर तो गुजराती से है और दूसरी ओर हिन्दी से। ऐतिहासिक विकास-क्रम की दृष्टि से अन्य आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओ की भाँति उसका सम्वन्ध वैदिक सस्कृत, प्राकृत, और अपभ्र श से है ही। इस प्रकार, इनके सन्दर्भ मे राजस्थानी का सवध त्रिकोणात्मक है। अत राजस्थानी शब्द कोश के निर्माण मे इनमे रचित शब्द कोशो से भी सहायता मिलती है। सस्कृत के अमर कोश के अतिरिक्त राजा राधाकान्त देव बहादुर (शब्द कल्पद्रुम), तर्कवाचस्पति तारानाथ भट्टाचार्य (वाचस्पत्यम्) विल्सन, मैक्डानल, मोनियर विलियम्स्, तथा आप्टे आदि के सस्कृत शब्द कोश, प्राकृत-अपभ्र श के धनपाल कृत पाइयलच्छीनाममाला, हेमचन्द्र कृत देशी नाम माला, विजय राजेन्द्र सूरि कृत अभिधान राजेन्द्र तथा हरगोविन्द त्रिकमचन्द शेठ कृत पाइय सद्द महण्णवो, उर्दू–हिन्दी के मुहम्मद मुस्तफा खा मद्दाह कृत उर्दू–हिन्दी शब्द कोश, केदारनाथ भट्ट कृत उर्दू–हिन्दी कोश, रामचन्द्र वर्मा कृत उर्दू-हिन्दी कोश आदि, हिन्दी के वृहत् हिन्दी कोश, (ज्ञानमण्डल वाराणसी), हिन्दी शब्द सागर (नागरी प्रचारिणी सभा), मानक हिन्दी कोश (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, अतिम जिल्द सन् 1966 मे प्रकाशित), व्रज भाषा सूर कोश, अवधी कोश, मानस शब्द सागर तथा गुजराती के 'जोडणी कोश', गुजराती-इग्लिश डिक्शनरी (मेहता तथा मेहता) आदि कोश अपने-अपने क्षेत्रो मे अत्यन्त प्रसिद्ध रहे हैं। इसी प्रकार, अग्रेजी के अतिरिक्त कई भारतीय भाषाओ मे 'ज्ञान कोश' भी प्रकाशित हो चुके है। श्री सीतारामजी ने इनसे तथा ऐसे ही अन्य कोशो से यथोचित सहायता ली है। इससे प्रस्तुत कोश की प्रामाणिकता मे वृद्धि ही हुई है।

मोटे रूप से यह कोश हिन्दी शब्द सागर की पद्धति पर निर्मित हुआ है तथापि प्रत्येक शब्द और उसके प्रचलित रूप-भेद सहित शब्द के अर्थ देकर उनकी पुष्टि सम्बन्धित शब्द-प्रयोग के उदाहरणो से करने मे, यौगिक शब्दो के सन्दर्भ मे भी यही पद्धति अपनाने एव कतिपय स्थलो पर पूर्ववर्ती कोशो की भूल सुधार करने मे इसका समुत्कर्ष देखा जा सकता है। कोश को अधिकाधिक पूर्ण बनाने हेतु, सभी स्रोतो से शब्द-चयन का प्रयास भी किया गया है। इस सवध मे चार उदाहरण दिए जा रहे हैं।

प्रस्तुत कोश की प्रथम जिल्द के पृष्ठ 444 पर 'कल्हार' शब्द को सज्ञा पुल्लिग बताते हुए उसके अर्थ—१ पुष्प २ श्वेत कमल और ३ सुगधित कमल बताए हैं पर उदाहरण एक भी नही है। 'पुष्प' के लिए हमीर नाम माला का सदर्भ दिया है। प्रश्न है कि शेष अर्थ कहाँ से मिले ? हिन्दी शब्द सागर की दूसरी जिल्द के पृष्ठ 859 पर 'कल्हार' को सज्ञा पु० स० बताते हुए उसके अर्थ सफेद कोई, श्वेत कमलिनी दिए हैं और उदाहरण से भी इसकी पुष्टि की है। मानक हिन्दी कोश की प्रथम जिल्द के पृष्ठ 485 पर इसके अर्थ-एक प्रकार का पौधा और उसके फूल तथा २ कमल दिए हैं किन्तु इस कोश मे शब्द-प्रयोग के उदाहरण नही है। 'कल्हार' का प्रयोग अध्यात्म रामायण के अरण्य-काण्ड मे इस प्रकार है —

इत्येव भाषमाणौ तौ जग्मतु सार्धयोजनम्।
तत्रैका पुष्करिण्यास्ते कह्लार कुमुदोत्पलै ॥१५॥

(इस प्रकार आपस मे बातचीत करते हुए वे डेढ योजन (६ कोश) निकल गए। वहाँ कुमुद, कह्लार और कमलादि मे सुशोभित एक पुष्करिणी (तलाई) थी।

मेहोजी रचित राजस्थानी 'रामायण' मे इसका प्रयोग है :—

लख चवरासी जीव सिरज्या, वरणी अठारा भार।
सातू सायर जिणि सिरज्या, नवसै नदी कल्हार।

इसका रचनाकाल सवत् 1572 के आसपास है। कवि गणपति रचित 'माधवानल-कामकन्दल-प्रवन्ध' (गायकवाड ओरियटल सिरीज, बडौदा, सन् 1942) मे भी इसका प्रयोग हुआ है–पृष्ठ २८५, छन्द ३१२ तथा पृष्ठ ३१८, छन्द ६१। शब्द प्रयोग के उदाहरण देने की प्रतिज्ञा सी करके भी श्री सीतारामजी यहाँ ऐसा नही कर पाए। इस कारण यदि वे चाहते तो इस शब्द को छोड भी सकते थे। किन्तु उदाहरण न देकर भी उन्होने इसको लिया। इस एक उदाहरण से उनकी बौद्धिक ईमानदारी का पता चलता है। हमीर नाम माला के साक्ष्य पर उन्होंने यह शब्द ग्रहण किया तथा प्राप्त कोशो और इतर सामग्री के आधार पर उसके अर्थ दिए।

दूसरा उदाहरण 'दिसा' विषयक है। अनेक ग्रथो का मन्थन कर दिशा सवधी उन्होने जो टिप्पणियाँ और दिग्चक्र दिए है, वे उनके गहन पाण्डित्य के साथ-साथ राजस्थानी भाषा की समृद्धि के भी परिचायक है। इस विवेचन की तुलना परिवर्तित, सशोधित हिन्दी शब्द सागर के नवीन सस्करण के पाँचवे भाग के पृष्ठ 2288–89 पर 'दिशा' के अन्तर्गत दी गई टिप्पणियो से करने पर स्पष्टत पता

चलता है कि श्री सीतारामजी ने कितनी सागोपाग अतिरिक्त जानकारी देकर 'दिशा' को स्पष्ट किया है।

तीसरा उदाहरण 'दिक्शूल' सबधी है। हिन्दी शब्द सागर की इसी जिल्द के पृष्ठ 2270 पर इसकी परिभाषा इस प्रकार दी है — फलित ज्योतिष के अनुसार कुछ विशिष्ट दिनो मे कुछ विशिष्ट दिशाओ मे काल का वास जो कुछ विशेष योगिनियो के योग के कारण माना जाता है। जिस दिन जिस दिशा मे कुछ विशिष्ट योगिनियो के योग के कारण इस प्रकार का वास और दिक्शूल माना जाता है, उस दिन उस दिशा की ओर यात्रा करना बहुत ही अशुभ और हानिकारक माना जाता है।' श्री सीतारामजी ने 'दिसासूळ' (स० दिक्शूल) की यह परिभाषा दी है .—फलित ज्योतिष के अनुसार यात्रा मुहूर्त देखने मे शूल की वह उपस्थिति जो विशिष्ट वार व नक्षत्र के कारण विशिष्ट दिशाओ मे रहती है . आदि। फिर हिन्दी शब्द सागर की उल्लिखित पक्तियो को बिना उसका नामोल्लेख किए वे लिखते है —किन्तु उपर्युक्त मत भ्रमपूर्ण है। दिशाशूल काल एव योगिनियो मे पूर्णत पृथक् है। दिशाशूल विशिष्ट वारो और नक्षत्रो के कारण केवल मुख्य दिशाओ मे ही लागू होता है जबकि काल विशिष्ट वार के कारण मुख्य दिशाओ एव उप दिशाओ पर भी लागू होता है। दिशाशूल एव काल की गति एक दूसरे के विपरीत होती है। दिशाशूल एव योगिनियो मे भी कोई सम्बन्ध नही है क्योकि योगिनियाँ तिथियो पर आधारित रहती हे, उनका वारो और नक्षत्रो से कोई सबध नही होता। काल व योगिनियाँ भी परस्पर पृथक् है क्योकि काल विशिष्ट वार के कारण विशिष्ट दिशा अथवा उप दिशा मे रहता है जबकि योगिनी की उपस्थिति विशिष्ट तिथि के कारण विशिष्ट दिशा मे रहती है।

इस टिप्पणी से ही पता चलता है कि उन्होने एक-एक शब्द पर कितना सूक्ष्म विचार किया है तथा यह कोश इस क्षेत्र मे अन्य कोशो से कितना आगे है।

इसी प्रकार, 'दुगडियो' (पृष्ठ 1757) पर दी गई सीतारामजी की टिप्पणी और 'होरा' के अन्तर्गत दी गई हिन्दी शब्द सागर (11 वाँ भाग, पृ० 5564) की टिप्पणी से मिलाने पर भी इस बात की पुष्टि होती है। ऐसे अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए जा सकते है।

कोशकर्ता से 'डिंगळ' या 'डिंगल' शब्द पर भी ऐसी ही विस्तृत टिप्पणी की अपेक्षा थी क्योकि इस विषय मे परस्पर विरुद्ध अनेक धारणाएँ व्यक्त की गई है।

हिन्दी शब्दसागर के सशोधित नवीन सस्करण (सन् 1968) मे 'डिंगल' को 'राजपूताने की वह भाषा जिसमे भाट और चारण काव्य और वशावली आदि लिखते चले आते है' बताया हे (पृष्ठ 1950)। 'मानक हिन्दी कोश' मे इसके लिए 'मध्ययुग मे राजस्थान मे बोली जाने वाली एक भाषा जिसमे यथेष्ट स हित्य मिलता है, लिखा हे (दूसरा खण्ड, पृ० 470)। 'शब्दसागर' का कथन तो बिल्कुल गलत है, 'मानक' का कथन सर्वांश मे गलत न होकर आशिक रूप मे सत्य है।

अत यहाँ 'डिंगल' पर भी दो शब्द कहने आवश्यक हैं। इस कोशकर्ता ने इसको 'राजस्थानी भाषा का एक नाम' या मरुभाषा' बताया है। 'राजस्थानी' शब्द के अन्तर्गत उसके दो भाषिक अर्थ दिए गए है —राजस्थान प्रदेश की मरु या डिंगल भाषा' तथा 'इस प्रदेश की बोली'। ये अर्थ सगत है।

सन् 1913 मे प्रकाशित श्री हरप्रसाद शास्त्री की 'प्रिलिमिनरी रिपोर्ट ऑन दि ऑपरेशन—इन-सर्च ऑफ मैन्यूस्क्रिप्टस् ऑफ बार्डिक क्रानिकल्स्' तथा उसके पश्चात् डॉ० टैसीटरी प्रभृति बहुत से विद्वानो ने 'डिंगल', 'डिंगळ' या 'डीगळ' शब्द की (साथ ही 'पिंगल' शब्द की भी) व्युत्पत्ति और उसके अर्थ को लेकर अनेक कल्पनाएँ की है किन्तु उनका परिणाम कुछ भी नही निकला, वे सभी अभी तक अनिर्णयात्मक ही है। (ऐसे विभिन्न मतो के लिए इन पक्तियो के लेखक का राजस्थानी भाषा और साहित्य नामक ग्रथ द्रष्टव्य है)। डिंगल को भाषा भी माना गया है और शैली भी। भाषा मानने वालो मे भी मतैक्य नही है, इसकी किंचित् झलक 'शब्दसागर' और 'मानक-कोश' मे दिए उल्लिखित अर्थो मे भी मिलती हे। इस विषय के विस्तार मे न जाकर इतना कहना ही पर्याप्त होगा कि डिंगल, मरुभाषा या राजस्थानी का ही पर्याय है, चाहे वह साहित्यिक हो या बोलचाल की। डिंगल के छन्दशास्त्र रचयिताओ और साहित्यकारो ने ऐसा ही समझा और माना है। पिंगळ सिरोमणी (अथ पिंगळ सिरोमणि मारवाडी भाषा लिख्यते), रघुनाथ रूपक गीताँ रो (मरुभूम भाषा तणो मारग, मुरभूम पाठ पिंगळ मता) तथा रघुवरजस प्रकास (मुरधर भाखा जिण निमत, अथ भाखा पिंगळ तथा डिंगळ का रूपग गीत कवित, दूहा गाहा ••') मे आई अनेकश. उक्तियो से मरुभाषा (जिसको कई नामो से सम्बोधित किया गया है) के स्वरूप, उसकी व्याप्ति और उसके आभोग मे आने वाली सामग्री के सकेत मिलते है जिनसे उपर्युक्त बात सिद्ध होती है। ऐसा ही साहित्यकारो ने समझा था। इसके दो उदाहरण पर्याप्त होगे।

१ पदम भगत ने सवत् 1545 के आसपास विभिन्न लोक-प्रचलित राग-रागिनियो मे गेय 'रुकमणी मगळ' या 'हरजी रो व्यावलो' काव्य की रचना की थी। यह राजस्थानी के प्राचीनतम पौराणिक आख्यान काव्यो मे से एक है। मेहोजी कृत रामायण, डेल्हजी कृत कथा अहमनी आदि अन्य आख्यान काव्यो की भाँति इसकी भाषा भी बोलचाल की मरुभाषा या राजस्थानी हे। इसकी अनेकश प्रतियाँ मिलती हे, जिनमे प्राचीनतम प्रति सवत् 1669 की लिपिबद्ध है। इसमे तो नही पर इसके बाद मे लिपिबद्ध बहुत सी प्रतियो मे रचना के पुष्पिका स्वरूप यह दोहा मिलता है —

कविता मेरी डींगळी, नहीं व्याकरण ग्यान।
छन्द प्रबन्ध कविता नहीं, केवल हर को ध्यान।

(पाठान्तर-मोरी)

इसमे इतना तो स्पष्ट ही है कि ये लिपिकार (और अगर यह अश मूल का सिद्ध हो, तो स्वय रचयिता भी) 'मगळ' को 'डीगळी' रचना समझते हैं। तात्पर्य यह कि बोलचाल की राजस्थानी और डिंगल मे अभेद है।

2. चारण स्वरूपदासजी दादूपथी (समय—सवत् 1860–1925) ने अपने सुप्रसिद्ध काव्य पाण्डवयशेन्दुचन्द्रिका मे इसकी भाषा के लिए कहा है :—

डिंगल पिंगल सस्कृत, सब समझन के काज।
मिश्रित सी भाषा करी, क्षमा करहु कविराज ।।

स्पष्ट है कि डिंगल भाषा है और यह 'सब समझन के काज' स्वरूप भाषा भी है। सबके समझने लायक भाषा तो बोलचाल की ही हो सकती है। अत बोलचाल की मरुभाषा और डिंगल एक ही है।

सूर्यमल्ल मिश्रण ने डिंगल उपनाम वाली मरुभाषा (डिंगल उपनामक कहू मरुवाणी ही विधेय) का भी प्रयोग वशभास्कर मे किया है। उनके अनुसार मरुभाषा को कई लोग डिंगल भाषा भी कहते है (मरुभाषा डिंगलभाषा त्वेके)। निष्कर्ष यह है कि 'डिंगल' का आशय राजस्थानी या मरुभाषा ही है।

जहाँ तक डिंगल शब्द के सर्व प्रथम प्रयोग का प्रश्न है, उसका श्रेय आसिया बाँकीदास को नही दिया जा सकता, जैसा कि विद्वान् अब तक मानते आए हैं। इस सम्बन्ध मे ऐतिहासिक दृष्टि से छन्दशास्त्रीय ग्रन्थ 'पिंगळ सिरोमणि' ('परम्परा', भाग 13, सन् 1961–62, राजस्थानी शोध-सस्थान, चौपासनी, जोधपुर) मे एतद् विषयक उल्लेखो की चर्चा आवश्यक है। इसमे 'डिंगळ' (बारहट सुदरसणउ डिंगळ थी कहै, पृष्ठ 110, अयउ डिंगळ नाँममाळा लिख्यते पृ० 145) तथा 'उडिंगळ' (पिंगळ सिरोमणे उडिंगळ नाम माळा ·· पृ० 150) दोनो शब्द छपे मिलते है। ऊपर के प्रथम दो उदाहरणो मे 'सुन्दरसणउ' और 'अयउ' के अन्तिम 'उ' का 'डिंगळ' के साथ जुडकर 'उडिंगळ' शब्द होना अपेक्षाकृत अधिक सगत लगता है। इसके दो कारण है। एक तो इस 'नाम माळा' की पुष्पिका मे स्वतत्र रूप मे 'उडिंगळ शब्द प्रयुक्त है। दूसरे, इसी ग्रन्थ मे अन्यत्र प्रयुक्त अकारान्त सज्ञा शब्दो यथा—चद, गग, संकर, नागराज, कासीराम, केसव, भोज, नरह, हरराज आदि के अन्त मे 'उ' नही जुडा हुआ है। पर 'उडिंगळ' का भाव स्पष्ट नही है, इसको 'डिंगळ का पूर्व रूप या मूल बताने मे और विचार और प्रमाणो की आवश्यकता है। इसके सम्पादक श्री नारायणसिंह भाटी ने इसकी अन्तरग परीक्षा किए बिना ही इसको जैसलमेर के कुँवर हरराज द्वारा रचित तथा रचनाकाल लगभग सवत् 1610 और 1618 के बीच मान लिया है (सम्पादकीय, पृ० 10) जो भूल है। इसके कई कारण है। एक कारण तो यही है कि अधिकाश विद्वान् इसको कुशललाभ की रचना मानते हैं कुँवर हरराज की नहीं। इस पर आगे विचार किया गया है। ··, इसमे कुँवर हरराज के 'कँवरपने' (सवत् 1618) के पश्चात् प्रसिद्ध हुए कवियो की भी रचनाएँ सकलित हैं। इसमे बारहट ईसरदास और दुरसा आढा के गीत दिए हुए है। बारहट ईसरदास का समय सवत् 1595 से 1675 है। उनके आरम्भिक 40 साल जामनगर मे बीते थे। दुरसा आढा का काल सवत् 1595 से 1708 है। उनकी विशेष प्रसिद्धि 34 साल की आयु मे सवत् 1629 के आसपास हुई थी जब राजा रायसिंह कल्याणमलोत ने जोधपुर पर अधिकार के समय अन्य चारणो के साथ इनको भी एक हाथी, एक करोड पसाव और चार गाँव दिए थे। किन्तु जिस ढग से इसमे इन कवियो का उल्लेख हुआ है, उससे यह हरराज के 'कँवरपने' की रचना तो दूर, उनके पूरे जीवनकाल—(सवत् 1634 तक) मे भी रचित हुई सभव नही लगती। नथमलजी कृत तवारीख जैसलमेर, हरिदत्त गोविंद व्यास कृत जैसलमेर का इतिहास तथा गहलोत कृत जैसलमेर राज्य का इतिहास के अनुसार रावळ हरराज का देहावसान सवत् 1634 मे हुआ था। तीसरे, इसमे हरराज के पुत्र भाटी भीम की प्रशसा मे माधवदास द्वारा रचित एक गीत दिया हुआ है (पृ० 155)। यह गीत भीम के रावळ बनने के बाद का रचा प्रतीत होता है। भीम अत्यन्त साहसी और वीर थे। उनके विषय मे यह दोहा बहु-प्रचलित है —

दूजा राजा शाह रे, कर मे ले दारी।
भाटी भीम छोडायदी, नव रोजे नारी ।।

चौथे, समग्र रचना मे जिस रूप में कुँवर हरराज का उल्लेख हुआ है उससे यह उनकी रचना सिद्ध नही हो सकती। श्री अगरचन्द नाहटा प्रभृति अधिकाश लोग इसको जैन कवि कुशललाभ की रचना मानते है। कुशललाभ का समय लगभग सवत् 1580 से 1650 है। इस सम्बन्ध में दो बातें विचारणीय है। एक तो इसमे जिस ढग से कुँवर हरराज और कुशललाभ के प्रश्नोत्तर दिए हैं उनसे यह शका होनी स्वाभाविक है कि यह कितनी और किस रूप मे कुशललाभ की रचना है। दूसरे इसमे गग भट्ट के कथन का भूतकालिक उल्लेख है (पृष्ठ 98)। गग भट्ट तो कुशललाभ के बाद भी 12–15 साल तक जीवित रहे थे। उनकी मृत्यु सवत् 1662–1665 के बीच हुई थी (द्रष्टव्य—गग कवित्त, भूमिका, पृष्ठ 10, ना प्र स, काशी)। वर्तमान मे यह जिस रूप मे प्राप्त है, उस रूप मे इसको कुशललाभ की रचना मानने मे भी सकोच होता है। यदि यह किसी अश तक कुशललाभ की रचना मान भी ली जाए तो यह तो निश्चित ही है किसी परवर्ती लेखक ने इसमे सशोधन, सवर्द्धन करके इसका सम्पादन किया है। अत वैज्ञानिक पद्धति पर इसके सुसम्पादन की नितान्त आवश्यकता बनी हुई है। ऐसा सम्पादन होने पर ही हम 'डिंगळ' या 'उडिंगळ' शब्दो और उनकी व्याप्ति पर ऐतिहासिक दृष्टि से विचार कर सकने की स्थिति मे होंगे। कोशकर्ता ने 'उडिंगळ' को सदिग्ध समझकर सम्भवत कोश मे स्थान नही दिया जो ठीक ही किया हैं। असल मे राजस्थानी और हिन्दी मे भी सम्पादन की स्थिति सन्तोषजनक नही है। 'सम्पादन के नाम पर अधिकाशत या तो एक प्रति का हूबहू पाठ छपा दिया जाता है अथवा प्रति-विशेष के

पाठ को मूल का मान कर फुटनोट मे शेष उपलब्ध प्रतियो के रूपान्तर और पाठान्तर दे दिए जाते है। यह दृष्टिकोण एकागी है। सम्पादन की वैज्ञानिक पद्धति इससे भिन्न है, कदाचित् यह बताने की आवश्यकता नही है।

पिंगळ-सिरोमणि के अतिरिक्त 'डिंगळ' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग सुरजनदास पूनिया (सवत् 1640–1748) के एक कवित्त मे मिलता है। विभिन्न हस्तलिखित प्रतियो मे प्राप्त पाठ इस प्रकार है —

कोक पढ्या का होय दुनी करतूत पिछाणै।
गीता का सुध ग्यान, ग्यान का ग्यान न जाणै।।
अमर पढ्या क्या होय, अमर तै अमर न होई।
पींगळ डींगळ प्रीति, दीन घरि दीठा दोई।।
साखी सबदी तत रस, नाद वेद गुण जाण।
सुरजन सुमत गुण उच्चरै, समरत सुणौ वखाण।।

सुरजनजी के 'कवित्तो' और 'रामरासौ' का रचनाकाल सवत् 1700 के लगभग है (द्रष्टव्य—इन पक्तियो के लेखक का जाम्भोजी, विष्णोई सम्प्रदाय और साहित्य नामक ग्रन्थ का दूसरा भाग)। कदाचित् 'डिंगळ' शब्द प्रयोग की परम्परा सवत् 1700 से भी पुरानी रही हो, तो आश्चर्य की बात नही होगी। बाँकीदास के आश्रयदाता जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी ने भी डिंगळ का भाषा के रूप मे प्रयोग किया है, यथा —

डिंगळ पिंगळ सस्कृत, सबयौ न एकौ सोध।
अखर अखर अवतारचित, पूरो मोहि प्रबोध।।

मुशी देवीप्रसाद कृत चारण-चमत्कार (अप्रकाशित) मे यह दोहा दिया गया है—(श्री सीताराम लाळस के सौजन्य से प्राप्त)। कोशकर्ता 'डिंगळ' और 'राजस्थानी' शब्दो पर अधिक प्रकाश डालता तो स्थिति और अधिक स्पष्ट होती।

राजस्थानी-शब्द कोश निर्माण मे कतिपय विशेष प्रकार की कठिनाइयाँ और भी है, जैसे —

(1) शब्दो के मानक रूप के स्थिरीकरण की। तद्भव और देशज शब्दो के अनेक रूप, शब्दार्थ-नियोजन मे भी कठिनाई पैदा करते है।

(2) राजस्थानी के ध्वनि-परिवर्तनो, उदात्त, अनुदात्त ध्वनियो, अनुस्वार तथा 'ल' और 'ळ' वर्णो आदि विषयक।

कोशकर्ता ने इनका ध्यान रखते हुए शब्द-रूप और अर्थ दिए है तथापि कतिपय शब्दो का छूट जाना असम्भव बात नही है। राजस्थानी मे 'र' का आगम और लोप प्राय. होता है। इसी प्रकार 'ऋ' का 'र', 'र' और लोप, 'क्ष' का 'ख', 'क्ख' आदि, छ। कश्यप ऋषि का एक नाम तृक्ष है। तृक्ष का राजस्थानी मे तिखिया, तीख, तिरख, त्रख आदि रूपो मे प्रयोग किया गया मिलता है, यथा —

(1) **होतिब काज हठबाद करि, वीण विरोध विचखिया।**
एक एक तन तीनि करि, तिणि सराप सुर तिखिया।।
(—सुरजनदासजी पुनिया कृत रामरासो)

(2) **तांम कोडि तेतीस, तीख रिख तामस आया।**
वंनवासौ तंन तीनि, रीछ कपि धारै काया।
(—वही)

(3) **पूरव दिशा अपूरव वातू, रंग रळी जहां होय प्रभातू।**
तहां तिरख रिख किरिया सारू, जोग ध्यान बैठे अवधारू।
(—सुरजनदासजी पूनिया कृत भोगळ पुराण)

(4) **बग दाळ्भ सींगी रिख सुणी, गुर गगेव गोतम रिख गिणी।**
कपला रिख त्रख सुर सार, मारकुंड तवर तत सार।
(केसौदासजी कृत कथा विगतावळी)

किन्तु जहाँ तक ज्ञात है, इस कोश मे इस अर्थ मे ऐसे शब्द नहीं दिए गए है। राजस्थानी के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थो का सुसम्पादित रूप मे सामने न आना भी इसका एक मुख्य कारण है। पूर्वी राजस्थानी मे क्रियान्त 'णो', 'णौ' के स्थान पर 'वो', 'वौ' का प्रयोग किया जाता है। अत इस कोश मे प्रत्येक क्रिया और उसका रूप जिसके अन्त मे 'णो', 'णौ' होते है, को इस दूसरे 'वो, वौ' अन्त के रूप मे भी प्रस्तुत किया गया है। शब्द के अनेक रूप भेदो का एक कारण यह भी है। श्री सीताराम जी ने यथासम्भव शब्द के रूप भेदो को भलीभाँति दर्शाया है। कोश मे कतिपय शब्दो के रूप भेद देखने से ही इसके कर्ता के तद् विषयक प्रयास का पता चलता है। कई-कई शब्द तो ऐसे हैं जिनके 46-47 तक रूप-भेद दिए गए है, जैसे पहुचाणो (पृ० 24-25) बोलाणो (पृ० 5059) आदि। दस-दस बारह-बारह रूप तो साधारण बात है।

उदाहरणार्थ ऐसे कुछ शब्द नीचे दिए जाते है —

छाव, जुधिष्ठिर, झूबो, दिनद दीयौ, पगड़यौ, पहरणौ, पछताणौ, बहस, बहणो, विसम, विरुदाणौ, विकमाईजणौ, वरती, समरणौ आदि।

कोशकर्ता ने शब्द-विशेष के अनेकश उदाहरण एकत्र कर उनके उपलब्ध सभी अर्थो को सोदाहरण देने का प्रयास किया है। साथ ही मुख्य शब्द के अन्तर्गत उसके पर्यायवाची, उससे सम्बन्धित यथा सम्भव मुहावरे और कहावते भी दी है। इससे पता चलता है कि कोशकर्ता ने कोश को सर्वागपूर्ण बनाने मे कोई कसर नही छोडी है। 'सारग' शब्द के 89 और 'वीर' शब्द के 72 अर्थ दिए गए हैं और इस कोश को ज्ञान कोशीय रूप देते हुए राजस्थानी साहित्य मे बहु प्रयुक्त 52 वीरो की नामावली भी दी है। अनेकश अर्थो के लिए इन कतिपय शब्दो पर दृष्टिपात करना उचित होगा —

कागलौ, चढणौ, जोग, बैठणौ, बहियोडौ, वाट, निकालियोडौ, दिन, लागणौ, विसम, सख, सभाळणौ, सत, सजियोडौ, सर, सरभ, सरस, सहज, साजियोडौ, मारग, सार, सिद्ध, कुत्तौ आदि।

इतना होने पर भी अनेक ऐसे शब्द होगे जिनके सभी अर्थ सम्भवत नही दिए जा सके हो। एक उदाहरण द्रष्टव्य है। सतारा का अर्थ सप्तऋषि तथा सतारो का एक प्रकार का वाद्य यन्त्र बताते हुए उस

पर पूरी टिप्पणी दी है। सतारी (स० सत्वर) का अन्य अर्थ द्रुतगामी या तेज चलने वाला भी होता है। जैसे .—माता ऊट'र घणा सतारा (—वील्होजी कृत कथा जैसलमेर की)। सतारा सतारी का बहुवचन है। यह अर्थ कोश मे नही है।

अर्थों के साथ मुहावरो और कहावतो का ठाठ पदे-पदे लक्षित होता है। 'वात' पर ··· ···, तथा 'हाथ' पर 171 मुहावरे दिए गए हैं। 'पग' और 'हाथ' शब्दो के अन्तर्गत 67 कहावतें दी गई हैं। इनका नमूना निम्नलिखित शब्दो के अन्तर्गत देखा जा सकता है —

आंख, आंधी, आणी, ऊँट, एक कण, करम, चक्कर, छाती, जीव, टको, दिन, सास पाणी, तरवार, आदि।

मुख्य शब्दो के पर्यायवाची शब्द देकर कोश को समृद्ध किया गया है। सूरज के 127 पर्यायवाची दिए है। इसी प्रकार चन्द्रमा, जुध, तरवार, दाता, समुद्र, सत्रु, सिंघ, परवत, पाणी आदि के अनेक पर्यायवाची देखे जा सकते हैं।

शब्दो की यथासम्भव व्युत्पतियाँ दी गई हैं। कोशकर्ता ने इस सम्बन्ध मे प० नित्यानन्दजी शास्त्री के प्रति विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए ठीक ही स्वीकार किया है कि नित्य नवीन खोजो के फलस्वरूप व्युत्पतियो में मतभेद हो सकता है। शब्द की व्युत्पति से उसके ऐतिहासिक विकास-क्रम, तुलनात्मक अध्ययन और अर्थ मे भी पर्याप्त सहायता मिलती है। इस सम्बन्ध मे भिन्न-भिन्न मतो का विवेचन कर सही निर्णयो पर पहुँचना सुधी जनो का कार्य है।

शब्द-विशेष की व्युत्पति विषयक कितना मतभेद हो सकता है यह एक उदाहरण मे स्पष्ट होगा। इस कोश मे 'खोट' (पृ० 649) शब्द को सस्कृत 'क्षोट' से व्युत्पन्न बताया है। हिन्दी शब्दसागर (पृ० 1184) मे स० खोट=खोडा (दूषित) अकित है। सक्षिप्त हिन्दी शब्द सागर मे इसको सस्कृत 'खोट्', मे, मानक हिन्दी कोश मे सस्कृत 'कूट' से तथा ब्रजभाषा सूर कोश मे सस्कृत 'खोट' से निष्पन्न बताया है।

प्रस्तुत कोश यत्र-तत्र ज्ञान कोश की सीमा भी छूता है। अनेक ऐतिहासिक और पौराणिक प्रसगो पर यथोचित टिप्पणियाँ दी गई है। सकराचारज, हडवू, सरस्वती, साख, जैमती, जोगणी, साज, मिट्टी, सक्ति आदि अनेकश शब्दो पर दी गई टिप्पणियाँ तथा इसके अतिरिक्त 'सोळै काकरी, 'हीयोडी' जैसे शब्दो के अन्तर्गत बनाए गए नक्शे इस कोश को ज्ञान कोशीय रूप भी प्रदान करते है।

सक्षेप मे कोश का मूल ढाँचा इस प्रकार है —(विशेष द्रष्टव्य—पहली जिल्द मे कोशकर्ता की भूमिका)

(1) शब्द के व्याकरणिक रूप और व्युत्पत्ति दी गई है।

(2) अप्रयुक्त या अल्प प्रयुक्त शब्द भी लिए गए है।

(3) अर्थ की स्पष्टता और प्रामाणिकता के लिए शब्द-प्रयोगो के अनेकश उदाहरण दिए गए हैं।

(4) पर्यायवाची और यौगिक शब्दो के अतिरिक्त मुख्य शब्द के साथ यथा सम्भव रूप-भेद, अल्पार्थ, महत्त्ववाची, विलोम शब्द तथा क्रिया प्रयोग भी तुरन्त बाद ही दिए गए है।

(5) शब्द-क्रम मे देवनागरी लिपि मे प्रकाशित कोशो के अनुसार अनुस्वार प्रधान प्रणाली अपनाई गई है।

(6) अनुस्वार और चन्द्र बिन्दु के स्थान पर अनुस्वार लिया गया है। ध्यातव्य है कि पुरानी हस्तलिखित प्रतियो मे चन्द्र बिन्दु का द्योतक चिन्ह नही मिलता। राजस्थानी मे विशेष ध्वनियो को प्रकट करने वाले विशेष वर्ण हैं, यथा —व–व, ल–ळ, स–स। इनमे नीचे बिन्दी वाले वर्ण पहले लिए गए हैं, जैसे—आळ के बाद आल। व और स से सम्बन्धित शब्दो को क्रमश व और स के अन्तर्गत दिया है। छपाई मे व और स वर्णों की व्यवस्था न होने से ऐसा किया गया है।

(7) शब्द कोशो मे अर्थों का महत्त्व सर्वाधिक होता है। उनका उपयोग मुख्यत अर्थ, परिभाषा मानक रूप, वर्तनी या व्याकरण के लिए किया जाता है। इसमे शब्द के विभिन्न अर्थों की सख्या देकर, पर्याय एव व्याख्या दोनो विधियाँ अपनाई गई हैं। उसको (शब्द को) अलग-अलग वर्गों मे बाँटा गया हैं, साथ ही विवरण भी दिया गया है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य है—तर, दाय, धजर, धू आदि।

यहाँ यह सकेत करना भी अनावश्यक न होगा कि इसमे 'ड' और 'ड' वर्णों के क्रम मे हिन्दी कोशो से कुछ भिन्नता है। इसमे 'ड' वर्ण को 'क' वर्ग के अन्तर्गत लेकर उसी अनुसार वर्णानुक्रम रखा है, जबकि हिन्दी मे 'ट' वर्ग के वर्ण 'ड' के पश्चात् 'ड़' रखा जाता है। तदनुसार इस कोश मे 'खग्रास' के पश्चात् 'खड' शब्द है, जबकि हिन्दी शब्द सागर मे इसके पश्चात् 'च' वर्ग का 'खचन' शब्द है। 'सागर' मे 'खड' शब्द 'ट' वर्ग के अन्तर्गत 'खडगा' के बाद आया है (पृ० 1122)।

कोश की काया का निर्माण जिन रचनाओ के शब्दो को लेकर हुआ है उनका उल्लेख कोशकर्ता ने अपनी भूमिका मे किया है। राजस्थानी साहित्य की चारण शैली के काव्य की शब्दावली अपेक्षया कठिन है। इसको सम्यक् रूपेण समझने वाले विद्वान् इने-गिने ही हैं और उनकी सख्या भी कम होती जा रही है। इस प्रकार की शब्दावली के अर्थों की तो अति शीघ्र बहुत ही आवश्यकता थी। यह भी विचित्र सयोग की बात है कि श्री सीतारामजी लाळस स्वय एक चारण हैं तथा इस शैली की काव्य-परम्पराओ और शब्दावली से सुपरिचित हैं। इस कोश का यह सर्वाधिक सबल पक्ष कहा जा सकता है।

चारण शैली का एक बडा भाग ऐतिहासिक और वीर रसात्मक काव्य के रूप मे है, यह लिख आए है। योद्धा, युद्ध, उसके विभिन्न उपकरण आदि आदि से सम्बन्धित सभी शब्दो का सूक्ष्म परिचय इस कोश मे मिलता है। शस्त्र विशेष के पृथक् पृथक् अगो के नामो के लिए बानगी के तौर पर तलवार के विभिन्न अगो से सम्बन्धित ये शब्द

द्रष्टव्य हैं .— कठी, कलसियौ, खजानो, नळ, पेटा, पीपळो, टोक, मोगरौ, बतासौ, थेलौ आदि। इसी प्रकार भिन्न-भिन्न बनावटो के आधार पर शस्त्र-विशेष के अनेक नाम राजस्थानी मे प्रचलित है। इनका सम्यक् परिचय भी कोशकर्ता ने दिया है, यथा—तलवार के विभिन्न नाम रूमीसूरा, सोसनपता, मगरेव, लालूवाड, देवीकवच, हुमैनी, हलवी, सिरोही, माड् आदि।

कोश मे पूर्व लिखित शेष चार शैलियो की रचनाओ के शब्दो को भी स्थान मिला है। यह भी प्रशसनीय है कि ज्यो-ज्यो कोशकर्ता को अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाएँ प्राप्त होती गई, वह उनका उपयोग भी यथा स्थान करता गया पर कतिपय महत्त्वपूर्ण ग्रन्थो का जो इस कोश से पूर्व प्रकाशित थे, उपयोग किया जाना आवश्यक था। इनमे से कतिपय का नामोल्लेख किया जा सकता है:—श्री रामचरणजी महाराज की अणभैवाणी तथा आचार्य भीखणजी की पद्य-रचनाओ का सकलन—भिक्षु ग्रन्थ रत्नाकर (2 भागो मे)। ये दोनो बृहत् ग्रन्थ क्रमश सन्त और जैन काव्यो की शब्दावली के महत्त्वपूर्ण भण्डार हैं। सत सप्रदायो मे विष्णोई, जसनाथी साहित्य के और निम्बार्क सम्प्रदाय के परशुराम-देवाचार्य को (परशुराम रचनाओ के शब्दो को लेने का यत्न भी करना चाहिए था। इसी प्रकार जैन साहित्य तथा लोक साहित्य विपयक शब्दावली पर और अधिक ध्यान दिया जाता जो अच्छा ही होता। ये तो मात्र सुझाव है। वैसे इन शैलियो की रचनाओ मे प्रयुक्त अनेक शब्द किसी न किसी रूप मे कोश मे आ ही गए है।

राजस्थानी के अतिरिक्त यहाँ के साहित्यकारो ने राजस्थानी मिश्रित व्रज और राजस्थानी मिश्रित खडी बोली मे भी प्रभूतश. रचनाएँ लिखी है। पिंगल का तात्पर्य छन्दशास्त्र से है पर यहाँ राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा का नाम भी पिंगळ' है। सामान्यत पिंगळ का व्याकरणिक ढाँचा व्रजभाषा के आधार पर होता है पर उसमे राजस्थानी शब्दो और राजस्थानी-ध्वनि-परिवर्तनो के आधार पर बने शब्दो का प्रयोग भी किया जाता है। एक उदाहरण ले।

राजस्थानी कड (सस्कृत-कटि) शब्द का अर्थ कमर है। 'ड' ध्वनि 'र' मे परिवर्तित हो जाती है। उसके आधार पर 'कड' से शब्द बना 'कर'। साधारणत 'कर' का अर्थ हाथ होता है पर यहाँ 'कर' का अर्थ कमर भी होगा। बृहत् पृथ्वीराज रासौ मे इस तरह के अनेक शब्द प्रयुक्त हुए है। इस कोश मे इनका सकेत-उल्लेख होना अतिरिक्त महत्त्व की बात होती। यो पिंगल का शब्दकोश-निर्माण एक पृथक् कार्य है। ध्यातव्य है कि पिंगल केवल काव्य भाषा के रूप मे ही समादृत रही है। पृथ्वीराज रासौ, वशभास्कर (अधिकाश मे) पिंगल की रचनाएँ है। कतिपय संतो ने भी पिंगल मे रचनाएँ की है पर उनमे भाषायी स्तर भेद काफी पाया जाता है। नीसाणी, झूलणा, चान्द्रायण आदि छन्दो मे रचित रचनाएँ तथा कतिपय सतो और नाथो की वाणियो की भाषा राजस्थानी मिश्रित खडी बोली है। दोनो ही प्रकार की कतिपय रचनाओ का प्रयोग श्री सीतारामजी ने किसी न किसी रूप मे किया है। इसी प्रकार मुख्य-मुख्य आधुनिक लेखको की रचनाओ और प्राचीन गद्य रचनाओ को भी शब्द-चयन मे ग्रहण किया गया है।

इस शब्दकोश मे दिए गए विभिन्न शब्दार्थो मे मतभेद सम्भव है। यह अपने ढग का पहला कार्य है। इस प्रकार के कार्यो मे अनेक कारणो से भूल-चूक और त्रुटियाँ रह जाना बहुत स्वाभाविक है। आशा की जाती है कि विद्वान् इसकी 'चूक' पर द्रष्टिपात करते समय इसकी 'कूक' पर विशेष ध्यान देगे।

श्री सीतारामजी के वैदुष्य का साकार रूप—यह कोश राजस्थानी का गौरव ग्रन्थ है। उनका यह कार्य भारतीय मनीषा के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

यदि कोश मे प्रयुक्त शब्द-सख्या देखी जाए, तो वह लगभग दो लाख होगी। इसमे आए मुहावरो की सख्या हजारो मे है।

यह कोश पिछले अठारह सालो से शनै शनै. प्रकाशित होता रहा है। इसकी इस अन्तिम जिल्द का इस वर्ष प्रकाशित होना एक घटना है। इस महान् कार्य को सम्पन्न हुआ देखकर प्रत्येक विद्या-प्रेमी गौरव का अनुभव करेगा, इसमे सदेह नही।

कोशकर्ता श्री सीतारामजी लाळस राजस्थानी भाषा और साहित्य के तथा भारतीय विद्या के प्रेमियो की ओर से हार्दिक बधाई के पात्र है।

कोश के निर्माण कार्य मे समय-समय पर जिन सज्जनो ने इसके महत्त्व को समझकर तन, मन, धन और विचार-विमर्श से सहयोग दिया है, वे सब बधाई के पात्र है। चौपासनी शिक्षा समिति और उप-समिति 'राजस्थानी सबद कोस' के अधिकारी गण तथा कार्यकर्ता तो विशेष रूपेण बधाई के पात्र है। 'समिति' ने साहित्य जगत् के सम्मुख एक उदाहरण प्रस्तुत किया है जो ऐसी अन्य सस्थाओ के लिए स्पर्धा का विषय होना चाहिए।

भाषा एक सामाजिक दाय है। सभी जीवत भाषाओ का शब्द-भडार निरन्तर बढता ही रहता है। वर्तमान मे राजस्थानी साहित्य की दोहरी प्रगति हो रही है। एक ओर तो उसके प्राचीन ग्रन्थो का सुसम्पादन किया जा रहा है और दूसरी ओर अनेक लेखक साहित्य-सर्जना कर उसकी श्रीवृद्धि कर रहे हैं। अत राजस्थानी शब्द कोश का कार्य ऐसा है जो इसके पश्चात् भी सतत रूप से चालू रहना चाहिए। मैं आशा करता हूँ कि 'समिति' इस ओर भी ध्यान देगी। मैं कोशकर्ता के स्वास्थ्य और शतायु होने की कामना करता हूँ।

सम्पादकीय निवेदन

भाषा की प्रामाणिकता एव उसके सवर्द्धन के लिए शब्द कोश की अपनी महत्ता है। विश्व की समृद्ध भाषाओं के अपने-अपने सुसम्पादित कोश है। राजस्थानी भाषा के पूर्व के प्रकाशित जो शब्द कोश उपलब्ध हैं, वे प्राय अपूर्ण हैं और उनमे वैज्ञानिकता का अभाव है। राजस्थानी भाषा एव उसके समृद्ध साहित्य के अनुरूप उपयोगी एव उच्चस्तरीय शब्द कोश की नितान्त आवश्यकता थी। यह एक सुयोग था कि सुहृदजन से कोश सम्पादन की प्रेरणा से मेरे अन्तर की अभिलाषा बलवती हुई जिसके परिणामस्वरूप 46 वर्ष पूर्व वृहद् राजस्थानी शब्द कोश के आकार एव स्वरूप के प्रारूप का आकलन किया गया। इसी के अनुसार अभावो एव बाधाओ की नानाविध घाटियो को पार करते हुए यह शब्द कोश 4 खण्डो की कुल 9 जिल्दो मे सम्पूर्ण हुआ। अन्तिम खण्ड की इस अन्तिम जिल्द की सप्रस्तुति के साथ कोश की सम्पूर्णता हो रही है, यह आत्मसन्तोष की एक सुखद स्थिति है। 46 वर्षो की अनवरत श्रम साधना की यह सफलता साहित्य मर्मज्ञो एव भाषाविदो की सद्भावनाओ का ही परिणाम है।

शब्द कोश की निर्मिति कितनी श्रम-साध्य, समय-साध्य और व्यय-साध्य है, भाषा प्रेमियो को बताने की आवश्यकता नही। राजस्थानी शब्द कोश सम्पादन के विचार का अकुरण जिस सहज भाव से हो गया था उसके विपरीत इसकी क्रियान्विति उतनी ही कठिन एव दुस्साध्य हो गई थी। इस कोश के सम्पादन कार्यकाल का जो एक दीर्घकालीन इतिहास बना है उसमे अर्थाभाव की अनुभूत विकलताओ और सुहृदसहयोगीजन की सद्भावनाओ का सुन्दर समन्वय हुआ है।

राजस्थानी वृहद् शब्द कोश सम्पादन-कथा एक स्वतन्त्र प्रकरण है, उसकी अभिव्यक्ति सम्प्रति उचित नही होगी। कोश का यह वृहद् आकार किसी एक व्यक्ति की शक्ति की परिसीमा का कार्य नही है। प्रारम्भिक अर्थाभाव की चपेट मे ही कोश निर्माण कार्य मे जो व्यवधान उपस्थित हुआ और जिस विकट परिस्थिति की अनुभूति हुई उस आधार पर कोश की सम्पूर्णता असम्भव ही प्रतीत हो रही थी। धीरे-धीरे यही तथ्य उजागर हुआ कि सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग के अभाव मे कोश निर्माण जैसे अनुष्ठान की सम्पूर्ति कदापि सम्भव नही।

साहित्य सवर्द्धन के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग देना सरकार का दायित्व भले ही हो, लेकिन इसकी उपलब्धि के लिए सुयोग्य जन की कडी की आवश्यकता होती है। कोश निर्माण का प्रारम्भिक कार्य तो सद्भावी साहित्य प्रेमियो के सहयोग से आरम्भ तो हो गया, लेकिन प्रकाशन और व्यय-साध्य कार्य बिना समुचित अर्थोपलब्धि के अभाव मे कैसे सम्पन्न हो सकता था। विकट अर्थाभाव मे जब कोश प्रकाशन की कोई आशा नहीं रही उस समय स्व० ठाकुर कर्नल श्यामसिंहजी रोडला और स्व० श्री गोवर्द्धनसिंहजी मेडतिया (खानपुर) आई० ए० एस० कोश के लिए ऐसे दृढ अवलम्ब बनकर आए कि इनके सान्निध्य और सरक्षण मे कोश की सम्पूर्ति की आशा बधने लगी।

श्रद्धेय स्व० ठाकुर कर्नल श्यामसिंहजी रोडला साहित्य प्रेमी ही नही साहित्य सेवी भी थे। साहित्य सकलन एव सवर्द्धन के प्रति उनकी विशिष्ट रूचि थी। इस कोश कार्य की प्रारम्भिक स्थिति मे ही मुझे आपका सान्निध्य प्राप्त हुआ। कोश निर्मिति के लिए अपेक्षित साहित्य की उपलब्धि मे आपका विशेष सहयोग रहा। अर्थाभाव के कारण जब-जब प्रकाशन कार्य मे शैथिल्य आया आपने अपने स्तर पर ही अर्थ व्यवस्था कर कोश कार्य को गति दी। बाधाओ से उत्पन्न, नैराश्य से घिरा और परिस्थितियों से थकित जब भी मैं आपके पास पहुँचा आपने आत्मीय भाव से मेरी परिस्थितियो को समझा और अपनी उदारता का परिचय दिया। यह सत्य है कि कोश का वर्तमान स्वरूप आपके ही सहयोग का प्रतिफल है। स्व० ठाकुर साहब कर्नल श्यामसिंहजी ने इस कोश के प्रति जिस निष्ठा और उदारता का परिचय दिया उसे यहाँ शब्दो मे सीमित नही किया जा सकता। मैं इस पुण्यात्मा का ऋणी हूँ और कोश के प्रति आपने जो सहज स्नेहपूर्ण सहयोग प्रदान किया उनके लिए मैं हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

इस कोश के प्रारम्भिक कार्य को जब स्व० श्री गोरधनसिंहजी मेडतिया (खानपुर) ने देखा तो अनायास ही उनका लगाव इस कोश के प्रति हो गया। इनके हृदय मे साहित्य के प्रति सेवा भावना थी अत इस कोश की सम्पूर्णता उनके जीवन की एक अभीप्सा बन गई। कोश सम्बन्धी कार्य मे चाहे वह अर्थ सम्बन्धी था या व्यवस्था सम्बन्धी आपने सदैव पूर्ण उदारता दर्शायी। मैंने स्व० श्री गोरधनसिंहजी मेडतिया मे औदार्य, सौजन्य एव सारल्य से परिपूर्ण जो व्यक्तित्व देखा उसके आधार पर यही कह सकता हूँ कि ऐसे सरल, सौम्य साहित्य प्रेमी इस धरा पर यदा-कदा ही अवतरित होते है। आप कोश के लिए सच्चे अर्थो में गोवर्द्धन बने और समय पर उसको विकट परिस्थितियो के वज्रपात से उबारा।

कोश के प्रति अपनत्व प्रकट करने वाले ऐसे आत्मीय-जन के लिए आभार-दर्शन को शब्दो मे नही बाँधा जा सकता। स्व० श्री गोरधन-सिंहजी मेडतिया (खानपुर) के सौजन्यपूर्ण सहयोग के लिए यह हृदय चिर ऋणि है और ऋणत्व भावना की मूक-स्थिति जितनी सत्य और निष्ठायुक्त है वह मुखर होकर नही रह सकती। मेरे लिए यह अपार दुख की बात है कि राजस्थानी कोश का सच्चा हितैषी, दृढ समर्थक उसकी पूर्णता न देख सका। कोश का अन्तिम खण्ड प्रकाशनाधीन था कि 18 सितम्बर, 1977 को वह दिव्यात्मा इहलोक छोड गई। स्व० श्रीगोरधनसिंहजी मेडतिया का पार्थिव शरीर भले ही कोश के सम्पूर्ण स्वरूप को न देख सके, परन्तु यह मेरी धारणा है कि उनकी आत्मा इस कोश के साथ आत्मसात् हो चुकी है। सृष्टि पर जब तक कोश की विद्यमानता है, उसकी उपयोगिता है, उस पावन आत्मा की स्मृति स्थिर है।

कोश के दूसरे खण्ड की पूर्णता के समय व्यय भार बढने से पुन अर्थभाव का सकट उपस्थित हुआ। इस समय केन्द्रीय सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त कराने मे तत्कालीन ससद सदस्य डॉ० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी ने नि स्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया। डॉ० सिंघवी एक अच्छे विचारक और लेखक है। साहित्य के प्रति अनुराग उनकी पैतृक विरासत है। प्रकाशित कोश जिल्दों को देखकर आप बडे प्रभावित हुए। आप ही के सहयोग से मैं भू० पू० प्रधान मन्त्री स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी से साक्षात्कार कर उन्हे कोश के प्रकाशित खण्डो का अवलोकन कराते हुए इसकी सम्पूर्णता की मेरी एकमात्र अभिलाषा से परिचित कराया। अभी पुन. वर्तमान प्रधान मन्त्री मान्यवर श्री मोरारजी देसाई से भी साक्षात्कार करने मे आपने सहयोग प्रदान किया। आपके सौजन्य के फलस्वरूप ही मैं मान्यवर मोरारजी देसाई को राजस्थानी शब्द कोश की रचना से परिचित करा सका। डॉ० सिंघवी के समयानुकूल समुचित सहयोग के लिए मैं हृदय से उनका आभार स्वीकार करता हूँ।

कोश की प्रकाशित जिल्दो को देखकर सहज भाव से प्रेरित हो कोश कार्य हेतु सहयोग प्रकट करने वालो मे स्थानीय साहित्य प्रेमी एव राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित अभिभाषक श्री मरुधर मृदुल को भुलाया नही जा सकता। सरल स्नेहभाव से ओतप्रोत श्री मरुधर मृदुल ने सदैव मेरी समस्याओ को सुना और उनके निवारण मे अपना पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया। कोश कार्य के सम्बन्ध मे आपने जो सौजन्य प्रकट किया उसके लिए मैं हृदय से उनका पूर्ण आभार मानता हूँ।

उ०—पिंड दहण जिण थी प्रिया, भावी प्रथम भलो न । है समुचित भावी हुवा, सही विफळ व्है सो न ।—व. भा.

था।

२ युद्ध मे विजयी व्यक्ति।

समिति–स स्त्री. [स] १ सभा। (ह. ना. मा)

२ मजलिस।

३ युद्ध, समर।

रू. भे.—समत।

समिद्धउ, समिद्धह, समिद्धौ–वि. [स समृद्ध] समृद्धिशाली, ऐश्वर्यशाली।

उ०—मरुधर देस मझार, सयळ धण धान समिद्धौ। नामै पूगळ नयर, पुहवि सगळै परसिद्धौ।—ढो मा

समिध, समिधा, समिधि–स. स्त्री. [सं समिध्] १ यज्ञकुंड मे जलाने की लकडी। (डि. को)

[स समीधः] २ आग, अग्नि।

समिय—देखो 'समय' (रू. भे.)

समियाण, समियाणौ, समियांन, समियानौ–स. पु—मारवाड के सिवाना नामक कस्बे का किला।

रू. भे—समीयाण, समीयाणौ।

२ देखो 'सामियाणौ' (रू. भे.)

उ०—१ तिसडै समियाणो उठायो। ताहरा समियाणै री झालरि नदरि पडी।—द वि.

उ०—२ सजै इसी सुख रास जिलह अरु जालिया, कचन कळस पताक महल अरू मालिया। समियान साइवान क वेस बिछायत्या, गदरा गज गिलम्म माझ महलायत्या।—सिवबक्स पाल्हावत

समियौ—१ देखो 'समय' (रू भे.)

२ देखो 'समौ' (अल्पा; रू भे)

उ०—गोल तणौ कहियौ गुणी, संपूरण समियौ।—पा. प्र

समींक–स. पु. [स समिक] १ भाला, बरछा, बल्लम।

उ०—मत्रिद्धि सुभट ममरन समींक, डक्कतं डक्क उद्धत अनीक। दुरयोधन देसक दरोळ, हैं दुरगदास वेसक हरोळ।—ऊ का.

२ देखो 'समीक' (रू भे.)

समी–स स्त्री. [स. शमि, शमी] १ राजस्थान, गुजरात और पजाब मे प्रायः सर्वत्र पाया जाने वाला वृक्ष विशेष। इसके पत्ते ऊंट, भेड, बकरियो आदि पशुओ को चराने के काम आते हैं।

उ०—वट तमाळ पीपळ विरख, अरजन समी अपार। ईढ तजै पत्र एक री, सुरत पाचेई सार।—रा. रू.

[सं. शमी, शमि] २ फली। (डि. को)

क्रि वि.—१ होते ही।

उ०—विवाहादिक सुख री रात्रि छोटी लखावै अनै समी साझ मनुख मूया तै दुख री रात्रि घणी मोटी लखावै।—भि द्र.

२ ही।

उ०—सवखडा सिन्धू कातो चवै, जेण सुजस छायो जमी। विरवडी यैं पाता वळा, सूरज ऊगता समी।—कानूजी

३ देखो 'सम' (रू. भे.) (डि को.)

उ०—राजा तूझ समी अन राजा, होड किया अप विया हसै। पाणी-हड पहरै दोहु पासा, नासा नार जिहुइ नकसै।

—साइयो झूलो

४ देखो 'समोवडियौ' (डि को.)

५ देखो 'समौ' (रू भे)

रू. भे.—समी, संवी।

समीक–स पु [स. शमीक] १ एक प्रसिद्ध धर्मनिष्ठ और दयालु ऋषि।

२ शूर राजा एव मारिषा के ससर्ग से उत्पन्न एक पुत्र जो सुदामिनी का पति एव प्रतिक्षत्र राजा का पिता था।

३ कौरव पक्षीय एक यादव जो द्रौपदी के स्वयवर मे शामिल था।

४ एक ऋषि जो शक्र-सभा मे उपस्थित था।

[स समीक] ५ युद्ध, सग्राम। (अ मा; ह ना. मा)

रू. भे.—समीक।

समीकरण–स. पु [स] १ दर्शन शास्त्र की साख्य पद्धति।

२ असम को सम करना।

३ बीज गणित मे अनजानी सख्याओ को जानने के लिए प्रक्रिया विशेष।

समीक्षक–वि. [सं] समीक्षा करने वाला, समालोचक।

उ०—मत वक्ता सद्धासील समीक्षक सूगै, पुरुसारथ पूरण प्रेम प्रतिज्ञा पूरौ। दुरव्यसन दुराग्रह दूसण सौं द्रढ दूरौ, अनभग उतंग उमग न अग अधूरौ।—ऊ का.

समीक्षा–स स्त्री. [स] १ समालोचना।

२ दर्शन शास्त्र की मीमासा पद्धति।

समीगरभ, समीग्रव, समीग्रभ समीग्रभव, समीग्रभवा–स स्त्री [स शमीगर्भः] १ अग्नि, आग। (अ मा, डि को; ना डि को, ह. ना मा.)

२ अग्निहोत्री ब्राह्मण।

समीची–स स्त्री. [स.] वर्गा नामक अप्सरा की सखी, यम सभा की एक अप्सरा।

समीचीन–वि [स समीचीनः]१ उचित, ठीक। (ह. ना. मा)

२ न्यायसगत।

स पु. [स समीचीनम्] ३ सत्य, सच्ची।

(अ. मा, डि को; ह ना मा.)

समील–सं पु. [स समित] १ युद्ध, दगल। (ह ना मा.)

२ सभा, गोष्ठी।

समीप–क्रि. वि [स.] १ निकट, नजदीक, आस-पास।

(अ. मा, डि. को)

उ०—मिळि पधराय सवाय हित, डेरा दिया समीप। छत्रपति छाजे ऊधरै, राजै जोड महीप।—रा रू.

३ मोती, मौक्तिक ।

रू भे —समदमुत, समदमूतन ।

समुद्रसेण, समुद्रसेन–स पु [सं समुद्रसेन] १ पाडवपक्षीय एक राजा जो चद्रसेन नामक राजा का पिता था ।

२ कौरव पक्षीय एक राजा जो कालेय नामक दैत्य का वशज था ।

समुद्रस्थळी–स. पु. [स समुद्रस्थली] समुद्रतट पर स्थित एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

समुद्राभिसारणी, समुद्राभिसारिणी–सं. स्त्री [स समुद्राभिसारिणी] समुद्र की सहचरी एक देवबाला ।

समुद्राव—[स. समुद्राव] युद्ध से पलायन, लडाई मे भागने का भाव या क्रिया । (डि को.)

समुद्रोमादन–स. पु. [स.] स्वामी कार्त्तिकेय का एक सैनिक अनुचर ।

समुल्ललन–स. पु. [स.] सम्पूर्ण शारीरिक क्रियाओ से उल्लास प्रकट करने की क्रिया, अवस्था या भाव ।

उ०—लीन श्रमण समुल्ललन त्रिपदी आस्फालन वाहुसस्फोट गलि गरजित साहसिक, रणरसिक ससरभ सोच्छेक ।—व. स

समुह, समुहा, समुहै–क्रि वि. [स. सम्मुख] १ सामने, सम्मुख । (डि. को)

उ०—१ लसकर खा हइयात खा, नौरगखान पठाण । एता समुहा आविया, चिसती आद जवाण ।—रा. रू.

उ०—२ कठठी वे घटा करे, काळाहरिण समुहे आमहो मामुहे । जोगिणि आवी आडग जाणे, वरसे रत वेपुडी वहे ।—वेलि

२ देखो समूह' (रू भे)

समूचो, समूंघो-वि (स्त्री समूची, समूघी) १ पूरा, समस्त, कुल ।

उ०—१ अरण भाजू गज गिळूं, समूचो वो लुवार । घोडो पाडू पाखरचो, मू वरछी असवार ।—डाढाळा सूर री वात

उ०—२ रायासाल राजा के समूचा पूत वारा, ना ओलाद रैगा पाच साता का पसारा ।—शि व.

उ०—३ मरै न्याय साभलरै मूरख, सह तो वाला लखण समूचा । धा अन हिमैं जेज नह थावे, कठठ खडी आवै दर कूचा ।—र रू

उ०—४ सूवा वादिमाही का समूंचा भोमि दीनी । दोनू दीन राया साल दीनी मो न लीनी ।—शि. व.

उ०—५ सरव गैहणा तोडै चावडा पिण दीधा । सो महाराजा विणनै समूघा दीधा नै म्हारा वेटा नै एक ही रीझ दीधी नही । —जगदेव पवार री वात

समूह—देखो 'समूह' (रू भे)

समूतनी–स. स्त्री [स. सीमन्तिनी] स्त्री । (अ मा)

समूरत, समूरतो, समूरथ, समूरथो–स. पु. [स स+मुहूर्त+रा प्र ओ] श्रेष्ठ मुहूर्त, अच्छा समय ।

उ०—१ तिण दिन ढोलो जी रे चढण री समूरतो तो टळगयो तद कंवरजी महल पधारिया ।—ढो मा.

उ०—२ विरध वधाई नाव, समूरथ नाख नगाई । व्याह विनायक वेळ, महोछव मेळ विदाई ।—दसदेव

समूळ, समूल–वि. [स. समूल] १ सब, समस्त ।

उ०—१ सूरज किरणा चाव मे, फूटी कळी समूळ । लूआ दीसी सामनै, लागी हिवडै सूळ ।—लू

उ०—२ बावरैल बाजूबुरी सोनेगी मादूळ, (और) केसरी ऊठिया मिस्र पटैत (समूळ) ।—अ मा

२ पूरा, अखंड ।

वि.—१ जड़ सहित, जडमूल सहित ।

उ०—१ अद् भू मद् समूळ उपाडता, भद्रजाती गुडै सूड भमाडता । —गु. रू. वं

उ०—२ जिह घर निंदा साधकी, सो 'घर गयें' समूळ । तिनकी नीव न पाइयें, नाम न ठाव न धूळ ।—दादूवाणी

उ०—३ कावलीए आताळीया अनगै अैराको, अख समूळा ऊपडै कुछ रहै न बाकी ।—मालो सादू

२ कारण सहित ।

३ सब का, सभी का ।

रू. भे.—सम्मूळ ।

मह,—समूळो ।

समूळो—देखो 'समूळ' (मह, रू. भे)

उ०—१ आ वात कैय सेठ वळे जोर सूं हसिया । जाणै इण वोखा मूडा रै पाण तो समूळा सूरज नै ई गपाक करता गिट जावैला । —फुलवाडी

उ०—२ भूम चाळ दिसा भाळ, महावणी दीपमाळ, समूलो उठाय वह्यो, औसधी समेत ।—र रू.

उ० – ३ रूंख समूळो काटीयो, काट कियो निरलंग । हरीया इन अपराधीयें, कसक न आनी अग ।—अनुभववाणी

उ०—४ पछै थोडो आपो सभाळ वा आपरै पगा मैं लुटता बाळ कन्हैया नै देख्यो तो दुनिया री वो समूळो सुख अर हरख काना री सरणी छोड, आख्या रै सरणै आयो ।—फुलवाडी

उ० – ५ चौमासा रो भरपूर आडंग । जाणै समूळी धरती किणी लाठी भट्टी माथै उकळै ।—फुलवाडी

उ० – ६ भूड तो अजगर रै आटा री गळाई उणरी समूळी देह माथै पळैटीजग्यो ।—फुलवाडी

उ०—७ दाळद घणो ई नट्यो पण राजा नी मान्यो सो नी मान्यो । कह्यो कै अैडी राजकवरी रै हथळेवै समूळो राज सूपै तो ई थोडो । —फुलवाडी

(स्त्री. समूळी)

समूह, समूहु–स. पु [सं. समूह] १ सेना, फौज, दल । (अ. मा; ह. ना मा.)

उ०—१ समूहं सुभट्ट गुडै गज्ज थट्ट, दळाकार दौडं तुरा वाज

२ उपयुक्त, योग्य ।

समुच्चय-स. पु [स.] १ समूह, राशि, ढेर। (डिं. को.)

२ साहित्य का एक अलंकार विशेष जहाँ अनेक पदार्थों का समूह एक समय मे एक साथ होना वर्णित हो।

समुच्चयबोधक-स पु —व्याकरण के अन्तर्गत अव्यय का एक भेद जो दो शब्दो या उपवाक्यो को जोडता है ।

समुझणी, समुझबौ—देखो 'समझणी, समझबौ' (रू. भे.)

उ०—किता हुआ दिग्गज कवि, समुझणहार सु असेस ।
—अग्यात

समुझणहार, हारौ (हारी), समुझणियौ – वि० ।

समुझिओड़ौ, समुझियोडौ, समुझ्योडौ – भू० का० कृ० ।

समुझीजणौ, समुझीजबौ—कर्म वा० ।

समुझाणौ, समुझावौ—देखो 'समझाणौ, समझावौ' (रू. भे.)

उ०—फेर आहीज स्त्री आपरै पती नै समुझाय नै कहै छै ।
—वी स टी.

समुझाणहार हारौ (हारी), समुझाणियौ—वि० ।

समुझायोडौ—भू० का० कृ० ।

समुझाईजणौ, समुझाईजबौ—कर्म वा० ।

समुझायोडौ—देखो 'समझायोडौ' (रू. भे)
(स्त्री समुझायोडी)

समुझावणौ, समुझावबौ —देखो 'समझाणौ, समझावौ' (रू भे.)

उ०—प्राची मै पुत्र नू भेजि आवाची कूं आवता दो ही पुत्रा नं समुझावण साम्है जावता पातमाह नू पेलि तिण रौ वडौ पुत्र साहस रै सहाय पहली कहिया कटक रै साथ दरकूचा दक्खिण रै अभिमुख चलायो ।—व भा

समुझावणहार, हारौ (हारी), समुझावणियौ—वि० ।

समुझाविओडौ, समुझावियोडौ, समुझाव्योडौ—भू० का० कृ० ।

समुझावीजणौ, समुझावीजबौ —कर्म वा० ।

समुझावियोडौ—देखो 'समझायोडौ' (रू. भे)
(स्त्री. समुझावियोडी)

समुझियोडौ—देखो 'समझियोडौ' (रू. भे)
(स्त्री. समुझियोडी)

समुदय, समुदाय-स पु [स समुदयः, समुदाय.] १ समूह, झुंड ।
(अ मा; ह ना मा.)

उ०—१ गया स्राद्ध तीरथ ग्रहण, सरव परव समुदाय । है सारा इण हाथ मै, हलं तौ हाथ हलाय ।—ऊ का.

उ०—२ जग मैं बाछै जीवणौ, सब प्राणी समुदाय । हर कर नर उणनू हरै, जुलम कह्यौ नही जाय ।—बा दा

२ युद्ध, संग्राम । (ह ना. मा.)

समुद्द, समुद्र-स. पु. [स. समुद्र.] १ पृथ्वी पर स्थल भाग को घेरने वाली विशाल जल राशि, समुद्र, सागर । (उ. र)

उ०—१ सजण गुणं समुद्द तूं, तर तर थकी तेण, अवगुण एक न साभरइ, रहू विलबी जेण ।—ढो. मा.

उ०—२ अकबर समुद्र पर आवियो, माह सहसा आठ सिर । जीपणौ पाण जगपत्तरै, और माण मोई अथिर ।—रा. रू.

उ०—३ मणुयजनमि सावयकुल सार, भव समुद्द जिणि लाभइ पार ।—जयसेखर सूरि

पर्याय०—अब, अबधि, अबहर, अकुपार, अचळ, अणथाग, अणथाह, अतहर, अतेरुद्रववण, अतीर, अथग, अमोघ, अरणव, अळियळ, अलील, अहिलोळ, आच, उदधि, उधारण,कमळ, खीरदधि, गंभीर, गोडीरव, चडवत, जळधि, जळनिधि, जळपति, जळराट जादपति, दरियाव, नदीईसवर, निधूवर, नीरोवर, पतिजळ, पदमापित, पदमालय, पयध, पयोधर, पयोनध, पाथोद, पारावार, बानरधी, वारध, वारहर, वोहत, मकराकर, मगरघर, मछपति, मथण, महण, महराण, महासर, महोदर, रतनकर, रतनागर, रेणायर, लखमीतात, लवणोद, लहरीरव, वारनिधि, वेळावळ, व्याकुळ, सफरीभडार, सर, सरतअधीस, सरवर, सरसवान, सरितापति, सागर, सिंधु, स्रोतपत, हीलोहळ ।

रू. भे.—समद, समद, समुद्र, समद, समदर, समदो, समद्र, समद, समदर, समद्ध, समद्र, समुद, समुद्र, समुदर, समुद्र, सम्मद, सामद, सामद्र ।

अल्पा.—समदरियौ, समुदरियौ ।

२ शुभ रग का घोडा ।

समुद्रक-स पु —शृंगार मे एक आसन विशेष ।

समुद्रकाता-स स्त्री. [स] नदी, सरिता ।

समुद्रचुलुक-स. पु [सं] अगस्त्य ऋषि का नाम ।

समुद्रजा-स. स्त्री [स] लक्ष्मी ।

समुद्रजात्रा-स. स्त्री. [स समुद्रयात्रा] समुद्र मार्ग से जहाज द्वारा किया जाने वाला आवागमन।

समुद्रनेमि-स स्त्री [स] पृथ्वी ।

समुद्रफीण, समुद्रफेण, समुद्रफेन-स पु.—समुद्र की लहरो का भाग जो औपधि मे काम लाया जाता है । (अमरत)

रू. भे.—समदफेण ।

समुद्रमथन-स पु [स] एक दानव का नाम। (पुराण)

समुद्रमेखळा-स. स्त्री [स यौ समुद्रमेखला] पृथ्वी, भूमि ।

समुद्रलवण-स पु.—समुद्र के जल से तैयार किया जाने वाला करकच नामक लवण ।

समुद्रवेग-स. पु [स.] स्वामी कार्त्तिकेय का एक सैनिक अनुचर ।

समुद्रव्यूह-स. पु.—सेना का एक प्रकार का व्यूह ।

रू भे —समदव्यूह ।

समुद्रसुत, समुद्रसुतन-स पु [स.] १ चद्रमा, चाँद ।

२ अमृत।

तिण ततखरा लिया रासावत, धूणैं सायर ग्रमर घर ।
—महाराजा करणसिंघ

२ एकत्रित, इकट्ठा ।
उ०—इम पतसाह सुणैं ग्रकुळायौ, ग्रहि जाणैं जूवळ तळ ग्रायौ ।
भिळिया जाण सुरा विख भेळा, सोर ग्रगन किर थया समेळा ।
—रा. रू.

३ मेल रखने वाला, मित्रता रखने वाला ।
उ०—१ है उमत्त गज मत्त सुभट पण रत्त समेळा, देस देस देसोत साथ कमधज्ज सचेळा ।—रा. रू.
उ०—२ वडी लाज धाधल्ल संग्राम वेळा, महाराज रै काज खीची समेळा । हुग्रा राड ग्रागै वधै पाडिहार, वधारै सभारै घणी वार वार ।—रा. रू.
उ०—३ भाटी पिण ग्राया दळ भेळा, माण घणैं चहुवाण समेळा । सरसो जोर हुवौ पतसाही, मद विखौ पडियौ घर माहै ।—रा रू
४ युक्त, सहित ।
उ०—नसतर घर नायका, मिळै पायका समेळा । मेवा जेसळ मिळै, कर रूपा सचेळा ।—सू. प्र.
५ बराबर, तुल्य ।
६ देखो 'सामेळौ' (रू भे)

समै—देखो 'समय' (रू. भे)
उ०—१ तिण समै पवारै गाया लीवी । तरै पडिहार गोहिल भेळा हुय वाहर चढिया ।—नैंणसी
उ०—२ सीगडिया ऊगण समै, वाछडुवा री वक । खवर पडै धुर खेंचसी, ग्रौ तौ ग्राडै ग्रंक ।— बा. दा.
उ०—३ ग्राधी रात री समै हुती ।—नैंणसी
उ०—५ सध्या समै रावजी महिला पधारिया तरै ग्रपछरा मुजरो करनै सीख मागी ।—वीरमदे सोनगरा री वात
उ०—५ मनछा परब्रह्म हिंगोळ माता, समै सात पोरा रमैं दीप साता । जवू दीप मैं जाम एको जिकारौ, दिसा पच्छमी दूर प्रासाद द्वारौ ।—मे म
२ देखो 'सम' (रू भे)
उ०—कठ पोत कपोत कि कहुं नीळकठ, वडगिरि कालिंद्री वळी । समै भाग किरि सख सखधर, एकणि ग्रहियौ ग्रगुळी ।—वेलि

समैकत—वि – एकत्रित ।
उ०—विध विध सहेली बाडिया छाजै छे । ग्रावा, खजूरि, केळा नारेल राजै छे । पिसता छूहारा दाख बिदामा समैकत की छे ।
—बगसीराम प्रोहित री वात

समैयौ—देखो 'समय' (रू. भे.)
उ०—ह्वालो म्हारी सहिया ए जाभोजी रा मेळा मैं । ग्राज री समैयौ म्हारा जमेसर री मेळे चालो ।—लो. गी.

समोद—वि.—गर्व सहित ।
रू भे.—सम्मोद ।

समोदनी—स स्त्री [स समुदायिनी] सेना, फौज (ह ना. मा.)

समोपणौ, समोपबौ—१ देखो समपणो समपबौ' (रू भे)
उ०—१ एक स्याल विसाल वाटुली मीप कच्चोला भ्रंगारादिक भाजन सरवै समोपइ ..... . ।—व. स
उ०—२ पूत्ति भतारिहिं देवी ग्रति घणु मनावी, पूत्तु समोपीउ सय ग्रापणि नवि ग्रावी ।—सालिभद्र सूरि
उ०—३ हारू समोपीउ नरवरह्र सतीय रेसि ग्रनु कमलु लिद्धऊ ।
—सालिभद्र सूरि
समोपणहार, हारौ (हारी), समोपणियौ—वि० ।
समोपिग्रोडौ, समोपियोडौ समोप्योडौ—भू० का० कृ० ।
समोपीजणौ, समोपीजबौ—कर्म वा० ।

समोपियोड़ो—देखो 'समपियोडो' (रू. भे)
(स्त्री. समोपियोडी)

समोवड, समोवड़यो, समोभर—१ देखो 'समवड' (रू भे.) (डि. को)
उ०—मन महराण समापण मोजा, कापण दीनां चा कुरद । दीजै किसो समोवड दूजा पेखै चकत रहै पुरद ।—र. रू.
२ देखो 'समोवडियौ' (रू भे)
उ०—करनी मुख मू थू कह्यौ, रख करड सकट पर । करड कियौ गिर मेरू कह ब्रह्माड समोभर ।—जुझारसिंह मेडतियौ

समोभरम समोभ्रम, समोभ्रमी – देखो सभ्रम' (रू भे)
उ०—१ 'खेम' समोभ्रम 'थानसी', भडारी 'विजराज' । सकत-सिंघ 'चापा'हरौ, कमधज मुदै सकाज ।—रा. रू
उ०—२ मानसिंघ धिन धिन मेवाडा, ग्रत प्रब्र भीम तणौ ग्रव-साण । जोळा हुवै घणा नर जीवा, भेळी हुवौ समोभ्रम 'भाण' ।
—दुरसौ ग्राढौ
उ०—३ धारू जळ 'जोध' समोभ्रम धींग, सूरा खळ चूर करै रायसींघ ।—सू. प्र.
उ०—४ दानै लख कोडी दियण, जुडि जीपण रिण जग । सूरज-सिंघ समोभ्रमी, दूजौ 'गग' ग्रभग ।—गु. रू. बं
उ०—५ मरद पवसाख भूमण कडा मूंदडी, कंठ डोरो मुरति लवग काना । तेमडा समोभ्रम खुडद गेढा तणौ थान जाहर थयो राज थाना ।—मे म

समोयोडौ—देखो समोहियोडौ' (रू भे)
(स्त्री ममोयोडी)

समोवड—देखो 'ममवड' (रू भे) (डि को.)
उ०—१ ता मैं एक गयद है, मेर समोवड गात । रिण वेळा रावत विहद, गिणैं ग्ररि तिलमात ।—गज-उद्धार
उ०—२ सूर समोवड सूर री, सकै न कर ससार । तू न कटै समहर तिया, लगन परजळै लार ।—रैवतसिंह भाटी
२ देखो 'समोवडियौ' (रू. भे.)

पोड ।—गु. रू. ब.

उ०—२ जिकी सुणि साखलै वीरमदेव आपरा स्वामी नू पयादी जाणि चामुडराज सिंहदेव प्रमुख सामता री समूह रोकण रै काज आडौ आय बाजी रो वेग री चक्रवाळ ताणियौ ।—व. भा.

२ ढेर, राशि । (अ. मा; ह. ना मा)

उ०—अरै अरबुद रा दुरग रै माथै संगर री सामग्री रौ समूह चाढियौ ।—व. भा

३ झुंड । (अ. मा; उ. र; डि. को.)

उ०—तुरा उखरब, उडत दिडब, अधार उघोळ, धारा घमरोळ । कटक्क काधार, समूह सेलार, पयाण करत, मेल्हाण दियत ।
—गु. रू. व

४ बाहुल्य, आधिक्य ।

उ०—लखमी जु रुखमणी जी स्रीक्रस्ण जी का हरख आणद का समूह माहै मगन होय रहै छै ।—वेलि टी

५ सनातन विश्वदेव का नाम ।

पर्याय.—अनत, अपार, ओघ, कदळ, कटक, कंदव, कनिचय, कलाप, कुरभ, कुल, गण, ग्राम, घणा, चक्र, चय, जाळ, जूथ, जूह, झुड, झूळ, झूल, तोम, थाट, थोक, निकरब, निकर, पटळ, पटल, पुग, पूर, प्रकर, प्रकार, फतूह, बहु, बहू, बौहळ व्रज, विध, व्यूह, व्रज, सघात, संचय, सदोह, सहति, सघण, समाज, समुदय ।

रू. भे.—संमुह, समूह, समुह, समुहै, समुहौ, समूह सम्मूह ।

समें, समे—देखो 'समय' (रू भे.)

उ०—१ तिण कालै नै तिण समें रे पारस्व सतानिया साध।
—जयवाणी

उ०—२ तैण समै सोक घणा आदर सुंनमान सू मळै, साछा सा समीचार पूछिआ ।—कल्याणसिंघ नगराजोत वाढेल री वात

समेगी—देखो 'सवेगी' (रू. भे)

समेजोग—देखो 'समाजोग' (रू. भे.)

उ०—एक दिन रै समेजोग रावत प्रतापसिंघ कनै एक पडित पुराणिक आयौ बडा बडा ग्रथा री समुद्र सौ पार दरसायौ ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

समेटणौ, समेटबौ—क्रि स.—१ मारना, सहार करना ।

उ०—आयौ गढ हूता अमर, सत्र हर करै सिंघार । सात हजार समेटिया, घायल आठ हजार ।—रा. रू.

२ कम करना, थोडा करना ।

उ०—लखि अचरज्जै कोप त्रप, वरण कुबेर सुरिंद । लाज समेटै सोर की, आज मुरद्धर इद ।—रा. रू.

३ बिखरी हुई चीजो को इकट्ठा करना । (उ. र.)

४ क्रम या तरतीब से लगाना ।

५ काम पूरा या समाप्त करना ।

समेटणहार, हारौ (हारी), समेटणियौ—वि० ।

समेटिओड़ौ, समेटियोड़ौ, समेट्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

समेटीजणौ, समेटीजबौ—कर्म वा० ।

सवटणौ, संवटबौ, सवेटणौ, सवेटबौ, समटणौ, समटबौ, सांमटणौ, सांमटबौ, सांवटणौ, सांवटबौ, सिमटणौ, सिमटबौ—रू० भे० ।

समेटियोडौ—भू का कृ.—१ मारा हुआ, सहार किया हुआ. २ कम किया हुआ, थोडा किया हुआ. ३ बिखरी हुई चीजो को इकट्ठा किया हुआ ४ क्रम या तरतीब से लगाया हुआ. ५ काम पूरा या समाप्त किया हुआ ।

(स्त्री. समेटियोडी) .

समेडी—स स्त्री.—स्कद की अनुचरी एक मातृका का नाम ।

समेत, समेति, समेती—स पु. [स. समेत] एक पर्वत का नाम । (पुराण)

वि.—१ सयुक्त ।

२ साथ, सहित ।

उ०—१ सेठा सू तौ पाछौ नुस्कारौ ई नी व्हियौ । लप बिछा-वणा समेत गाठडी करनै खाडावूच कर दियौ ।—फुलवाडी

उ०—२ होय कै निकासी बनौ बंधवा समेत हल्यौ, ऊभल्यौ सामुद्र सेना हलीतौ उदार ।—बादरदान दधवाडियौ

उ०—३ टूंक समेती भूमि गढ लूटन का दाया, करि समझासि नवाब को सबनै समझाया ।—ला. रा

उ०—४ सो उठारै अधीस दलै नामै जोइयै आपरा वैभव समेत आधी अवंनी दै ।—व. भा

उ०—५ अर अनामय पूछण री व्याज करि पिता नू बडा भाई दो समेत मारि साह होण री संकल्प करि दिल्ली माथै आपरी चतुरग चमू चलाई ।—व. भा.

समेध—स. पु [स] मेरु पर्वत का एक भाग ।

समेर—देखो सुमेर' (रू. भे.)

उ०—रसविलास का यद, वचन का हरचद, समेर का भार, कुमेर का भंडार ।—बगसीराम प्रोहित री वात

समेळ—वि.—१ मिश्रित ।

२ युक्त, सहित ।

उ०—जवना समेळ दळ तुरग जुग, तिण वार मिळै नह टळै तुग ।
—रा रू.

३ साथ ।

४ एकत्रित ।

५ देखो 'सिवळ' (रू. भे)

समेळण—देखो 'सम्मेलन' (रू भे.)

समेळौ—वि.—१ साथ, शामिल ।

उ०—१ मगरै 'राजड' 'जगड' समेळा 'सामळ' नाहरखान सचेळा ।—रा: रू

उ०—२ साख साख सुर असुर समेळा, अवधगिर साहै अडर ।

३ समय ।
४ यादव (भाटी) वंश की समा शाखा का व्यक्ति ।
५ अवसर, मौका ।
उ०—तरै आपरी वात माड कही । नै देवराज रा हुजदार विण वडा माणस हुता तिण भलो समो जोय नै घार रा मुहता नूं रावळ सू मिळायो ।—नैणसी
वि (स्त्री समी) १ समान, तुल्य, बराबर ।
उ०—१ मोती समो न ऊजळो, चनण समो न काठ । देवी समो न देवता, गीता समो न पाठ । —अग्यात
उ०—२ पय-तलि पद्म-प्रभा करि, रत्न कमल परि रग । नख निरमल पाहुनी समी, अगुली औ सम सग ।—मा का. प्र.
उ०—३ जग मैं वस उग्र गुण जोई, कृत रवि वस समो नह कोई ।
—रा. रू
२ सीधा, सरल ।
उ०—सीख द्यो लाख न हुवै समा, खोटी जड रा खुढीया । पारकी निंद करता पगट, धरमी किहा थी ढूंढिया ।—घ. व ग्र
३ जो विरुद्ध न हो, अनुकूल ।
उ०—अई लघु वेस आदेस तो आगळी, मन समी कया अप राखवै मेळा ।—द्वारकादास दधवाडियो
४ जैसा ।
उ०—सरव जगत रा जीव मारघा एक समो ससार वधै नही । सरव जीव नी दया पाल्या एक समो ससार घटै नही ।—भि. द्र.
५ जिसमे फेर या घुमाव न हो, अवक्र, सीधा ।
उ०—सहज मिटै न सदीव, टेव थी जाइ न टलीयै । स्वान पूछ न व्है समी, नित भरि राखो नलीयै ।—घ. व. ग्र.
क्रि. वि —१ होते ही ।
उ०—१ कर हाक रीठ देतो कहर, वीर डाक वगा समो । अण-सक जोम रवहियो अनड, कूद बीच पडियो 'कमो' ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
उ०—२ वूठो क असण रुठो सकर, सीह विछूटो हक समो । फूटो क सिंधु तुटो गयण, कोट कूद जूटो 'कमो' ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
२ ऊपर, पर ।
उ०—ताहरा रामचद ईंदै कहियो—तू म्हारै माथै समी है तूं भलाई नूं आव ।—नैणसी
३ ही, पर ।
उ०—१ अकबर सू मिळना समो कहियो तहवर खान । आज न को जग आरभै, 'सोनग' 'दुरग' समान ।—रा. रू
उ०—२ इतरै माहे तीतर उपर करो वोलीयो, सु आकरो वोलीयो । बोलतां समो कह्यो, 'कायजो मता ढाळो । तीतर कठै बोलीयो छै खबर करो ।'—भाटी वरसै तिलोकसी री वात
उ०—३ मनमान प्रथम मिळना समो, और गिरै कुण अप्पियो । असपती गात परखै अभो', सत्र गुजरात समप्पियो ।—रा. रू
उ०—४ इम कहना समो रायपाल कह्यो, 'ठाकुरै अमल करो' ।
—भाटी वरसै तिलोकसी री वात
४ तक, पर्यन्त ।
उ०—ऊ खेजडो मरद री ताळ समो छै ।—नैणसी
५ सामने, सम्मुख ।
उ०—जदूनाथ काळी समी वाथ जोडै, धणी भोम पाली चडी वात घोडै ।—ना. द
६ ज्यों ही ।
उ०—मिळै चोट सामो समी दोट माथै, हुइ दुद्ध मल्ला तणी हेल हाथै ।—ना द
७ देखो 'समय' (रू. भे.)
उ०—१ इणी समै तिको रात आधी रो समो छै तिको राजा रै कान सुर पडचो । - जगदेव पवार री वात
उ०—२ प्रळै समो किर अंतक पायो । वाघ अचित किणहि वत-ळायो ।—रा. रू.
रू. भे.—समौ, सवो, समा, समु, सुवो ।
अल्पा —समयो, समियो ।

सम्म-वि [सं. श्याम] काला, श्याम ।
उ०—त्रिनै जडाव वाजुवध, सम्म पाट सोहिया । त्रिखंड साखि जाणि सप्प, मैण धार मोहिया ।—सू प्र.

सम्मत-स पु [स सम्मत] १ इकरारनामा, कौल, करार ।
२ राय, सम्मति ।
उ०—१ स्वामी रा सम्मत विहूण भी जोईय। तिकण नूं मारण चहै ।—व भा.
उ०—२ सो स्वामी रै सम्मत हुवा तो इसडो कवण सो मोनू जाति रै बहिरगत करै इण कारण एक आपरो ही आतक- आणि डरू ।—व भा
३ विचार ।
उ०—इसडो सम्मत करि काळ रा खैंचिया प्रेतपति री पुरी रा पाहुणा होइ हुकम रै प्रमाण तत्काळ ही लेख करि भिलाई दीधो ।
—व भा.

सम्मति-स स्त्री —१ सलाह, राय ।
२ अनुमति ।
३ अभिप्राय ।
रू भे —समति ।

सम्मद-स पु. [स] १ एक बहुत बडा मत्स्य रत्न जो अपने विशाल परिवार सहित जल मे रहता था । इसी पारिवारिक सुख को देख कर सोभरि ऋषी विवाह करने के लिए उत्सुक हुए थे ।
२ देखो 'समुद्र' (रू भे)

समोवडियौ–वि —१ समानता वाला बराबर का। (डि. को.)

२ देखो 'समवड' (रू भे)

रू. भे.—समोवडियौ, समवड।

समोवण, समोवर—देखो 'समवड' (रू भे.)

उ०—१ कोड तेतीस सुर आय केळा करै, अमिरा मारमें भुल आणंद। सोहियौ गाज करतौ असौ राजसर, समोवण हुआ जण सात सामद।—जोगीदास कवारियौ

उ०—२ इद्र समोवर जाणीयै, रिद्धि करी राजानौ रे। गुनह खमै निज प्रजा तणौ, दिन दिन वधतै वानौ रे।—वि. कु.

समोवणौ, समोववौ—देखो 'संमोहणौ, संमोहवौ' (रू. भे.)

समोवणहार, हारौ (हारी), समोवणियौ—वि०।

समोविओडौ, समोवियोडौ, समोव्योडौ—भू० का० कृ०।

समोवीजणौ, समोवीजवौ—कर्म वा०।

समोवियोडौ—देखो 'समोहियोडौ' (रू भे.)

(स्त्री. समोवियोडी)

समोवसरण—देखो 'समवसरण' (रू. भे.)

उ०—धन कृतारथ तै नर नारि, जे वरतइ जिणधरम मझारि। समोवसरणि प्रभ करइ वखाण, तीह नी प्रसंसा महाविदे जाण।

—वस्तिग

समोसर, समोसरि–स. पु.—१ श्रेष्ठ अवसर, मागलिक अवसर।

उ०—सुंडादड अहेस राग रीझेस समोसर। वणि सिंदूर चित्रवेस, धार मदवेस पडै धर।—सू प्र.

२ देखो 'समीसर' (रू भे)

उ०—१ अयो रथ वैसि समोसर इद, वसै सुरधाम अपच्छर वीद।

—सू प्र.

उ०—२ चापावत 'राम' 'हरी' घर चोख, समोसर नाहरखान सरोख।—रा रू

उ०—३ सहस तेर असवार, सीह सादूळ समोसर। बीस गयद वेछाड, निहस पावस गिर नीझर।—सू. प्र.

उ०—४ साकणी डाकणी सकति, सकति चवसठी समोसरि। समळ महासिध सकति, सकति वायणी सिकोतरि।—सू. प्र.

समोसरणौ, समोसरवौ–क्रि अ —आना, पधारना।

उ०—१ 'वीत-भय' पाटण समोसरै, भगवत स्रीमहावीर। भाव सहित सेवा करू, रहू जिणा रै तीर।—जयवाणी

उ०—२ नेमि जिणिंद समोसरया, वादिवौ गयउ वासुदेवौ जी। दढण कुमर साथि गयउ, सहुवादी करइ सेवौ जी।—स. कु.

उ०—३ समोसरया स्वामी सेत्रुज गिरि, जिनवर पूरव निवाणु वार। समयसुदर कहै प्रथम तीरथकर, आदि नाथ सेवौ सुखकार।

—स. कु.

उ०—४ इण प्रस्तावै समोसरया केवलधार मुणिद।—वि कु.

उ०—५ नगर नै समीपै वन में समोसरया रे, हो माधु सहित भरपूर।—वि. कु.

समोसरणहार, हारौ (हारी), समोसरणियौ—वि०।

समोसरिओडौ, समोसरियोडौ, समोसरयोडौ—भू० का० कृ०।

समोसरीजणौ, समोसरीजवौ—भाव वा०।

समोसरियोडौ–भू. का. कृ.—आया हुआ, पधारा हुआ।

(स्त्री. समोसरियोडी)

समोसी–स स्त्री.—वलवती।

उ०—जपै जनम गुण पूरण जोमी, सुर पुजा हव थई समोसी।

—रा रू.

समोसौ–स पु.—१ मैदे की रोटी छुने हुए मास के छोटे टुकडो को मसालो के साथ डालकर तेल मे तल कर वनाया जाने वाला मांस जो नमकीन एव स्वादिष्ट होता है।

उ०—१ सावडदी समोसा मास सूळा भाति न्यारी, दारू पीय वैठा थाळ आवा की तयारी।—शि व.

उ०—२ नान्हो छुनियौ मास मदी आच कढाई मैं तळजै छै। वेसवार मसाला घात उहा माडा मैं घातजै छै। तठा पछै माडा गूथ समोसा वणाय तळजै छै।—रा. सा स.

२ मैदे की छोटी पतली रोटी मे मसालो के साथ प्याज आलू आदि डाल कर वनाया जाने वाला त्रिकोणात्मक नमकीन खाद्य पदार्थ।

समोह–स पु. [स] युद्ध, सग्राम।

वि.—१ मोहित।

२ मूर्छित,।

उ०—घडी बिच्यारी घणउ दल, थोभ्यउ वीर वावरइ लोह। तुरक वचा मूगल कर कटीया, ऊपर पड्या समोह।—का. दे. प्र

रू भे —सम्मोह।

समोहणौ समोहवौ—देखो 'समोहणौ, संमोहवौ' (रू. भे)

समोहणहार, हारौ (हारी), समोहणियौ—वि०।

समोहिओडौ, समोहियोडौ, समोह्योडौ—भू० का० कृ०।

समोहीजणौ, समोहीजवौ—कर्म वा०।

समोहा–स पु.—एक वर्णिक व्रत विशेष जिसके प्रत्येक चरण मे पांच गुरु वर्ण होते हैं।

समोहियोडौ—देखो 'समोहियोडौ' (रू भे)

(स्त्री समोहियोडी)

समो–स. पु [स. समा] १ वर्ष, साल।

उ०—१ नमो देस मारू धरा कोट नोवा, नमो द्रग गेढा कला मुरद दोवा। प्रणम्मो समो च्यार छै नौ पहोमी, नमो माम आसाढ री सुक्ल नोमि।—मे म.

उ०—२ सक चन्दह सत्र हू समा, लागो इम जय लेर। मारि सळा लीधी महू, दळा पराभव देर।—व. भा.

२ अध्याय, प्रकरण।

२ यथार्थ, विशुद्ध ।

उ०—मूलतें सात मिटात है घातक श्रावत सम्यक भाव भलेगें ।
—ध. व. ग्रं.

सम्यकचरित्र-स पु. यौ. [स.] अत्यन्त शुद्धतापूर्वक व धर्म के अनुसार आचरण । (जैन)

सम्यकग्यान-स. पु. यौ. [स. सम्यकज्ञान] जैनियों के धर्मतत्व में से एक । (जैन)

सम्यकदरसण, सम्यकदरसन-स पु. यौ [स सम्यग्दर्शन] सातों तत्वों एव आत्मा आदि में पूरी पूरी श्रद्धा होना । (जैन)

सम्यकदरसी-स. पु यौ. [स. सम्यग्दर्शिन] वह व्यक्ति जिसे 'सम्यक-दर्शन' प्राप्त हो । (जैन)

सम्यकसबुद्ध-स पु [स. सम्यकसबुद्ध] १ वह व्यक्ति जिसे सब बातों का ठीक व पूरा ज्ञान प्राप्त हो गया हो । (जैन)

२ गौतमबुद्ध का एक नाम ।

सम्यकत्व-स. पु [स.] १ नव तत्व और छः द्रव्यों में दृढ श्रद्धा होने का भाव । (जैन)

उ०—१ किसिउ धर्म., अहिंसालक्षण, सत्याधिष्ठित, स्तेनरहित ब्रह्मचर्य गुप्त, सतोषपरम एव विध, अथवा यथाशक्ति दान दीजिइ, शील पालीयई, तप तपियइ, भावना भवियइ, सम्यक्त्व परिपालिय देव पूजियइ........। —व. स.

उ०—२ जब स्वामीजी अखर बताय दिया अने बोल्या : गुमानमलजी थारै सम्यकत्व रहणी कठिण है आसता कची तिण नु । —भि. द्र

उ०—३ कीडी नें कीडी सरधे सो सम्यकत्व के कीडो सम्यकत्व जद तें बोल्यो : कीडी नें कीडी सरधे तें सम्यकत्व ।—भि. द्र.

रू भे —समकत, समकित, समगत ।

सम्यौ—देखो 'समय' (रू भे.)

उ०—अर आटो ल्याय रोटा कीधा गोल ल्याया घरत ल्यायो । अर रात रो सम्यौ थो । जो ओगळी माहे ठड मू कर साप आय बैठो ।
—पनमार री बात

सम्रत—१ देखो 'स्म्रति' (रू. भे.)

उ०—भाखै वेद पुराण भग, अरु सम्रत की साग । पावै हरिगुण पार कुण, पच पच हारै लाग ।—गज-उद्धार

२ देखो 'समरथ' ।

सम्रतवेता—देखो 'स्म्रतिवेता' (रू. भे.)

उ०—कीधा माजी न्याव किल, जग मामल जेताह । काजी सुण धिन धिन कहे विप्र सम्रतवेताह ।—वा. दा.

सम्रति—देखो 'स्म्रति' (रू भे.)

सम्रतीयद-स पु.—कवि । (अ मा)

सम्रतिवेता, सम्रतीवेता—देखो 'स्म्रतिवेता' (रू. भे)

सम्रत्थ, सम्रथ—देखो 'समरथ' (रू भे.)

उ०—१ अधीस पएं नख कोटि अरक्क, सम्रत्थ सिरज्जण भाजण मह ।—ह. र

उ०—२ मही पत्र नाम धरै फरमाए, मछै कर सम्रथ गौग सगाज ।—पा. प्र.

उ०—३ रंगीला गुर सम्रथ मिलै, सो मिल ही सम्रथ होय । नाम गहै सु सुखिया, आखि न आवै कोय ।—अनुभववाणी

सम्रद्ध-सं. पु. [स. समुद्र] मर्यादा में रहा गुरुराड़ के पुत्र से उत्पन्न एक नाग ।

वि.—सम्पन्न, वैभवशाली ।

सम्रद्धि, सम्रधी-स स्त्री. [स समृद्धि] पारथिव सम्पन्नता ।

उ०—वैरागग्रदि गुण धज सम्रद्धि, निरमल निशान निरधन निधान ।—क मा,

सम्रधीक-वि —समृद्धिशाली, वैभवशाली ।

उ०—श्राति प्रभापि रका पमीधार नाग्री पड़े, गौर मेर आर पना चीर चोप धारीन । रामा चौरीस देस रथी महनाल सही, सिध गोण सम्रधीक कुबेर मारीन ।—ल गाम हाडा री गीत

सम्राणी, सम्राग्यी-स. स्त्री [स. सम्राज्ञी] सम्राट की पत्नी ।

सम्राज-स पु. [स.] १ चक्रवर्ति राजा की उपाधि या चक्रवर्ति राजा ।

२ जिनरथ एव कर्णी के पुत्र एक राजा जो मरीची का पिता व वराल्पा का पति था ।

सम्राट-स. पु [स. सम्राट्] १ वह बहुत बडा राजा जिसके अधीन कई छोटे बड़े राजा-महाराजा हों ।

२ भरतवशीय राजा चित्ररथ एवं ऊर्णा का पुत्र, उत्कला का पति एव मरीचि के पिता का नाम ।

रू भे.—समराट, सामराट ।

सम्रिति—देखो स्मृति' (रू भे)

सम्रारमुद्रा-क्रि वि. [स. समुद्रमुद्रा] मृत्यु की मुद्रा के साथ, मृत्यु की निशानी सहित ।

उ०—दमिड किमासी मति पारथ निद्रा, सेनि नरेंद्र सु सम्रन्य-मुद्रा । निद्रा नि पूंगइ हथियार छाडइ, कोई तिलो सिठ नवि कुम माडइ ।—सालि सूरि

सम्न-स. पु [स सम्न] १ गंधनदान ।

२ सूरज, सूर्य ।

सम्हाळणो, सम्हाळबो—देखो 'सभाळणो, सभाळबो' (रू. भे.)

उ०—१ महाराजा सूरसीघ री दरगाह में जाणो तथा महाराज कुमार गजसिंघ रो नासण भार सम्हाळणो ।—गु रू बं.

उ०—२ मगसर ठड बहोनी पडै, मोहि बेग सम्हाळो हो ।
—मीरा

उ०—३ बूंदी आइ सम्हाळि बळ, सावधान करि सरब । दूदो मुहि रह्यो दुसह, पावण रण जस परब ।—व. भा

सयकळ—देखो 'साकळ' (रू. भे.)

उ०—गरज्जुत नाग फिरै गयणाग । सयकळ तोड करै तळ-जोड ।
—गु रू ब.

उ०—पिरथल इम आयौ परणि सम्मद पायौ सोम।—रा. रू

सम्मन-स. पु [अ समन] एक प्रलेख जिसमे न्यायालय किसी व्यक्ति के नाम आदेश जारी करता है कि वह न्यायालय मे उपस्थित हो।

क्रि प्र—आणौ, भेजणौ, मिळणौ।

रू भे.—समन।

सम्मर-स पु.—१ वैभव, ऐश्वर्य।

उ०—वप सोच कप सम्मर विरह, करै सकोच फकीर रौ। कारण अथाह वरणं कमण, उर दुख दाह अमीर रौ।—रा रू

२ देखो 'समर' (रू भे)

उ०—१ असुरा दिस लिख एम, करै दळ सवळ भयकर। पवग पूर पाखरा, सूर सिलह्हा वळ सम्मर।—सू. प्र.

उ०—२ देवौ सेवै सकति दिनकर, सामि कामि चाहता सम्मर।
—रा. रू

३ देखो 'स्मर' (रू. भे.)

सम्मरदण, सम्मरदन-स पु. [सं सम्मर्दन] वसुदेव व देवकी के पुत्रो मे से एक।

सम्मळा-स स्त्री.—देवी विशेष।

उ०—देवी कालिका कूबजा काम कामा, देवी रेणुका सम्मळा राम रामा।—देवि

२ चील।

उ०—जवक जख प्रघळ मिळिया सम्मळ, होऊ हूकळ रत हिळै। डाइणि भख डळ डळ चूपै चळवळ, पळ भैरव वळ वळ भूत भिळै।
—गु. रू बं.

३ यमुना।

वि—श्यामवर्ण का।

रू. भे—समळा।

सम्मवणौ, सम्मववौ—देखो 'समाणौ, समाबौ' (रू भे.)

उ०—काळउ कोटा कारणइ, विढिवा वीरति वाइ। ससमथ जरदि न सम्मवइ, असुराइ थट्टि न माइ।—रा ज. सी.

सम्मसेर—देखो 'समसेर' (रू भे)

उ०—वहै सम्मसेर, झरै झट्ट झेर। कटै आच ओण, रडै रत्त सोण।—गु. रू. व

सम्माण, सम्मान-स. पु. [स सम्मान] आदर, प्रतिष्ठा।

रू भे—समाण, समान।

सम्मा-वि—१ समान, तुल्य।

उ०—देवी सावित्री गायत्री ब्रम्म ब्रम्मा, देवी साच तणा मेळिया जोग सम्मा।—देवि.

२ देखो 'समा' (रू भे)

सम्मास-वि. [अ शम्मास] सूर्य के पुजारी, सूर्य-पूजक।

सम्मुख, सम्मुह-वि. [स. सम्मुख] सम्मुख, समक्ष।

उ०—१ बीरा सम्मुह वेग, पूछ्र पटकै मडळ मित। एकण आइ सवळ, कीधा खळ सकित।—व. भा.

उ०—२ वधव विजौ पलटि खळ वणियौ, अकवरदळ, सम्मुह ऊफणियौ। सो 'सुरताण' हणं फौजा सह, अव्वू विदित कियौ रण आग्रह।—व भा.

सम्मूढ-वि [स] १ मोह युक्त।

२ टूटा हुआ, भग्न।

३ ढेर लगा हुआ।

सम्मूळ—देखो 'समूळ' (रू भे.)

उ०—हुवै हैमरा हूह सम्मूळ हल्लै, चली फौज गै-जूह पाहाड चल्लै।
—गु. रू ब.

सम्मूह—देखो 'समूह' (रू. भे.)

उ०—वाराह धडक्कै दाढ खडक्कै, कंध कडक्कै कूरम्म। सम्मूह सळक्कै कूंत वळक्कै, खेंग खळक्कै कंजम्म।—गु रू व

सम्मेटणौ, सम्मेटबौ—देखो 'समेटणौ, समेटबौ' (रू भे)

उ०—दियौ कत वेगौ हवै वेण दीधौ, काळी नागरि नारि उच्छाह कीधौ। आगै नागणी भेट सम्मेट आणं, जदूनाथ लीजै जकौ राज जाणं।—ना द

सम्मेलन-स पु. [सं] १ किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विशेष विषय पर विचार करने हेतु एकत्र होने वाला मनुष्यो का समूह।

२ मिलाप, सगम।

३ जमाव, जमघट।

४ कोई बहुत बडी सस्था।

ज्यूं—हिन्दी साहित्य सम्मेलन।

सम्मै—देखो 'समय' (रू भे)

उ०—बडा अमीर बुलाय, साह भेजै तिण सम्मै। 'अजा' 'जसा' दिस असुर, मुहम नह को आगम्मै।—सू प्र

सम्मोद—देखो 'समोद' (रू. भे.)

सम्मोह—देखो 'समोह' (रू. भे)

सम्मोहणौ, सम्मोहबौ—देखो 'समोहणौ, समोहबौ' (रू भे)

सम्मोहणहार, हारौ (हारी), सम्मोहणियौ—वि०।

सम्मोहिग्रोडौ, सम्मोहियोडौ, सम्मोह्योडौ—भू० का० कृ०।

सम्मोहीजणौ, सम्मोहीजबौ—कर्म वा०।

सम्मोहियोडौ—देखो 'समोहणौ' (रू भे.)

(स्त्री सम्मोहियोडी)

सम्मोहण, सम्मोहन-स पु. [स. सम्मोहन] कामदेव के पांच बाणो मे से एक।

सम्मौ—देखो 'समौ' (रू भे)

उ०—नमौ सुक्र सध्या घणौ स्रेस्ट सम्मौ, नखित्रा तणौ पातिसा स्वाति नम्मौ। महालक्ष्मी मात धापा नमामी, नमौ मात रौ तात सामुद्र नामी।—मे. म.

सम्यक-वि. [स सम्यक्] १ पूरा, समस्त।

सयगार—देखो 'सिरणगार' (रू. भे)

उ०—तीजे घरि घरि मगळचार, चहु दिसी कामनी करई हो सय-
गार।—वी. दे

सयंतउ-वि. [स. सचिंतक] उतावला, उत्तेजक, व्याकुल।

उ०—एहु न कोईय करउ विचार, द्रूपदराणीय पच भतार। साहु
कही नइ गयणि पहूतउ, पडु नराहिवु हूयउ सयंतउ।
—सालिभद्र सूरि

सयद-स. पु —१ स्वर्ण, सोना।

२ शयन।

सयबर, सयंबर, सयवरु—देखो 'स्वयवर' (रू. भे.)

उ०—१ घरियौ परा जनक इसी मन धारै, धनक पिनाक चढाय
घरै। महपत आय सयबर माहैं, वसुदा कुमरी तिको वरै।
—र. रू.

उ०—२ सयवर मडप मडाउ, सहु देसाधिप तेडाउ। इण सरिखौ
जो वर पाउ तो वेटी ने परणाउ हो लाल।—स्रीपालरास

उ०—३ परिणावेवा तीह वाल सयवरु मडाविउ। गगानदणु
चडीउ रोसि अणतेडिउ आव्यौ।—सालिभद्र सूरि

२ देखो 'स्वेतावर' (रू भे.)

उ०—जिणि जांग जीतउ समरसि अमर सिरोमणि कासु। विलसइ
सिद्ध मयवर सवरगुणि अभिरामु।—जयसेखर सूरि

सयंमी-वि. [स सयमिन्] १ मन और इन्द्रियो को वश मे रखने वाला,
जितेन्द्रिय।

स. पु —२ बुरी व हानिकारक वस्तुओ से परहेज रखने वाला,
साधु, सन्यासी।

सयमू—देखो 'स्वयभू (रू. भे.)

सय-स पु [स. शयः] १ हाथ। (डि. को)

उ०—१ यो मद्दल भुजवध सो सय सज्ज सुहाया।—व भा.

उ०—२ कमनैत तीरन तानिकै पखरैत वेधत पानि कै बुधतनय हित
जय प्रणय नय वय छपय रन सुम अभय अतिसय विसय चय भुव
वलय विसमय प्रलयमय भय समय निरदय उदय रवि नयनिलय
अतिरघ अजय खयकर अखय जय अग्र उमय सय पय हृदय अप-
चय कटय भट स्मय निचय हय गय मार हीन सुमार।—व भा.

२ निद्रा, नीद।

३ शय्या, सेज, खाट।

४ साप विशेष।

वि.—१ सव, समस्त।

२ देखो 'सौ' (रू भे)

उ०—१ पनरम घरम तयालीम गणि चौसठ हजार। साहु साहुणी
बासठ महस अनै सय चार।—ध व ग्र.

उ०—२ चउथउ हूइ एक कोडाकोडि, वइतालीस वरस नी ओटि।
पच सय धनुम देह परिमाण, दूव कोडि आउखउ जाणि।
—वस्तिग

३ देखो 'सैं' (रू. भे.)

४ देखो 'स्वयं' (रू. भे.)

उ०—१ पाचमइ दूसमि वरती आण वरिस तैं एकवीस जाणि।
सात हाथ देह सुकुमाल सय वरिस माहि पहचइ काल।—वस्तिग

उ०—२ थानकि थ्या सामी नितु ध्याइ, सहस पल्योपम करम खजी
जाइ। जं नर नारि अभिग्रह लिति, सय गुण पापकरम खिपति।
—वस्तिग

सयगहीदोस—ग्रहस्थी के घर से अपने आप उठाकर आहार लेने से होने
वाला पाप। (जैन)

सयण-स. स्त्री.—१ सखी, सहेली। (अ. मा.)

२ देखो 'सयन' (रू भे.)

उ०—वणि वगळा बहु केल्या, कुसुम लता कितान। मानहु मदन
महीप रा, तणिया सयण वितान।—सिववखस पाल्हावत

३ देखो 'सैंण' (रू भे.)

उ०—१ पर भोम पचायण सयणां रौ सेहरौ, दुसमणा रौ नाट-
साळ, वडौ भोकाइत।—वीरमदे सोनगरा री वात

उ०—२ छोटी वीख न आपडा, लाबी लाज मरेह। सयण वटाऊ
वाळरै, लब्रउ साद करेह।—ढो मा.

उ०—३ धिन दीहाडौ धिन घडी, धिन वेळा धिन वास। नयणे
सयण निहाळिया, पुरी मन री आस।—अग्यात

उ०—४ मान गहेली माननी, विरुअउ वोल्यौ वयण। विण
आदर न रहे कदे, सिंह सूर नै सयण।—प. च चौ.

उ०—५ साचा रा सयण हुवै घणा ए, साचा रै न वधै वैर कै।
छल छिद्र नही हुवै ए, साच सू उतरै जहर कै।—जयवाणी

उ०—६ मनडौ आज उमाहियो, देख घटा घनघोर। सयणां साई
दे-मिळू, अलजो जसा' सजोर।—जसराज

सयणआरती—देखो 'सयनआरती' (रू. भे)

सयणबोधिनी—देखो 'सयनबोधिनी' (रू भे)

सयणमदिर—देखो 'सयनमदिर' (रू. भे.)

सयणाचार-स पु [स. स्वजनाचार] १ अपनो का सा व्यवहार।
(उ र)

२ भला व शिष्ट व्यवहार।

सयणी—देखो 'सैणी' (रू भे)

सयद—देखो 'सैयद' (रू. भे)

उ०—सयद पठाणा सिरै पमग भोकू पखराळो।—सू प्र.

सयधण—देखो 'सायधण' (रू. भे)

सयन-स. पु. [सं. सयन] विश्वामित्र के पुत्र तथा गाधि के पौत्र का
नाम।

सं. स्त्री [स. शयन] ३ निद्रा, नीद। (डि. को.)

२ शय्या, सेज। (अ मा; डि को.)

पाता साढा सातवीसी पौनाया पाकेट ।
—मूळसिंघ करममोत रो गीत

११ तालाव, जलाशय । (अ. मा, डि. को; ह. ना मा)
उ०—१ घूघट खोलदी नही, बोलदी पिक वैण । गजपत जावै गोरिया, लावै सर जळ लेण ।—बा. दा.
उ०—२ लावै सर पाणी भरै, गोरी गात अनूप । ज्या आगै पाणी भरै, रभ अलौकिक रूप ।—बा. दा.
१२ पानी, जल । (ह. ना. मा.)
१३ कूप, कुआ ।
उ०—वेहू घर सवर ऊडा सर थागै, आरै माळागर मूंघा रै आगै । सारी कीमत है करियोडा सारै, हीमत भरियोडा हीमत नह हारै ।
—ऊ. का.

१४ सात की सख्या । * (डि. को.)
१५ जलप्रपात, झरना ।
१६ वह नीची भूमि जहाँ वर्षा का जल इकट्ठा हो जाता हो व सूखने पर ऐसी भूमि पर प्राय गेहू, ज्वार, चने आदि बोये जाते हो।
उ०—इण तरफ गाव केरिया, एक माव, खेती-बाजरी री, मूंग, मोठ, तिल । कूवै पाणी पुरसं २० मीठो । बीजी तरफ कुछ दिसा, धरती कालार, तठै सर भरीजै, तठै ज्वार, गोहू ।—नैणसी
१७ पक्ष । (मि. पखो)
१८ सरपत की जाति का एक पौधा विशेष जिसमे गाठ वाली छडी होती हैं, सरकंडा । (डि. को.)
१९ दो मात्रा के दो लघु का नाम । (डि को)
२० छप्पय छद का २५ वा भेद जिसमे ३६ गुरु और ८० लघु मे ११६ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती हैं ।
२१ प्रशसात्मक काव्य । (सर काव्य)
[फा. सर] २२ सिर, मस्तक । (डि को)
उ०—१ एतलइ सुसरमा ढलि ढोल वाजइ, जाणे आमाढू किरि मेहू गाजइ । हीया घ्रूसूकइ सर सेस सूकइ, भय बीहता कायर जीव मूकइ ।—सालिसूरि
उ०—२ भरम करम इनका हैं सगी, जै कोई दूरि विडारै रे । निसदिन नाव करत रुखवाळी, ग्यान ध्यान सर धारे रे ।
—अनुभववाणी
उ०—३ सूतळ नाथा सर नासा सणकारी, फुरणी दूघाता रामा फणकारी । भूसर घाया गळ आवढ कठ झाखै, नम नम मावढ नै नाया कण नाखै ।—ऊ का.
२३-एक प्रकार अस्त्र विशेष ।
२४ हिमपात, पाला ।
उ०—पीतल पग्कर पर चीतळ कर परसै, वेहद महितळ मिर सीतळ सर वरसै । खळ भळ खावण नै अगसिर खळ खेधै, वावळ बरफारी तरफा सूं वेधै ।—ऊ का

२५ ताश के खेल मे ऐसे रग का पत्ता जो श्रेष्ठ माना जाता हो ।
स स्त्री.—२६ उक्त खेल मे जीती जाने वाली बाजी ।
ज्यू—म्हारी सात सरा वणी (बणया) है ।
२७ रस्सी, डोरी ।
२८ जीत, विजय ।
उ०—१ तरै रावळ वजीर नाटक नू कह्यो—वीरू तो सर पावां नहीं, तूं बूढो पण हुवो छै । तूं मरण लेवड नै सगार नू मारै नो पोहचा ।
—नैणसी
उ०—२ जद जलाल कही—सरंजाम फकत सो सर कर आग मुजरो करूं के कागदा में ही लपेटियो आऊ ।
—जलाल बूबना री बात
[अ] २९ ब्रिटिश सरकार की एक सम्मानित उपाधि । महाशय, महोदय ।
ज्यू—सर प्रताप ।
वि —१ दबाया हुआ ।
उ०—कपट कोठाडिया तणा इम विताई, जिके सारा कया नही जावै । इणानै सर करै जिसा जग आज दिन, बाप विन और नह निजर आवै ।—ऊमरदान लाळस
२ हराया हुआ, पराजित ।
उ०—काळै मार वडै कारीगर ओजरिया रण जुवा जुवा । पर लोहार किया सर पाधर, हानै मायव जेर हुवा ।—नेतसी माडू
३ जीता हुआ, विजित ।
४ विजय प्राप्त किया हुआ, जीता हुआ ।
५ प्रमुख, प्रधान ।
६ उत्तम, श्रेष्ठ ।
उ०—बाल अवस्था बुध कछु नाई, नवळ अति मतीना । सारासर सेर मोसर न जांणै, पराधीन बळहीना ।—स्रीसुखराम महाराज
७ तीक्ष्ण, तीखा । * (हि को)
८ समाप्त किया हुआ ।
प्रत्यय—१ एक प्रकार का प्रत्यय जो कुछ शब्दो के अन्त मे लगकर अनुसार, मुताबिक, पर, ऊपर, सा, से अर्थ प्रकट करता है ।
उ०—मारण वाळै दुस्टी टावर रै सरीर मायं सूं तीव री तीव उनार लीवी ही । कायदेसर पुलिस नै इतला देवणी पडी । लास रो पोस्ट-मारटम हुयो अर तीजै दिन जावता लास नै दाग पड्यो ।
—अमरचूनडी
ज्यू—घधसेर, कामसर, नौकरीसर, वगतसर, ढंगसर, ठीकसर ।
२ पूर्व कालिक क्रिया के साथ जुडने वाला शब्द ।
उ०—तद बाकरखा भडाकदेसर घोडे सू उतर आप रै बेटै रो हाथ झालि पकड घोडे ऊपर चढियो ।—ठाकुर जैतसी री वारता
३ देखो 'स्वर' (रू भे.)
उ०—१ डीभू लक, मराळि गय, पिक-सर एही वाणि । ढोला,

हूं रीत सदारी, पाडुर पीत प्रतीत ।—ऊ. का.

३ चतुर, होशियार ।

उ०—१ सखी सयांणी मोरी हसत है, हंस हस देवै ताळी ओ माय ।
—लो. गी.

उ०—२ सो एक दिन बादसाह रै दादी पोती वेगम थी सो पण सयांणी थी बादसाह री महरवानगी थी ।
—जयसिंह आमेर रा धणी री बात

४ सरल स्वभाव वाला, सीधा ।

उ०—इतरै मे सेखावत करणसिंह महाराज रै चाकर थो भलो सयांणोठाकुर सो हजूर मैं बैठो थो ।
—मारवाड रा अमरावा री वारता

५ कपटी, धूर्त ।

६ पूर्णयुवा, वयस्क ।

उ०—बादसाह दोना री बात सुणी थी तीसू कही—छोटी हमारै होवै तो आछो । तरै काजी अरज करी—जलाल सुघड छैल छै नै बूबना पण सयाणी छै ।—जलाल बूबना री बात

७ जानकार, विज्ञ ।

उ०—जोधपुर रै धणी रो वडो बेटो, फेर आप बाता सयांणो सो आछी तरह सू रहै । नकदी खरची पावै ।
—राठौड अमरसिंह गजसिंहोत री बात

८ जादू टोने जानने वाला ।

९ चिकित्सक, वैद्य ।

१० वृद्ध, बूढा ।

रू. भे.—सयाण, सयाणउ, सयानौ, स्यांणौ ।

सयानक-सं. पु.—गिरगिट । (डि. को.)

सयांनप—देखो 'सैणप' (रू. भे)

उ०—दादू एक सू लै लीन होना, सबै सयांनप येह । सद्गुरु साधू कहत है, परम तत्व जप लेह ।—दादूबांणी

सयांनो—देखो 'सयाणो' (रू भे)

सयो—देखो 'सखी' (रू. भे.)

उ०—उवो कोई सैण मिलावै सयां जो मारूडी देवै मिळाय ।
—रसीलैराज

सय्या-सं. स्त्री [स शय्या] १ पलग पर बिछा हुआ बिछौना
(डि. को)

२ पलग, चारपाई ।

रू. भे.—सइया, सज्जा, सज्या, सझ्या, सयण, सयन, सिज्या, सिजिया, सेइया, सेज, सेझ ।

सय्यातर-स. पु. [स] वह व्यक्ति जो जैन महात्माओ व मुनियो को अपने यहां ठहरने का स्थान देता है ।

रू भे.—सिज्यातर, सिज्यातरी, सेज्यातर ।

सय्यातर-पिंड-सं पु [सं.] वह आहार जो जैन मुनियो को अपने यहां ठहराने वाला व्यक्ति ही उन्हे भोजन-रूप में देता है जो कि मुनियो के लेने योग्य नही है । (जैन)

उ०—सय्यातरपिंड न खाय, माचदिक नही वेसाय घर ग्रही तणे ए, वैसै नही सुपनै ए ।—जयवाणी

सय्यापाळ-स. पु. [स शय्यापाल] राजा के शयनागर का प्रबन्धक ।

सरगो—१ देखो 'सुरगो' (रू. भे.)

उ०—गुलजार बोज अवलवल गात, सिंदळी अनै सरगा सुभात ।
—सू प्र.

२ देखो 'सारग' (रू. भे)

सरजांम—देखो 'सराजांम' (रू भे)

उ०—अरु पातसाह जी गुनामाफ कर फेर मुनसब दियो । तथा मुहीम का हुकम दिया सू सरजाम हुवो नही ।—द. दा.

सरंभर-वि.—सराबोर, तरवतर ।

सर-स. पु [स शरः, सर] १ बाण, तीर ।
(अ. मा; डि. को; ह. ना मा.)

उ०—१ ताळ चरती कूझडी, सर सधियउ गमार । कोइक आखर मनि बस्यउ, उडी पख समार ।—ढो. मा

उ०—२ पछै कुवर स्री दळपतजी आपरै हाथ सर मारिया । ताहरा कुवर स्रीबाळक हुता तिण सर अगुळ च्यार मार की ।
—द वि

उ०—३ अरजुनु पूठि सिखडडीयाह वइसी सर मूकइ, पडीउ पीयामहु समर माहि किम अरजुनु चूकइ ।—सालिभद्र सूरि

उ०—४ चिहु पखे अरजन बाण छूटइ, सन्नाह माहिइ सर सीध्र फूटइ ।—सालिसूरि

२ दुग्ध, दूध । (डि. को.)

३ दूध की मलाई ।

४ पांच की सख्या । * (डि. को.)

५ लडियो वाला हार, माला, कठी ।

उ०—चपा केरी पाखडी, गूंथूं नव सर हार । जउ गळ पहरू पीव विन, तउ लागै अगार ।—ढो. मा.

६ गति, गमन ।

७ जुलाब लगाने वाला पदार्थ ।

८ सिरा, छोर ।

९ सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार व्यक्ति की हथेली मे होने वाला तीर का सा निशान जो शुभ फल का सूचक होता है ।

[स. शरं, सर] १० समुद्र, सागर । (डि को.)

उ०—१ सर गिरवर तारै पदम अठारै, सेन उतारै जगत सखै । भिड़ रावण भजै गढहिम गजै, अमरा रंजै ब्रह्म अखै ।
—र. ज. प्र.

उ०—२ आथा भरै वाथा हाथा भोज ज्यू लुटावै दळा, ठाभी सरा साताइ कीरती थटा थेट । बाता ओ न जावै वाघो घरै बैठा

सरकायोडौ—देखो 'सिरकायोडौ' (रू. भे.)
(स्त्री सरकायोडी)
सरकार-स स्त्री [फा.] १ राज्यसत्ता, शासनसत्ता।
२ राज्यसभा, दरबार।
३ रियासत।
स. पु.—४ ईश्वर, प्रभु।
५ मालिक, स्वामी।
६ बडे व प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिए सबोधन का आदर सूचक शब्द।
रू भे.—सिरकार।
सरकारी-स स्त्री —१ शासन सम्बन्धी, राजकीय।
२ सरकार सम्बन्धी।
सरकावणौ, सरकावबौ—देखो 'सिरकाणौ, सिरकावौ' (रू. भे.)
सरकावणहार, हारौ (हारी), सरकावणियौ—वि०।
सरकावियोड़ौ—भू० का० कृ०।
सरकावीजणौ, सरकावीजबौ—कर्म वा०।
सरकियोडौ—देखो 'सिरकियोडौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सरकियोडी)
सरकिल-स पु [अ.] कई गांव कस्बो आदि का क्षेत्र।
ज्यू—जोधपुर सरकिल।
सरकेल-वि —१ खिसकने वाला।
२ डरपोक, कायर।
३ सनकी।
४ जिद्दी, हठी।
५ उद्दड।
सरकौ-स पु —लज्जित होने की बात।
उ०—प्रथम मुवौ भरतार सुत एक मरगौ पछै, सक तज चोज गी करै सरका। वोज री ठौड विदरा कनै लाजविम, जोजरी हमेसा लियै जरका।—बाकीदास ग्रासियौ
सरक्कणौ, सरक्कबौ—देखो 'सिरकणौ, सिरकबौ' (रू. भे.)
उ०—१ वीस कोस दिस वाम, वीस दाहणै तरक्कै। जाळघर सामहो करै वेमुहीं सरक्कै।—रा रू
उ०—२ ऊडै लोहा बूर मल, सूर न जाय सरक्क। चढै गजा दातू सळा, रण रीझवै अरक्क।—वा दा.
सरक्कणहार, हारौ (हारी), सरक्कणियौ—वि०।
सरक्किग्रोड़ौ, सरक्कियोडौ सरक्कयोडौ—भू० का० कृ०।
सरक्कीजणौ, सरक्कीजबौ—भाव वा०।
सरक्कियोडौ—देखो 'सिरकियोडौ' (रू भे.)
(स्त्री सरक्कियोडी)
सरक्यूलर-स. पु [अ] सब जगह घुमाया जाने वाला प्रपत्र।
सरख, सरखउ—देखो 'सारीखौ' (रू. भे.)
उ०—आप परायउ सरखउ गिणइ, साचु थोडु गमतू भणइ।
—ग कृ.
सरखत-क्रि वि.—सामने सम्मुख।
उ०—तीन गुण नाग मन वचन निरदोस रहि, गाम मु सरखत सत मार्ग।—अनुभववाणी
सरखौ—देखो 'सारीखौ' (रू भे.)
उ०—१ जइ सभा सरखी सोलह नारि आपु आणो भनै सिणगारि तु हु जि राउ जिमाडेसु रगि नव नव भोजन नव नव भगि।
—हीराणद सूरि
उ०—२ जिनै सबळ भुज धपळ सहस बळ, सळ दळ रोक करण सग। 'गजपत' सुतन सनट सह साहण, कोय न तौ सरखौ करग।—सादूळजी निढियौ
सरग-स पु [सं सर्ग] १ स्वभाव, प्रकृति। (ग्र. मा, द ना. मा.)
२ किसी ग्रथ का अध्याय, सर्ग।
३ शिव का एक नाम।
४ बाण, तीर। (अनेका)
५ देखो 'स्वरग' (रू. भे.) (हि. को)
उ०—१ नो रूप री एगी, जेमी ग्रयी मैं नहीं सरग री परी, ग्रानै री बीज, मानसरोवर रो हस।—कुवरसी सांखला री वारता
उ०—२ जा घड मती माता जोवियो, हरजी मू हेत लग्यौ। बाया! सरग नेडौ घर दूर, हरजी मू हेत लग्यौ।—लो. गी.
उ०—३ मुनि पालै नव जोग बळ, सरग कपाटा हत्य। वेही कृपण कपाट नू ऊघाडण असमत्थ।—बा. दा.
सरगट-स. पु —घूघट।
उ०—फरगट मारै फटग, रर नू सरगट काढ। सठ दासै भाळो सरस, गिनका वाळो गाढ।—बा. दा.
सरगणौ-स पु. [फा सर्गन] १ सरदार, अगुआ। (डूगरपुर)
२ डीग हांकना, शेखी बघारना।
सरगतरगण-स. स्त्री [स. स्वर्ग+तरगणी] गगा। (अ मा)
सरगदुवार, सरगदुवारौ-स पु —स्वर्ग-द्वार, वैकुण्ठ का रास्ता।
सरगनदी—देखो 'स्वरगनदी' (रू. भे.)
सरगपत, सरगपति, सरगपती—देखो 'स्वरगपति' (रू. भे.)
उ०—सिघासणौ वा इद्रासणौ वा, प्रिथीपती वा सरगपती वा।
—गु रू ब.
सरगपुर, सरगपुरी—देखो 'स्वरगपुरी' (रू भे)
सरगपूज-स पु. [स. स्वर्गपूज्य] बृहस्पति। (अ मा.)
सरगम-स. पु. [सं] १ सगीत मे सात स्वरो का एक समूह, थाट जो प्रत्येक राग के लिए अलग अलग होता है। इसमे षडज मे निषाद तक के स्वर होते है।
२ वह प्रणाली जिससे उक्त स्वरो को साधा जाता है।
३ गीत, तान या राग मे लगने वाले स्वरो का क्रमिक गायन।
रू. भे.—सरगगम।

एही मारुई, जेहा हृभ निवाणि ।—ढो मा.

उ०—२ वग रिखि राजान सु पावसि वैठा, सुर सूता थिर मोर सर । चातक रटै वलाहकि चचळ, हरि सिणगारै अवहर ।
—वेलि

सरअगना—स स्त्री —द्रौपदी । (अ. मा)

सरअजीत—सं पु.—अर्जुन । (अ मा)

सरक—सं. पु —१ सरकडा ।

उ०—टोटै सरका भीतडा, घातै ऊपर घास । वारीजै भड झूपडा अधपतिया आवास ।—वी स.

२ शराब की प्याली, चुसकी । (डि. को)

३ युद्ध के समय योद्धाओ के मस्तक पर पहने जाने वाले टोप का ऊपरी व नुकीला भाग ।

उ०—दतादति, मुस्टामुस्टि, एक अगी लोहमइ आगी करी, मस्तकि सरक करी हुआ युद्धोद्यत ।—व स

सरकड—सं पु [स. शर+काण्ड] १ नरकुल ।

२ वाण की लकडी । (उ. र.)

सरकडि—स. स्त्री.—सरकडा ।

उ०—सेवत्री सवेसरा सूकडि सरकडि साय । सीमतक सोहइ भला सरव सदाफल खाय ।—मा. का. प्र.

सरकणौ, सरकबौ—देखो 'सिरकणौ, सिरकबौ' (रू भे.)

उ०—१ बस्ती पात रोही सुहामणी लागै कुदरत रा सिणगार नै आख्या फाड-फाड नै देखताइज जाओ पण जीव तिरपत नी व्है । मन ठाली भूली धापै दूज नी । उठा सू सरकण री मसा ई नी व्है ।
—अमरचूनडी

उ०—२ कर सू ऐन दियौ किलौ, ऊभा पगा अभग । किलौ लियौ विणहू कठै, सरकू लसकर सग ।—वा दा

उ०—३ उण छिण पछै दिन नोठ धकै सरकिया, जाणै किणी अदीठ खूटै पेंखडीजग्या व्है ।—फुलवाडी

उ०—४ मरिया पछै जचै ज्यू व्हो पण हाल तौ दो च्यार नै मार नै मरू ला । इण बोल रै सागै वारौ हाथ चाल्यौ अर साम्हा ऊभा टणकचद आगा सरकग्या ।—अमरचूनडी

उ०—५ लागी रहती लोयणा, करता काज अकाज । सरकी समर समाज मैं, लाज न राखी लाज ।—र हमीर

उ०—६ इम सुण वावेचा तौ सरक गया ।—भि द्र.

उ०—७ नाम लिया थी मानवा सरकै कलुस विसाळ । मह जैसे मेटै तिमिर, रसम परस किरमाळ ।—र रू

सरकणहार, हारौ (हारी), सरकणियौ—वि० ।

सरकिओडौ, सरकियोडौ, सरक्योडौ—भू० का० कृ० ।

सरकीजणौ, सरकीजबौ—भाव वा० ।

सरकर—स स्त्री [स शर्करा] १ वालू रेत । (अ. मा; ह. ना. मा)

उ०—पडती पुल पुल पर भुल भुल भरभूजै, सरकर सर सोखत गिरवर दर गूजै ।—ऊ का.

२ शक्कर ।

३ सूर्य, भानु । (अ. मा, ना. मा.)

सरकरा—स. स्त्री.—शक्कर ।

सरकराचळ—स पु [स शर्कराचल] दान करने के लिए बनाया जाने वाला शक्कर का पहाडनुमा टेर जिसका पुराणो मे महत्व माना जाता है ।

सरकराचूरण—स पु. [स शर्कराचूर्ण] आयुर्वेदिक औषधि विशेष ।

सरकराधेनु—स. स्त्री. [स शर्कराधेनु] दान के लिए वनाई जाने वाली शक्कर की गाय । (पौराणिक)

सरकराप्रभात—स पु [स. शर्कराप्रभा] जैन मतानुसार एक नरक का नाम ।

सरकराप्रमेह—स. पु. [स. शर्कराप्रमेह] एक प्रकार का प्रमेह रोग जिसमे मूत्र के साथ शक्कर आने लगती है, मधुमेह ।

सरकरासप्तमी—स स्त्री. [स. शर्करासप्तमी] वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी ।

सरकस—स पु [अ सर्कस] वह खेल या तमाशा जिसमे तरह तरह की कलावाजियाँ और जानवरो के करतव दिखाये जाते है ।

२ मनुष्यो की वह मण्डली जो जानवरो के साथ साहसपूर्ण कलावाजियो का प्रदर्शन करते हैं ।

३ वह स्थान जहाँ जानवरो व मनुष्यो की नाना प्रकार की कलावाजियो का प्रदर्शन किया जाता है ।

[फा. सरकश] ४ वागी, डाकू ।

वि. —१ विद्रोही ।

२ अशिष्ट ।

३ स्वेच्छाचारी ।

४ खुदराय ।

५ अवज्ञाकारी ।

६ मुहफट ।

७ देखो 'सिरकस' (रू भे)

सरकसी—स स्त्री [फा. सरकशी] १ उद्दडता ।

२ वागी होने का भाव ।

सरकाणौ, सरकावौ—देखो 'सिरकाणौ, सिरकावौ' (रू. भे)

सरकाणहार, हारौ (हारी), सरकाणियौ—वि० ।

सरकायोडौ—भू० का० कृ० ।

सरकाईजणौ, सरकाईजबौ—कर्म वा० ।

सरकायल—वि.—आवारा घूमने वाला, निठल्ला ।

उ०—कैणी मानै ना सीख सुवावै, ज्या'री नीची-नीची निजू निगै करै अर खुली फिरै है । सीगायल तथा सरकायल, सौ सौ जागा रचै है, वाजेगारी अर तेराताली नौ नौ ताल नाचै है । वाप नै मोकळौ सोचै लागै, मूळी रै वर रौ कठै भाग जागै है ।—दसदोख

४ पतली बेंत से पीटने पर उत्पन्न ध्वनि।

सरडाट, सरडाटो–सं. पु —१ तेजी से दौड़ने या गतिमान होने से उत्पन्न ध्वनि।

उ०—१ लारा मूं एक मोटर सरड़ाट करती आई अर चौधरी रा कपडा लथपथ कर चालती वणी।—रातवासो

उ०—२ अकरमी अर अन्याई राजा सूं वदळौ लेवण सारू अर विरखा सूं मिळण री उमायौ वादळ अेक ई सरडाटै घोडा माथै वैठो उडियो जावतो हो।—फुलवाडी

२ मुख या नाक से वायु को अन्दर खेंचने की क्रिया।

उ०—किरियो तौ सौरम रा चार सरडाटा खाचिया अर मस्त व्हैगौ।—फुलवाड़ी

३ मुख या नाक से वायु को अन्दर खेंचने से उत्पन्न ध्वनि।

सरचणौ, सरचवौ–क्रि. अ.—१ किसी मूल्य पर विक्रय के लिए राजी होना, सौदा पटना।

२ जंचना।

क्रि स —३ पीटना, मजा देना।

सरचणहार, हारौ (हारी), सरचणियौ—वि०।

सरचिओडौ, सरचियोड़ौ, सरच्योड़ौ—भू० का० कृ०।

सरचीजणौ, सरचीजवौ—कर्म वा०, भाव वा०।

सरचाणौ, सरचावौ–क्रि स —१ किसी मूल्य पर विक्रय के लिए सहमत करना, सौदा पटाना।

२ जंचाना, निपटाना।

उ०—पूगळ रा गावा रा वट करणसिंघ जी कराय सरचाया।

—द. दा.

३ पीटाना, सजा दिलाना।

सरचाणहार, हारौ (हारी), सरचाणियौ—वि०।

सरचायोड़ौ—भू० का० कृ०।

सरचाईजणौ, सरचाईजवौ—कर्म वा०।

सरचायोडो–भू. का कृ.—१ किसी मूल्य पर विक्रय के लिए सहमत किया हुआ, सौदा पटाया हुआ २ जचाया हुआ, निपटाया हुआ. ३ पीटा हुआ, सजा दिलाया हुआ।

(स्त्री. सरचायोडी)

सरचियोडो–भू का. कृ —१ किसी मूल्य पर विक्रय के लिए सहमत हुवा हुआ, सौदा पटाया हुआ. २ जचा हुआ. ३ पीटा हुआ, सजा दिलाया हुआ।

(स्त्री सरचियोड़ी)

सरच्चद्र, सरच्चद्रमा–स पु [स शरच्चन्द्र, शरच्चन्द्रमा] शरद ऋतु का या शरत् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा।

सरज–स पु —१ एक प्रकार का ऊनी कपड़ा।

[स. सर्ज] २ मक्खन नवनीत। (डिं. को, ह. ना. मा.)

३ धाल नामक वृक्ष।

म. स्त्री.—४ माला।

वि.—सृजन करने वाला।

सरजक–स. पु [सं. सर्जक] मठा डाल कर फाडा हुआ दूध।

सरजण–स पु [स सृजण] १ सृष्टि, रचना. निर्माण।

[अ. सर्जन] २ ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के अतर्गत शल्य चिकित्सा करने वाला व्यक्ति, जर्राह।

स स्त्री.—३ सृष्टि करने की क्रिया, रचना करने की क्रिया।

रू. भे.—सिरजण, सिरज्जण।

सरजणहार–वि [स. सृजणम्] १ सृजन करने वाला।

२ ईश्वर, विधाता।

उ०—१ खीचौ खीचणहार, मन धोखौ राखौ मती। समर्थ सरजणहार, सही वजाजी मावरो।—रामनाथ कवियो

उ०—२ सोहड सहु भेळा किया, तिण वेळा तिण वार। नर नारी सहु विलविलइ हय हय सरजणहार।—ढो मा.

रू. भे.—सिरजणहार, सिरजणहारो, सिरजनहार।

सरजणौ, सरजवौ–क्रि स. [स. सृज] १ सृष्टि करना, सृजन करना। (उ. र.)

उ०—१ जिण हर सरजत नर जनम, सुजदी रसण समाय। कर झटपट कवियण 'किसन', नितप्रत रट रघुनाथ।—र. ज. प्र.

उ०—२ देव किसी उपमा देऊं, तैं सिरज्या सहकोय। तूं सरीखो तुहिं ज तूं, अवर न दूजो कोय।—ह. र.

२ तय करना, निश्चित करना।

उ०—वीच वजारा वांणिया, भाजै सरजै भाव। पावा रा लेखा करै दावा रा दरयाव।—वा दा.

३ वनाना, निर्मित करना।

उ०—पग पग लगै सरीखी पायल, हाथ हाथ प्रत ककण होय। सरज्या नही अमनमा 'सलखा', दो पासा नासा नग दोय।

—सायो झूलो

सरजणहार, हारौ (हारी), सरजणियौ—वि०।

सरजिओड़ौ, सरजियोडौ, सरज्योडौ—भू० का० कृ०।

सरजीजणौ, सरजीजवौ—कर्म वा०।

सरज्जणौ, सरज्जवौ, सिरजणौ, सिरजबौ, सिरज्जणौ, सिरज्जवौ, स्रजणौ, स्रजबौ—रू० भे०।

सरजथा–सं स्त्री.—डिंगल का एक अलकार विशेष जिसमे यथा संख्यालकार का युक्ति मे शृखलायुक्त वर्णन किया जाता है।

सरजनमा, सरजन्म–स. पु. [स. सरजन्म] १ कमल। (अ. मा; ह. ना मा.)

[स शरजन्मन्] २ कार्तिकेय, स्कन्द।

सरजळ–सं पु.—१ तीरो का जाल।

२ माया जाल।

३ देखो 'सजळ' (रू भे)

सरगरा-स स्त्री.—एक अनुसूचित जाति विशेष ।

सरगराजांन-स पु [स स्वर्ग+राज] स्वर्ग का राजा, इन्द्र । (ह. ना मा)

सरगरो-स. पु (स्त्री सरगरी) सरगरा जाति का व्यक्ति ।

सरगळ-वि —तरबतर, शराबोर ।

उ०—हाथा रै राच्योडी मैंदी हीगळू री टीकी, गज गज लावा वासवाळी सू सरगळ वाल ।—दसदोख

सरगलोक—देखो 'स्वर्गलोक' (रू. भे.)

उ०—१ प्रिथु वेलि कि पविध प्रमिध प्रणाली, आगम निगम कजि अखिळ । मुगति तणी नीसरणी मडी, सरगलोक सोपान इळ ।—वेलि

उ०—२ राउ पहुतउ सरगलोकि गगेय कुमारि, तउ लघु बधवु ठविउ पाटि तिणि वयण विचारि ।—सालिभद्र सूरि

सरगवट-स. पु. यौ. [स स्वर्ग+वाट:] स्वर्ग का मार्ग, वैकुण्ठ का मार्ग ।

सरगवास—देखो 'स्वर्गवास' (रू भे.)

सरगाजळ-स. पु —स्वर्ग ।

सरगापर, सरगापुर, सरगापुरि, सरगापुरी—देखो 'स्वरगपुरी' (रू. भे)

उ०—१ आभपरै थी उछल्या, जळ मा दीधौ झोक । सरगापर नै चोक, भेळा थासु भागना ।—जेठवा

उ०—२ मिटसी न धोखोय जूझ मुऐं, जावसां सरगापुर पथ जुऐं ।—पा. प्र.

उ०—३ जयजयकार हूउ सरगापुरि वडसी गयउ विमानि ।—का. दे प्र

उ०—४ धरमी कू बैठै तहा, धरमराज दरसाय । धरै देह कीधौ धरम, सो सरगापुर जाय ।—गज-उद्धार

सरगि—देखो 'स्वरग' (रू. भे)

उ०—१ सुत नेह पंडु पहुतै सरगि, पिंड राखै लालचपणै । रिध काज साथ कूता रहिय, जिण हूता धिक जीवणै ।—रा. रू.

उ०—२ चहुवांण न ओसर चूकता, ऐं जुगवौ जगि थयौ । बालोत 'पचाइण' 'सोनगिरि' चढै सरगि ऊनरि गयौ ।—गु रू. व.

उ०—३ सुख जिकै इद्र भुगतै सरगि, जिकै सुक्ख सब भोगवै ।—गु. रू. व

उ०—४ प्रीय पामि पहुचउ मद मेल्ही, जाइसिइ सरगि मइ पगि ठेली । प्रीय आगलि किमेइ जइ जाऊ, माहरा प्रीय तउ हुउ सुहाऊ ।—सालिसूरि

सरगिका-सं. स्त्री.—एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे नगण, भगण और सगण के क्रम से कुल नौ वर्ण होते हैं ।

सरगुजस्त, सरगुजस्थ-स स्त्री. [फा. सर+गुजश्त] १ स्वय पर बीती हुई बात ।

२ जीवन-चरित्र ।

३ वर्णन ।

सरगुण—देखो 'सगुण' (रू. भे.)

उ०—निरगुण थी सरगुण हुआ क्या जाणै रडा ।—कैसोदास गाडण

सरगुणियौ-वि.—सगुण ब्रह्म-उपासक ।

सरगुणौ - १ देखो 'सगुण' (रू. भे)

२ देखो 'सगणौ' (रू. भे.)

सरगुलम, सरगुलम्-सं. पु [सं. शरगुल्म] राम-रावण युद्ध मे राम की सेना का एक सेनानायक बन्दर ।

सरगूडौ-स पु.—एक वृक्ष विशेष जिसके पत्ते पीपल के पत्तो से मिलते-जुलते होते हैं । यह प्राय: तीन प्रकार का पाया जाता है—कडुआ, खारा और मीठा । इसका उपयोग औषधियो मे किया जाता है ।

सरगोसी-स स्त्री [फा सरगोशी] १ कान मे बात करने की क्रिया, कानाफूसी ।

उ०—सेजा जाय निसक पत सोसी, जो निज रूप नीजर भर जोसी । गात भीड उर मैं सरगोसी, हेली वो मोसर कद होसी ।—अज्ञात

२ पीठ पीछे शिकायत या आलोचना करने की क्रिया ।

सरगौ-स. पु.—शुभ रग का घोडा । (शा हो)

सरग्ग—देखो 'स्वरग' (रू. भे.) (ना मा.)

उ०—यह तन जारी मसि करूं, धूआ जाहि सरग्गि । मुझ प्रिय वद्दल होइ करि वरसि बुझावइ अग्गि ।—ढो मा

सरग्गम—देखो 'सरगम' (रू भे)

उ०—अछै पग छांह जिसा कुळ सात, प्रणम्मै पग्ग सरग्गम सात ।—ह र

सरग्गौ—देखो 'स्वरग' (रू. भे.)

सरग्रह, सरघर-स पु यौ [स सर+गृह] १ जल, पानी । (अ मा.)

[स. शर+गृह] २ तूणीर, तरकस ।

सरघा-स. स्त्री [स] १ मधुमक्खी । (डि को)

२ भौरा ।

सरघात-स. पु. [स शर+घात.] तीरदाजी ।

सरड-स. स्त्री —पतली बेंत से पीटने पर उत्पन्न ध्वनि, आवाज ।

क्रि वि—शीघ्र, झट ।

रू भे.—सुरड ।

सरड़कौ-स. पु.—१ किन्ही दो वस्तुओ, अगो या अग पर किसी वस्तु का होने वाला घर्षण, स्पर्श ।

२ उक्त घर्षण से पडने वाला निशान, चिन्ह ।

३ ऊट की चाल विशेष ।

उ०—सो दो पोहर दिन पाछलै थका ऊठा सु नीसरिया सो ऊंचै सरड़कै ऊठ नू उडाया वहै छै ।—कुंवरसी साखला री वारता

अवधि के भीतर खरीदा हुआ माल वापिस दिया जा सकता है।

३ निशाना, लक्ष्य।

रू. भे.—सरट।

सरठवदियौ, सरठबधियौ–वि.—१ राज्य सरकार द्वारा निश्चित भाव पर विकने वाला सामान।

२ 'कंट्रोल रेट' से क्रय-विक्रय होने वाली वस्तुएँ।

सरडौ, सरढौ–स. पु (स्त्री सरडी, सरढी) ऊंट। (अ. मा)

उ०—सुणि ढोला करहउ कहइ, सामि तणउ मो काज। सरढी पेट न लेटियइ, मूध न मेळू आज।—ढो. मा.

सरण–स. स्त्री. [स. शरण] १ आश्रय, पनाह।

उ०—१ सिव सभव सिव रूप सुरेसुर, सिव गुण दिसण प्रणम कथै सुर। अति लघु तिको सरण तक आवै, पात्र गुणैं सुज वडपण पावै।—रा. रू

उ०—२ त्रिभुवण माहि न तोसू तोळै, सरण राख मो 'ईसर' बोलै।—ह. र

उ०—३ किणीई रैबारिया रै वाडा री सरण लीवी, किणीई भीला रा झूपा सभाळ्या तौ कोई रा पग थेट खेता री बाजरिया मैं जावता ठमिया।—अमर चूनडी

२ ओट, आड।

उ०—वालभ दीपक पवन भय, अंचळ-सरण पयट्ठ। कर हीणउ घूणइ कमळ, जाण पयोहर दिट्ठ।—ढो मा

३ सहारा।

४ वात-विकार के कारण शरीर मे विशेषतः हाथो-पैरो मे होने वाला रोग विशेष।

उ०—१ पीडिया मे सरणां चालै, सीयाळै पाहळिया मे चटीडा ऊठै।—फुलवाडी

उ०—२ कडिया चीस, पगा सरणां मतवाय ऊबका, उच्छाटा, रूं रू तूटणी अर हाडका रौ कुळणौ।—फुलवाडी

५ घर, मकान। (अ. मा.)

६ रास्ता, पथ।

७ आश्रयस्थल, बचावस्थान।

८ विश्रामस्थान।

९ कोठरी, कमरा।

१० भगवान् विष्णु का नाम।

[स. सरण] ११ आगे गमन करने की क्रिया।

१२ लोहे का जग।

वि —१ शरण मे आया हुआ, शरणागत।

उ०—१ धणी सूपा सरण मरण सक धारिया, लाज मन धरै 'जेसाण' गढ लारिया।—जसौ आढौ

उ०—२ सेरसाह दिल्ली तखत, बैठौ बळ निज बाह। उमराणै जद आवियौ, सरण हुमाऊ साह।—बा. दा.

२ गमन करने वाला, गतिशील।

रू. भे.—सरणि, सरणी, सरन, सरिण।

सरणईसाधार—देखो 'सरणायासाधार' (रू. भे.)

सरणमंत्र–स. पु.—गोकुलियां गोसाई सप्रदाय का गुरु मंत्र जो प्राय. सर्व साधारण को भी सुनाया जा सकता है।

सरणसधार, सरणसाधार—देखो 'सरणायासाधार' (रू. भे.)

उ०—१ जनपाळ खीदयाळ सुलख जियगत जामी, सरणसधार बिरदधार हणूमान सामी।—र. ज. प्र.

उ०—२ विध त्रिपुरार रिख पाय वंद, सरणसधार करण समंद। कह गुण माथ 'किसन' किवद, नाथ अनाथ दसरथनद।—र. ज. प्र.

उ०—३ धनुस धरण अवगुण नंह धारै, सरणसधार कहै जग सारै।—र. रू.

उ०—४ आदि लगि सरणसाधार लाखा हिमै, भलौ सतसाल इम भला भावा। मागि पातसाह मा माग मुध मीरजा, आव मैदान मैदान आवा।—जांम सत्ता रौ गीत

सरणांट—देखो 'सरणाट' (रू. भे.)

उ०—खमैं सरणांट तुपका सरा है खुरा, वीजड भडै ऊपाटा पाट वूठौ। पाव विमुहा खडै धड़हड़ै असुर पिंड, राव अहराव रै भाव रूठौ।—भीमसिंघ हाडा रौ गीत

सरणाई–वि.—१ शरणागत, शरण मे आने वाला।

उ०—१ केहरि केस भमग मणि, सरणाई सुहडाह। सती पयोहर कृपण धन, पडसी हाथ मुवांह।—हा झा

उ०—२ थान सवाई थापिवा, मान अरज महाराज। चढियौ कज सरणाइया, सझि दळ प्रबळ समाज।—रा. रू.

उ०—३ वस्यौ लिलाट राह विग्रहतै, संकर मयंक न राखि सकेह। सरणाई 'खेता' सीसोदा, 'लाल' केणी नह कीयौ लेह।—लाला हाडा रौ गीत

२ देखो 'सहनाई' (रू. भे.)

उ०—अलब नेजा, माहामरातप ढोल, ददामा नीसाण सरणाई रणतूर रणकाहल नफेरी तवल।—व. स.

सरणाईराय–वि.—राजा, महाराजाओ को शरण देने वाला।

उ०—सरणाई साधार सरणाईराय विजै पजर रूपका अनग आजानबाह। खटव्रन सुरतर हिंदूसथान का पातिसाह।—सू. प्र

सरणाईसधार, सरणाईसधीर, सरणाईसाधार, सरणाईसोहड, सरणाईसोहड—देखो 'सरणायासाधार' (रू भे.)

उ०—१ बीराधि बीर, आजानबाह, सरणाईसधीर नरा रौ नाह।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री बात

उ०—२ दूदौ कवर सरणाईसाधार सुणता ही सहाइ देर लार हुवौ। जिकण आपरा अनादर रै आटै अकबर जिसडा पातसाह थी तोडी तिण रौ प्रतीकार दिखावण रै काज केवल वीरभाव रौ जस

सरजळाइग्यारस—स स्त्री.—आषाढ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी।
रू भे—सिरजळाइग्यारस।

सरजस, सरजसका—सं. स्त्री. [स. सरजस्, सरजस्का] रजस्वला स्त्री।

सरजाम—देखो 'सराजाम' (रू भे.)
उ०—घर मैं जाय'र देखतौ पाच सेर आटै रौ सरजाम नहीं।
—दसदोख

सरजा-सं. पु. [फा. शरजाह] १ श्रेष्ठ व्यक्ति।
२ सरदार।
३ सिंह शेर।
स स्त्री [स] ४ ऋतुमती स्त्री।

सरजित, सरजित्त, सरजीत—वि.—१ सरस, हराभरा।
२ आनन्दित, हर्षित, प्रसन्न, खुश।
उ०—डील ऊकळै वभकी उठै, मरद अवाळा आ गिरै। जाळ झालौ देय बुलावै, सुखद छाय सरजित करै।—दसदेव
३ सजीवित।
उ०—१ पहुर हुवउ, ज पधारिया मो चाहती चित्त। डेडरिया खिण-मइ हुमइ, घण वूठइ सरजित्त।—ढो. मा
उ०—२ गुडियत जूह गडाड ए, सरजीत जाणि पहाड ए।
—गु रू व
उ०—३ मो साथै वडा वडा गढपति छत्रपति कामि आया। हाडा मुकुर्दसिंह सारीखा। गौड अरजन सारीखा सीसोदिया सुजाणसिंघ सारीखा। झाला दळथभ सारीखा। और ही छत्रीस वस हिंदू सरजीत कीजै।—र वचनिका
४ रचित।
उ०—वाणि अनादह फुड वयण, सुभ भाखा सरजित्त। गाहा करई वर रसाउला, दूहा छद कवित्त।—गु. रू. व
५ विजयी।
उ०—'केसव' अजीत सरजीत कोट, 'वाघउत' वरण अरि घड अबोट।—गु रू व.
६ सचेतन।
उ०—ताहरा जमलै कह्यौ 'ठाकुरै जै कही रै वडकुमार वेटी हवै तौ भेळी सुत्राणो ऊवैरी बाफ सू सरजीत हवै।
—लाखे फूलाणी री बात
रू भे—सिरजीत।

सरजीव—देखो 'सजीव' (रू. भे)
उ०—१ थळ कज्जळ सरजीव, कना अमताचळ अग्रज। कना सेव कारणै देव सुत, आया दिग्गज। -रा. रू
उ०—२ सूर धरम परखण ब्रह साखै, इक सरजीव करण नह आखे।—सू प्र

सरजीवण—देखो 'सजीवण' (रू. भे.)
उ०—तैंहीज कीधा सात दीप, नवखड प्रथमी। तैंहीज कीधा विविध विख, सरजीवण आमी।—गज-उद्धार

सरजीवत—देखो 'सजीव' (रू. भे.)
उ०—१ सात वीस सावला करू पाछा सरजीवत। तोनू केसर चाढ देवू रिध सिध दोनू दत।—पा प्र.
उ०—२ सिरी घटियाल अरोहित सेर, सख्या मवताहल माळ सुमेर। किया सरजीवत तेडि कवध, वूझै पितु मात कुसी धजवध।
—मे. म.

सरजीवन—देखो 'सजीवन' (रू. भे.)

सरजु, सरजू, सरज्यु—देखो 'सरयू' (रू. भे.) (अ मा.)
उ०—अिय कोटि कोटि इम सरजु तीर, नग झटित भरत घट हेम नीर। चत्र वर बजार चित्रकाम चार, दुतिवत वेलि गुल-रगदार।
—सू. प्र.

सरजोड, सरजोर—देखो 'सिरजोर' (रू. भे)
उ०—१ राजा जोधपुर का साथि सावल राठोड। ऊनै बस कूरम की फोज सरजोड़।—शि व
उ०—२ साकुरा मेळसी इसौ सरजोर रौ, नजर आवै इसौ नाथ बदनोर।—महादान मेहडू

सरजोरी—देखो 'सिरजोरी' (रू. भे.)

सरज्जणौ, सरज्जवौ—देखो 'सरजणौ, सरजवौ' (रू. भे.) (उ र)
उ०—सरज्जे आप त्रिधा संतार, हुवौ मझ आप ही रम्मणहार।
—ह र.
सरज्जणहार, हारौ (हारी), सरज्जणियौ—वि०।
सरज्जिओडौ, सरज्जियोडौ, सरज्ज्योडौ—भू० का० कृ०।
सरज्जीजणौ, सरज्जीजवौ—कर्म वा०।

सरज्जियोडौ—देखो 'सरजियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सरज्जियोडी)

सरट—स पु [स. शरट] १ गिरगिट। (डिं. को)
२ कुसुम।
स स्त्री.—३ निशाना लगाने की क्रिया या भाव।
४ वायु, पवन।
५ धागा।
६ देखो 'सरठ' (रू. भे)

सरटि, सरटी—स. पु [स सरटि] १ पवन, हवा।
२ वादल, मेघ।
३ छिपकली।
स स्त्री—४ लाजवती स्त्री।

सरटिफिकेट—स पु. [अं] प्रमाण-पत्र, सनद।

सरठ—स पु. यौ.—१ अनाज का सरकार द्वारा निश्चित किया हुआ भाव।
२ माल क्रय या विक्रय की निश्चित अवधि का वह नियम जिसके अनुसार अगर माल ग्राहक को पसन्द न आया तो उस निश्चित

विखै सरणायत ज्यारै।—पा. प्र.

२ देखो 'सहनाई' (रू. भे.)

उ०—सरणाय-साद नीसाण सर, कूपियै ढोला रव किया। भूटनी रात हरमम-नर्णां, जगमाल जगाविया।—जगमाल री गीत

सरणायांसाधार, सरणायांसोहड, सरणायांसोहड–वि–शरणागत वत्सल, शरणागत की रक्षा करने वाला।

उ०—१ किरतसिंघ कूंपाहरो, सरणायांसाधार। कर आदर सरणौ लियौ, अभै कियौ तिण वार।—रा. रू.

उ०—२ यण प्रकार राणौ भीम, कीरति को कीम, मौजताळा बिद, चित को ममद, आचार को ईद, सरणायांसाधार, हींदुपति पातस्याह, यकलक को अवतार महिमा अपार।

—वगसीराम प्रोहित री वात

रू. भे.—सरणाईसाधार, सरणसधार, सरणसाधार, सरणाईसधार, सरणाईसधीर, सरणाईसाधार, सरणाईसोहड, सरणाईसोहड, सरणासधार।

सरणारथी–वि. [सं. शरणार्थिन्] जो किसी का आश्रय या शरण चाहता हो या जो किसी की शरण में हो।

सरणासधार—देखो 'सरणायांसाधार' (रू भे.)

उ०—दसरथ कुमार धनुपाण धार, जुध असुर जार सरणासधार।

—र. ज. प्र.

सरणि, सरणी–वि.—शरणार्थी।

उ०—गरभ तणां दुक्ख नही कोइ सरणि, अहूठ कोडि सउ कीजइ आगिवरण।—वस्तिग

२ शरण देने वाला।

उ०—छाली बोकड गाडर जति, स्याटकी नै भइ छइ कांपंति। आरडता तै पामड मरण, नींह बापडा नही कोइ सरणि।

—वस्तिग

सं. स्त्री [सं. सरणि, सरणी] १ दो पर्वत श्रेणियों के बीच का तग संकरा मार्ग, घाटी।

उ०—अर प्रामारां रा वैर माथै अब चहूवांणा रो चक्र अरबुदाचळ री सरणी रैं समुन्न पाधरो ही धकावै छै।—व. भा.

२ मार्ग, रास्ता। (डिं को; ह ना. मा)

उ०—१ वेद पुराण कायवां वरणी, अघ हरणी जरणी अजर। सेवक जो चाहै सुख सरणी, करणी करणी याद कर।

—वगतावर मोतीसर

उ०—२ सकळ राजधांनी सरम उदार भार भलाई। कहिग्रो कुळ सरणी कवर, चलणी नम न चलाड।—व भा.

३ सीधी रेखा।

४ गले का रोग विशेष।

५ ढग, तौर, तरीका।

६ भूमि, जमीन।

७ देखो 'सरण' (रू. भे.)

उ०—१ यौं मासरि माहा 'अजन', काण न राखै काय। बेटो चूडामणि तणो, आयो सरणि चलाय।—रा. रू

उ०—२ जेती भुइ गाम्रो तेती तू सरणि, मुझ मनु ना इम दूसट जीवह मरणि।—सालिभद्र सूरि

उ०—३ हू युधिस्ठर विप्र, तू युधिस्ठर नरेस्वर मित्र। पांच पाटव वनावरि नाठा, ताहरइ सरणि तु अम्हे पयठा।—सालिसूरि

सरणौ–स पु—आश्रय, शरण।

उ०—दांमोदर दीनै सनो, कायर काठै वाम। सरणै रखै सूर रै तेथ न व्यापै आम।—बा. दा.

उ०—२ छूटा सरणैं पीर रै, मीर सवै तिण वार। मेल दियौ परचड पण, उड दियौ अणपार।—रा रू

उ०—३ सेत मैं पग दियौ तो थे यांरी जाणो। म्हारै खेत मैं सरणैं आया सूवर रै सामी करडी निजर सू ई जोयी तौ आव्या रा कोया फोड न्हाकूंला।—फुलवाडी

उ०—४ कह्यौ—म्हारी सुगनी अबै आपरै हाथ है। म्हारैं हीयै अणचीत्यौ वैराग री गोटो ऊठियो—अबै आपरै सरणैं हू।

—फुलवाडी

रू. भे.—सरनौ।

सरणौदेवी–स स्त्री.—वागडिया शाखा के चौहानों की कुलदेवी का नाम।

सरणो, सरबो, सरणौ, सरबौ–क्रि. अ.—१ सिद्ध होना, सफल होना। (उ र)

उ०—१ साहिब आया हे सखी, कज्जा सहु सरियाह। पूनिम केरै चद ज्यू, दिसि च्यारै फळियाह।—ढो. मा.

उ०—२ सात दीप नवखड फिरै, कारिज सरै न कोय। जनहरीया कारज सरै, उलटि आप मैं होय।—अनुभववाणी

२ बनना पूर्ण होना।

उ०—१ गोला सू न सरै गरज, गोला जात जबून। ऊबाणी सायद भरै, सौ गोला घर सून।—बा. दा.

उ०—२ थू म्हारो मायो गूथ दे तो वाता रै साथै औ काम ई सर जावै। नीतर म्हनै घरै जाणो पडैला।—फुलवाडी

३ पार पडना।

उ०—१ अमीरा रै तो काई कोनी, पण गरीबा रो जीवणो हराम व्है जावैला। बस्ती सू टळिया नी सरै। चित्तौई माया री ठरको व्हो, खाधिया भाडै नी आवैला।—फुलवाडी

उ०—२ लिया दिया विना कैडा ई मोटा सेठ रै सरै कोनी। सगळा ई लोग उणरी आदत जाणता हा। चौखळा मैं उण रै नाम री साख ही।—फुलवाडी

उ०—३ मा रै लारै दौड़ वळै पूछ्यौ—काई, लुगाई रै वास्तै ब्याव करणौ जरूरी है। जै ब्याव करिया विना सर जावै तो।

चाहियो ।—व. भा.

उ०—३ सरणाईसाधार सरणाईराय विजै पजर रूप का अनग आजानवाह खटव्रन सुरतर हिंदुसथान का पातिसाह ।—सू प्र.

उ०—४ पाचमो परनारी सहोदर । छठो चहुचुगाळ । सातमो सुखी । आठमो सरणाईसोहड । नवमो विरद अणभग ।

—रा. सा. स.

सरणागत-स. पु. [स. शरणागत] शरण मे आया हुआ जीव या व्यक्ति ।

उ०—१ अवधि नगर रै ईसरा, एहा हाथ उदार । यण सरणागत वासतै, दीध लक सुदतार ।—र. ज. प्र.

उ०—२ समै कुसमैं सुर सारत सार, पुकारत आरत वत पुकार । सुखी करियै अति आप समान, दुखी सरणागत ऊमरदान ।

—ऊ. का.

उ०—३ सरणागत सुख करन कुं, तुमरो विडद विराज । अपनो ही जन जान कै, क्रपा करो महाराज ।—परमानद वणियाळ

रू. भे.—सरणागति, सरणागती, सरणाय, सरणायत, सरनागत ।

सरणागति, सरणागती-स. स्त्री. [स. शरणागति] १ शरणागत होने का भाव ।

२ देखो 'सरणागत' (रू. भे.)

उ०—चित रहै जा मन रहै कहर, कहर हाथि वोह माण करि । एकळा विसण लागू अवर, हूँ सरणागति नाव हरि ।

—सुरजनदास पूनियो

सरणाट-स. पु.—फूंक वाद्यो (शुषिर) से उत्पन्न ध्वनि, आवाज ।

२ तीव्र गति से उत्पन्न ध्वनि, सनसनाहट ।

३ बेंत, कामडी आदि लचीली छडी के प्रहार और आघात से उत्पन्न ध्वनि ।

उ०—बेंता रा सरणाट उडै सडद सडद ।—रातवासो

४ अस्त्रो के तीव्र वेग से चलने व छूटने पर होने वाली ध्वनि ।

उ०—गोफणिया रा सरणाट उडै । सूतमी चामडपोस गोफण गोळ गोळ एक माप रा गोफणिया अर चौधरी रै बाहुडां री करार ।

—अमर चूनडी

५ पक्षियो के तेज उडने से होने वाली ध्वनि ।

क्रि. वि.—तीव्रता से, वेग से ।

उ०—१ पाचू साथी माय जावण सारू त्यार व्हिया इज हा कै वारै माथाकर सूसाड करतो गोफणियो सरणाट नीसरियो ।

—फुलवाडी

उ०—२ पही सरणाट वहना रथा पूर रथ, गिरद गरणाट पड साद गाजै । निहग छणणाट बाजै पगा नूपरा, विमाणां घाट झणणाट वाजै ।—भोपाळदान सादू

रू. भे.—सरणाट ।

सरणाटै-क्रि वि —तेजी से, वेग से ।

उ० —घाटी तो सरणाटै बधती ई गो । जाणै आभा सू तारो तूटो ।—फुलवाडी

सरणाटो-स पु [स. सनष्ट] १ निस्तब्धता, सुनसान व शान्त वातावरण, सन्नाटा ।

उ०—१ अधारी रा सरणाटा मैं जिण वेळा दुनिया सुख री नीद सोवै, नाथू किसन जी रै घर रै च्यारू मेर आटा देवतो ।

—अमरचूंनडी

उ०—२ सोपो पडयो सरणाटो छायो । वत्ती काटी, लोटियो बुझायो ।—दसदोख

उ०—३ राजकवर कमेडी री घाटी मरोडी तो देंतराज है जठै ई लाबो व्हैगो । थोडी ताळ ताई लटपट करनै मरग्यो । उणरै मरता ई समदर रो तूफान मिटग्यो । सरणाटो छायग्यो ।—फुलवाडी

२ पवनाघात ।

उ०—१ कवर सूरज-मुखी घोडा माथै पवन सू होड़ लेतो उडियो घडीक तो जाणै आकास मैं उड जावू घडीक जाणै पाताळ मैं वड जावू । सरणाटा रा थपीड सू आंख्या मैं फुहारा छूटण लागा ।

—फुलवाडी

उ०—२ ए सगळी आवाजा आधी रा सरणाटा मैं सुणीजै ज्यूं गाम रा इण खूणा सूं उण खूणा ताई एक सरीखो सुणीजै ।

—अमर चूनडी

२ मानसिक उत्तेजना या चित्त के क्षोभ के कारण होने वाली व्यग्रता या उत्कठा का भाव, जोश ।

उ०—१ दो घडी दिन चढ्या हणहणाट करतो घोड़ो हीसियो । मा रा आखा डील मैं सरणाटो दौडग्यो । दुवारी छोड भचकै ऊभी व्ही ।—फुलवाडी

उ०—२ वेटी री नस नस मैं सरणाटो दौडग्यो । डील ठाडो हेम पडग्यो । ठाडा धूजता सुर मे बोली—मा, वा बात याद नी दिरावो तो सावळ ! याद करता ई अबार वेचेतै व्हू जेडी बात है ।—फुलवाडी

३ तेज वायु की ध्वनि ।

उ०—नीचो नैणा सू धोवा जळ धावै, ऊचो ईखण रो अभलेखो आवै । गाढी गयणागण रज लै गरणाटा, सम्वण सूकोगो देतो सरणाटा ।—ऊ. का.

सरणाणो, सरणाबो-क्रि स.—तेज ध्वनि व आवाज करना ।

उ०—कवर रो अेक साथी घोडा रै अेडी लगाय खेत री माठ लाघी ई ही कै हवा रा रेसा चीर सरणातो अेक गोफणियो उणरै साम्ही लिलाड वटीड करतो उडियो ।—फुलवाडी

सरणाय, सरणायत—देखो 'सरणागत' (रू भे)

उ० —१ जुडहाथ माथ नमाय जपै, गुणा 'किमनो' गाय । सरणाय लक समाथ समपण, निमो स्रीरघुनाथ ।—र ज. प्र.

उ०—२ दाम काचा न दे पाल मगवै परिया रे । वालै छूटा उतन

५ यमराज, धर्मराज ।
६ आग, अग्नि ।
७ जल, पानी ।
स स्त्री —८ सूर्य-पत्नी का नाम ।

सरतग, सरतत—देखो 'सरतन' (रू भे.)
उ०—१ सूत रूनयँ री सेर वेचँ, पाघा वणावँ, 'जसी' वारीक कातँ घर मैं आछी सरतंग ।—जैसी खाय तैसी बुद्धी उपजै री वात
उ०—२ सो राजा खरच रो सरतत करै माणस एक लारै दक्षिणी कन्है मेल्हियो थो सो उणरी वाट जोवँ ।
—मारवाड रा अमरावा री वारता
उ०—३ महाराज स्रीगजसिंह जी बीकानेर पधार खरच बरच री सरतत कियो ।—मारवाड रा अमरावा री वारता
उ०—४ तद कही—थँ जावो, गावा रो उतारो कर सताब मेलज्यो, तिण माफिक लोगा नू पटो मेल देस्या, सो सारो सरतत कर दियो । आछी जमीरत कीवी ।—अमरसिंह गजसिहोत री वात

सरत—स. पु. [स शरद] १ सवत्, वर्ष, साल । (डिं. को.)
[स. शर] २ तीर, बाण ।
उ०—सुर सरत धर सिर भरत सत, पळ चरत फळचर अघत अत । मिळ अछर हरखत चित महत, पख निरख वीरत वरत रत ।
—र. रू
३ सरोवर, तालाब ।
उ०—तरत भरत सूकत सरत दादर मरत दुरत । प्रीतम घर नन पेखता, वैरण बणी वसत ।—अग्यात
सं. स्त्री —४ किसी काम या बात की सिद्धी के लिए अपेक्षित बातें, शर्तें ।
उ०—कह्यो—जु, धरती दीवी । अर सरत री वेढ करो । आ वात दीवाण रा परधाना कबूल कीवी ।—नैणसी
५ दाव-पेंच, बाजी ।
६ किसी बात, घटना आदि की सत्यता, असत्यता आदि के सम्बन्ध मे दो पक्षो द्वारा दाव पर लगाया जाने वाला धन ।
७ कर्त्तव्य ।
उ०—चाक पहल चाढिया, जुडण चोगान जमीरा । अवै कोट लँ ओट, अेह नह सरत अमीरा ।—सू. प्र.
८ देखो 'सरिता' (रू भे.) (अ. मा, डिं. को; ह ना मा)
उ०—उर सेल घमोडै वेळ एम, जरदैत ढहै तर सरत जेम । ऊछळै खळै तज तुरग एक, वासूळै पूळा सू विसेख ।—रा रू.

सरतअधीस—स. पु. यो [स. सरिता+अधीश] समुद्र । (डिं. को.)

सरतकाळ—देखो 'सरदकाळ' (रू. भे.) (उ र.)

सरतचद, सरतचद्र—स. पु. [स शरत्चद्र] शरत्कालीन चन्द्र जो सुदर व शीतल होता है ।

सरतज—देखो 'सरताज' (रू. भे.)

सरतन, सरतन—सं. पु.—१ इंतजाम, बदोवस्त, प्रबन्ध ।
उ०—१ राड रो अो जलम तो बिगडियो जको बिगडियो ई, धकलो बिगाडण रो ई सगळो सरतन कर लियो ।—फुलवाडी
उ०—२ दोनू एक ई मारग वहीर व्हैगा तो रोट्या रो सरतन दोरो सजैला ।—फुलवाडी
उ०— ३ अबै भूख लागी है खाणं-पीणं रो सरतन करो ।
—वरसगांठ
२ सामान, सामग्री ।
उ०— कवर रो आदेस व्हैता ईं हांकरता सिकार रो सगळो सर-जाम सरतन सजण ढूको ।—फुलवाडी
३ साधन, उपाय ।
उ०—१ घैड बीस पचीस हाथ ऊडो । गोळगट्ट । कोडी रो जात चिकणो, माखी पितळै । चढण रो तो की सरतन नी ।—फुलवाडी
उ०—२ ठिकाणा री रया उणरी जवराई आगै कळकळै चढगी तो ई ठाया रो खूंटो छोडतै जावै तो ई कठै ! उण ठिकाणं जीवण री दारू मोत सू ईं वत्ती ही । मरिया बिना दुख, संताप अर विखा रो फद काटण गे की सरतन नी हो ।—फुलवाडी
४ वैभव, आर्थिक स्थिति ।
ज्यू—चोधरी रै घर रो सरतन ठीक हो ।
५ ऐसा आचरण, वर्ताव या व्यवहार जो किसी विशिष्ट कार्य के लिए उपयुक्त बनता हो, तालमेल ।
उ०—म्हैं जात रो नाग, देख्या डरै, खाधा मरै । अर थूं जात री लुगाई । घरवास रो की सरतन ई तो नी जुडै ।—फुलवाडी
रू भे—सरतग, सरतत ।

सरतनाह, सरतपत, सरसपति, सरसपती—सं. पु. यो. [स. सरिता+नाथ, सरिता+पति] समुद्र, सागर ।
उ०—१ सथ ऊऊ नकीवा सरळ सद्द, रवि उदय आद सक्रिया रवद्द । आयुद्ध वाध आलम्मसाह, नव क्रत फिर पूनम सरतनाह ।
—रा. रू
उ०—३ बस्र माम कादम मचै, प्रसत परवत वर्णं, रुधिर मिळ सरतपत हुओ रातो । अजोध्यानाथ दस-माथ रावण अडग, महा बेह ओर भाराथ मातो ।—र रू

सरतपूनम, सरतपुरणिमा—देखो 'सरदपुरणिमा' (रू भे.)

सरतर—सं. पु यो. [सं सुरतरु] १ कल्पवृक्ष । (अ. मा; नां. मा.)
[स] २ सरोवर, तालाब ।
उ०—तरवर वन सिखर जोवता सरतर, कर सारंग तुम्बीर कर ।
—र रू

सरतवरा—देखो 'सरितवरा' (रू भे.) (ह ना. मा.)

सरतापत, सरतापति, सरतापती—देखो 'सरतपति' (रू भे)

सरता—स पु [सं. सर्तृ] १ घोडा, अश्व । (डिं को.)
स स्त्री [स शरता] २ बाण-विद्या ।

—फुलवाडी

उ०—४ बोल्यौ—श्रा ई कदै व्है कै म्हैं ग्रावू कोनी। राजाजी नै खोटी करिया सरै भला ! सात समंदरा परली पचायती निवेडनै सीधौ ग्रायौ हूं।—फुलवाडी

४ शक्ति या सामर्थ्य के अनुसार होना।

ज्यू—म्हाऊ सरै जित्ती चदौ म्हैं ई देवू।

५ कार्य आदि का निर्वाह होना, पूरा होना।

ज्यूं—हजार रिपिया सू व्याव री काम तौ सरगौ, ग्रागै फेर देखा।

उ०—वारी भोळप ग्रर काली वाता सू केई स्वारथी लोगा री मतलब सरतौ हौ। घर वाळा ग्रापरै नाता रै कारण साथै रेवणौ चावता ग्रर कुलालची ग्रापरै लालच सारू।—फुलवाडी

६ लक्ष्य सिद्ध होना।

ज्यू—दोय झगडै जणै तीजा रौ कारज सरै।

उ०—ग्रा तौ ग्रबारू देखता देखता वहीर व्है जावैला। पछै नी लाग्या सरै ग्रर नी छोड्या मन पतीजै। ग्रेडी तौ कदैई नी पजी। तौ काई वीद नै लाग जावूं।—फुलवाडी

७ परिपूर्ण होना, पूर्ण होना।

८ पर्याप्त होना, काफी होना।

उ०—कह्यौ जी, माहरै तो नव कोड चाहीजे ग्रेकै कोड न सरै।

—सयणी देवी री बात

ज्यू—दस रिपिया सू म्हारौ घर कोनी सरै।

९ सभव होना।

१० होना।

उ०—पावासर री पाज, हसा हेरण हालिया। कोई न सरियौ काज, जागा सूनी जेठवा।—जेठवा

११ आकार-प्रकार, रूप रग, गुणादि मे शिशु संतान का किसी के अनुरूप या अनुसार होना।

१२ चलना, निभना, निभाव होना।

उ०—मा रै गळा सू मतै ई वोल रळक पडचा—नी सरै, वेटी, नी सरै। भगतण रा जमारा विचै ई ग्रण व्याही लुगाई रौ जमारौ कावळ है।—फुलवाडी

उ०—२ पण तौ ई ग्रा दूजी बात ई इण सू कम साची नी है कै मिनख विना लुगाई रौ जमारौ साव ग्रकारथ ग्रर विरथा है। नी मिनख रै लुगाई बिना ग्रेक पल ई सरै ग्ररनी लुगाई रै मिनख बिना ग्रेक पल ई सरै।—फुलवाडी

उ०—३ थाकी जसा सरीखी उठै लाखा परणा, माकी सोभा मैं काइ वरणा, मानै तौ ग्रनेका न्यौरा करै छै मारे यण विन काई नही सरै छै।—मणराम दरजी री वात

१३ घूमना-फिरना, विचरित होना।

उ०—माधव ! मनि मा हारि तू, जे नर जाणइ तोलि तै। नर तिम सघलइ सरइ, वम ! म बाली बोलि।—मा. का. प्र.

१४ व्यतीत होना, बीतना।

उ०—तौ ई थारै जचगी है तौ इण नाकुछ वात सारू क्यू वेराजी करू। थू कोई फूटरौ नाव वताय देजे। राख लूला। पच्चीस बरस तौ 'लट्टूरा' नाव सू सरग्या धकला वरस दूजा नाव सू धकाय लूला।—फुलवाडी

१५ पडना, विवश होना।

उ०—१ हथळेवा वाळी छळ-छद ग्रवै जावता सुभट व्हियौ। सुभट व्हिया घणी वत्ती ग्रळूझगी। इण भात कपट रचण री काई जरूरत ही। ग्रवै तौ झूठ नै साच ग्रर साच नै झूठ मान्या सरैला।

—फुलवाडी

उ०—२ म्हनै कह्यौ ग्रर भाटा नै कह्यौ बिरोबर है। पण पिरसूं म्हनै ठा नी पडी तौ ग्रापनै बताया ई सरैला, पैला कै दूं।

—फुलवाडी

१६ रहना, पडना।

उ०—१ बाप ग्राघा ग्रचभा ग्रर ग्राधी रीस मैं कह्यौ—डीकरी थूं कठैई त्रिकाळ काली नी व्हैगी। झूरै ग्राया भाग रै ठोकर मारै। जोडी री रूपाळी वर है। लाखा मैं टाळकौ। फेर बीकाणै रौ राजकवर। ग्रेकर सीताजी नै ई ईसकौ व्हिया सरै। थू हाल टावर है।—फुलवाडी

उ०—२ हाथ माथै हाथ धरनै बैठ जावौ, करमा मैं कमाई लिखी है जकौ तौ व्हिया सरैला। पछै क्यूं माया जोडण सारू कूड-साच करौ।—फुलवाडी

उ०—३ सगळा ग्रेक दूजा रै मूडा साम्ही देखता रह्या ग्रर महाराणी धम-धम करती मेडी चढगी। इण घर री लाज तौ ग्रवै भावी रै हाथा हैं। लिखी है जकी तौ व्हिया ई सरैला।

—फुलवाड़ी

सरणहार, हारौ (हारी), सरणियौ—वि०।

सरिग्रोडौ, सरियोडौ, सरयोडौ—भू० का० कृ०।

सरीजणौ, सरीजबौ—भाव वा०।

सरण्य—वि. [स] १ शरणागत की रक्षा करने करने वाला।

२ जिसके भाग्य खराब हो, ग्रभागा।

स. पु [स. शरण्य] १ आश्रयस्थल, आश्रयस्थान।

२ रक्षा करने वाला व्यक्ति।

३ रक्षा, सुरक्षा।

४ अनिष्ट, अपकार।

[सं. शरण्य] ६ शिव, महादेव।

सरण्या—स. स्त्री. [स. शरण्या] दुर्गा देवी का नाम।

सरण्यु—स पु. [स. शरण्यु, सरण्यु] १ रक्षा करने वाला व्यक्ति।

२ बादल, मेघ।

३ पवन, हवा।

४ वसन्त ऋतु।

सरदवा, सरदवाई—स. स्त्री.—१ एक प्रकार का वात रोग ।
२ हाथी का एक रोग विशेष जिसमे उसके पैर जकड़ जाते हैं ।

सरदा—स. स्त्री. [सं.] १ शरद ऋतु ।
२ वर्ष, साल ।
३ देखो 'सरधा' (रू. भे.)
उ०—विप सिंघज वीन थियौ वरधा, सगता पिड मुज्ज नथी सरदा ।—पा. प्र

सरदाइ, सरदाई—स स्त्री.—१ शीतलता, ठडक ।
उ०—अत तपिग्रै तन अर्वान दियै परजन सरदाई । सुधा पाय ससि करै, जेम वरणराय सवाई ।—रा. रू.
२ आर्द्रता, नमी ।
उ०—मैं सूती पिया अपने म्हेल मैं, सालूडा में आई सरदाई । मीरा के प्रभू गिरधर नागर, हरख निरख गुण गाई ।—मीरा

सरदाबौ—स पु. [स. सर्दाबः] १ ठडे जल से किया जाने वाला स्नान ।
२ तहखाना ।
३ समाधिस्थल ।

सरदार—वि.—उदार, दातार, दयालु ।
स. पु. [फा] १ किसी मडली का मुखिया, नायक ।
२ अमीर, उमराव ।
३ पति ।
४ प्रेमी, प्रियतम ।
५ सिक्ख जाति का व्यक्ति ।
७ वीर, योद्धा ।
८ राजपूत जाति का व्यक्ति ।
८ मालिक, स्वामी ।
रू भे —सिरदार ।
अल्पा.—सरदारडौ, सिरदारडौ ।

सरदारडौ—देखो 'सरदार' (अल्पा; रू. भे.)

सरदारी—स. स्त्री. [फा.] १ अध्यक्षता, स्वामित्व ।
उ०—१ सरदारी नू निवळाई सियासत सूं बेखबर होय ।
—नी. प्र.
उ०—२ जिको जीव नू प्यारौ राखै छै तिण नू सरदारी देस पतियत सू काई काम छै ।—नी. प्र.
२ सरदार होने का भाव ।
रू भे.—सिरदारि, सिरदारी ।

सरदिंदमुखी—स स्त्री. [स. शरदिंदुमुखी] कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी विशेष । (सगीत)

सरदि—देखो 'सरदी' (रू भे)

सरदियोडौ—भू का कृ.—१ आर्द्रता या नमी युक्त हुवा हुआ ।
२ देखो 'सरधियोडौ' (रू भे.)
(स्त्री. सरदियोडी)

सरदी—सं. स्त्री. [फा. सर्दी] १ शरद ऋतु ।
२ ठडक ।
उ०—१ पौ मिगसर पाळौ पडै, सूखै तरू तमाम । मूता ऊडी साळ मैं, सरदी लागै स्याम ।—नारायणसिंह सादू
उ०—२ सरदी मैं सह सूकगा, आक धतूरा नीम ।—अज्ञात
३ जुकाम नामक रोग ।
रू. भे.—सरदि ।

सरदू, सरदौ—स पु. [फा. सर्दः] १ एक जलचर पक्षी विशेष ।
उ०—कमळा री घणी साघणी मेळ है । तठै राजहस कळहस री इधकी केळ है । वतक सरदा घरट हजा मुरगा पया भट्टिया तरै है । सारसा रा टोळ जकै भगोर करै है ।—र हमीर
२ एक प्रकार का लम्बोतरा खरबूजा जो काबुल में अधिक होता है ।
उ०—अजीरू के दरखत नागलता के वेरेलि । अगूर सरदू संफळी अनेक वेलि ।—सू प्र.
३ राजपूत एव चारण जाति में स्त्रियो द्वारा अपने पति को किया जाने वाला सम्मानसूचक अभिवादन ।
उ०—१ स्री स्री १०५ स्री कवर जी साहिब रसिया वालम चद्रगढ सू सदा हकमी खिजमतदार वादी रौ सरदौ मालम आलीजा अलवेला अगा रा उदार आपरै डीला सारै मुदार ।
—र. हमीर
उ०—२ चाचा लिख दौ ओळवा पाखा सरदौ जवार । कागद अनवी राजा नै लिख भेजौ राज ।—लो. गी.
४ नमस्कार, प्रणाम ।
रू. भे.—सिरदौ ।

सरद्द—स. पु —१ एक वृक्ष विशेष । (सभा)
२ देखो 'सरद' (रू भे)
३ देखो 'सरहद' (रू भे)

सरद्दहणा—देखो 'सरधणा' (रू. भे.)
उ०—मिथ्यात नी मति दूर निवारी, साची सरद्दहणा मन धारी । हिंसा दुरगति ना दुख खाणी, जीव दया साची करि जाणी ।
—स कु.

सरद्वत—स पु. [स. शरद्वत] १ सेतु राजा का पुत्र एक राजा ।
२ सावर्णि मन्वन्तर मे सप्तर्षियो मे से एक ।
३ गौतम ऋषि का नामान्तर ।

सरद्वतसुनु, सरद्वतिसुनु, सरद्वतिसूनु, सरद्वतीसूनु—स पु [स. शरद्वत्सूनु] शरद्वत का पुत्र, कृप ।
उ०—ससाक नी दीघति दिव्य वस्त्र, सदा सदाचारि करी पवित्र । सुवरणवेदी अहिनाणि जाणि, सरद्वतीसूनु कृपाणपाणि ।
—सालिसूरि

सरद्वांन—स. पु. [स शरद्वान] गौतम पुत्र एक मुनि जिन्होने तपस्या कर

३ देखो 'सरिता' (रू. भे.) (डिं. को.)

सरताज—वि. [फा. सर+अ. ताज] १ श्रेष्ठ, शिरोमणि।

उ०—१ सुहडा लिग्रा सकाज, दळ 'खुसाल' दरयाव तट। सोनगरी सरताज, आयौ वध अहेड़ी अभग।

—कल्याणसिंघ नगराजोत वाढेल री वात

उ०—२ ततौ झालिया वेग खगराज वाळी तरह, घाव माठा नरा आज घालै। कवर सरताज जग चदनामौ कीयो, लियौ जस दियौ गगराज लालै।—जवानजी आढौ

२ मुकुट, छत्र।

रू. भे.—सरतज, सिरताज।

सरति—देखो 'सरिता' (रू. भे.)

उ०—राम समान न कोई राजा, सरति न काइ सुरसरी समान। सती न काइ समोवड सीता, गीता समोवड न को गिनान।

—ह. ना. मा

सरतिया—क्रि. वि [स. शर्तिया] अवश्य ही।

सरतिवरा—देखो 'सरिविवरा' (रू. भे) (अ. मा)

सरती—देखो 'सरिता' (रू भे)

सरत्काळ—देखो 'सरदकाळ' (रू भे.) (उ. र.)

सरत्पूनम, सरत्पूरणिमा—देखो 'सरदपूरणिमा' (रू. भे)

सरथ—स. पु. [स] एक ही रथ पर सवार योद्धा।

सरदंड—स. पु [स. शरदड] १ चाबुक।

२ सरकडा।

सरद—स. स्त्री [स शरद] १ शरद ऋतु, शरद का मौसम। (डिं को)

उ०—१ सरद घटा जिम ऊजळी, दिस दिस अटा विलद। नगर थटा रुख निरखिया, स्वरग छटा व्है मद।—वा दा

उ०—२ ग्रीखम पावस सरद गहाई, ए च्यारूं कळियुग मैं आई।

—ऊ. का.

२ तरवार। (डिं. को.)

स पु—३ तालाब, जलाशय।

४ वर्ष, साल।

[स. सरद] ५ पवन, वायु।

६ बादल, मेघ।

७ छिपकली।

८ मधुमक्खी।

वि.—१ आधीन, विजित, अधिकार मे।

उ०—१ 'सूरसाह' माहाराज घर 'करनेस' कहाया। सोळै सै इठियासियै, पुन टीका पाया। सरव जमी कीनी सरद इक हुकम मनाया।—महेसदास सादू

उ०—२ कुसल हरराज रै कावळया तणै कज, अरज कर फिर तलबा उठाई। स्यामगढ चाग चीतार खेडै सहत, तिण कियौ सरद मेवाड तांई।—जोधजी सादू

२ शीतल, ठंडा।

उ०—सोनै रा, रूपैरा, विदरी, खाखोळ ठाढा पाणी सू भरिजै छै। नीचै सुथरा विछायजै छै। ऊपर हुका मेल्हजै छै। नमचा सरद कीजै छै।—रा सा. स.

३ नपुसक, नामर्द।

४ धीमा, मद।

५ सुस्त।

६ छोटा खेमा ?

उ०—ताण सरद चवतरफ, करै तजवीज कनाता। कनक झळाहळ कळस, वणै बगळा वनाता।—सू. प्र.

५ देखो 'सरहद' (रू. भे.)

उ०—विग्रह चाळा वधै, खसै खुरसाणह धायौ। दखण दमंगळ करै, सरद साहिजादौ आयौ।—गु. रू ब

रू भे.—सरद्द।

सरदकामी—स पु. [स. शरद्+कामिन्] कुत्ता, श्वान।

सरदकाळ—स. पु [स. शरद्+काल] शरद ऋतु, शरतकालीन वातावरण।

उ०—जु इह आकास छै, कि चद्रमा छै। सरदकाळ की इसी रात्रि उजळ छै।—वेलि. टी.

रू. भे.—सरतकाळ, सरत्काळ।

सरदणौ, सरदबौ—क्रि अ.—१ सर्दी, नमी या आर्द्रतायुक्त होना।

२ देखो 'सरधणौ, सरधबौ' (रू. भे.)

उ०—वाणी सुण सतगुरु तणी, कुमर जोडया दोनूं हाथ। वचन तुम्हारा सरदह्या, रूडा कह्या कृपानाथ।—जयवाणी

सरदणहार, हारौ (हारी), सरदणियौ—वि०।

सरदिग्रोड़ौ, सरदियोड़ौ, सरदयोड़ौ—भू० का० कृ०।

सरदीजणौ, सरदीजबौ—कर्म वा०।

सरदपदम, सरदपद्म—सं. पु [स. शरद्+पद्म] सफेद कमल।

सरदपूनम, सरदपूरणिमा—स. स्त्री. [सं शरदपूर्णिमा] आश्विन मास की पूर्णिमा।

उ०—सरदपूनम री रात चादणी चांदणी चादौ उगौ वाल्होजी।

—लो. गी.

रू. भे—सरतपूनम, सरतपूरणिमा, सरत्पूनम, सरत्पूरणिमा।

सरदमिजाज—वि. [स सर्दमिजाज] १ शील, सकोच रहित।

२ ठडे स्वभाव का।

सरदरित, सरदरितु—सं. स्त्री [स. शरदऋतु] आश्विन व कार्तिक महीनो की ऋतु।

उ०—पूनम थावर वार सरदरित है पालट्टी। वीर खेत पुरब्ब, रित्त हेमत प्रघट्टी।—गु. रू. बं.

सरदळ, सरदल—सं. पु.—मकान के दरवाजे के ऊपर आड़ा लगा हुआ पत्थर। (ढूढाड़)

गुण ठाणावाला री श्रद्धा सूं फरक पड़्या चौथा गुणठाणा रो पहलै गुणठाणै श्राय जावै।—भि. द्र.

रू. भे.—सरदा।

सरधाहीण—१ शक्तिहीन, बलहीन, अशक्त।

उ०—प्याऊ तक आता-आतां सेठाणी सरधाहीण व्हैगी ही।

—फुलवाडी

सरधि-स. पु. [स शरधि] भाथा, तरकस। (हि. को.)

सरधियोड़ौ-भू. का. कृ.—१ माना हुआ, स्वीकार किया हुआ. २ विश्वास किया हुआ. ३ पूजा किया हुआ, आराधना किया हुआ. ४ मान्यता दिया हुआ।

(स्त्री. सरधियोडी)

सरध्धर—देखो 'सरधर' (रू. भे.)

उ०—पेख वरणै जिण वाह परध्धर, धीग भुजां निज चाप सरध्धर।

—र. ज प्र.

सरनद-स. पु. [स.] कमल। (अ. मा.)

सरन—देखो 'सरण' (रू. भे.)

सरनागत—देखो 'सरणागत' (रू. भे.)

उ०—मैं तव पुत्र मात तू मेरी, त्राहि त्राहि सरनागत तेरी।

—मे. म.

सरनांम, सरनामौ-वि.—१ प्रसिद्ध, विख्यात।

२ श्रेष्ठ, मुख्य।

स. पु.—पत्र के ऊपरी भाग का लेख, शीर्षक, पता।

रू. भे—सिरनामौ।

सरनौ—देखो 'सरणौ' (रू. भे.)

सरपंख, सरपंखौ-स. पु [स. शरपुंखा] एक प्रकार का क्षुप विशेष जिसके पत्ते, फूल आदि ओषधियो के प्रयोग में लाये जाते हैं, शरपुंखा। (अमरत)

रू. भे.—सरपूंखा।

सरपच-स. पु. [स शर+पच] कामदेव। (अ. मा)

२ पचायत का सभापति।

उ०—कुटवपाळ सरपंच आपरा पारका गिणै। गाव मैं पूरो भेद भाव पाळै।—दसदोख

रू. भे.—सिरपच, सिरैपच।

सरप-स पु. [स. सर्प] १ साप, नाग। (अ. मा, डि. को; ह. ना. मा)

२ शेषनाग।

उ०—रिडमल हरा राळतै रैवत, साम्रव घडा विदुर स जगीस। पवगा तणै धरा चळे पावा, सरप पयाळ थरहरै सीस।

—गेहो मीसण

उ०—२ तद चोथोडी पागी पटूतर दियी कै इण डावी पगरखी मैं हूमी सरप चापळ नै गूंचळी मार बैठो हो।—फुलवाड़ी

उ०—३ कवराणी रै माथा मैं अणगिण सरप फुफकारा भरण लागा। राजकवर सूं तो सपना मैं ई मिळण रा फोडा पडैला।

—फुलवाड़ी

३ ज्योतिष मे एक बुरा व अशुभ योग।

४ ग्यारह रुद्रो मे से एक रुद्र का नाम।

५ नागकेसर।

६ त्वष्टा के एक पुत्र का नाम।

७ कश्यप व सुरभि के पुत्रो में से एक।

८ अर्बुद काद्रवेय नामक ऋषि।

९ वह्नधान-पुत्र एक राक्षस।

१० पृथ्वी, भूमि। (अ. मा.)

११ पक्षी।

१२ मध्य लघु की पांच मात्रा का नाम ऽ।ऽ। (डि को,)

१३ देखो 'सरपि' (रू भे.) (अ. मा)

रू. भे —सरपक, सरपौ, सरप्पौ, स्रप, स्रप्प।

अल्पा,—सरपड़ौ।

सरपअरि-सं पु यौ. [सं. सर्प+अरि] १ गरुड। (अ. मा)

२ मयूर, मोर।

३ नेवला, न्योला।

सरपक—देखो 'सरप' (रू. भे.)

उ०—डोहत मूटाडड ए, स्रीखड सरपक हिंदए।—गु. रू. ब.

सरपकाळ, सरपकाल-स पु यौ [स. सर्प+काल] १ गरुड।

२ मोर, मयूर।

४ नेवला, न्योला।

सरपख (ह)—देखो 'सरपिख' (रू. भे)

सरपगंधा-स. स्त्री [स सर्पगधा] नागदवन नामक एक जड़ी।

(वैद्यक)

सरपगत, सरपगति, सरपगती-स. स्त्री. [स. सर्पगति] १ सांप के समान चाल, कपट की चाल।

२ कुटिल प्रकृति।

वि.—१ उक्त प्रकार की चाल चलने वाला।

२ कुटिल प्रकृति का।

सरपडौ—देखो 'सरप' (अल्पा; रू. भे)

उ०—आड आरती करै, वतख विडदावळ वाचै। भैंस भजन गुण फूक, सरपटा स्रोता राचै।—दसदेव

सरपजग, सरपजग्य, सरपजिग – देखो 'सरपयग्य' (रू भे.)

सरपजीह-स. स्त्री [सं. सर्पजिह्वा] १ एक प्रकार की कटार।

(डि. ना. मा.)

२ कटार।

सरपट-सं. स्त्री.—अगले दोनो पैरो को साथ साथ आगे फेंकने की घोडे की एक बहुत तेज चाल।

उ०—सरपट आवता घोडा नै देख नै सूर तारा री गळाई साम्ही

अनेक दिव्यास्त्र प्राप्त किये थे। इनकी तपस्या जानपति या जानपदी नामक अप्सरा ने भंग की। इससे कृप और कृपी का जन्म हुआ।

सरध-स. पु [स. शर्ध] १ दल, समूह।
२ बल, ताकत।
३ अपानवायु का त्याग।

सरधणा-स. पु [स श्रद्धान्] मान्यता, दृष्टिकोण।
उ०—इण लेखै **सरधणा** तो एक। अनै चोथा पाचमा वाला हिंसा करै है अनै साधु रै हिंसा रा त्याग है। ए फरसणा जुदी है। पिण सरधणा जुदी नही।—भि द्र
रू. भे.—सरद्दणा।

सरधणौ, सरधबौ-क्रि स —१ मानना, स्वीकार करना।
उ०—१ हिवै स्वामीजी गुलाब रिसी नै पूछ्यो—सीतल जी रा टोळा रा साधा नै साध **सरधो** के असाध? जद तै बोल्यौ असाध सरधू छूं।—भि. द्र.
उ०—२ साभल चित हरख्यो घणो, **सरध्या** तुमरा बेण। भवि जीवा ना तारका, थे साचा मिलिया सेण।—जयवाणी
उ०—३ थे म्हारा वचन सरधिया प्रतीतिया रुचिया जिण सूं त्याग करौ हो का म्हानै भाडवा नै त्याग करौ हो।—भि. द्र.
२ विश्वास करना।
उ०—१ जद बोहत जी कह्यो—उणा मैं तो किहा थी हूतो मो मेई न **सरधू**।—भि द्र
उ०—२ ज्यूं सूत्र रो वचन साधा रो वचन **सरध्यां**, मिथ्यात्व रूप रोग जाय। पिण सरध्या बिना कोरो सुणीया न जाय।—भि द्र.
३ पूजना, आराधना करना।
४ मान्यता देना।
उ०—जीव खवाया पुन सरधै। सावद्यदान मैं पुन सरधै तिण सू समकत चारित्र एक ही नहीं।—भि द्र.
सरधणहार, हारौ (हारी), सरधणियौ—वि०।
सरधिओड़ो, सरधियोड़ौ, सरध्योड़ौ—भू० का० कृ०।
सरधीजणौ, सरधीजबौ—कर्म वा०।
सरदणौ सरदबौ—रू० भे०।

सरधनुधार, सरधनुधारी-स. पु [स. शर+धनुष+धारी] अर्जुन। (अ. मा.)

सरधर-वि.—१ धनुर्धारी।
२ अर्जुन।
३ तरकस।
४ देखो 'सिरधर' (रू. भे.)
रू. भे.—सरध्धर।

सरधा-स. स्त्री.—१ कोई कार्य सम्पादित करने की योग्यता, शक्ति, सामर्थ्य, यथाशक्ति।
उ०—ढोली ढोल घुरावण लागो। **सरधा** जोग भूपा मैं व्याव री त्यारिया होवण लागी।—फुलवाडी
२ बल, शक्ति।
उ०—१ **सरधा** वाकी सूं झाकी सुखसेरी, ढूढी ढूढाहड हाडोती हेरी। जाणी जीवण नै जिण तिण मिस जुळिया, पाणी पीवन नै पूरब दिस पुळिया।—ऊ. का
उ०—२ **सरधा** घटगी सँग, वेग विरधापण वळियो। निकळण रो रथ नही, कळण ऊंडी मैं कळियो।—ऊ. का.
उ०—३ बोल गळा मैं फसग्या व्है ज्यू कँवण लागी—राणी, म्हारी तौ मिंदर ताई पूगण जित्ती **सरधा** कोनी। अर पूग्या सार ई काई।—फुलवाड़ी
३ हैसियत, औकात, बिसात।
उ०—१ पण सरधा सू ऊपर-कर काम तो नही करणो जोयीजै।
—वरसगाठ
उ०—२ कोई तो देवै रामजी! साल-दुसाला, मेरी **सरधा** अेक गोछाळी। म्हानै रामजी मिल्या वनरावन मैं, म्हानै किसनजी मिल्या वनरावन मैं।—लो. गी
उ०—३ अपनी **सरधा** सम अवर, दान देत सुदतार। इळ ऊपर होवै अमर, साख भरे ससार।—ऊ. का.
उ०—४ बापडो दूध री आस करै तो मन मैं क्यूं राखा। दूजो की भलो करण जोग वारी **सरधा** ई नी ही। दूध री काइ, जाणै अेक गाय पावसी ई नी।—फुलवाडी
ज्यू—सरधा मुजब काम करणो चाहीजै।
४ हिम्मत, साहस।
उ०—१ हरीया पखी पख बिन, पडै रसातळि आय। ऊडण की **सरधा** नही, जीवत म्रितग थाय।—अनुभववाणी
उ० —२ हरीया बोलण वकण की, **सरधा** नही लगार।
—अनुभववाणी
मुहा.—सरधा सारू भगती=यथा शक्ति।
सं. पु.—५ प्रियव्रतवंशीय बिंदुमत राजा का नाम।
६ देखो 'स्रद्धा' (रू. भे.)
उ०—१ प्रेमामगन रामरस पूरण, सागै सबद सुणावै। सनमुख हुय **सरधा** सू सुमरण, सासो सास समावै।—ऊ. का.
उ०—२ **सरधा** इण री छै इसी जुदा मानै जीव नै काया रे।
—जयवाणी
उ०—३ स्वामी जी कह्यो—जेसो सिरोइना रावनो पालखो जिसो या नवो साधपणो पचख्यो है। पिण **सरधा** खोटी। जीव खवाया पुन सरदो।—भि द्र.
उ०—४ भेखधारी चरचा करता आचार **सरधा** री न्याय री चरचा छोडनै जीव बचावा रो बेदो घालै।—भि. द्र.
उ०—५ चोथा तेरमा गुणठाणावाली री **सरधा** एक छै। तेरमा

३ मितव्ययता।

सरवंग–स पु. [स. सर्वांग] १ सब देह, सब अंग।

उ०—१ सरवंग उदर उर वर सरूप, चन्द्रवदन रचै किर परम चूप।—रा रू.

उ०—२ सुधा वाघ सरवग, आरखै चित्राम अंग। अतरिख वहै ओळ, अभ गळै घातै गोळ।—गु रू व

२ एक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण मे मगण जगण और ह्रस्व गुरु सहित आठ वर्ण होते हैं। (ल. पि)

३ संगमरमर या काले पत्थर का बना घोटा जो दवाईयो को बाँटने या घोटने के काम आता है।

४ एक प्रकार का पत्थर विशेष जिससे उक्त घोटा बनाया जाता है।

उ०—तठा उपरांति करि नै राजान सिलामति तजारं री वाडी री नीपनी, नीली घणू पाकी, पुराणी, आगं वखाणी तिण भाति री भागि घणी एलची, मिरचा, पान, जांवत्री रैं मेळ सू पाखाण री कूडीआ सरवग रा घोटा सूं ऊजळा प्राचा री धमोडी घणं ऊजळै मिसरी रैं भेळ ऊजळा गरणा सूं झारीजै छै।—रा सा स.

क्रि. वि—१ सर्वथा, पूर्ण रूप से।

२ देखो 'सरभग' (रू भे)

सरवंगी–वि.—साम, दाम, दण्ड, भेद नीति के सब अंगो को जानने वाला।

उ०—मेळ तणी कज मेलियौ, व्रत रज गत बुधिवान। सरवंगी सेलो सुमति, चेलौ नाहरखान।—रा. रू.

२ देखो 'सरभगी' (रू. भे)

उ०—एको आतिम जाणिया, सै सरबगी साध। हरीया आतिम राम विन, सोई आन उपाध।—अनुभववाणी

सरवद, सरवध–स. पु [स शरबंध] १ सिर पर बाधा जाने वाला वस्त्र विशेष, साफा, पगडी।

उ०—तनुवध, सरवध कमरवंध मगवुना कमलवना।—व. स.

२ सिर पर धारण करने का स्त्रियो का एक आभूषण।

रू भे.—सिरवद, सिरवध।

सरव—१ देखो 'सरभ' (रू भे.) (अ मा, ह. ना. मा)

२ देखो 'सरव' (रू. भे) (डि को, ह ना. मा.)

उ०—१ थट औ सरब तूझ कजि थटियौ, राजा आव वीर इम रटियौ।—सू प्र.

उ०—२ कुळ सरब बळ बै काम, रखवाळ सीताराम।—रा. रू

उ०—३ उणारी तो रग रग मैं कदैई नी बुझण वाळी लाय लाग्योडी ही। बोल्यौ—जै माया मैं ई मिनख रा सरब सुख बसै तो घर मैं इतो माया व्हैता थका ई म्हारा मन मैं सुख उपजियौ तो कोनी।—फुलवाडी

उ०—४ मिंदर वाळी डूगरी माथै कवर तीजोडी पाख फेरी तो सरव डूगर सोना री बणग्यो। संकर भगवान रो मिंदर ई सोना रो बणग्यो।—फुलवाडी

सरवगळ–वि.—१ सब को हजम करने वाला।

२ सब को स्वाहा करने वाला।

३ देखो 'सरवग्रास'।

उ०—हठी रणखेत सगराम 'कुंभा' हरै, घड़ा दांणव तणी सर्भ रण घाय। घणी तो सूर ससि ग्रहण ह्वै दुयघडी, पग उभै सरवगळ कीध पतसाय।—महाराणा सग्रामसिहजी वडा रो गीत

सरवग्यांनी, सरबजांण—देखो 'सरवग्यानी' (रू. भे.)

उ०—मा बोली—आ थारी भोळप है जको म्हनै सरवग्यांनी मानै।—फुलवाडी

उ०—२ तरै भीवै आपरी तरवार काढिनै मेली नै कह्यो आप सरवजांण छौ।—जखडा मुखडा भाटी री वात

सरवजीत–वि. [सं. सर्वजित्] सब को जीतने वाला, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम।

सं पु—१ काल या मृत्यु जो सबको जीत लेती है।

२ २१ वा सवत्सर।

३ एक प्रकार का यज्ञ।

सरवजीव–स. पु [स. सर्वजीव] ब्रह्मा का एक नाम।

सरबत–स. पु [अ शर्बत] १ गाढा रस जो चीनी आदि से पका कर तैयार किया गया होता है।

उ०—भरि कोठा परठा करि भारी, संभ्रम बिहारी जुडण नसीग। सांम्हा अमल तिजारा सरबत, सत दळ मोकळिया गजसीग।

—गजसिंघ नाथावत कछवाहा रो गीत

२ उक्त रस पानी मे मिला कर बनाया गया पेय पदार्थ।

३ वह पेय पदार्थ जो चीनी या फलो का रस मिला कर बनाया गया हो।

४ मुसलमानो मे सगाई की एक रस्म विशेष जिसमे विवाहोपरात कन्या पक्ष की ओर से वर पक्ष वालों को शर्बत पिलाई जाती है।

५ उक्त अवसर पर वर पक्ष वालो को कन्या पक्ष वालो की ओर से दिया जाने वाला धन।

सरबती–स. पु—१ पीलापन लिए लालरंग का एक नगीना।

२ एक प्रकार का कपडा विशेष।

३ एक प्रकार का नीबू, जबीरी नीबू।

४ एक प्रकार का आम।

५ एक प्रकार का बढिया कपडा।

वि.—१ शरबत सम्बन्धी।

२ साधारण ललाई लिए हल्के पीले रग का।

सरबतीनींबू, सरबतीनीबू–स. पु—जबीरी नीबू, मीठा नीबू।

सरबया—देखो 'सरवया' (रू. भे.)

उ०—अर ऊणा रा बिवाहण रा लोभी अरथजां नू एकठा बुलाइ सरबया ही मारूं।—वं. भा.

तूटी ।—अमर चूंनड़ी

क्रि. वि.—बहुत तेज, शीघ्रता से (केवल चलने या दौडने के लिए)।

उ०—लापो देवण री जेज के अेक कांळिदर पवन रै वेग सरपट दौडतो आयौ नै चिता मे बडग्यौ।—फुलवाडी

सरपणी—स. स्त्री [स. सर्पिणी] नागिन, सांपिन। (डिं. को.)

रू. भे.—सपणी, सप्पणी, सरपिणि।

सरपदस्ट्र—स. पु. [स सर्पदंष्ट्र] १ सांप का विष दत।

२ उक्त दांत से लगने वाला घाव।

सरपदेवी—स पु [स सर्पदेवी] कुरुक्षेत्र मे स्थित एक तीर्थ स्थान का नाम।

सरपपति—स. पु. [सं. सर्प+पति] शेषनाग। (डिं को.)

सरपप्रिय—सं. पु. [स. सर्प+प्रिय] चदन। (डिं को.)

सरपमाळी—स. पु. [स. सर्पमालिन्] १ शिव, महादेव। (ना. मा.)

२ एक महर्षि।

रू भे.—सरपिमाळी।

सरपबगड़ूतेज—स. पु.—चिपटे नाक का घोडा जो अशुभ माना जाता है। (शा हो)

सरपभुज—स पु. [सं. सर्प+भुज] १ मयूर, मोर।

२ सारस।

३ बड़ा सर्प।

सरपयग्य—स पु. [स. सर्पयज्ञ] जनमेजय द्वारा सर्पो के नाश हेतु किया गया यज्ञ।

रू भे—सरपजग, सरपजग्य, सरपजिग।

सरपराज—स. पु [स सर्पराज] १ शेषनाग।

२ वासुकी। (डिं. को.)

सरपविद्या—स स्त्री [स. सर्पविद्या] सर्प को वश में करने या पकडने की विद्या।

सरपव्यूह—स पु. [स. सर्पव्यूह] एक प्रकार की सैनिक व्यूह रचना।

सरपाकसी, सरपाक्षी, सरपाखी—स. स्त्री. [स. सर्पाक्षी] गधनाकुली, सरहटी, श्वेत अपराजिता। (अमरत)

सरपारि, सरपारी—स. पु [स सर्पारि] १ गरुड।

२ मोर, मयूर।

३ नेवला।

सरपाव—देखो 'सिरपाव' (रू. भे.)

उ०—अर म्होकमसिंघ सुण नै पहरिया वैठो थो सो सरपाव अर घोडौ घणो धन खवरदार नू दीधौ।

—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

सरपासण, सरपासन—स. पु [स सर्प+आशन्] १ गरुड।

२ मोर, मयूर।

३ नेवला।

[स. सर्प+आशन] विष्णु भगवान्।

सरपासय, सरपास्य—स. पु [स. सर्पास्य] खर राक्षस का सेनापति जो भगवान् श्रीराम के द्वारा मारा गया था।

सरपाहार—स. पु. [स सर्प+आहार] १ नेवला। (डिं को.)

२ मयूर, मोर।

३ गरुड।

[स सर्पाहार] ४ शिव, महादेव (डिं. को.)

सरपि, सरपिख, सरपिखि, सरपिखी—सं पु [स सर्पिष] घी, घृत। (ह. ना. मा)

रू. भे—सरप, सरपख(ह)।

सरपिणी—देखो 'सरपणी' (रू. भे)

सरपिमाळी—देखो 'सरपमाळी' (रू. भे)

सरपुंख—देखो सरपख' (रू. भे.)

सरपेच—देखो 'सिरपेच' (रू. भे)

उ०—सुभ खिल्लत पच वसन सुरगी, असि खंजर सरपेच किलंगी।

—रा. रू.

सरपोस—स पु. [फा. सर+पोश] थाल आदि ढकने का कपडा।

सरपौ, सरप्प—देखो 'सरप' (रू भे.)

उ०—१ अरधंगि हेम पुत्री. सरपौ कठेहिए वाहणी साडौ। सिखा नेत भाल चदौः तस्मै रुद्राय नमौ।—गु. रू व

उ०—२ करत एक राग रग, मोहिए सरप्प ए।—गु रू व.

सरफ—सं. पु [अ. शरफ] १ वडाई।

२ सौभाग्य।

३ महत्व।

४ कपडे धोने का एक प्रकार का पाउडर विशेष।

सरफणौ, सरफबौ—क्रि, अ.—हवा मे फहराना, वायु मे इधर उधर हिलना।

उ०—जरदोजनि हेम ध्वजा सरफै, तडिता धन बीच मनौ तरफै।

—ला. रा

सरफणहार, हारौ (हारी), सरफणियौ - वि०।

सरफिओडौ, सरफियोडौ, सरफयोडौ—भू० का० कृ०।

सरफीजणौ, सरफीजबौ—भाव वा०।

सरफल—स. पु. [स शर+फल] तीर की पैनी नोक जहां नुकीला लोहा लगा होता है।

सरफास—स. स्त्री—घासफूस तथा डंठल आदि का महीनतम नोकदार तीक्ष्ण भाग। (शेखावाटी)

सरफियोड़ौ—भू का कृ.—हवा में फहराया हुआ, वायु मे इधर उधर हिला हुआ।

(स्त्री सरफियोडी)

सरफौ—स. पु—१ औषधि के प्रयोग मे आने वाला एक छोटा पौधा।

[सं सर्फ] २ खर्च, व्यय।

२ एक परिगणित जाति विशेष।
[स सरभग] ३ अघोर पथ का नाम।
रू भे — सरवग।
रभगासरम, सरभगाश्रम–स पु. [शरभगाश्रम] शरभग ऋषि का आश्रम।
रभंगी–वि [सं. सरभगी] अघोर पथ का, अघोर पथ से सम्बन्धित।
स. पु —अघोर पथ का व्यक्ति।
रू भे.—सरवगी।
रभ–स पु [स. शरभ] १ राम की सेना का एक वन्दर।
(रामकथा)
२ कश्यप एवं दनु के ससर्ग से उत्पन्न एक दानव।
३ चेदी नरेश धृष्टकेतु के एक भाई का नाम।
४ दनुज के एक पुत्र का नाम।
५ शिव की क्रोधमूर्ति, वीरभद्र।
६ कृष्ण-रुक्मिणी के एक पुत्र का नाम।
७ यम के पांच पुत्रो मे से एक पुत्र का नाम।
८ ऐरावत कुलोत्पन्न एक नाग।
९ गान्धारराज सुवल के एक पुत्र का नाम।
१० भगवान् श्रीविष्णु का नाम।
११ हाथी का बच्चा। (हि. को.)
१२ ऊट।
१३ एक विशेष प्रकार का मृग।
उ०—गाज सुणता पाण, सरभ थट फाळा आवै। भागै डील अकज्ज, लाघवा जोर जतावै।—मेघ
१४ सिंह, शेर। (ह ना. मा)
१५ आठ पैरो वाला एक प्रकार का जन्तु विशेष, जो शेर से वढ कर वलवान् व शक्तिशाली होता है। (हि को)
उ०—१ सीह किसी साराह सरभ रव सुणै सळवकै, एकळ की ओपमा लडै भागै थह लुक्कै। सूर स्याग सग्रहै सुवपि संनाह सुधारै, अग्र ढाल ओढवै पीठ वेलिया पचारै।—रा रू.
उ०—२ जै जै सद् उचार डाक डमरू कर वाजै, मोर हस अग-राज चडी खगराज गरज्जै। एक हस्ति आरुही व्रखभ अस उस्ट्र विगत्ती, सरभ चील सादूळ रीछ वदर तर रत्ती। अदभूत रूप आकृत अगम, किरलक्क हुक्क रसणा करै। अण जैत कहे मुख भासुरा, जैत कमंधा उच्चरै।—रा. रू
१६ टिड्डी।
१७ पतगा, शलभ।
१८ एक प्रकार का वृत्त (वार्णिक छंद) विशेष जिसके प्रत्येक चरण मे चार नगण और एक सगण होता है।
१९ बीस गुरु और आठ लघु मात्राओ के दोहे का एक भेद विशेष।
२० आर्यागीति या सघाण (स्कधक) नामक गाथा या गाहा का भेद विशेष।
२१ छप्पय छद का ३१ वा भेद विशेष जिसमे ४० गुरु और ७२ लघु से ११२ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती हैं। (र ज. प्र)
२२ पीत, पीला। ✽ (हि. को)
रू. भे.—सरव।
सरभजडौ–स. पु.—अघोरी, औघड।
सरभर–स. स्त्री.—वरावरी, समानता।
उ०—हायळ वळ निरभै हियौ, सरभर नको समत्थ। सीह अकेला सचरै, सीहा केहा सत्थ।—वा. दा
वि —समान, तुल्य, वरावर। (हि. को.)
उ०—१ कायथ 'लाल' विसाल कुळ, सरभर वालकिसन्न। अै वधिया तीखै अणी, पेखै घणी प्रसन्न।—रा. रू.
उ०—२ अग सकोमळ पेम सरभर, चूंप सभै चतरंग चितारी। साध सती जत राग रसायन, सूर सिम्या कवि दास दतारी।
—अनुभववाणी
उ०—३ कज सरभर समुख कोमळ, कान भळमळ हरि कुडळ।
—र. ज. प्र.
उ०—४ म्हारी सास सपूती सं म्है सरभर रहस्या, जीभ कै गुण आगला। म्हारी देराण्या जेठाण्या वरोवर रहस्या, काम कै गुण आगला।—लो. गी
सरभरा—देखो 'सरवरा' (रू. भे)
उ० —तद सरभरा करण नूं वाघोड 'तेजै' नूं मेलियौ।—द. दा.
सरभरि, सरभरी—१ देखो 'सरवरा' (रू. भे)
उ०—चाडमल्ल मेघड छोडाया, मान भग करी कढवाया। तपला कहइ सरभरि कीजइ दुरि (इ) भेरि हुकम इन्ह दीजइ।
—ऐ. जे का स.
२ देखो 'सरवरी' (रू भे.)
सरभि—देखो सुरभि' (रू. भे)
उ०—सरभि समीरण वायइ वाग्र, पाडल फूल खिरइ जलमाहि। तीरइ तीरइ मारग फिरइ, सरोवर पाणी इह काकरइ।
—प्राचीन फागु-सग्रह
सरभू–स. पु [स. शरभू] स्वामी कार्तिकेय।
(अ मा; ना. मा; ह. ना. मा)
सरभेस, सरभेसर, सरभेस्वर–स पु. [स. शरभेस्वर] एक शिव लिंग का नाम।
सरमदगी–स स्त्री [फा. शर्मदगी] १ लज्जा, शर्म।
उ०— घणा काचा कपणा नै तौ न उपजै चाव। उलटी पडै सर-मंदगी रै डाव।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
२ पश्चाताप, पछतावा।
सरमदौ–वि —लज्जित, शर्मिदा।

उ०—२ हू आखू साची हमैं, तिण मैं झूठ न तार। सूर नहीं है सरबथा, अपत उठै काय नार।—पा. प्र.

सरबदा—देखो 'सरवदा' (रू भे) (डिं को.)

उ०—हथळेवै भेळी हुई, नह होसी न्यारीह। सोढी रहसी सरबदा, साथै सुपियारीह।—पा प्र.

सरबनास—देखो 'सरवनास' (रू भे)

सरबमंगळा—स स्त्री [स सर्वमंगला] तान्त्रिको की एक देवी का नाम।

उ०—बीरबळ पूछी—तू कुण छै, कीसू दुखी थकी रोवै छै? उवा बोली—इ सुद्रसेण राजा री राजलक्ष्मी छू। मैं राजा रै आसरै बहुत दिन विस्राम लियौ अब इयै रौ राज भग हुसी। इयै रै घर सू विजोग थाय जासू, तींसू रोवू छू। तठै बीरबळ कहियौ किणी प्रकार राज भग न हुवै जी सू थारौ रहणौ होय। तद लक्ष्मी कही—अेक बात बडी कठिण छै। तू आपरा पुत्र री भगवती सरबमगळा नै बळि दे दै तौ राज थिर रहै।

—वैताळ पच्चीसी

सरबमुख—देखो 'सरवमुख' (रू. भे.) (ह ना. मा)

सरबय्या—स स्त्री.—यादव वश के अन्तर्गत एक शाखा।

सरबर—देखो 'सरोवर' (रू. भे) (डिं को)

२ देखो 'सरोवर' (रू. भे) (डिं को)

सरबरस—स पु. [स सर्व+रस] ज्ञान।

वि [सं. सर्व+रस] खारा। (डिं. को)

रू भे.—सरवरस।

सरबरा, सरबराह—स. स्त्री [फा. सरबराह] १ खातिर, आवभगत।

उ०—१ म्हारी बेटी नै घरै आयोडा री सरबरा री ध्यान है इज घणौ।—फुलवाडी

उ०—२ इण राफा मैं सेठजी जान सारू नी तौ की जीमण वणायौ अर नी की दूजी ई सरबरा करी। कोई मिस लाध्या चूकण री रात वै जलमिया ई कोनी हा।—फुलवाडी

उ०—३ बाड्यौ वीर मूडा सू इमरत वरसावतौ बोल्यौ—बाई री थोडा दिना ताई सरबरा करूंला। डरण री जरूरत कोनी, म्हारै लारै री लारै निसक बाबी में वड जाजे।—फुलवाडी

२ आवभगत करने की सामग्री।

उ०—सौ राणी वाच सुण खुस्याळ हुवौ। तुरत ओठी नु पाछो सीख दीवी, कागद लिख दियौ—जौ थै कुवर नु हर भात टिकावज्यौ। म्है सारी सरबरा लेय आवा छा।

—कुवरसी साखला री वारता

३ प्रबन्ध, इन्तजाम।

उ०—उण दिन सारी सरबरा कराय वखतसिंहजी महाराज गजसिंहजी रा डेरा पाछलै पहर पधारिया।

—मारवाड रा अमरावा री वारता

४ सजा, दण्ड आदि देने का भाव।

वि.—१ प्रबन्धक, व्यवस्थापक।

२ आवभगत करने वाला।

३ मजदूरो आदि का सरदार, मुखिया।

रू. भे —सरभरा, सरभरि, सरभरी, सरवरा।

सरबराकार—स. पु. [फा. सरबराह] व्यवस्थापक, प्रबधकर्त्ता।

सरबरित—स. पु [स. सर्वरत.] १ शिव, महादेव। (अ. मा; ना. मा.)

२ श्रीकृष्ण। (अ. मा)

३ ईश्वर। (ना. मा)

रू भे.—सरवरत, सरवरित।

सरबरी—देखो 'सरवरी' (रू भे.) (डिं. को.)

सरबलील—वि —सब पदार्थ खाने वाला, सर्वभक्षी। (मा म.)

सरबस—देखो 'सरवस्व' (रू. भे.)

उ०—१ दाता जग मातापिता, दाता साप्रत देव। दाता सरबस दान दै, ऊत्तर एक अदेह।—बा. दा.

उ०—२ सूता सरबस जात है, जागि 'र करो बिचार। हरि परम सनेही परमसुख, अगमवार नही पार।—ह. पु. वा.

सरबसहा—देखो 'सरवसहा' (रू. भे.) (अ मा; ह ना. मा.)

सरबसुख—स. पु. यौ [स सर्व+सुख] १ पानी, जल। (ह. नां. मा.)

सरबसुहागण—स. स्त्री —सधवा, सौभाग्यवती।

उ०—एक भरयौ ऐ वतूळौ आवौ, विनायक विणजारा कै वैल ज्यू। एक माड्यौ चूड्यौ आवौ, सरबसुहागण कै सीस ज्यू।

—लो. गी.

सरबस्व—देखो 'सरवस्व' (रू. भे)

उ०—बळी दीनवधू घरै बसवाना, अकूपार गभीर रोळै अराना। दियै मेय राधेय सरबस्व दानी, महाकस्ट भी मागवै भूप मानी।

—व. भा.

सरबाणी—देखो 'सरवाणी' (रू भे) (डिं को.)

सरबूद—स पु —खेमा, तम्बू।

उ०—ताणियौ आज सरबूद ताय जाणियौ आज अरबूद जाय। कदमा लग निजर सलाम कीध, डमडोळ राव 'ऊमेद' दीध।

—वि. सं.

सरबेण, सरबेत—वि [म. सर्व] सब, सम्पूर्ण, समस्त।

सरबेस, सरबेसर, सरबेस्वर—देखो 'सरवेस्वर' (रू. भे.)

सरबोर—देखो 'सरावोर' (रू भे.)

सरब्ब—देखो 'सरव' (रू. भे.)

उ०—अघकारी असुरा तणा, सुव धूजिया सरब्ब। अप चौ सोच निवारियौ, उर धारियौ गरब्ब।—रा. रू.

सरभग—स. पु. [स. शरभग] १ श्रीरामचन्द्र के अनन्य भक्त एक महर्षि जिन्हे इन्द्र ने ब्रह्मलोक ले जाना चाहा मगर वे श्रीराम के दर्शनाकांक्षी होने के कारण उस समय ब्रह्मलोक न जाकर दर्शनोपरान्त गये थे।

उ०—३ आ तो सुरगा नै सरमावै, इण पर देव रमण नै आवै। इण रौ जस नर नारी गावै, धरती धोरा री........।—अज्ञात

उ०—४ की सरमावै फिर लुक ज्यावै, पग थाम पट साम जप ज्यावै। जै दिख ज्यावै तो हस ज्यावै, जद विपन गुदगुदी बिख-रावै।—करणीदान बारहठ

सरमावणहार, हारौ (हारी), सरमावणियौ—वि०।

सरमाविओडौ, सरमावियोडौ, सरयाव्योडौ—भू० का० कृ०।

सरमावीजणौ, सरमावीजवौ—कर्म वा०, भाव वा०।

सरमावियोडौ—देखो 'सरमायोडौ' (रू भे)

(स्त्री सरमावियोडी)

सरमासरमी-स. स्त्री.—परस्पर लज्जा करने का भाव।

सरमाहणौ, सरमाहवौ—देखो 'सरमाणौ, सरमाणौ' (रू भे.)

उ०—आवी खवर लिखी अणचाहे, मगन नवाब सोच सरमाहे। फौधी फौज वळे कमधज्जा, सूधर सोधण प्राण सकज्जा।

—रा. रू.

सरमाहणहार, हारौ (हारी), सरमाहणियौ—वि०।

सरमाहिओडौ, सरमाहियोडौ, सरमाह्योडौ—भू० का० कृ०।

सरमाहीजणौ, सरमाहीजवौ—भाव वा०, कर्म वा०।

सरमाहियोडौ—देखो 'सरमायोडौ' (रू. भे.)

(स्त्री सरमाहियोडी)

सरमिंदगी-स. स्त्री—१ निंदा, बदनामी।

उ०—जिकी काम गरमी हळकाई सू आदरै तो सहीआ छै। अरथ नही सुधरै आगलै दुख रौ कारण होय ससार सू सरमिंदगी होय।

—नी प्र.

२ लज्जा, शर्म।

उ०—फेर कदै ही उवौ रसोईदार इण सरमिंदगी रै कारण सू कोई गलती नही कीवी।—नी. प्र

सरमिंदौ-वि —जिसे शर्म आती हो, लज्जित।

उ०—सु माथ रै ठाकुरै नीठ यू कर नै पाछा आणिया। सु प्रिथीराज जी तो घणा सरमिंदा हुआ।—राव म लदे री वात

रू भे.—सरम्मिदौ।

सरमियोडौ-भू का. कृ.—१ युद्ध किया हुआ, झगडा किया हुआ. २ प्रतियोगिता किया हुआ. ३ बहस किया हुआ ४ प्रयत्न किया हुआ, कोशिश किया हुआ।

(स्त्री सरमियोडी)

सरमिस्टा-सं स्त्री. [स शर्मिष्ठा] असुरराज वृषपर्वा की पुत्री जो ययाति की पत्नी एव शुक्राचार्य की कन्या देवयानी की सखी थी।

वि वि — एक बार देवयानी और शर्मिष्ठा मे साधारण सी बात पर झगडा हो गया और शर्मिष्ठा ने देवयानि को कुए मे ढकेल दिया। राजा ययाति ने देवयानि को कुए से बाहर निकाला तथा उसी के साथ विवाह भी कर लिया। वृषपर्वा ने देवयानि के साथ शर्मिष्ठा को दासी बना कर साथ भेज दी। ययाति से शर्मिष्ठा का सम्बन्ध हो गया और उससे द्रुह्यु, अनु व पुरु तीन पुत्र हुए। शर्मिष्ठा से सम्बन्ध कर लेने के कारण शुक्राचार्य ने क्रुद्ध होकर ययाति को शीघ्र बूढा होने का शाप दिया।

सरमीलौ-वि.—लज्जालु, लज्जावान।

सरमु-स. पु. [स श्रम] १ युद्ध।

उ०—केवि दिगाडइ गाढा सरमु, केवि तुरगम जाणइ मरमु। चक्र छुरी किवि सावल भालइ, किवि हथीयार पडता झालइ।

—मालिभद्र सूरि

२ वाद वहस।

३ प्रतियोगिता।

४ प्रयत्न, कोशिश।

सरम्म—देखो 'सरम' (रू. भे)

उ०—१ मारू काम अडोल मन, सारू माम धरम्म। इही सहणा चूप कर, एवा गही सरम्म।—रा. रू

उ०—२ रग न फेरै धुर वहै, धवळा राह धरम्म। राघव ज्यारी राखही, सीगा तणी सरम्म।—बा दा.

सरम्मिदौ—देखो 'सरमिंदौ' (रू भे)

सरया-स स्त्री. [स. शर्या] १ रात्रि, रात।

२ अगुली।

सरयणात-स पु [स. शर्यणायत्] एक प्राचीन तीर्थ का नाम।

सरयाति-स पु. [स शर्याति] १ वैवस्वतमनु एव श्रद्धा के ससर्ग से उत्पन्न दस पुत्रो मे से एक जो च्यवन महर्षि की पत्नी सुकन्या के पिता थे।

२ प्राचीन्वत् राजा का पुत्र व अहयति राजा का पिता एक पुरु-वशीय राजा का नाम।

सरयु, सरयू-स स्त्री [स सरयु, सरयू] १ एक प्रसिद्ध नदी जिसके तट पर अयोध्या नगरी बसी है।

[स. सरयु] २ पवन, वायु हवा।

३ वीर नामक अग्नि की पत्नी का नाम जिसके गर्भ से सिद्धी नामक पुत्र का जन्म हुआ था।

रू भे.—सरजु, सरजू, सारजू।

सरर-स स्त्री —१ ध्वनि विशेष।

स. पु.—२ जुलाहो द्वारा ताना ठीक करने हेतु लगाई जाने वाली वांस की छडी, सथिया।

सरराज-स. पु. [स] समुद्र, सागर।

उ०—बाजराज अत वेव, करै नटराज तणी कळ। गजा राज घण गरज, गाज सरराज मदग्गळ।—सू. प्र.

सरराटो-स पु—हवा, मनुष्यादि के तेज गति से चलने से उत्पन्न ध्वनि।

सररागो, सररावौ-क्रि अ—वायु के तेज वहने या तीर, गोली,

उ०—जाण्या हम जैमा, कहियै कैसा, कुछीयक मन सरमदा।
—अनुभववाणी

सरम-सं. स्त्री. [फा. शर्म] १ लज्जा, शर्म। (डिं. को)

उ०—१ क्रम कहै अमर नर काया, पुळबा कारिण हुवा पोहौ। मोह बाधिया न जायै मरणि, सरम वाधिया मरै सोहौ।
—सुजाणसिंघ जगन्नाथोत री गीत

उ०—२ रजस्वला नारीह, कथा गोप किण सू कहू। समझी हरि सारीह, सरम मरम री सावरा।—रामनाथ कवियौ

उ०—३ खाड अर घी मागता सरम को आवै नी! घर मैं कमावू तो थारै जैडौ मोल्यौ भरतार है। घी खांड सूं मूणा भरी है।
—फुलवाडी

२ इज्जत, प्रतिष्ठा।

उ०—१ खत्रवट सरम सदा था खोळै, श्री हिंदवाण बचावौ ग्रोलै। समहर मो दळ लियौ समेळा, भीम सह खूमाणा भेळा।
—रा. रू.

उ०—२ जाणी किसौ अजाण, तीन लोक तारण तरण। होवै द्रोपद हाण, सरम धरम री सावरा।—रामनाथ कवियौ

उ०—२ सूर सरम सग्रहै, भरम छडै कमधज्जा। मेळ कियौ मेछ सूं, सूर सामत सकज्जा।—रा. रू

उ०—३ किया सनाह किसन कूभावत, वधै हरख जिण कळह विसावत। आया निजर धणी चै एहा, सामि धरम कुळ सरम सनेहा।—रा. रू.

३ सकोच।

[स. शर्मन्] ४ हर्ष, आनन्द। (डिं को)

५ घर, मकान।

६ सुख।

७ विष्णु।

८ देखो 'स्रम' (रू. भे.)

रू. भे.—सरम्म।

सरमणौ, सरमबौ-क्रि. स.—१ युद्ध करना, झगडा करना।

२ प्रतियोगिता करना।

३ बहस करना।

४ प्रयत्न करना, कोशिश करना।

उ०—पहिलु सरमई धरमह पुत्रो, जेह रहई नवि कोई सत्री। ऊठिउ भीमु गदा फेरतउ, तउ दुरयोधन भिडइ तुरतउ।
—सालिभद्र सूरि

सरमणहार, हारौ (हारी), सरमणियौ—वि०।

सरमिग्रोड़ौ, सरमियोडौ, सरम्योडौ—भू० का० कृ०।

सरमोजणौ सरमीजबौ—कर्म वा०।

सरमधारी-वि.- शर्म को धारण करने वाला, शर्मीला।

उ०—देसपति सभ्रम दमण ऊदम, अगम गम हीदुग्रा ग्रोपम। सरमधारी करण सुधरम, ब्रहम वाचा दानि विक्रम।—ल. पि.

सरमर-स. पु [स. शर्मरः] एक प्रकार का वस्त्र विशेष।

सरमल्ल-स. पु. [सं. शरमल्लः] १ शारिका पक्षी, मैना।

२ तीर चलाने मे दक्ष व्यक्ति, धनुर्धर।

सरमसार-वि. [फा] १ लज्जाशील, लज्जावान।

२ लज्जित, शर्मिन्दा।

सरमांण-सं. पु. [स शरमाण] हिरण्यकशिपु का भतीजा एक सैंहिकेय असुर।

सरमांन—देखो 'मानसरोवर'।

उ०—जाणै हम मलपीयौ, सरमांन मझारा। हाथी जाण क हालीयौ, मद पीध वजारा।—मयाराम दरजी री बात

सरमा-सं. स्त्री. [स] १ देवताओ की एक कुतिया।

२ कुतिया।

३ दक्ष की एक कन्या व कश्यप ऋषी की पत्नी का नाम।

४ विभीषण की एक पत्नी।

स. पु [स. शर्मन्] ब्राह्मणो की एक उपाधि।

सरमाणौ, सरमाबौ-क्रि. अ., स.—१ लज्जित होना, शरमाना।

उ०—साकडै मारगियै सरमाय, घूघटै ग्रोळूडी अटकाय। गई धण सरवरियै री तीर, झुकी झट काळी लट छिटकाय।—साझ

२ सकोच करना।

उ०—ग्रौरा कै पिया परदेस वसत हैं, लिख लिख भेजै पाती। मेरा पिया मेरै निकट बसत है, कहू न सकूं सरमाती।—मीरा

३ खिसियाना।

उ०—मामण भरमाया गुरु गरमाया, सरमाया सिरकदा है। चेली रा चेला अजक अकेला, वेला वास बसदा है।—ऊ का.

४ लज्जित करना, शर्मिन्दा करना।

सरमाणहार, हारौ (हारी), सरमाणियौ—वि०।

सरमायोड़ौ—भू० का० कृ०।

सरमाईजणौ, सरमाईजबौ—भाव वा०, कर्म वा०।

सरमावणौ, सरमाववौ, सरमाहणौ, सरमाह्वौ—रू० भे०।

सरमायोडौ-भू. का कृ—१ शरमाया हुआ, लज्जित हुवा हुआ. २ सकोच किया हुआ. ३ खिसियाया हुआ. ४ शर्मिन्दा किया हुआ, लज्जित किया हुआ।

(स्त्री. सरमायोडी)

सरमाळू, सरमालू-वि.—लज्जा व शर्म रखने वाला।

सरमावणौ, सरमाववौ—देखो 'सरमाणौ, सरमावौ' (रू. भे)

उ०—१ जीमण नै थे निति जावौ, विघवावा घर वारियां। साघ होय मन नह सरमावौ, जग मैं करि करि जारियां।
—ऊ का.

उ०—२ मतवाळौ उठ मोद सू, लप गोदी मे लीन। सरमावै धण सेज मैं, खिन खिन चित व्है खीन।—नारायणसिंह सांदू

क्रि वि —हर समय, सर्वदा, सदैव ।

सरवगध–स. पु. [स. सर्वगंध] १ इलायची ।

२ कपूर ।

३ केशर ।

४ दालचीनी ।

५ अगर ।

६ नागकेसर ।

७ शिलारस ।

८ लौग ।

सरवग–वि.—जिसकी गति सब जगह हो ।

स. पु. [स. सर्वग] १ भीमसेन के एक पुत्र का नाम ।

२ धर्मसावर्णि मनु के एक पुत्र का नाम ।

३ देखो 'सरवग्य' (रू भे)

सरवगति–वि.—जो सब को शरण व आश्रय देता हो, परमेश्वर ।

सरवगळ–स. पु —१ खग्रास ।

वि.—२ पूर्ण रूप से ग्रस्त ।

उ०—मिळै सगरांम सगराम जुध मसळियौ, अजड बळ खान खधार तूटौ । ग्रास भंडार सपतग लै सरवगळ, छोडिया साह महमद छूटौ ।—महाराणा सग्रामसिंह रौ गीत

सरवग्य–वि [स सर्वज्ञ] सर्वज्ञ ।

उ०—१ वाता विसतारै वणै, सठ आगै सरवग्य (सरवज्ञ) । मून ग्रहै छाडै मछर, तीखौ मिळिया तग्य (तज्ञ) ।—बा. दा.

उ०—२ अनइच्छा सोई ब्रम्ह स्वरूपी, सरवग्य सकल पसारा । पाप पुण्य दुख सुख नही दरसै, नही कोई जीतण हारा ।

—साधु जगदीसराम

स पु —१ ईश्वर ।

२ शिव, महादेव ।

३ चौसठ भैरवो के अन्तर्गत एक भैरव ।

४ देवता ।

रू. भे —सरवग ।

सरवग्यता–स स्त्री [स सर्वज्ञता] सर्वज्ञ होने का भाव या अवस्था ।

सरवग्यानी–स. पु. [स. सर्वज्ञानी] सब कुछ जानने वाला, सर्वज्ञाता ।

रू भे.—सरबग्यानी, सरवजाण ।

सरवग्याता–स. पु. [स सर्वज्ञाता] १ सब कुछ जानने वाला, सर्वज्ञाता ।

२ ईश्वर ।

३ शिव, महादेव ।

सरवग्यात्मा–स पु यौ. [स सर्वज्ञ+आत्मा] ईश्वर ।

उ०—नमामी सरवेसा विलख लय सेसाक्षर नमौ । नमी सरवग्यात्मा परम परमात्मा वर नमौ ।—ऊ का.

सरवजांण—देखो 'सरवग्यानी' (रू भे.)

सरवग्रास–स पु [स. सर्वग्रास] वह ग्रहण जिसमे सूर्य या चंद्र मडल पूर्ण रूप से छिप जाता है ।

सरवढिया–स पु.—पवार वश की एक शाखा । (व भा.)

सरवडियौ–स. पु.—पवार वश की सरवढिया शाखा का व्यक्ति ।

सरवड़ौ–वि.—मूसलाधार ।

उ०—१ स्रावण वरसइ सरवड़ै, मयन न खचइ धार । तिणइ तणाउ ताग-विण, स्वामी सि न करि सार ।—मा. का. प्र.

उ०—२ स्रावण वरसइ सरवडै, वडै वडेरै बूद । वपु-पजर माधव गुणै, वेधी करिउ छछूंद ।—मा. का. प्र

सरवचारी–वि. [स. सर्वचारिन्] सब मे विचरण करने वाला या रमने वाला ।

स. पु.—शिव, महादेव ।

सरवचूड–स पु [स. सर्वचूड] महादेव का चूड, चंद्रमा ।

उ०—रच्या राम रा दोय चित्रांम रुडा, वखा सरव एकौ वियौ सरवचूडा ।—मे म.

सरवजित–स. पु. [स. सर्वजित] १. २१ वा संवत्सर का नाम ।

२ कश्यप मुनि के एक पुत्र का नाम ।

सरवण–स पु. [स. शरवण] १ एक वन जहाँ स्कन्ददेव का जन्म हुआ था ।

२ एक प्रकार की घास ।

३ देखो 'स्रवण' (रू भे) (डि. को.)

उ०—१ सोधाखाना वेल सजि, वटा कहार वहाय । कावड सरवण धारि कध, जाणै तीरथ जाय ।—सू. प्र.

उ०—२ सरवण न हुवै हियौ सिळावण, हियौ जळावण कस हुवै । योयं काम कूटीजै थाळी, फळजुग राळी भाग हुवै ।

—हिंगळाजदान कवियौ

उ०—३ सरवणां री और ओपमा न वणसी, सीपमा नू स्वाति वूद मेली छै । जकौ मोती जणसी ।—पना

उ०—४ सरवण नैणि जिह नासिका, सीख करि सैणा सयै । धात हुई निरधात, वात हुई विड हयै ।—सुरजनदास पूनियौ

सरवणति–स स्त्री —वह स्त्री जो अपने सास श्वसुर की खूब सेवा करती हो ।

उ०—म्हारी अै ववडिया सरवणती, आ सासड रै हुकमा मैं हालै ववडिया सरणवती ।—लो. गी

सरवणौ, सरवबौ–क्रि अ [सं. श्रवति] १ टपकना, चूवना ।

(उ. र.)

सुवराडिश्रोडौ, सुवराडियोडौ, सुवराड़चोडौ—भू० का० कृ० ।
सुवराडीजणौ, सुवराडीजवौ—कर्म वा० ।
सुवराडियोडौ—१ देखो 'सुवरायोडौ' (रू भे)
२ देखो 'सवरायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुवराडियोडी)
सुवराणौ, सुवरावौ–क्रि म—१ सुधरवाना, ठीक करवाना ।
२ वालो की कटिंग करवाना ।
३ वालो मे कघी आदि करवाना ।
४ सज्जित करना, सजाना ।
५ दाढी आदि वनवाना ।
६ देखो 'सवराणौ, सवरावौ' (रू भे)
सुवराणहार, हारौ (हारी), सुवराणियौ—वि० ।
सुवरायोडौ—भू० का० कृ० ।
सुवराईजणौ, सुवराईजवौ—कर्म वा० ।
सुवराडणौ, सुवराडवौ, सुवरावणौ, सुवराववौ—रू० भे० ।
सुवरायोड़ौ–भू का कृ—१ सुधरवाया हुआ, ठीक कराया हुआ २ वालो की कटिंग करवाया हुआ. ३ वालो मे कघी करवाया हुआ ४ सजाया हुआ, सज्जित कराया हुआ ५ दाढी आदि वनाया हुआ ६ देखो 'सवरायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुवरायोडी)
सुवरावणौ, सुवराववौ—१ देखो 'सुवराणौ, सुवरावौ' (रू भे)
उ०—परभात रा तुरक री मुहडौ नही देखता। दरवार री सईयत तुरक था तिण री दाढी **सुवरावता** काना मैं मोती घालता।
—पदमसिंह री वात
२ देखो 'सवराणौ, सवरावौ' (रू भे)
सुवरावणहार, हारौ (हारी), सुवरावणियौ—वि० ।
सुवराविश्रोडौ, सुवरावियोडौ, सुवराव्योडौ—भू० का० कृ० ।
सुवरावीजणौ, सुवरावीजवौ—कर्म वा० ।
सुवरावियोडौ—१ देखो 'सुवरायोडौ' (रू भे)
२ देखो 'सवरायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुवरावियोडी)
सुवरियौ—देखो 'सूवर' (रू भे)
उ०—**सुवरियौ** रे हुवैलो जीवडा सहरि फिरैली, ठरडक्य ठरडक्य नास करै।—ऊदीजी नैण
सुवस स पु [स] अच्छा या श्रेष्ठ निवास, आवास ।
वि—१ उत्तम, श्रेष्ठ ।
उ०—आप भलाई आविया, **सुवस** वमावौ देस। जवक ए क्यू जीविया, आसौ, 'किसनौ', महेस।—महाराजा जसवतसिंह री दूहौ
२ सीधा, सरल ।
उ०—म्हारै तौ माता ओहीज डायजौ है म्हनै तौ सुख रै वास परणाजै अरथात ऐडौ **सुवस** होवै किण सूई लडै न भिडै गरीव होवै तो सुख है।—वी स टी
३ सुव्यवस्थित ।
उ०—**सुवस** वमीजै सहर मितारौ, हथणपुरै मैं वेढ हुवै।
—ओपौ आढौ
सुवह–वि—योद्धा, वीर ।
सुवहू–स स्त्री [स सुवधू] पुत्रवधू ।
उ०—वसुदेव पिता सुत थिया वासुदे, प्रद्युमन सुत पित जगतपति। सासू देवकी रामा **सुवहू**, रामा सासू वहू रति।—वेलि
सुवा–क्रि वि—तक, पर्यन्त ।
सुवांणणौ, सुवाणवौ—देखो 'सुवाणौ, सुवावौ' (रू भे)
उ०—दुसमण री फौज गढ घेरियौ तठै गढ रा धणी साकौकर मरण री विचारी तद स्त्री वोहत ममझाय नै **सुवाणिया** कि सुवार रा लडजौ।—वी स टी
सुवाणणहार, हारौ (हारी), सुवाणणियौ—वि० ।
सुवांणिओडौ, सुवाणियोडौ, सुवांण्योडौ—भू० का० कृ० ।
सुवाणीजणौ, सुवाणीजवौ—कर्म वा० ।
सुवांणियोडौ—देखो 'सुवायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुवाणियोडी)
सुवाणी–स स्त्री [स सु+वाणी] १ सरस्वती, शारदा ।
२ श्रेष्ठ व उत्तम वाणी ।
रू भे—सुवाण, सुवाण ।
सुवाणौ–वि (स्त्री सुवाणी) १ सुवक्ता, अच्छा वक्ता ।
२ मधुरभाषी, मृदुभाषी ।
३ देखो 'सुहाणौ' (रू भे)
सुवान–स पु [स श्वान] कुत्ता ।
सुवाई–स स्त्री [स सु+वायु] १ शुद्ध एव शीतल हवा, अच्छी हवा ।
२ सुलाने की क्रिया भाव ।
सुवाक्य–स पु [स] सुन्दर वाक्य ।
वि—सुन्दर वाक्य वोलने वाला, सुवक्ता ।
सुवाग—देखो 'सुहाग' (रू भे)
उ०—१ **सुवाग** रा एक-दो साल ही सोरा नी नीसरै। वाकी तौ सगळी जिंदडी दुखरी इकरजी वरतीजै।—दसदोख
उ०—२ जद वुढली मन मैं हरखाई, हो जौ थारौ, अमर **सुवाग** ववडिया सखणाती।—लो गी
सुवागण—देखो 'सुहागण' (रू भे)
उ०—१ पहली व्रह्म ग्यान, सुरी वन राखडी। पहरि **सुवागण** नारि, झरोखै आवडी।—मीरा
उ०—२ सज सोळै सिणगार, **सुवागण** जळ लै जावै। साझ सवारै व्रढ, हथाई होका लावै।—दसदेव
सुवागत—देखो 'स्वागत' (रू भे)
सुवागथाळ—देखो 'सुहागथाळ (रू भे)

उ०—३ जामे जद मू भेद भावा, कुळ कुळ सवै सुवावणी। समर्फ घर में सीर स्याणा, ताता राखै तासणी।—नारी सईकडी
(स्त्री सुवावणी)

सुवावणी, सुवाववौ—देखो 'सुहाणी, सुहावौ' (रू भे)
उ०—१ छाटी सी पेट, लाडू सा होठ, लोतर वा'री, वरड़ी वोली हाली लुगाई, लोगा नै तीजै घर नीं सुवावै।—दसदोख
उ०—२ मीच वाघ सामणै चलै, कदै तकै ध्रुव तारियौ। कूवै वीच मुह दै वोलै, भली सुवावै वारियौ।—दमदेव
सुवावणहार, हारौ (हारी), सुवावणियौ—वि०।
सुवाविओड़ो, सुवावियोडो, सुवाव्योडो—भू० का० कृ०।
सुवावीजणौ, सुवावीजवौ—कर्म वा०।

सुवावियोड़ौ—देखो 'सुहायोडो' (रू भे)
(स्त्री सुवावियोडी)

सुवास—स. स्त्री [स सु+वास] १ सुगध, महक, खुशवू।
उ०—१ चदण सुवास पखा चमर ग्रत गगाजळ दास करि। छिटकत कत्त राणी छह, पाणी खेल वमत परि।—रा रू
उ०—२ तरै छोकरी भारी भर ल्याई। तरै सोनगरी पूछियौ—पाणी माहे इसडी सुवास इसडो तिरवाळी किण भात पडै छै।
—नैणसी
स पु—२ निवास, आवास, रहवास।
उ०—दळे अग्र अरा मिर ईस दियौ, कयळास मैं जाय सुवास कियौ।—पा प्र
३ घर, मकान, निवास स्थान।
४ डेरा, पडाव।
५ स्थान, जगह।
६ पोशाक, पहरावा, वेशभूषा।
७ अच्छा, पडौस।
८ शिवजी का एक नामान्तर।
९ श्वास, सास
रू भे— सवास, सुवास, सुवासि, सुवासी।

सुवासणी —१ देखो 'सवासणी' (रू भे)
उ०—पोळा मायना हसती वै जेठ तुम्हारा, जी राज हरी-हरी दूब सुवासणी, राज।—लो गी
२ देखो 'सुवासिणी' (रू भे)

सुवासणौ— १ देखो 'सवासणौ' (रू भे)
२ देखो 'सुवासिणौ' (रू भे)

सुवासमद—सं पु—चदन। (अ मा.)

सुवासव—स पु—चदन।
उ०—किरणपत सुवासव वर गिरगत वहा, एतळा थोक देवा अंग्रा। जनमैं माय विसतार दै पयोजित, भाटिया छात दरगाह भेजा।—रावळ अनैराज री गीत

सुवासि—देखो 'सुवास' (रू भे)
उ०— पाटवर पग पावडै सुदर गान सुवासि। मुख निरखै हरखै महल, गायण दासि खवासि।—रा. रू.

सुवासिणी—वि स्त्री —१ खुशवूदार, सुगधित।
२ देखो 'सवासणी' (रू भे)
रू भे—सुवासणी।

सुवासिणौ—वि —१ खुशवूदार, सुगधित।
२ देखो 'सवासणौ' (रू भे)
रू भे—सुवासणौ।

सुवासी—वि [स सुवासिन्] १ किसी अच्छे या भव्य निवास स्थान मे रहने वाला।
२ देखो 'सुवास' (रू भे)

सुवाह—स पु [स] अच्छा घोडा, उत्तम श्रेणी का अश्व।

सुवि—अव्यय—सभी, सव, समस्त।
उ०—चतुर विघ वेद प्रणीत विकित्सा। ससत्र उखध मत्र तंत्र सुवि।—वेलि

सुविख्यात—वि [स] अच्छा, ख्याति प्राप्त, प्रसिद्ध, मशहूर, लव्घ प्रतिष्ठित।

सुविग्य—वि [सं सुविज्ञ] १ पडित, विद्वान।
२ अतिशय, वुद्धिमान, चतुर।

सुविचार—स पु—अच्छा व उत्तम विचार, नेक इरादा।
उ०—१ 'सोनग' आद कमधा सारां। वात सुणै मानी सविचारा।
—रा रू
उ०—२ मिळिया मेज आप रइ समुचइ, वाता रस रहियउ सुविचार। कहइ मती प्रभु रूप प्रगट करि, सिगळउ ही देखइ समार।—महादेव पारवती री वेलि

सुविधा—स स्त्री [स] किसी प्रकार के कार्य से मिलने वाली छूट, रहन-सहन मे किसी वस्तु को उपयोग लेने की छूट, आराम, सुख।
उ०—१ वस आखा ऊमर कैदी वारकर फिर जावै है अर आप आपरी कोटडी री मोरप सुविधा वतावण लाग जावै है।
—दसदोख
उ०—२ जनवासा मैं सुख सुविधा री पूरौ इतजाम हौ। म्हैं स्नान ध्यान सू निपटनै कपडा पलटिया अर थोडी ताळ आराम करण रौ विचार कियौ।—अमरचूनडी

सुविनीत—वि [स] १ विनम्र, वहुत ही नम्र।
२ सुशिक्षित। (पशु)

सुविसाल—वि [स सुविशाल] भव्य एव विशाल।
उ०—चालता सावि पाणी तलाव, ए सहु पुण्य तणउ परभाव तेत्रीस सइ दातना देवाला, वारइ सइ माग न सुविसाला।
—स कु
रू भे—सव्विसाल।

जौ सिरदार जिसौ सुणीयौ थौ, तिण सु सुवाय निजर आयौ ।
—कुवरसी साखला री वारता

सुवार—क्रि वि [स श्व.] १ आने वाला कल, आगामी दिवस ।
उ०—तद सूरेजी कही आज न बाधी तौ सुवार दोय फेरा बाधजौ ।
—सूरै खीवै काधळोत री वात

२ प्रात काल, सवेरा ।
उ०—कुवरजी पधारि अर सुख कियौ । सुवार हुया कूच हुयौ ।
—द वि.

३ देखो 'सवार' (रू भे)
उ०—न क्यु वाना पहरिया, न क्यु घसीया छार । न क्यु केस वधारिया, न क्यु कीया सुवार ।—अनुभववाणी

४ देखो 'सवार' (रू भे)
उ०—तद आ इहा नै मैहल माहै लै जाय अर उडण खटोलणी सुवार अर इतरा वैठा ।—चौबोली
रू भे—सुहार ।

सुवारणौ, सुवारबौ—क्रि स—१ तराशना ।
उ०—विपुल सिलावटिया, सुवारै सिलडा सारा । जाळी जयिया खुणै, वेल, समदर, नद, तारा ।—दसदेव
२ देखो 'सवारणौ, सवारबौ' (रू भे)
उ०—१ च्यारु तौ राव सुवारिया, अडिया है सगळा भाड ।
—लो गी
उ०—२ आज सहेली अगणै, ऊभी अग सुवारि । हरीया साझ'क स्वार मैं, सूती पाव पसारि ।—अनुभववाणी

सुवारथ—देखो 'स्वारथ' (रू भे)
उ०—१ मितराई न दोस्ती, आपौ न प्यार । लोगा नै धका देवै, मोटा-मोटा मै'ल दिखाळै । मुतळव ले'र सुवार करै, लोभ अर सुवारथ मैं मरै ।—दसदोख
उ०—२ विणज वटा धन वौह कीया, आप सुवारथ जानि । निज परमारथ वाहिरौ, आखरि व्हैगी हानि ।—अनुभववाणी

सुवारथी—देखो 'स्वारथी' (रू भे)

सुवारियोडौ—भू का कृ—१ तराशा हुआ ।
२ देखो 'सवारियोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुवारियोडी)

सुवारा, सुवारि, सुवारी, सुवारे, सुवारै—क्रि वि [स श्व] कल ।
उ०—१ झाझरकौ घडी च्यार-री रहै ताहरा जाय कदोई नै वोलाय ल्याया, सीरौ करावज्यौ, परभात महाजन सुवारां ही जिमावा ।—राजा भोज अर खापरा चोर री वात
उ०—२ जै प्रभात म्हारी गोठ छै सो सवार होयजै, सुवारै पधारजै ।—कुवरसी साखला री वारता
—स पु—१ आने वाले कल का दिन, आगामी दिवस ।
उ०—१ जद भीमराजजी कही काकाजी सुवारै तौ खामद्या अरज करौ ।—ठाकुर जेतसी री वारता
उ०—२ तारा रावजी कयौ, 'साणीजी वाणिया तौ गेर रमै है, अठै कद आवै ऊ ? तद माहणी कयौ, 'जी आप सुवारै थाणा आय सभाळज्यौ ।—द दा
२ प्रात.काल ।
उ०—तद सुवारा ही कारीगर नू बुलाय कै कहियौ सो तिण भाति दरिद्र भीत माही दिगइयौ ।—सुदरदास भाटी वीकूपुरी री वारता
रू भे—सुहारे, सुहारै, स्वार, स्वारै ।

सुवाळ—स स्त्री—सुदरवाला, सुवाला ।
उ०—छटा विसाल सालतै छवी घटा छपै नही । दिवाळपै सुवाळ दीपमाळसी दिपै नही ।—ऊ का

सुवाल—देखो 'सवाल' (रू भे)
उ०—१ गार्गी उण वेळा चुप होगी । मिनख रै अभिमान, आड्पणै अर रागडाई रै कारण एक भणीज्योडी, समझदार अर लुगाई नै सुवाल रौ जवाव नी मिल्यौ । उणरै वजाय उणनै धमकाय दी ।—तिरसकू
उ०—२ छोरचा सू तौ उणा रा 'हमवैण्ड' भी कदै ई 'सीरियस' वाता कोनी करै । 'लवरस' रौ तौ 'सीरियस' होवण रौ सुवाल ईज कोनी ।—तिरसकू

सुवालख—देखो 'सवालख' (रू भे)
उ०—मू वेहलिया किण भात रा छै ? थेट काकरेच रा छै, सोरठ रा छै, हालार रा छै, सुवालख रा छै, देस देस रा इकरंग सपेत छै ।
—रा सा स

सुवालखपट्टी—देखो 'सवालखपट्टी' (रू भे)

सुवाव—वि—उत्तम, श्रेष्ठ ।
उ०—रवि तता जळ सीवळा, सिख सतगुर का भाव । हरीया रवि गुर ताप तै, सव गुण होत सुवाव ।—अनुभववाणी

सुवावड—स पु—१ प्रसव के समय खाने के लिये तैयार किया जाने वाले खाद्य पदार्थ विशेष जो वहुत पौष्टिक होते हैं ।
उ०—कोठचा रै मूडै ई सुवावड साधीजी । पैलडा सात दिना एक टक अजमौ अर टक सीरौ । पछै सूठ, लोद अर गूद रा लाडू । विदामा रा लाडू ।—फुलवाडी
२ सन्तानोत्पत्ति से प्रसूतिका स्नान तक का समय ।
रू भे—सवाड, सवावड, सुआड, सुआवड, सुवाड, स्यावड ।

सुवावडी—देखो 'सुवाडी' (रू भे)

सुवावणौ—देखो 'सुहाणौ' (रू भे)
उ०—१ म्हारै आगण आम पिछोकडै मरवौ, औ घर सदा ए सुवावणौ ।—लो गी
उ०—२ म्हारै चानण चौक सुवावणौ, जै मै खेलै भतीजौ नदलाल । आगण मैं ऊभौ केवडौ, जै मैं खेलै भतीजौ नदलाल ।
—लो गी.

सुसधि—स पु [स] एक सूर्यवशी राजा।
रू भे—सधि।

सुस—१ देखो 'ससा' (रू भे)
२ देखो 'सम' (१) (रू भे)
३ देखो 'सूस' (रू भे)
उ०—अभयसिंघजी तो गुजरात रा कजिया पड़े काजियो करता री सुस घालियो नै राजाधिराज जयसिंह सू राजियो किया पछै मारवाड सारै जैसिंह सूभै छै।—मारवाड रा समरावा री वारता

सुसकणौ, सुसकबौ—देखो 'ससकणौ, ससकबौ' (रू भे)
उ०—उणी काहिनै घीस घीस नै नाट वने म्हागिया, नै भ्रातार्ई भीतनै सुसकतौ देख धावा नु रड्यो नाख्यो।
—जगदा सुगणा भाटी री वात

सुसकल्यौ—देखो 'सम' (१) (अल्पा, रू भे)

सुसकार, सुसकारौ—स स्त्री —१ कपडा धोते समय धोबी के मुह से निकलने वाली ध्वनि।
२ ध्वनि, आवाज।
३ देखो 'सिसकारी' (रू भे)
रू भे—सुस्कार, सुस्कारौ।

सुसकियोटी—देखो 'ससकियोटी' (रू भे)
(स्त्री सुसकियोटी)

सुसज्जित—वि [स] १ भली-भाति सजा हुआ।
२ शोभायमान, शोभित।

सुसणौ, सुसबौ—क्रि अ —१ सिकुडना, सकुचित होना।
२ सूखकर कम होना, सोखा जाना।
उ०—स्वामीजी बोल्या—ज्यू निण आह्मण कोरा कल्या में घी चोरायो। सुसजाए तो पिण जाण्यो पाने पड्यो सोही नरी।
—भि द्र

सुसत—स पु—१ सुख-शाति, कुशलता। (अ मा)
उ०—श्री ताठो पाणी पीवै, इण मैं जळ छै। तिण मैं स्यै सु अरोगी तरै जळ पीवो। सुसत जीव मैं हुवो।
—राय रिणमल री वात
२ सत्य, सच। (अ मा)
३ देखो 'सुस्त' (रू भे)

सुसता, सुसताई—स स्त्री [फा सुस्ती] १ शाति, तसल्ली।
उ०—१ सुसता उतावळ नाहि, धीरज धरै मन माहि, सुकोमल साव।—जयवाणी
उ०—२ धीरज सुसताई विचार सारा काम सुधारै। अर उतावळी सू निस्चय सारा काम बिगडै।—नी प्र
२ उदासी, खिन्नता।
३ आलस्य, प्रमाद, सुस्ती।

सुसताणौ, सुसताबौ—देखो 'सुस्ताणौ, सुस्ताबौ' (रू भे)

सुसतापोटी—देखो '[illegible]' (रू भे)
(स्त्री सुसतापोटी)

सुसती—देखो '[illegible]' (रू भे)
उ०—[illegible]
—[illegible]

सुसते, सुसतै—क्रि वि—धीरे, [illegible]।
उ०—[illegible]
—[illegible]

सुसतौ—देखो '[illegible]' (अल्पा, रू भे)
उ०—[illegible]
—[illegible]
(स्त्री सुसती)

सुसद—देखो 'सुसबद' (रू भे)
उ०—[illegible]
—[illegible]

सुसाद—स पु [illegible]

सुसच—स स्त्री [illegible]
उ०—[illegible]
—[illegible]

सुसबद, सुसबद्द—स पु [स सु+शब्द] १ कीर्ति, यश, बडाई।
(अ मा)
उ०—१ [illegible] सुसबद लियो निज [illegible]।
—र ज प्र
उ०—२ [illegible] सुसबद [illegible]।—[illegible]
उ०—३ [illegible] सुसबद्द। [illegible]।—[illegible]
२ श्रेष्ठ एव उत्तम शब्द।
३ मधुर शब्द।
रू भे—सुसद।

सुसमय—स पु.—अच्छा समय, अच्छा अवसर।

सुसमा—स स्त्री [स सुषमा] १ सुन्दरता, शोभा, छवि।
उ०—१ काबुल कानी माय, मतीरा मीठो मेवो। सुधिया नित कसमीर, सुवाणी सुसमा मेवो।—दमदेव
उ०—२ कोमळ वेल कालिया वर्णी सुसमा-सग्रह सुरधरा। कठै

सुविसाला–स स्त्री. [स सुविशाला] कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम ।

सुविहांण–स पु—१ शुभ सवेरा, उत्तम दिन ।

उ०—१ हितू जाण सुविहांण, ग्यान इतकाद ग्राद भ्रत । कियौ विदा ग्रालोभ, सोभ सुख वात घात चित ।—रा रू

उ०—२ ग्राज तौ ग्रडडौ कै सीस डड धारै । ग्राज सुविहांण प्राण ताकै माण मारै ।—रा रू

उ०—३ सूरि जिनोदय उदयउ भाण, स्रीजिनराज नमू सुविहांण । स्रीजिनभद्र सूरीसर भलउ, स्रीजिनचद्र सकल गुण निलउ ।

—स कु

सुविहि–स स्त्री [स सुविधि] ग्रच्छी विधि, सुविधि ।

सुविहित–वि [स] सुव्यवस्थित ।

उ०—मन लागउ रे मोरउ सूत्र थी, एतउ भव वइराग तरग रे । रस राता गुण ग्याता लहइ, परमारथ सुविहित सग रे ।—वि कु

सुवीर–स पु [स] १ स्कन्द का एक नाम ।

२ शिव का एक नामान्तर ।

३ उत्तम व श्रेष्ठ योद्धा ।

४ देखो 'सौवीर' (रू भे)

सुवीरक—देखो 'सौवीरक' (रू भे)

सुवेण–स पु—सुन्दर व मृदु वचन ।

उ०—सुवेण कुवेण लोक ना, खमणा परीसा-मार । राजकुवर सुकमाल छै, करवी न देह री सार ।—जयवाणी

रू भे—सुरवैण ।

सुवेता–स पु [स सवितृ] सूर्य्य, सूरज । (ना मा)

सुवेध–वि—१ पडित, विदग्ध ।

उ०—तेहमाहि सगुण सुवेध सुजाण, करइ सहू को तेह नू वखाण । गभीर गिरुउ नइ गुणवत, वुद्धि पराक्रमी ग्रति वलवत ।

—नळदवदती रास

२ रसिक ।

रू भे—सुवेघ ।

सवेल–स पु—लका के पास का एक पर्वत जिस पर रामचन्द्रजी ने ग्रपनी वानर सेना सहित पडाव डाला था ।

सुवेलडी–स स्त्री—सुन्दर लता, वल्लरी ।

उ०—वीठू वेल सुवेलडी, ऊगी ठाय कुठाय । एक घडी रै कारणै, कुळ वोडत दह माय ।—कुवरसी साखला री वारता

सुवेळा–स स्त्री—ग्रच्छा समय, शुभ वेला ।

सुवेस–स पु [स सुवेश] सुन्दर वेश ।

वि—सुन्दर, स्वरूपवान ।

रू भे—सुवेस ।

सुवै–क्रि वि—तक, पर्यन्त ।

सुवैण–स. स्त्री. [स सुवेणि] १ किसी स्त्री की सुन्दर चोटी, सुन्दर वेणी ।

२ मित्रता, दोस्ती ।

३ देखो 'सुवेण' (रू भे)

सुवैन–स पु—सूरज । (ग्र मा)

सुवोरोग–स पु—सूतिका रोग ।

सुवौ–स पु [स शुक] १ तोता, कीर, सुग्गा, शुक । (ग्र मा)

उ०—१ सिंघ सी कमर । कुच नारगी । नख लाल ममोला । ग्रीवा मोर सी । वोली कोकल सी । ग्रधर प्रवाळी । दात दाडमी-कुळी । नाक सुवा री चाच ।—रा सा स

उ०—२ भोगावती नाम नगरी छै । तेथी रूपसेन राजा राज करै । तीरै विदग्ध चूडामणि नाम सुवौ पीजरा माही रहै । सौ महा पडित छै ।—वैताळ पच्चीसी

२ प्रसवकालीन समय, सूतक ।

उ०—मूठावै खग मूठ, चालै भारत सामहौ । सुवै ज खाधी सूठ, मात भळाही मोतिया ।—रायसिंह सादू

३ देखो 'स्रुवौ' (रू भे)

४ देखो 'सूवौ' (रू भे)

सुव्रख–स पु [स सु+वृक्ष] पीपल का वृक्ष ।

(ग्र मा, ना मा, ह ना. मा)

सुव्रत–स पु [स] १ उत्तम व श्रेष्ठ व्रत ।

उ०—सुव्रत साधु समीपै कारतिक । लीधउ सजम भारजी ।

—स कु.

२ जैनियो के ८८ ग्रहो मे से ७८ वा ग्रह ।

३ जैनियो के भविष्यकाल के ग्यारहवें तीर्थंकर का नाम ।

(स कु)

सुव्रन—देखो 'सुवर्ण' (रू भे)

सुव्रिंद–स पु [स सुर+वृन्द] १ इन्द्र ।

२ देवगण ।

सुव्रीडणौ, सुव्रीड़वौ–क्रि ग्र—लज्जित होना, सकुचित होना ।

सुव्रीडणहार, हारौ (हारी), सुव्रीडणियौ—वि० ।

सुव्रीडिग्रोडौ, सुव्रीडियोडौ, सुव्रीड्योडौ—भू० का० कृ० ।

सुव्रीडीजणौ, सुव्रीडीजवौ—भाव वा० ।

सुव्रीडियोडौ–भू का कृ—लज्जित हुवा हुग्रा, सकुचित हुवा हुग्रा । (स्त्री सुव्रीडियोडी)

सुव्विसाल—देखो 'सुविसाल' (रू भे)

उ०—विसाल भाल सुव्विसाल ग्रद्धचद छज्जिय । रउद्द्थी रिसाइ जाणि एथि ग्राइ रज्जिय ।—ध व ग्र

सुसग–स पु—१ ग्रच्छा सग, उत्तम सगति ।

२ सत्सग ।

सुसगत–वि [स] युक्तियुक्त, उचित, ठीक ।

सुसगति–स स्त्री—ग्रच्छी सगत, सत्सग ।

[स सुशिखा] २ सुन्दर वेणी, चोटी।

[स सुशिष्य्] ३ सुशिष्य।

सुसियोड़ौ–भू का कृ—१ सिकुडा हुआ, सकुचित हुवा हुआ २ सूखा हुआ, सोखा गया हुआ।

(स्त्री सुसियोडी)

सुसियौ—देखो 'सस' (१) (अल्पा, रू भे)

उ०—लूकड खावै वोरिया लिप, **सुसिया** सरणां ओट है। ठाया ठाया टोपली, अर वाकीरा लगोट है।—दसदेव

सुसिर–वि. [स सुशिर] जिसका सिर सुदर हो।

स पु [स सुषिर] १ वेंत।

२ वास।

३ अग्नि।

४ एक प्रकार का वाद्य।

उ०—तत वितत घन **सुसिर** पच वरण्ण वाजित्र वाजइ छद्द।

—का दे प्र

रू भे—सिसर, सुसिर, सुसरि।

सुसिला—देखो 'सुसीळा' (रू भे)

सुसीतळ–वि [स. सु+शीतल] अत्यन्त ठण्डा, शीतल।

सुसीतळताई–स स्त्री—अत्यन्त ठण्डा होने की अवस्था या भाव, शीतलता।

सुसीम–स स्त्री—शरदी, शीत।

उ०—कहिचौ सोलकिया रौ ओज तौ इण समय हिंदुस्थान रा अधकार नू मइद आगळी मजा करि वाधवजणा रा दुक्ख रूप **सुसीम** नै उडावै छै।—व भा

सुसीर–स. पु—चन्द्रमा, चाद। (ना मा)

सुसीळ, सुसील–वि [स सु+शील] १ उत्तम स्वभाव वाला, सज्जन, भला।

उ०—१ **सुसील** सम्य साच्छर, स्रुति प्रमान सोहनै। अभग पुत्ति ओज कै मनोज मूरति मोहनै।—ऊ का

उ०—२ वैजू मुळक्यौ, लीना म्है गळती मार्थं हौ। पे'ली मुलाकात मैं म्हनै पवन नै अडियल अर घमडी समझ्यौ, पण लीना थारी परख माची निकळी। पवन **सुसील**, निस्वारथ अर माहसी है।

—निरमकू

२ उत्तम चरित्र वाला, चरित्रवान, सच्चरित्र।

उ०—जै हुता जगि जाचव, तै हुवा गुर ग्यानी। जै हुता मदा अमोच, हुवा **सुसील** मिनानी।—उदौजी नैण

३ सरल-चित्त, मीधा-मादा, भोला-भाला।

उ०—फूटरी **सुसील** गुणवान किन्यावा नै सुखी वणा'र देस रौ ढाचौ वदळौ।—दमदोम

४ विनीत, नम्र।

सुसीलता–स स्त्री—सुशील होने की अवस्था या भाव, मज्जनता।

सुसीला–स स्त्री [स सुशीला] १ श्रीकृष्ण की आठ पटरानियो मे से एक।

२ यमराज की पत्नी का नाम।

३ सुदामा की पत्नी का नाम।

४ देवी, दुर्गा।

५ एक नदी का नाम।

उ०—देवी कावेरी नापि क्रस्ना कपीला, देवी सोण नतलज्ज भीमा **सुसीला**। देवी गोम गगा देवी वोम गगा, देवी गुप्त गगा सुचीव्प अगा।—देवि

६ राविकाजी की एक अनुचरी का नाम।

सुसुक्षा–स स्त्री—अग्नि, आग।

उ०—स्वक्रोधा **सुसुक्षा** धगधगित दक्षाधिप-सुता। सिलोचै सभूता धजर अवधूता अदमुना।—मे मा

सुसुपत–वि [स सुषुप्त] १ प्रगाढ निद्रा मे सोया हुआ, निद्रित।

२ अचेतन, वेहोश।

३ लकवा मारा हुआ, सुन्न।

सुसुपति, सुसुपती, सुसुप्ति, सुसुप्ती–स स्त्री [स सुषुप्ति] १ गहरी नीद, प्रगाढ निद्रा।

उ०—साधौ भाई आ मत लै कोई नर रे, जाग्रत माय **सुसुप्ती** वरतै निज स्वरूप थित कर रे।—स्रीमुखरामजी महाराज

२ अचेतनता, जडता, अज्ञानता।

उ०—१ मत्वगुण विस्णु भरण न सुपन, सूक्षम जोत न जूप। तमगुण सिव सघार न **सुसुपती**, नही ज्या सुन अनूप।

—स्रीसुखरामजी महाराज

उ०—२ **सुसुप्ती** कास्ठ ज्यू भाया, ज्या माई चेतन अग्नि समाया। सत् सब्द मू काम्ठ मथाणी, ज्या मैं ग्यान अग्नि प्रगटाणी।

—स्रीसुखरामजी महाराज

३ पातजल दर्शन मे सुपुप्ति, चित्त की उस वृत्ति या अनुभूति को माना है, जिममे जीव, नित्य ब्रह्म की प्राप्ति करता है किन्तु जीव को इम वात का ज्ञान नही रहता कि उमने ब्रह्म की प्राप्ति की है।

४ वेदान्त के अनुसार जीव की अज्ञानावस्था।

रू. भे—सुखपत, सुखपति, सुखपती, सुखुपती, सुखुप्ती, सुखोपति।

सुसुमण–स स्त्री [स सुषुम्ण] १ सूर्य की मुख्य किरणो मे से एक।

२ देखो 'सुसुमणा' (रू भे)

सुसुमणा–स स्त्री [स सुषुम्णा] १ शरीर की नौ प्रमुख नाडियो मे से नासिका के मध्य भाग (ब्रह्मरध्र) मे स्थित रहने वाली एक नाडी। (हठयोग व तत्र)

२ देखो 'सुखुमणा' (रू भे)

सुसुरुत–स पु [स सुश्रुत] १ आयुर्वेदीय चिकित्मा शास्त्र के एक प्रसिद्ध आद्याचार्य।

लामी केल कहीजै, गोळ झुड सर मुनवरा ।—दसदेव

२ मद मुस्कराहट, मृदु हास्य ।

[स. सुष्म, सुष्म] ३ अग्नि । (डिं. को)

रू भे —सुखम, सुखमा ।

सुसमाय-वि —सामर्थ्यवान, समर्थ ।

उ०—'राजड' नै 'कुमै' जिमा, मागळिया सुसमाय । रूकहथा 'जसराज' रा, पोरस भीम क पाथ ।—रा रू

सुसमित-स पु [स सुस्मित] १ आनन्द से मुस्कराता हुआ, मुदित ।

उ०—सुसमित सुनमित निज वदन सुव्रीडित । पुडरीकाख थिया प्रसन ।—वेलि

२ प्रस्फुटित, प्रफुल्लित ।

सुसमौ—देखो 'ससमौ' (रू भे)

(स्त्री सुसमी)

सुसर-स पु —१ छप्पय छद का ३६ वा भेद जिसमे ३५ गुरु, ८२ लघु से कुल ११७ वर्ण या १५२ मात्राऐ होती है । (र ज प्र)

२ देखो 'ससुर' (रू भे)

उ०—सुसर इ वळै जवाई सरिसउ, क्यु हेक्र खाटउ जीव कियउ ।
—महादेव पारवती री वेलि

३ देखो 'सुसरि' (रू भे)

उ०—नरनाथ कोडि मथुरा नयर, वाजै सुसर वधामणा । वाजत्र सुतान खट त्रीस वगि, सोभै ग्यान सुहामणा ।—रा रू

४ देखो 'सुसिर' (रू भे)

सुसरनद-स पु [सुसुर=शकर+नदन] हनुमान । (ना मा)

सुसरमा-स पु [स सुशर्मा] त्रिगर्त्त नरेश वृद्धक्षेम का पुत्र जो द्रौपदी स्वयवर मे उपस्थित था, एव महाभारत युद्ध मे कौरव पक्ष मे लडता हुआ अर्जुन द्वारा मारा गया था ।

वि वि —दुर्योधन के कहने पर इसने मत्स्यदेशाधिपति विराट पर उस समय आक्रमण किया था जबकि पाडव लोग विराट के यहा अपने अज्ञातवास की अवधि बिता रहे थे । उक्त युद्ध मे इसने विराट को बन्दी बना लिया था किन्तु अर्जुन, भीमादि ने युद्ध करके पुन छुडवा लिया ।

रू भे —ससरम, ससरमा ।

सुसराळ-स पु [स श्वशुर+आलय] श्वशुर का घर, ससुराल ।

उ०—कुण नगर म्हारो सुसराल मेरी माय, कुण नगर म्हारो पीवरियौ ।—लो गी

सुसरि-स स्त्री [स सु+सरित] १ सुन्दर हार, सुन्दर लडी या माला ।

उ०—काळ मोतिया सुसरि हरि कीरति । कठसरी सरसती किरि ।
—वेलि

[स सुरसरी] २ गगा नदी ।

३ तालाव, सर ।

क्रि वि —१ मधुर एव मीठे स्वर मे ।

उ०—१ वाजै सुसरि राजगढ वाजा । राणी गौड परणियौ राजा ।—रा रू

उ०—२ आणद मोर सुसरि आवाजै । वीणा वम मधुर सुर वाजै ।—आसौ वारहठ

२ देखो 'सुसिर' (रू भे)

३ देखो 'ससुर' (रू भे)

सुसरौ—देखो 'ससुर' (रू भे)

उ०—१ सुदर गोरी ओळू थारी परी रै निवार, चपक चरणी वावोसा री ओळू सुसरौ जी भागसी ।—लो गी

उ०—२ सुसरैजी रै हुकम कवरडो चालै, सासड रै कवराणीजी । सुसरौजी तो पूत सरावै, सासूजी कुळ व्याहीजी ।—लो गी.

उ०—३ 'सवळै' नू सुसरौ करण, 'मिरजै' किया मुकाम । 'आसावत' छळ ऊजळै, वळ भरियौ वरियाम ।—रा रू

सुसलौ, सुसल्यौ—देखो 'सस' (१) (अल्पा, रू भे.)

उ०—एक सुसला रै पाछै दोय छाली नाहर दोड्या । जद सुसळो न्हास नै विल मैं पेस गयौ ।—भि द्र

सुसवट-पु —कीर्ति, यश ।

उ०—घण दळ लिया 'घासी' घण नामी, सुसवट सुवद वदीती साखि । भैरू घड पाडि वाड विधि वैरो, करि भेळा येळा कमळाखि ।—घासीराम हाडा रौ गीत

सुसवद, सुसवाद-स [स सु+स्वाद] स्वादिष्ट, जायकेदार ।

उ०—चोली मइ चरणा चीर मखरा, सुखडा सुसवाद ए । रली रग स्यु लइ जसोभद्रा, जाणइ जेठ प्रसाद ए ।—स कु

सुसात-वि [स सु+शात] अत्यन्त शान्त, स्थिर, गंभीर ।

सुसा—देखो 'ससा' (रू भे)

उ०—१ गुरु गेहि गयौ गुरु चूक जाणि गुरु, नाम लियौ दमघोख नर । हेक वडौ हित हुवै पुरोहित, वरै सुसा सिसुपाळ वर ।
—वेलि

उ०—२ रथ गज त्रिखभ तुरग रय, दन अनमिति सत दाम । सुसा विदा किय नेम सू, पूरण प्रेम प्रकाम ।—रा रू

सुसाध्य-वि [स] जो सहज मे किया जा सके, जो सहज मे पूरा किया जा सके, सुगसाध्य ।

सुसार-स पु —कमल । (अ मा)

सुसाणौ, सुसावौ, सुसावणौ, सुसाववौ-क्रि स ['सुसणौ' क्रिया का प्रे रू] सकुचित करना, सिकोडना, सिकुडाना ।

उ०—भग्यिौ हव्वाहोळ, उवक्र नाळानै आवै । आन-भोमरै मेह, पेटनै भळै सुसावै ।—दसदेव

सुसायोडौ, सुसावियोडौ-भू का कृ —सकुचित किया हुआ, सिकोडा हुआ ।

(स्त्री सुसायोडी, सुसावियोडी)

सुसिख-स स्त्री [स सुशिख] १ अग्नि का एक नाम ।

हुग्रा ४ प्रतीक्षा या इतजार किया हुग्रा. ५ ग्रालस्य या सुस्ती फैलाया हुग्रा ६ नीद लिया हुग्रा ।
(स्त्री सुस्ताग्रोडी)
सुस्तावणी, सुस्तावबौ—देखो 'सुस्ताणी, सुस्तावौ' (रू. भे)
उ०—१ मास **सुस्तावौ** सू एक वात री बुहानौ कर ग्रठै सू विदघा होसां ।—द दा
उ०—२ सामी दीखती प्याऊ मैं थोडी ताळ **सुस्तावण** री मतौ करियौ ।—फुलवाडी
उ०—३ पाणी पावण री कह्यौ तद वा डावडी बोली—थोडी ताळ सुस्तावौ, परसेवौ सूख जावै तौ पछै पावू ।—फुलवाडी
सुस्तावियोडौ—देखो 'सुस्तायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुस्तावियोडी)
सुस्ती—स स्त्री [फा] १ ग्रालस्य, प्रमाद ।
२ शिथिलता, ढीलापन ।
३ दुर्वलता, कमजोरी ।
४ मलिनता, उदासी, खिन्नता ।
५ गति माद्य, दीर्घ सूत्रता ।
६ बुद्धि माद्य ।
७ काम शक्ति का ग्रभाव ।
८ निस्तेजावस्था ।
९ रुग्नावस्था ।
रू भे—सुसती, सुस्ताई ।
सुस्थित—स पु—घोडे का एक ग्रह विशेष, इसके ग्रसित होने पर घोडा वरावर हिनहिनाता रहता है ग्रौर ग्रपने ग्रापको देखता रहता है ।
सुस्याम—वि [स सुश्याम] सुन्दर एव श्याम, श्याम सुन्दर ।
उ०—नमौ पच व्रन्न-पवित्र सुपीत । **सुस्याम** सुनील, सुरत्त, सुसीत ।—ह र
सुस्यौ—देखो 'सस' । (१) (ग्रल्पा, रू भे)
सुस्री—स स्त्री [स सुश्री] १ सुन्दर-शोभा ।
उ०—गौ खीर स्रवति रस धरा उदगिरति, सर पोइणिए थई **सुस्री** । वळी सरद-स्रग लोग वासिए, पितरै ही स्रत लोक प्री ।
—वेलि
२ कुमारी, मिस । (MISS)
सुस्रूसा—स स्त्री [स शुश्रूपा] १ सेवा-चाकरी, टहल-वदगी ।
२ देख-भाल, सभाल, सुरक्षा ।
उ०—ग्रजन न घालै ग्राख, मसी न लगावै दात । **सुस्रूसा** देह तणी ए, वरजी सासन कै धणी ए ।—जयवाणी
सुस्रेय—स पु [स सुश्रेय] १ कुशल-क्षेम । (ह ना मा)
२ यश, प्रशसा ।
सुस्वधा—स स्त्री. [स] कल्याण, मगल, सौभाग्य ।
सुस्वप्न—स पु [स] ग्रच्छा सपना, शुभ सपना ।
सुस्वर—स पु—मधुर व मीठा स्वर, मीठी ग्रावाज ।
वि.—जिसका स्वर मधुर हो, सुरीला ।
सुहगौ—देखो 'सूगौ' (रू भे)
उ०—मुळताणी घर मन वसी, **सुहगा** नइ सेलार । हिरणाखी, हसि नइ कहइ, ग्राणउ हेडि तुखार ।—ढो. मा
(स्त्री सुहगी)
सुह—१ देखो 'सुख' (रू भे)
२ देखो 'सुभ' (रू भे)
उ०—धन धन तै नर धरणीयै, जेहनी सफली जीह । जस कहै पास जिणद नौ, सुह भावै धरमसीह ।—ध. व ग्र
सुहग्गा—देखो 'सुहागण' (रू भे)
उ०—ईसर उठ भग्ग घोमर ग्रग्ग, वै वै पग्ग लग वग्ग । मुठि नारि सुहग्गा मिळियौ मग्गा, दाणव पग्गा रच दग्गा ।—भगतमाळ
सुहड, सुहडौ—देखो 'सुभट' (रू भे)
उ०—१ सौ पडिया दूजा सुहड, ग्रन ऊपडिया खेत । ग्रग नत्रीठा वाजिया, ग्राद 'दुरग्ग' सचेत ।—रा. रू
उ०—२ हीयाफट हठ न करौ हूरा, नर हिंदु छै तुरक नही । बामीवध केमरियै वागै, सूर सुहड़ राठौड सही ।
—हठीसिह राठौड जोगावत री गीत
सुहट—देखो 'सुभट' (रू भे)
सुहटौ—देखो 'सूवौ' (रू भे)
उ०—ईं समय दैत्य दमनी कन्हा सैं **सुहटौ** एक कागद लेयनै जयमाला कन्है ग्रायौ ।—पचदडी री वारता
सुहणौ—देखो 'स्वप्न' (रू भे)
उ०—१ मैं **सुहणौ** इम पाइयौ, हू गयौ इद्र सभाय । तह तू दीठी नाचती, वैठा सुरपती राय ।—पचदडी री वारता
उ०—२ **सुहणा** ही मा ताहरौ ध्यान, वाल्हौ लागै जेम निधान ।
—वि. कु
सुहद्र—स पु.—यम । (ग्र मा)
सुहद्रागिर—स पु [स सुभद्रागिरि] भाद्राजून नामक ग्राम (जोधपुर) के पास की पहाडी, सुभद्रागिरी ।
उ०—ग्रायौ **सुहद्रागिर** ग्रमुर, छायौ खेह निहग । ग्रागै 'भाण' तरस्सियौ, गह केवाण ग्रभग ।—रा रू
सुहाणी—स स्त्री—१ लोहे का नुकीला ग्रौजार विशेप जो वारीक चीजो को पकडने के काम ग्राता है ।
२ देखो 'सुहावणी' (रू भे)
उ०—१ वोलै सीतापत इमडीजी वाणी, सुरनर नागा नै लागै **सुहाणी** ।—र रू
उ०—२ माहरै हिव था धणीयाणी, तु हिज मन माहि **सुहांणी** जिम राजा नै पटराणी ।—वि कु
रू भे—सुणी ।

२ उक्त आचार्य द्वारा रचित आयुर्वेद चिकित्सा का ग्रंथ 'सुश्रुत-संहिता'।

वि—१ अच्छी तरह सुना हुआ।

२ वेद विद्या में निपुण।

३ प्रसिद्ध, मशहूर।

सुसेण-स पु [स सुषेण] १ रामायण के अनुसार एक वानर जो वरुण का पुत्र, वाली का श्वसुर तथा सुग्रीव का वैद्य था।

२ भगवान विष्णु का एक नामान्तर।

सुसेत-वि [स सु+श्वेत] श्वेत एव उज्जवल, शुभ्र, चमकीला।

उ०—मारू देस उपन्निया, ताहका दंत सुसेत। कूंझ-बचा गोरंगिया, खंजर जेहा नेत।—ढो मा

सुसैंधवी-स. स्त्री [स] सिंध देश की अच्छी घोडी।

सुसोभित-वि [स सुशोभित] १ शोभायमान, शोभित।

उ०—भाळ विसाळ सिंदूर सुसोभित, हाल मराल, हमत्ती।
—मे म

२ सुन्दर, मनोहर।

रू भे—ससोभित, सुसोहत, सुसोहित।

सुसोहणौ, सुसोहबौ-क्रि अ—शोभायमान होना, शोभित होना।

उ०—जाहर जस सुसबोह जुत, सुदता कुसम सुसोह। काटा सू मूंडौ कृपण, वप अपजस वद वोह।—बा दा

सुसोहत, सुसोहित—देखो 'सुसोभित' (रू भे)

सुसोहियोडौ-भू का कृ—शोभित या शोभायमान हुवा हुआ। (स्त्री सुसोहियोडी)

सुसौ-स पु—शशक, खरगोश।

उ०—अगरा रिण सुसा वाह रस हास यण, कळदीराव कुळ वैस्य अय कज।—र रू

रू भे—सूसौ, सूसौ।

सुसौभ-स स्त्री [स सुशोभा] शोभा, आभा, कान्ति, छवि।

उ०—नग वधण अग्र सुसौभ नई। थिर मेहरि दामणि जाणि थई।—रा रू

सुस्क-वि [स शुष्क] १ जिसमे किसी प्रकार की नमी न हो, जिसमे तरलता न हो, शुष्क, सूखा।

२ जिसमे कोई रस न हो, नीरस।

३ जिसमे हर्ष, आनन्द आदि की अनुभूति न होती हो, नीरस, विरक्त, उदास।

४ सूना हुआ।

५ कृश, दुबला।

६ झूठा, बनावटी।

७ रीता, खाली।

८ व्यर्थ, निरर्थक।

९ कटु, कर्कश।

१० जीर्ण-शीर्ण, पुराना।

सुस्कार, सुस्कारौ—देखो 'सुसकार' (रू भे)

उ०—आट, भाटा, थळिया, मोया, गावेडी अर वारतू कैईजण, मोसा बोल सुणण अर मस्करी जोग विचै सुस्कार ई नी करण री धारली।—चितराम

सुस्त-वि [फा सुस्त] १ जिसमे तत्परता या स्फूर्ति की कमी हो, आलसी, प्रमादी।

२ दुर्बल, कमजोर, अशक्त, शिथिल।

३ खिन्न, मलिन, उदास।

४ मद गति वाला, धीमा, दीर्घ सूत्री।

५ जिसमे काम-शक्ति कम हो।

६ जिसकी बुद्धि तीव्र न हो, मद-बुद्धि।

७ आभा या कान्ति से रहित, निस्तेज।

८ रोगी।

रू भे—सुसत।

अल्पा,—सुसतौ।

सुस्ताई—देखो 'सुस्ती'।

उ०—जिण काम में विचार सुस्ताई सू काम करै तौ सही मन मानी सुधरै।—नी प्र

सुस्ताणौ, सुस्ताबौ-क्रि स—१ थकावट दूर करने के लिये विश्राम करना, श्रम दूर करना।

उ०—घुडला नै रास्तो रोक्या देख नै म्हैं सोच में पडग्यो। सरवर री पाळ मायै लीना री बाया माय सुस्ताता जिकी घुडला री आवाज सुणी वा साचली कोनी निकळी।—तिरसकू

२ किसी कार्य को करने से कुछ समय के लिए रुकना, ठहरना।

उ०—तद वखत जिहजी कही दिन दोय सुस्तायजै।
— मारवाड रा अमरावा री वारता

३ धैर्य रखना, धीरज धरना।

उ०—मन्त्रीपुत्र कहियौ—महाराजकुमार! चंदण अपणै हाथ मैं लगाया चपेटा मारिया छै तौ री यौ विचार छै—दस दिन चानण पछै मिळस्या, तितरै था सुस्ताय रहौ।—वैताळ पच्चीसी

४ प्रतीक्षा या इतजार करना।

५ आलस्य या सुस्ती फैलाना।

६ नींद लेना।

सुस्ताणहार, हारौ (हारी), सुस्ताणियौ—वि०।

सुस्तायोडौ—भू० का० कृ०।

सुस्ताईजणौ, सुस्ताईजबौ—कर्म वा०।

सुसताणौ, सुसताबौ, सुस्तावणौ, सुस्तावबौ—रू० भे०।

सुस्तायोडौ-भू का कृ—१ थकावट दूर करने के लिये विश्राम [illegible] हुआ, श्रम दूर [illegible] २ किसी [illegible] करने से के लिये रुका [illegible] ३ [illegible] हुआ,

सुहाणी–वि (स्त्री सुहाणी) १ शोभा देने वाला, शोभायमान, शोभित।
२ सुवासित।
३ अच्छा, बढिया।
४ सुन्दर, मनोहर।
५ स्वादिष्ट।
६ सुरुचिकर, मनभावना, प्रिय।
रू भे—सुवाणी, सुवाणौ, सुवावणौ, सुहामणौ, सुहावणौ।

सुहाणौ, सुहावौ–क्रि स—१ अच्छा लगना, मन भाना, रुचिकर लगना, प्रीतिकर लगना।
उ०—१ जवतै मोहि नद नदन द्रस्टि परचौ माई। तवतै परलोक लोक कछु ना सुहाई।—मीरा
उ०—२ सतसूरा री वात, हरीया भावै सूर कु। कायर कु न सुहात, चौर न चाहै चादणौ।—अनुभववाणी
उ०—३ दुनीया भूठै रचणी, माच न पैडे जाय। साई भूठ न रचई, हरीया सचि सुहाय।—अनुभववाणी
२ बरदाश्त होना, सहन होना।
उ०—१ वेटा रा वाप नै ग्रौ सगळौ ठरकौ सुहायौ कोनी। वात वात मैं घणी ई खामिया काढण री ग्रटकळा करी, पण माढिया कसूर मैं नी ग्राया जकौ नी ग्राया।—फुलवाडी
उ०—२ हरीया वचन वमेक का, सवकु कह्या सुणाय। ग्राडा वगतर भरम का, एक न ग्रग सुहाय।—ग्रनुभववाणी
क्रि ग्र.—३ शोभायमान होना, शोभित होना।
उ०—१ दळ फूलि विमळ वन नयण कमळ दळ। कोकिल कठ सुहाइ सर। पापणि पख सवारि नवी परि, भ्रूहा रै भ्रमिया भ्रमर।—वेलि
उ०—२ ग्रतही सुहायौ मेरौ साहिवौ सेरौ प्रम दयाळ। ग्रालिम प्रभूजी रौ लाडिलौ गिरधरलाल गुवाळ।—ग्रालमजी
सुहाणहार, हारौ (हारी), सुहाणियौ—वि०।
सुहायोड़ौ—भू० का० कृ०।
सुहाईजणौ, सुहाईजबौ—भाव वा०।
सउहाणौ, सउहाणौ, सवाणौ, सवाबौ, सुवाणौ, सुवावौ, सुवावणौ, सुवावबौ, सुहामणौ, सुहामबौ, सुहावणौ, सुहावबौ, सूग्राणौ, सूग्राबौ, सोहामणौ, सोहामबौ—रू० भे०।

सुहाय—देखो 'सहाय' (रू भे)
उ०—राखियौ निज पुर राय, सुरराय जेण सुहाय। जग कमण फेरै जाव, कळ ग्रकळ सेर' नवाव।—ग रू

सुहार—देखो 'सुवार' (रू भे)
उ०—१ दुसमणा फौज गढ घेरियौ तठै गढ री धणी साकौ कर मरण री विचारी तद स्त्री बोहत समभायनै सुवारिणया कि सुहार रा लडजौ।—वी स टी
उ०—२ इण सारू उण वीर पुरस री स्त्री नकीव नै कहै रे वैरी दोय घडी तो थू ही जीभ नै जक दै, सुहार होवण री वेळा नकीव वोलण लागौ तिण सू कहै छै।—वी स. टी

सुहारे, सुहारै—देखो 'सुवारै' (रू भे)
उ०—१ तरै ग्रासथान कही—ग्राज ऐ ग्रापा नु गाव माहै दया कर ऊतारै छै, सुहारे उरौ वीजै गाव करसा तरै ग्रापा नै कुण डेरा गाव मैं करण देसी।—नैणसी
उ०—२ मह कुपी ग्राज धरौ महाराज, सुहारै लीजौ वैर नकाज।—गो रू

सुहाली–वि स्त्री—सुन्दर, सुहावनी।

सुहालीसेज–स स्त्री यौ—सुन्दर व सुहावनी शय्या।

सुहावणि, सुहावणी–वि स्त्री—१ सुन्दर, मनोहर।
उ०—१ स्वामी भगति समनेहनि, ग्रति सुकुमाळ सुहावणी। कहै राघव सुलतान सुणी, पहोवी हुइ इसी पदमणी।—प च चौ
उ०—२ जगळ वोर सुहावणि राजै, फिरै नकति री ग्राण। मढ मैं ग्रापूग्राप विराजौ, भळहळ ऊगौ भाण।—राघवदास भादौ
२ जो रुचिकर लगे, मन भावन।
उ०—हिरकणिया ज्यू दमकता नख। मीठी ग्रर सुहावणी वोली।—फुलवाडी
३ शोभायमान, शोभित।
रू भे—सुहाणी।

सुहावणौ—देखो 'सुहाणौ' (रू भे)
उ०—१ जव लागै छै खेत रमणीक सुहावणा।—जयवाणी
उ०—२ काती कत सुहावणौ प्यारी कियौ वणाव।—कुवरसी साखला री वारता
उ०—३ सायण ढोल सुहावणौ, दैणौ मो दाह।—वी. स
(स्त्री सुहावणी)

सुहावणौ, सुहावबौ—देखो 'सुहाणौ, सुहावौ' (रू भे)
उ०—१ मती दीयै ग्रासीस सहु परवार सुहावै। तो ऊमै गढ घणी कमण वळ वीयै कहावै।—ग्र वचनिका
उ०—२ तु धरम तणउ छइ धोरी, माहरउ मन लीधउ चोरी रे। तुझ दीठा विण न सुहावइ, मुझ जीव ग्रसाता पावइ रे।—वि कु
उ०—३ म्हारा भाग कै म्है तौ ग्रठा री सूळा नैई नी सुहावू।—फुलवाडी
उ०—४ ताहरा मूळ-पमाव ग्रापरी रजपूताणी नू कैयौ, 'गोत री गाळ मैस नू सुहावै नही। सु पेथड, म्है जाणा, तोनू नही सुहावै।—तीन राठौड वीरा री वात

सुहावियोड़ौ—देखो 'सुहायोडौ' (रू भे)
(स्त्री सुहावियोडी)

सुहांणौ—देखो 'सुहाणौ' (रू भे)

उ०—हरियळ केरा केरां कमूवल ढाळू ई ढाळू पळकता हा। कित्ता सुहाणा। किता रूपाळा।—फुलवाडी

सुहामणउ, सुहामणौ—देखो 'सुहावणौ' (रू भे)

उ०—१ नरवर देम सुहांमणउ, जइ जावउ पहियाह। मारू तणा संदेसडा, ढोलइनू कहियाह।—ढो मा

उ०—२ फागण मास सुहामणउ, फाग रमइ नव वेस। मौ मन खरउ उमाहियउ, देखण पूगळ देस।—ढो मा

उ०—३ एहिज व्रिक्ष सुहामणा सखी, घणा वली फल फूल।
—वि कु

उ०—४ वित हूत मेटी राय चिंता, वधै चाय वधामणा। दुरदीह चा दुखगया दुरै, सपजि दीह सुहांमणा।—ग रू

(स्त्री मुहामणी)

सुहामणौ, सुहामवौ—देखो 'सुहाणौ, सुहावौ' (रू भे)

सुहा, सुहाग–स पु [स सौभाग्य] १ स्त्री के मधवा रहने की अवस्था, वह समय जब स्त्री का पति जीवित हो, सौभाग्य।

उ०—१ सुहा ताइ विसन ब्रह्म ताइ सुहा, इद्र सुहा आसीस दीयइ। न कहइ सुहा घणू नान्हडियउ, कवळ मजीठउ राव कीयउ।
—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२ कहै वेलि वर लहै कुमारी, परणी पूत सुहाग पति।
—वेलि

उ०—३ कुलीन नारि केकय, आणद मैं अनेकय। सुहाग भाग सू भरी, अनेक राग उच्चरी।—सू प्र

२ स्त्री के शरीर पर का ऐसा पहरावा जो उसके पति के जीवित होने का प्रतीक हो, सौभाग्य चिन्ह।

उ०—१ अवै सुहाग रै इण ओछौ वाहा रै कचुवै (काचळी) सू मोनै बरावरी री स्त्रिया मैं हाथ देखावती नै लाज आवै छै।
—वी स. टी

उ०—२ हू माची रावत जोधार री वेटी हू तौ ए आपरी सुहाग री चूडिया पग पग माथै पछट जमी माथै पटक नै सुहाग आघौ न्हाकूला।—वी स टी

३ पति की आयु।

उ०—१ गनी कौ राज तपतौ जाय, म्हाकौ सुहाग वधतौ जाय।
—लो गी

उ०—२ म्हनै पूरौ भरोसौ है बीरा थारै वाहुवळ री अर इण भरोसा रै पाण इज तौ था मू सुहाग री भीख मागती अमरचूनडी री ओढामणी चावू।—अमरचूनडी

४ पति का ससर्ग, सौभाग्य-सुख, पति का प्रेम।

उ०—पण अणी सौ ठाकुर मया करै सौ या सुहागण। दुजी तीनों सौ मया थोडी। जदी वेटा री माउवा विचार कीधौ सौ ईणी नै ठाकुर सुहाग दीधौ।—गाम रा धणी री वात

५ विवाह के अवसर पर गाये जाने वाले मागलिक गीत।

६ यश, प्रशसा, तारीफ।

रू भे—सवाग सवाग, सुआग, सुभाग, सुवाग, सुहागि।

सुहागण, सुहागणि, सुहागणी–स स्त्री—१ वह स्त्री जिसका पति जीवित हो, सधवा, सुहागन, सौभाग्यवती, जो विधवा न हो।

उ०—१ सूरा खोटौ सूरपण, चूडा अजव उतार। हू वळिहारी कायरा, सदा सुहागण नार।—वी स.

उ०—२ अणी घड कहि, फवै फळ एम। जाळी मझि हत्थ, सुहागणि जेम।—सू. प्र

उ०—३ फागुन फरहरै वात, प्रभात नौ सीत अपार। नाह सु फाग रमैं वहु, राग सुहागणि नारि।—ध. व ग्र

उ०—४ सुरति सुहागन सुदरी, दुलहौ सवद सुजान। सदा सनेही ऊपरै, वारू मन अर प्रान।—अनुभववाणी

२ वह स्त्री जिसे उसका पति विशेष प्रेम करता हो, मानवती, मानेती।

उ०—१ माडण री वेटी सुहागण, सीहै री वेटी दुहागण।
—नैणसी

उ०—२ गरीवनाथ उण डावडा दुहागण रा नू दिया, सु आवा लै डावडी घरै आयी। तरै सुहागण वैर करन है (रे) हुती, तिण रै छोरू वै आवा दीठा।—नैणसी

रू भे—सवागण, सवागण, सुआगण, सुभागण, सुवागण, सुहागिण, सुहागिन, सुहागिनी।

सुहागथाळ–स पु—भोजन परोसा हुआ वह थाल जिसमे कुछ सुहागिनी स्त्रिया नवागतुक वधू के साथ भोजन करती है।

रू भे—सवागथाळ सवागथाल, सुवागथाळ।

सुहागदार-विडलौ, सुहागदार-वीडौ–स पु यौ—दूल्हे के स्वागत के समय वधू-पक्ष की स्त्रियो द्वारा दी जाने वाली पान की गिलोरी।

सुहागवती—देखो 'सौभाग्यवती' (रू भे)

सुहागि—देखो 'सुहाग' (रू भे)

उ०—वेळा तिणि व सुहागि धडहडती घूवा पखइ। तणौ अतेवर ऊठिखी अग्गहु जाणइ आगि।—अ वचनिका

सुहागिण, सुहागिन, सुहागिनी—देखो 'सुहागण' (रू भे)

उ०—१ या मैं एव वदेही पुरखा, डळा पिंगळा राणी। सुखमिण सदा सुहागिण सूदरी, मोख मुगति जाह जाणी।—अनुभववाणी

उ०—२ सौय सुहागिन सूदरी, सुख सागर भरतार। दूजी दुखी दुहागनी, हरीया विन इकतार।—अनुभववाणी

सुहागौ–सं पु—१ एक प्रकार का क्षार, इससे स्वर्ण के आभूषण साफ किये जाते हैं।

उ०—ऐसी प्रीत लगी मन मोहन ज्यू सोनै मैं सुहागा।—मीरा

२ सुन्दर वागा, सुन्दर पौशाक।

रू भे—सुआगौ, सवागौ, सवागौ, सुवागौ, सोहागौ।

सूक-स स्त्री — रिश्वत, घूस

उ०—१ तीन दिना सू साक मिळै तोई, धोवी हियै न धारो रे !
सूक लेर पधरावै सीरी, नहिं नीकौ निरधारो रे ।—ऊ का

उ०—२ राजाजी नैं उपाव सूज्या पछै काई ढील ! राज रा असवारा नैं हुक्म दियौ सो अणगिण मिनखा रा हाथ पुगता माय सू उतार न्हाकिया । धपावू सूक दी फगत उणनै छोड्यौ । —फुलवाड़ी

सूकखोर-वि —रिश्वत लेने वाला, रिश्वतखोर ।

सूकडी—१ देखो 'सुखडी' (रू भे)
२ देखो 'सूक' (अल्पा, रू भे)

सूकेडी-वि —रिश्वतखोर ।

सूखडी-स स्त्री —१ एक प्रकार का प्राचीन कर ।

उ०—सुरताण कुतबदीन नैं पाट सुरताण महमद बैठो । महमद वारै लोका नैं १८ कर लागा । ते कही—१ (प्रथम) लाग । २ (बीजो) पूछी । ३ हळगत । ४ भोम । ५ भेट । ६ तलार । ७ सूखडी । ८ वधामणी लाग । ९ मळबो लाग ।—नैणसी

२ खलिहान से ब्राह्मण, साधू आदि को दिया जाने वाला अनाज । (मेवाड)

३ देखो 'सूकडी' (४)
रू भे—सूकडी ।

सूखलौ-स पु —गेहू या जौ की भूसी जिसे मारवाड मे 'सागलो' कहते है ।

सूगणी—देखो 'सागणी' (रू भे)

उ०—सूखोडौ मूडौ, मैला-मैला गाभा, मावौ जाणै सूगणिया रो माळौ ।—अमरचूनडी

सगा, सगाकलाल-स पु —एक वैश्य जाति जो शराब बनाने व बेचने का व्यवसाय करती थी । (मा म)

सूगी-स स्त्री —१ सूगा जाति की स्त्री ।
वि —२ देखो 'सूगौ' (पु)

उ०—थू खुद जाणै कै म्हारी नेह अर म्हारी प्रीत इत्ती सूगी कोनी ।—फुलवाडी

सूंगीवाडौ-स पु —बाजार मे वस्तुएँ सस्ती होने की अवस्था या भाव, सस्तापन, मदी ।

सूगौ, सूंगौ-वि [स समर्घ] (स्त्री सूगी) १ कम दामो मे प्राप्त होने वाला, सस्ता ।

उ०—सेठ रै जाता ई माल इत्तो सूगौ कर दियौ कै आखा चौवळा री उठै ढूक व्हैगी ।—फुलवाडी

२ महत्वहीन, जिसकी कोई कदर न हो ।

उ०—१ माणस मुरधरिया माणक मम मूगा । कोडी कोडी रा करिया स्रम सूगा ।—ऊ का

उ०—२ सुपियारी मुहगी सदा, नायक थारै नाम । अब सूरजमल आंगणी, रमै न सूगी गाम ।—पा प्र.

३ जो कम खर्च या थोडे से प्रयास से पूरा हो गया हो ।

उ०—ऐडी सूगी व्याव सो उण जमानै मे ई [illegible] निरख्यो । बेटी रो व्याव [illegible] ।—फुलवाडी

४ सहज, आसान, सुलभ ।
रू भे —सूहगौ, सूघौ, सूरगौ ।

सूघ-स स्त्री —[illegible] की क्रिया ।

उ०—[illegible] ।
—अनुभववाणी

सूघणी-स स्त्री —१ नाक से सूघने की नसवार ।
२ देखो सागणी (रू भे)
रू भे —सूघणी, सूघनी ।

सूघणौ, सूघवौ-क्रि स [स जिघ्र] १ नाक द्वारा किसी प्रकार की गध का अनुभव करना ।

उ०—[illegible] ।—[illegible]

२ घ्राण शक्ति द्वारा किसी पूर्व परिचित गध का अनुमान लगाना, अनुभव करना, जानना ।

उ०—१ [illegible] ।—अमरचूनडी

उ०—२ [illegible] सूघती अर [illegible] ।—अमरचूनडी

३ गध लेने के लिये किसी वस्तु का नाक से स्पर्श कराना ।

उ०—१ नाहरा सूंघनै चार पाचेक छीका [illegible] जीव मे जीव आयौ ।—फुलवाडी

उ०—२ ठाकर तमाखू सोनी तो है नही [illegible] है । जद तिण रजपूत चिमठी भरनै सूघी अनै बोल्यौ—ठीक [illegible] है ।—भि द्र

४ ध्यान या तवज्जाह देना, देखना ।

उ०—राड रुपिया री च्यार सेर पक्की मिळती अर गुड नै तो कोई सूघतो ई कोनी ।—अमरचूनडी

सूघणहार, हारौ (हारी), सूघणियौ—वि० ।
सूघिओडौ, सूघियोडौ, सूघ्योडौ—भू० का० कृ० ।
सूघीजणौ, सूघीजबौ—कर्म वा० ।

सूघियोडौ-भू का कृ —१ नाक द्वारा किसी प्रकार की गध का अनुभव किया हुआ २ घ्राण शक्ति द्वारा किसी पूर्व परिचित गध का अनुमान लगाया हुआ, अनुभव किया हुआ ३ गध लेने के लिये किसी वस्तु का नाक से स्पर्श कराया हुआ ४ ध्यान या तवज्जा दिया हुआ ।
(स्त्री सूघियोडी)

सुहावौ-वि —सुन्दर, सुहावना।

उ०—त्रीजै प्रहरै रैणकै, मिळिया तैहातेह। धन नहि धरती हुइ रही, कत सुहावौ मेह।—ढो मा.

सुहासणी—देखो 'सवासणी' (रू भे)

उ०—बाजा वाजै अति भला, वरत्या मगल-माल। सतोखै याचक सुहासणी, हरख्या बाल गोपाल।—जयवाणी

सुहाहीणौ-वि —मूर्ख, नासमझ।

सुहिणइ, सुहिणउ, सुहिणौ-स पु —सपना, स्वप्न।

उ०—१ सहिए फिरि समझावियउ, सुहिणइ दोस न कोइ। सउ जोयण साहिब वसइ, आण मिळावइ तोइ।—ढो मा

उ०—२ जिण दिन ढोलउ आवियउ, तिण अगलूणी रात। मारू सुहिणउ लहि कह्यउ, सखिया सू परभात।—ढो. मा

उ०—३ संसव तनि सुखपति जोवण न जाग्रति, वेस सधि सुहिणा सु वरि। हिव पळपळ चढतौ जि होइसै, प्रथम ग्यान एहवी परि।
—वेलि

वि —प्रिय, वल्लभ, प्यारा।

रू भे —सुहिणौ, सुहीणौ।

सुहित-स पु [स स्वहित] अपना हित, अपना भला, स्वार्थ।

उ०—उत्तम धाम दुवारिका, महिमा सुहित सभारि। लियौ महा सुख एक पख, न्रप परसियौ मुरारि।—रा रू

वि —१ हितैषी, हितु।

२ लाभदायक, शुभ।

उ०—सुभ जोग सकळ नव ग्रह सुहित, इसैइ महूरत ऊधरै। असपती मिळण खडिया 'अभै', जैत हथा जोधाहरै।
—रा रू

३ देखो 'सहित' (रू भे)

रू भे —सुहित्त।

सुहितौ—देखो 'सोहितौ' (रू भे.)

उ०—उणी भाति वौ मास, उणि भाति रौ सुहितौ, उणि भाति रा झरहता सूळा रौ निकुळ कीजै छै।—रा सा स

सुहित्त—देखो 'सुहित' (रू भे)

उ०—राज्येंद्रौ जोग्येंद्रौ सगौ सामरथ नेह एकगौ। लेखै सेव सुहित्त, आसगौ नइव लेखतौ।—रा रू

सुहिद्रा-स स्त्री —सुभद्रा।

उ०—चौरी वैठै चक्रधर वळि सुहिद्रा रौ वीर। वावै ना सवळा विरिद, पुणै कवेसर पीर।—पी ग्र

सुहिलौ-वि —सुलभ।

उ०—कीजै रयण तणौ नित कुळ क्रत, वैरा ऊपरी वत्र अवत्र। जेह्र अहोनिस दुहिला जगम, सुहिला तइया म गिणि सत्र।
—गु रू व

सुहो-सर्व—१ वही, वह।

उ०—सुहो नर 'केहर' वीजळसार, रखी निज पास वडै रिझवार।
—पे रू

२ देखो 'सुखी' (रू भे)

सुहुड़—देखो 'सुभट' (रू भे)

उ०—सोलकी वाघेला सुहुड रोसाला राउत राठउड।
—का दे प्र.

सुहेल-स पु. [अ] यमन देश मे उगने वाला एक प्रसिद्ध चमकीला तारा।

सुहेलु, सुहेलू, सुहेलौ—देखो 'सोहिलौ' (रू भे)

उ०—माल्हतौ घरि आगणै, सखी सुहेलौ काम। जो जाणू पिय माल्हणौ जै मल्है सग्रामि।—हा झा

सुहृत-स पु [स सुहृत्] १ मित्र, दोस्त, सखा।

२ राज्य के सात अगो मे से एक।

सुहृद-वि [स] प्रिय, प्यारा, मित्र। (ह ना मा)

उ०—अणू तै व्याणू तै व्रहदळ विभूतै अति विभू। तुजै ना जानै को सुहृद स्वसु जानै भल अभू।—ऊ. का

सूं-क्रि वि —१ ही।

उ०—वदनारविंद गोविंद वीखियै, आलोचै आपौआप सूं। हिव रुखमणी क्रतारथ हुइस्यै, हुऔ क्रितारथ पहिलौ हू।—वेलि

२ देखो 'सु' (रू भे)

उ०—१ सखी समूह माहि इम स्यामा, सील आवरित लाज सूं।
—वेलि

उ०—२ नरनारी सू क्यू जळइ, नर सूं नारि जळत। साल्हकुवर जोगी कहइ, अहलउ केम मरत।—ढो मा

उ०—३ एक देस वाहणी न आण। सुरसरि समसरि वेलि सूं।
—वेलि

उ०—४ मा रै मूडै औ नाव म्हारै काना डमरत ज्यू लागतौ। हेलौ मारता उणरौ गळौ माखण सू भरचौ ज्यू लखावतौ।
—फुलवाड़ी

उ०—५ धिन आजूणौ दीहडौ, या कहियौ रघुनाथ। धरम निभाहा साम छाळ, माहा सू भाराथ।—रा रू

३ देखो 'स्यू' (रू भे)

सूंई-क्रि वि —से ही।

उ०—१ सेवट तौ वारी कमाई सूंई पार पडैला, किणी रै दियां लिया मू की साधी नी लागै।—फुलवाडी

उ०—२ थू भरोसौ राख। इण सूंई वेमी चावै तौ थनै उणरी फोटू वताय सका। पण ऐन मौका माथै रूबरू देखण री हूर करणी कम अकल री वात है।—अमरचूनडी

वि स्त्री —१ उल्टी का विपर्याय, सीधी, सुलटी।

२ चित्त, सीधी।

३ देखो 'सूई' (रू भे)

पतसाह री, घिरियौ घातै घेर ।—नैणसी

उ०—२ सूडाळ दरगह सावता, वेगाळ रौग वडाळ । किरमाळ वळ रिण ताळ केता जीरणा-जमजाळ ।—नैणसी

वि—जिसके सूड हो, सूड वाला ।

रू भे—सुडार, सुडाळ, सूडाळकौ, सडाळौ, सूडाहळ, सूडाहळौ, सडाहळ, सूडाहळौ, सूड्याळौ, सूडाहळ ।

सूडाहळ, सूडाहळा–स स्त्री—१ हाथी की सूड ।

उ०—१ गजराजा रा भाळ कपोळ सडाहळ वर्णं गाल सिंदूर सू चरचिग्रा ।—रा सा स

उ०—२ भुयग सरस नीसरीग्रा छै । सो तू नै तारई री सगति सू वळता थका द्रौडि द्रौडि नै हाथीग्रारै गीरळ सूडाहळा माहे पेसि पेसि रहीग्रा छै ।—रा सा. स

२ देखो 'सूडाळ' (रू भे)

रू भे—सूडाहळ ।

सूडियौ–स पु—१ एक प्रकार का चरस (मोट) जिसका पानी निकलने का हिस्सा सूड के आकार का बना होता है ।

२ ऐसा कूप जिसका पानी सूडदार चरस द्वारा निकाला जाता हो ।

३ मोठ की फसल मे लगने वाला एक कीडा विशेष जिसका आकार सूड के अनुरूप बना होता है । (शेखावाटी)

३ हाथी, गज ।

४ देखो 'सूडी' (अल्पा, रू भे)

रू भे—सूड्यौ ।

सूंडी–स० स्त्री—१ ऊट के मुख की आकृति ।

२ हाथी, गज ।

उ०—नित नित सूडी नइ गढि आवइ साव दळड गुरताण ।

—का दे प्र

३ नाभि ।

उ०—सगर मान मसतूल ना है, सूडी स्तन वचेळिया । जाव थामलो देवल जिसो, पाव पानडा ओळिया । —नारी नखसिख

रू भे—सुडी ।

सूडीर–स पु [स शुण्डीर] १ हाथी ।

२ हाथी की सूड ।

उ०—भौरा नू बैठा सानहे नही, सूडीर वरा वळाका साहनै रहीग्रा छै ।—रा सा स

सूडौ–स पु—खपचियो का बना हुग्रा टोकरा जो तगारी के स्थान पर अनाज नापने के काम मे लिया जाता है ।

अल्पा,—सूडळौ, सूटलो, सूडियौ ।

सूड्याळौ—देखो 'सूडाळ' (रू भे)

सूड्यौ—१ देखो 'सूडियौ' (रू भे)

२ देखो 'सूडौ' (अल्पा, रू भे)

सूढा–स पु—पवार वश की शाखा ।

सूढि—१ देखो 'सूड' (रू भे)

उ०—[illegible] सूढि [illegible], [illegible] । [illegible] मे [illegible] ।— का. दा. प्र

२ देखो 'सूढी' (रू भे)

सूण—देखो 'सूगन' (रू भे)

उ०—१ [illegible] । [illegible] सून [illegible] ।—कुकवा [illegible]

उ०—२ [illegible] सूण वनाई, [illegible] । [illegible] गाऊ रे [illegible] ।—बो. बी

सूणावणी, सूणावबौ—देखो 'सूगनणी, सूगनबौ' (रू भे)

उ०—[illegible] सूणावीवी । [illegible] ।

—बी दे

सूणावियोडौ—देखो 'सूगनावोडौ' (रू भे)

(स्त्री सूणावियोडी)

सूणी–स स्त्री—१ छोटी [illegible] वस्तुओ या [illegible] आदि को पकडने के काम आती है । (स्वर्णकार)

२ [illegible], सडसी ।

सूणौ, सूवौ—देखो 'सूवणौ, सूवबौ' (रू भे)

सूतणौ, सूतबौ–क्रि स [स सूत्रण] १ [illegible] धार वाले शस्त्र से शरीर का कोई अग काटना, विच्छेद करना ।

उ०—१ कागज [illegible] री गाडी सूत [illegible] पर [illegible] भगवान री नी [illegible] दियौ ।—फुलवाडी

उ०—२ [illegible] री गाडी सूतणा [illegible] तलवार री ई मान घटै ।—फुलवाडी

उ०—३ [illegible] सूत्यौ । पाचणा सू नाळी मोळ [illegible] दियौ ।—फुलवाडी

२ गीली वस्त्र या गीले वस्त्र को मुट्ठी मे दबा भीचकर खीचना । (इससे इसमे से पानी भर जाता है अथवा सुरदरापन या सलवटें मिट जाती है ।)

३ इसी तरह किसी रसदार पदार्थ का रस निकाल लेना ।

४ लाक्षणिक अर्थ मे किसी की ताकत या नरज निकाल लेना, मोटे ताजे को कमजोर दुबला कर देना ।

५ खीचकर एकत्र करना, इकट्ठा करना ।

६ पतग उडाने की डोर पर पके हुए मैदे (लेई) मे पीसा हुआ काच मिलाकर लेपन करना, सूती देना ।

७ किसी पौधे या पेड की टहनी को हाथ या मुह (जानवरो द्वारा) मे पकडकर खीचते हुए उसके समस्त पत्ते, फूल व फल तोड लेना ।

उ०—बाग मे मोज कठैई नी अर इण सागी चोरी री नेम कदैई टळै नी । चोर पान फळ अर फूल सगळा साथै ई सूतै ।

—फुलवाडी

८ उजाड करना, उजाडना ।

सूघौ–वि —१ रोचक वचन कहने वाला ।
२ देखो 'सूगौ' (रू भे)
उ०—घिरत घणौ सूघौ हुवौ, मद मूघौ अणमाप । कह कहनै कितरी कहू, प्रभुता तूझ 'प्रताप' ।—चिमनदान रतनू

सूज, सूझ–स पु —विवाह के समय दहेज के रूप मे तथा प्रथम प्रसव के बाद विदाई के समय कन्या को उसके माता-पिता द्वारा दिया जाने वाला आभूषण, वस्त्र एव अन्य सामान ।
उ०—सझ विसाल अवर जरीय, नख चख सूज सिंगार राज रवन गुरजन अलन, कृत कर लग्न कुआर ।—कूभकरण सादू
रू भे —सौंज ।

सूट–स पु —एक प्रकार का कीडा, कीट ।

सूटी–स स्त्री [स सूत्थिता] नाभि ।
उ०—१ सूरजमल वागरी जेह झाल नै कटारी गळा नीचा सू वाही सूटी आवती रही ।—नैणसी
उ०—२ सु कारी न हिंदुस्तान न खुरासाण माहै सुणी न दीठी । सूटी रै पाखेडि कारी की ।—द वि
रू भे —सूठि, सूठी ।

सूटौ–स पु —वर्षा के साथ चलने वाली तेज हवा जो खडी फसल को आडी पटक देती है तथा पेडो को तोड देती है । (शेखावाटी)

सूंठ–स स्त्री [स शुण्ठी] सूखी अद्रक, सोठ । (अ मा, डि को)
उ०—१ काचा हाडा मैं कुचमाध हुयगी । गूद सूठ अर पीपळामूळ जिसा ओखदा मैं तौ वोतौ मारया पडचौ ही रैणौ चाहीजै ।
—दसदोख
उ०—२ खाड, सूत, सूठ, पीपळामूळ, घीरत मण १ दुगाणी ६।। लागै ।—नैणसी
रू भे —सुठ, सुठि, सुठी ।

सूठि, सूठी—१ देखो 'सूटी' (रू भे)
उ०—१ आगणौ धोय-वाय, पूछ-पाछनै घी हळदी रा सूठी माथै सावता सावता चोपा दिया ।—फुलवाडी
उ०—२ पछै एक सूठी तणौ ऊडो निम्कारौ न्हाकनै राजाजी कैवण लागा—जै इण दुनिया मे सगळा ई मिनख राजा व्हेता तौ कैडी नामी काम वणतौ ।—फुलवाडी
२ देखो 'सूठ' (रू भे)

सूड–स स्त्री [स शुण्डा] १ हाथी की नाक जो हाथी की ऊचाई से जमीन तक लम्बी होती है । खाने पीने आदि क्रियाओ मे हाथी अपनी सूड को हाथ की तरह प्रयोग मे लाता है ।
(डि को)
उ०—वाजता घट विहुवै वळा, ऊरध सूड उछाजता । दाझता क्रोध ज्वाळा दग्या, गज मतवाळा गाजता ।—मे म
२ हाथी की सूड के आकार का मोट का वह भाग जिसमे पानी वाहर आकर मोट को खाली करता है ।
३ हरे रग का एक कीडा, कीट ।
रू भे —सड, सुड, सूडा, सूढि ।

सूडकियौ, सूडक्यौ—देखो 'सूडौ' (अल्पा, रू भे)
उ०—चालौ ए साथणिया अपे, कामडियौ नै जावा । ऐ तौ कामडिया चोखी म्हारी, सूडकियौ गुथाऊ ।—लो गी

सूडडड, सूडदड—देखो 'सूडाडड' (रू भे) (डि को)

सूडधर–स पु [स शुण्ड+धर] १ हाथी, गज । (डि को)
२ गणेश, गजानन ।

सूंडर–स पु —राठौड वश की एक शाखा व इस शाखा का व्यक्ति ।
(वा दा ख्यात)

सूडळौ, सूडलौ—देखो 'सूडौ' (अल्पा, रू भे)
उ०—मालणि आपि मोगरा, तवोळी दिइ पान । सपरि समविउ सूडलै, साहमु आवइ धान ।—मा का प्र

सूडहळ–स पु [स. शुण्डा+धर] हाथी, गज । (डि को)

सूडा–स पु —१ राठौडो की एक उपशाखा ।
२ पवारो की एक शाखा ।
३ देखो 'सूड' (रू भे)

सूडाडड, सूडादड–स पु [स शुण्डादण्ड] १ गणेश, गजानन ।
उ०—सूडादड अहेम राग रीझेस समोसर ।—सू प्र
२ हाथी, गज । (डि ना मा)
उ०—गेंघमैं आराण घाण मथाण नीसाण घोक, मूकै डाण सूडाडड वीछुडै सीवाण । दोवळा विवाण ठहै खडा गरवाण देखै, भडै दखणाण हूत हिंदवाण भाण ।—पहाडखा आढौ
३ हाथी की सूड ।
उ०—दीयै खभू ठाणा मचौळा, अचाळा झाट सूडाडडा ।
—चैनकरण सादू
वि —जिसके सूड हो, सूडधारी ।
रू भे —सुडडड, सुडदड, सुडाटट, सुडाडडू, सुडादड, सूडडड, सूडदड, सूडाडडौ ।

सूडाडडौ—देखो 'सूडाटट' (रू भे)

सूडाळ, सूडाळौ–स पु [स सुण्डार] १ गजानन, गणेश ।
(ह ना मा)
उ०—१ डसण एक सूडाळ, वरदायक रिध सिध-वरण । विद्या वयण विसाळ, आपीजै आखिर उकत ।
— वगसीराम प्रोहित री वात
उ०—२ सूडाळौ लाइक सुग, राम सरीखौ रूप । ब्रह्म सतगुरु हूता वडी, ईसरदास अनूप ।—पी ग्र
उ०—३ सूडाळा दुख भजणा, सदा जो वाळक भेस । सारा पैं'ली सिवरीयै, गौरी पुत्र गणेस ।—जाभौ
२ हाथी, गज । (अ मा, डि को, डि ना मा, ना डि को)
उ०—१ सूडाळा घड सामही, फैरी जेसलमेर । पाछौ दळ

उ०—वडौ दुगमी देम जोधै विलूधौ । सुधै अगद अतरानेर सूधौ ।
—सू प्र

३ देखो 'सीधौ' (रू भे)

उ०—१ सीसी खुलै छै, मोती पडै री सीपरा प्याला मैं । घात हाजर कीजै छै, सूधौ वगला लगायजै छै ।—रा सा स

उ०—२ पछै पोसाख गहणौ पहिरिया, सूधौ चोवौ अतर लगाय कस्तूरी री कठी वणाइ, मेलरा थेगा दै ताडूकनौ ताडूकनौ आयौ ।
—जगदेव पवार री बात

उ०—३ अलायदौ महल करायौ तिण माहे घणा गुण भोग विलास करै । अतर सूधा अरगजा माहे गरकाव रहे ।
—वीरमदे सोनगरा री बात

४ देखो 'सूदौ' (रू भे) (मा म)

उ०—रावळ चाचगदे करमसी रौ, चाचगदे सूधा रै भाखरै देहुरौ चावडजी रौ करायौ, समत १३१२ ।—नैणसी

सूंन—देखो 'सून्य' (रू भे)

उ०—राम कहत राडी भली, नीकी जिनकी भाग । राम विमुख सौ जाणियै, हरीया सून सुहाग ।—अनुभववाणी

सूनउ—देखो 'सूनौ' (रू भे)

उ०—सज्जण चाल्या हे सखी, पाछै पीळी पज्ज । नव पाडा नगर वसई, मौ मन सूनउ अज्ज ।—ढो मा

सूनत, सूनित—देखो 'सुन्नत' (रू भे)

उ०—१ काजी मन का भरम न पाया, तातै सूनत कीन्ही काया ।
—अनुभववाणी

उ०—२ मुला सूनित तै करी, तै कीया विसमल । खलटी गळा कटाय कै क्या कीया वे'कल ।—अनुभववाणी

सूनी—देखो 'सुन्नी' (रू भे)

उ०—खुरसाणी रहमान असूनी, सीदी हवस राफसी सूनी । मीर पाक ऐराक मकाई, तुरक मगुर जसयानी ताई ।—रा रू

सूनौ—देखो 'सूनौ' (रू भे)

सून्य—देखो 'सून्य' (रू भे)

(स्त्री सूनी)

उ०–अग्नि उसण अरु जळ दसरता, जैसे पवन सफदारै । सून्य पोळस भूमि कठोरा, यू जग ब्रह्म कहदा रै ।—स्रीसुखरामजी महाराज

सूप–स स्त्री —सौपने की क्रिया या भाव ।

उ०—क्यू जै जेर दस्त लोक प्रभूरी सूप वादसाह नू छै तौ इणा री पर दाखत यतन रैयत रा करै तौ आराम सू रहै ।—नी प्र

सूपणौ, सूपवौ–क्रि स —१ किसी कार्य का भार, उत्तरदायित्व या जिम्मेदारी किसी के कधो पर डालना, सभलाना, सुपुर्द करना ।

उ०—१ नै सीसोदियौ छाजू, सिवौ चद्रावत, ऐ वडा रजपूत छै, नै वडा भोमिया छै, यानू गाव रौ सासर सूपा तौ ऐ जतन करै ।
—नैणसी

उ०—२ भण्यां गुण्यां नै कला-कारीगरी री किमत सूपै । मोटा ताजा नै टील मारू मराई री गोरखनी भोळावै ।—दसदोख

२ सुपुर्द करना, देना, सभलाना, हस्तान्तरण करना ।

उ०—१ सेठाणी विचाळै ई बोली—जै म्हारै मायै भरोसौ नी हौ तौ म्हनै आ जोखम क्यू सूपी ?—फुलवाडी

उ०—२ गाम री भली-बुरी बाता कीनी अर आपरी टटा री पचायता वैठनी, टट-मूळ पतीजना अर टट रो गामगाळ हिसाब सासर नै सूपीजतौ ।—समस्तूनरी

उ०—३ सोनजी रै हटडै मे कोई दिना सू धमचक बाजै ही । सेर सेर पक्को सोनौ मारी ही एक एक नाहरा नै सूपै हौ ।
—दसदोख

३ भेंट करना, देना, समर्पण करना, न्योछावर करना ।

उ०—१ कोई दूजौ जीव अरोजतौ कै तो थारी ऊमर किणी नै सूप दू । विना अरोजिया म्हे कर तौ काई कर ।—फुलवाडी

उ०—२ देंन अरडायौ—चवाळा अबै ई मान जावै । थानै धन री असूट खजानौ सूपूंला ।—फुलवाडी

४ किसी की देख-रेख मे करना, ध्यान रखने के लिये सौंपना, चौकसी मे रखना या देना ।

उ०—१ जद स्वामीजी तेजाय नै जैमलजी नै सूप्यौ । जद जैमलजी बोल्या—देखौ भीखणजी री बुद्धि । तिणनोंजी नै म्हानै सूपता तीन घर बधावणा हुवा ।—भि द्र

उ०—२ गोव री इण वैटी पढै दो भाया वळै व्हिया । वै उठै ई दादी रै पाखती रैगा । आपरै सूप्योडा टाबरा री आपनै ई जाच कोनी ।—फुलवाडी

५ सिखाना, बताना ।

उ०—इण परमेस्वर रै कारज री कूतौ आक लियौ वेटी ! म्है थनै म्हारौ औ इज ग्यान सूपणौ चावतौ ।—फुलवाडी

सूपणहार, हारौ (हारी), सूपणियौ—वि०

सूपिओडौ, सूपियोडौ, सूप्योडौ—भू० का० कृ० ।

सूपीजणौ, सूपीजवौ—कर्म वा० ।

सपणौ, सपवौ, सापणौ, सापवौ, सुपणौ, सुपवौ, सोपणौ, सोपवौ सौंपणौ, सौपवौ—रू० भे० ।

सूपियोडौ–भू का कृ —१ किसी कार्य की जिम्मेदारी, भार या उत्तरदायित्व किसी के कधो पर डाला हुआ, सभलाया हुआ, सुपुर्द किया हुआ २ सुपुर्द किया हुआ, दिया हुआ, सभलाया हुआ, हस्तातरण किया हुआ ३ भेट किया हुआ, सुपुर्द किया हुआ. ४ किसी की देखरेख मे रखा हुआ, चौकसी मे रखा हुआ ५ सिखाया हुआ, बताया हुआ ।

(स्त्री सूपियोडी)

सूफ–स स्त्री [स शत पुष्पा] १ भारत मे प्राय सर्वत्र पाया जाने वाला पाच या छै फुट ऊचा एक पौधा ।

उ०—राजाजी ई देखियौ कै इण भात वाडी नै **सूतणी** ती चोरा रै वस री वात कोनी । इण मैं ग्रवस की न की रामौ है ।
—फुलवाडी

६ दूसरे के धन या दौलत को धीरे धीरे करके अपने कब्जे मे कर लेना ।

१० पीटना ।

उ०—राज री हाथ माथै रैवैला ई सौ ग्रकडू ग्रर हेकडीवाज हा जिका साळा री ग्रातडिया-ग्रोजरिया काढ न्हाखाला, **सूत** दा ला, पासलिया रा भचका वोलाय दा ला, तिनका कर काढाला, ग्रर गोडा, खुरिणया, पुणछा, हासळिया ग्रर गट्टा ताई उतारता री ग्रारी-वारी हाक दी ।—जहूरखा मेहर

सूतणहार, हारौ, (हारी), सूतणियौ—वि० ।

सूतिग्रोडौ, सूतियोडौ, सूत्योडौ—भू० का० कृ० ।

सूतीजणौ, सूतीजवौ—कर्म वा० ।

सूत्रणौ, सूत्रवौ—रू० भे० ।

सूतियोडौ–भू का कृ—१ तीक्ष्णधार वाले शस्त्र से शरीर का कोई ग्रग काटा हुग्रा, विच्छेद किया हुग्रा २ मुट्ठी मे गाढा भीच कर पानी निकाला हुग्रा, खुरदरापन मिटाया हुग्रा (वस्त्र या रस्सी) ३ रस निकाला हुग्रा, निचोडा हुग्रा (फल, रसदार पदार्थ) ४ ताकत या सत्त्व निकाला हुग्रा, दुवला-पतला किया हुग्रा ५ खीचकर एकत्र किया हुग्रा, इकट्ठा किया हुग्रा ६ पतग की डोर पर लेपन किया हुग्रा ७ फल, फूल व पत्ते तोड कर नगा किया हुग्रा (पौधा, वृक्ष की डाल) ८ उजाडा हुग्रा ९ ग्रपने कब्जे मे किया हुग्रा (धन) ।
(स्त्री सूतियोडी)

सूती–स स्त्री—१ सूतने की क्रिया या भाव ।
२ मुट्ठी मे भीचकर दिया जाने वाला खीचाव, मरोड ।
उ०—चकमक सू वगदौ सिळगाय ग्रणू ता कोड सू पूख सेकिया । **सूती** देय दाणा भाडिया ।—फुलवाडी
३ पतग की डोर पर पके हुऐ मेदे मे पीसा हुग्रा काच मिलाकर किया जाने वाला लेपन ।
४ तीक्ष्ण या पैनी वस्तु की रगड ।
उ०—ऐडी लखावती जाणी काटा री भाटी सू उणरी नसा ग्रर काळजा मैं कोई **सूती** देवै ।—फुलवाडी

सूंत्रणौ, सूत्रवौ—१ देखो 'सूत्रणौ, सूत्रवौ' (रू भे)
उ०—राठोडै रिण **सूत्रियौ**, सू दखणाव दळाह । जोगणपुर री जूवटौ, मार्यं जोधपुराह ।— गु रू व
२ देखो 'सूतणौ, सूतवौ' (रू भे)

सूत्रियोडौ—१ देखो 'सूत्रियोडौ' (रू भे)
२ देखो 'सूतियोडौ' (रू भे)
(स्त्री सूत्रियोडी)

सूथण, सूथणि, सूथणी—देखो 'मूथण' (रू भे)
उ०—१ वेटा भणग्या ग्रगरेजी'र वणग्या किम्टाण, पैरली **सूथण** ग्रर लगाय लियौ तेली रै वळध दाई चसमौ ।—वग्सगाठ
उ०—२ झलै सिर छत्र चमरा हुवै झापटा, हमेसां दोपहर सांझ होता। बत्र री घोख कवि लोग बोलै विरद, जगै जगदब री दोय जोता।—मे. म

उ०—३ दिवस आठ दुरगा तणै, व्है बलिदान हमेस। पूजि दुरद मुरतब पमग, निस अस्टमी नरेस।—सिवबक्स पाल्हावत

३ हर वक्त।

उ०—१ लखीजै असी भाति आकास लागो। भवानी सदा पाण लीधा अभागो। हमेसा रहै सत्रु रो सीस हाथै। मुखे रत्र रोतासळो छत्र माथै।—मे म

उ०—२ हगामा हमेसा बजत त्रिदवेसा नववती। अई इदू अवा जयति जगदबा भगवती।—मे म

४ प्राय अधिकतर।

उ०—१ महळी कुसळ विराणै मूडै, सूक हमेस बाटणो मेस। कजियारो कीजै मुह काळो, कजिया मे नित नवो कळेस।

—वा दा.

उ०—होवण लगी हमेस गोठ अजगैब री। अरज जिकण री गाय फरबला सह करी।—सिवबक्स पाल्हावत

रू भे —हिमेस।

हमै, हमैं, हमो—क्रि. वि.—१ अब।

उ०—१ रेवा सागर अमल मै, आगै ही अरडीग। हमे सिंध सागर हुठी, अपणायो तै सीग।—वा दा.

उ०—२ आया पछै कहण लागो जु—'राज मोनू कूडो कळक दे चोरी रो काढियो थो सो हमै सात कूड रो आसकरण नै पूछै नै नवेडो लीजै।—नैणसी

उ०—३ प्रवाडा किसू हेक जीहा पुणीजै; फरा जोडिया कोडि आदेस कीजै। धजाळी हमै फेर औतार धारघो, वडो काम स्री-जोगमाया बिचारघो।—मे म.

२ इस बार, इस समय।

रू भे.—हिमे, हिमे, हिमै, हिमै।

हम्म—देखो 'हम' (रू भे)

हम्मर—स. पु. [स हय+वर] घोडा।

हम्मांम—देखो 'हमाम' (रू भे)

हम्माल—देखो 'हमाल' (रू भे.)

उ०—ग्रहि अमीरस वेगार, हम्माल जेम हजार। तदि जवहरी हट ताम, जवहार लूटिय जाम।—सू-प्र

हम्मीर—स. पु,—१ प्रसिद्ध रणथम्भोर गढ का एक चौहान राजा जो अलाउद्दीन खिलजी के साथ युद्ध मे सन् १३०० ई० मे मारा गया था।

२ योद्धा, वीर।

३ सम्पूर्ण जाति के सगीत का एक सकर राग।

रू भे.—हमीर।

हम्मीरनट—स. पु.—नट और हम्मीर के योग से बनने वाला एक सकर राग।

हयं, हयद, हय—स. पु. [स. हय] १ अश्व, घोडा।

(अ. मा; डि. नां. मा)

उ०—१ जसोल जवाव, सजत सताब। हिमार हयद, गराज गयद।

—सू. प्र

उ०—२ वनै बगोळ बावनी, हरोळ होय हारमी। हलै हयद हेमतै, सजै गयद सारमी।—ऊ. का

उ०—३ लै भड भिडजा लार हयदा हाकिया। वीर धीर अणवीह सीह उपडाकिया।—सिवबक्स पाल्हावत

उ०—४ झळहळ पाखर मिलह अत्र झाले, हय असवार दोय लख हालै। सीहा तेज पराक्रम सहसै, बरकदाज दोय लख बहसै।

—सू. प्र.

३ तुषित एव साध्य देवो मे से एक।

रू भे.—हयण, है।

अल्पा,—हइयो।

क्रि वि.—हा।

उ०—सोहड सहु भेळा किया, तिण वेळा तिण वार। नर नारी सहु बिल बिनढ, हय हय सरजणहार।—ढो. मा.

हयअगवीन—स. पु. [स हैयङ्गवीनम्] १ मक्खन, नवनीत।

२ घी, घृत। (ह ना मा.)

रू. भे —हईयगवन।

हयग्रीव—सं. पु.—१ विष्णु का एक अवतार। (ना मा)

उ०—तूवळि तूहिज व्यास, पित्य हरि हस मुनितर। जग रात्यो हयग्रीव, ध्रुव तूं आप धनतर।—गजउद्धार

२ एक असुर, जो कश्यप एव दिति के पुत्रो मे से एक था।

३ एक दानव, जो कश्यप एव दनु के पुत्रो मे से एक था।

४ एक असुर, जो नरकासुर का प्रमुख अनुयायी एव उसके राज्य की रक्षा करने वाले प्रमुख असुरो मे से एक था।

५ एक राजा, जिसने क्षात्र धर्मानुसार उत्तम रीति से राज्य कर मुक्ति प्राप्त की।

६ विदेहवश का एक कुलगार राजा।

७ कल्पात में ब्रह्मा की निद्रावस्था मे वेदो को चुराने वाला एक राक्षस।

रू भे —हेग्रिव, हेगीव, हैग्रीव।

हयग्रीवा—स स्त्री —दुर्गा देवी का एक नामान्तर।

हयण—देखो 'हय' (रू. भे.)

हयथट्ट—स पु.—१ अश्व समूह, अश्वदल, अश्वसेना।

२ अश्व सेना।

हयदळ—सं पु [स हय-दल] अश्वदल, अश्वसेना, घुडसेना।

रू. भे. —हईदळ।

हमांमदस्तो-स पु [फा. हावनदस्तः] लोहे की ग्रोखली व मूसल ।
उ०—तथा लोह रा हमांमदस्ता ग्रादि पिण पाडिहारा रात्रि ग्रहस्थ रा थका रहै तिण में दोस नहीं तौ सूई कतरणी छुरी ए पिण ग्रहस्थ रा थका पाडिहारा रात्रि रहै तिण में दोस नहीं ।
—भि द्र

रू. भे.—ग्रमामदस्तो, मामदस्तो, हिमामदस्तो ।

हमाऊ-स. पु—सुरखाव नामक पक्षी, जिसके बारे में किंवदती है कि जिस किसी पर उसकी छाया पड जाय, वह बादशाह बन जाता है ।
उ०—१ हमाऊ रस सारस राजहस, ग्रखै भोर झकार वेपार वस ।
—रा. रू.

उ०—२ हमाऊ परां तोकरा छांह हेकी । न को पार ग्रोतार थारा ग्रनेकी ।—मे म

रू भे—हमायु, हमायू ।

हमाट-स. स्त्री.—ध्वनि विशेष ।

हमात—देखो 'हमायत' (रू भे)

हमायचौ-स पु—एक माप या परिमाण विशेष ।
उ०—सात हमायचा भाग, सात सुराई सराव की, सात सीका जमनाजळ री.. . ... ।—तिमरलिंग पातसाह री वात

हमायत-सर्व—हम, मैं ।
रू. भे.—हमात ।

हमायु, हमायू—१ देखो 'हमाऊ' (रू. भे)
उ०—सिर छाया राज हमायु समपै, सो इक पीढी राज समाज । कर छाया थारी राजा कमधज, रेणव ग्रनत पीढिया राज ।
—सावळदास कवियो

हमार-क्रि वि—ग्रभी, इस समय ।
उ०—भाटियै कह्यौ—टीको काढां ।' तरै देवीदास कह्यौ—टीको हमार हू कोई कढाऊ नहीं ।—नैणसी
रू. भे.—हमारू, हमारू, हिमार, हिमारू, हैमार ।

हमारउ—देखो 'हमारो' (रू. भे)
उ०—बाबहिया डूगर-दहण, छाडि हमारउ गाम । सारी रात पुकारियउ, लइ लइ प्रिउकउ नांम ।—ढो मा

हमारूं, हमारू—देखो 'हमार' (रू. भे.)
उ०—फेर मन मैं ग्रा विचारै छै—कै हमारू वह सू नीचै उतरनै हाथ पकड घरै लै जाऊ ।—पलकदरियाव री वात

हमारो-सर्व [स्त्री. हमारी] हमारा, मेरा ।
उ०—मारू नू ग्रावइ सखी, एह हमारी बुझ्झ । साल्ह कुवर सुहिणइ मिल्यउ, सुदरि सउ घर तुझ्झ ।—ढो मा
रू भे.—हमारउ ।

हमाल-स. पु. [ग्र] १ बोझा ढोने वाला मजदूर, भारवाहक, कुली ।
उ०—१ मल पेह पंठै करै भेस मल्लां, हमाला लखां ग्राणियौ नीठ हल्ला । हरी वाळ चमाट जेही चहोडै, तमासा ज्युही खांचि धानख तोडै ।—सू प्र.
उ०—२ किस्तुरी काळी भली, राती भली गुलाल । राजन तो पतळा भला, जाडा भला हमाल ।—लो गी
२ सभालने वाला, रक्षक ।
रू भे.—हम्माल ।
वि [ग्र.] मदृश, समान ।

हमासत-सर्व—हमारे जैसे ।

हमीणो-सर्व.—हमारा ।

हमीर-स पु—१ भाटी वश की एक शाखा । (बा दा ख्यात)
२ उक्त शाखा का व्यक्ति ।
३ देखो 'हम्मीर' (रू. भे.)

हमीरकोट—देखो 'ग्रमरकोट' ।

हमेल, हमेलवेग-स पु [ग्र. हमाइल] १ बगल मे लटकाने की वस्तु ।
२ छोटा कुरान, जिसे गले मे लटकाया जा सके ।
३ घोडे के गले मे पहनाने का एक ग्राभूषण विशेष ।
४ स्त्रियो के गले में पहनने का एक स्वर्णाभूषण ।
उ०—१ हमेळवेग चद्रहार, सोभयं सकाजय । उडत नेक चद्र ग्रग्र, राज पत राजय ।—सू. प्र.
उ०—२ 'भाऊ' ग्रप सिवराज भूजाळा, हद गजरा गज देवण हार । 'मान' भूप 'वळवत' महाराजा, हुग्रा हमेल ग्रनै चद्रहार ।
—स्वामी गणेसपुरी
उ०—३ रतना' मैं धिठाई प्रगट हुई लाज थी सू भागी, पायल बिछिया मौन कीवी कटि मेखला वागी । छिन मैं छिलिया, हार हमेल हिलिया । छातिया थहरै, केस छूटा छहरै ।—र. हमीर
वि वि—उक्त ग्राभूषण स्वर्ण मोहरो का हार होता है, जिसके बीच मे एक बडी चौकी होती है । इस चौकी में तसवीर भी जडी जाती है ।
रू भे—हुमेल ।

हमेलहार—देखो 'हमेल' (३ व ४)

हमेळो—देखो 'हामेळो' (रू. भे.)
उ०—नैणा दीठा थया हुवै, जै न हमेळौ थाय । पेट पडघा ही धापियै, ऊवै खेत गमाय ।—जलाल बूबना री वात

हमेस, हमेसां-क्रि वि. [फा. हमेश'] १ सदा, सर्वदा ।
उ०—१ ज्या घण बूद तळाव जळ, मिळ पर दियण हमेस । इण सग्रह गुण लेहु उण, सुण 'प्रताप' उपदेस ।—जैतदांन बारहठ
उ०—२ ग्राइदा हमेसां वास्तै पूरा सौ रिपियां रौ महीनौ बाध दियौ ।—फुलवाडी
२ प्रतिदिन, नित्य, रोजाना ।
उ०—१ कुमार कुमारी भेळा बैठ नित हमेसां नी नी छै जैडी मजोगती बातां विचारता रैवता ।—फुलवाडी

स स्त्री. [स. स्मर] १३ उत्कृष्ट आकांक्षा, प्रबल इच्छा।
उ०—साभळि अनुराग थयौ मन स्यामा, वर प्रापति वंछती वर।
हरि गुण भणि ऊगी जिका हर, हर तिण वंदै गवरि हर।
—वेलि
१३ इच्छा, चाह।
उ०—१ जो देसांतर ऊनरै, वाधीजै दळ सग। हर मकोचै गीरजा, तो सीचै 'अवरग'।—रा. रू.
उ०—२ वसुदेव कुमार तणौ मुख वीनै, पुरौ सुणै जण आप पर।
श्री रुखमणि तणौ वर आयौ, हर म करौ अनि राय हर।—वेलि
१५ आशा, उम्मीद।
उ०—समझ मैं नी आई कै वात काई व्ही। सगळा ही म्हारी हर पाल ली दीसै।—फुलवाड़ी
१६ ध्यान।
उ०—तरै मानौ वैठौ छै। अठै साथ घणौ काम आयौ। पैलौ पाचार पाडिया, नै उणै मानै साथ वेढ जीती देख नै नगारौ दीयौ। साथ जुदौ जुदौ फूटौ थौ सु नगारा री हर कर नै नगारा री तरफ गयौ।—राव मालदेव री वात
१७ स्मरण, याद, स्मृति।
उ०—१ ढोला, ढीलों हर किया, मूक्या मनह विसारि। मदेसउ न पठावइ, जीवा किसइ अधारि। —ढो. मा
उ०—२ ढोला, ढीली हर मुझ, दीठउ घणै जरोह। चोळ वरन्नै कप्पडै, सावर धन अरोह। —ढो. मा.
१८ जिद्द, दुराग्रह, हठ।
१९ ऊट पर लदे हुए वोझे का एक तरफ अधिक झुकाव।
२० हरियाली।
अव्यय—१ एक विशेपण प्रत्यय जो यौगिक शब्दो के अन्त मे लगकर निम्न अर्थ प्रकट करता है —१ हरण करने वाला, लूटने वाला, छीनने वाला। २ दूर करने वाला, हटाने वाला। ३ धारण करने वाला।
ज्यू.—धनहर, पापहर, रोगहर, जळहर आदि।
२ प्रत्येक, हर एक, एक-एक, हरेक।
उ०—मासी एक सूटी तणौ ऊडौ निस्कारौ न्हाका नै वोली—वेटी! जुगा-जुगा सू हर लुगाई रै मुडै-अो सवाल भभकै पण आज दिन ताई कुण जवाव दे सक्यो ? —फुलवाड़ी
३ श्वेत, सफेद। * (डि. को.)
क्रि. वि—१ पूर्व कालिक क्रिया सूचक अव्यय शब्द, कर।
उ०—वठै राजा वेटै सूं मिळ हर राजी हुवौ। —चौवोली
२ देखो 'हरि' (रू. भे) (अ मा.)
उ०—हस मायला मूढ रे, कर हर सर विसराम। मर मर घर घर नह फिरै, उर घर गिरधर नाम। —ह. र
३ देखो 'हरौ' (रू. भे)

हरई–स. पु—एक प्रकार का शुभ रग का घोडा (शा. हो.)
हरककण—देखो 'हरकांकण' (रू. भे.)
हरक–वि. [स] १ हरण करने वाला।
२ ले जाने वाला, पहुंचाने वाला।
स. पु.—१ गणित में भाजक।
२ प्रलयकर रूप मे शिव का एक नाम।
३ देखो 'हरम' (रू. भे.)
उ०—१ हात कमाई घाट हरक सू, पतळी गट गट पीणी। घोर रेत सम चेत घमटी, चोर लियोड़ी चीणी। —ऊ. का.
उ०—२ तप तेज परख हिंदू तुरक, सदा हरक मन गज्जणा। कोमळ किसोर तौ ही कमध, दुनि कठोर उर दुज्जणा।—रा रू.
हरकण—देखो 'हरत' (रू. भे.)
उ०—हरकण छाई दिस चिनकारी हरियो, करमण करसणिया किलकारी करियो। झेलण हलवेडर झलकी तन झाई, मरिया टेहर ज्यूं हरिया मन माही।—ऊ. का.
हरकणौ, हरकवौ—देखो 'हरसणौ, हरसवौ' (रू. भे)
उ०—ब्रह्मा विस्णु सिव मनकादिक, हरकत निस दिन ख्याल। सुर नर मुनि सव जोवण आयै, ऐसो ध्यक की ख्याल।
—श्रीहररिामजी महाराज
हरकणहार, हारौ (हारी), हरकणियौ—वि०।
हरकिओड़ौ, हरकियोड़ौ, हरखयोड़ौ—भू० का० कृ०।
हरकीजणौ, हरकीजवौ—भाव वा०।
हरकत, हरकति–स. स्त्री. [अ.] १ गति, चाल।
२ चेष्टा।
उ०—पण कवर री तरफ सू की हरकत नी व्ही। वै तौ मडा री गळाई जुम्मा रै आसरै टिक्योड़ा ऊभा हा।—फुलवाड़ी
३ स्पदन, धडकन।
उ०—कामेती खासा जमेडिया तौ ई की हरकत नी। नाड अर सास जोयौ तौ हमलौ आप रै ठाणै पूगौ हो।—फुलवाड़ी
४ उद्दण्डतापूर्ण कार्य, वदमाशी, शैतानी।
उ०—जसोदा मैया नित सतावै कनैया। वाकी हरकत क्या कहू मैया।—मीरा
५ खुशी, उत्साह।
उ०—सुकरत करता हरकत आवै, तौ ना पछतावौ करियौ।
—जाभोजी
हरकवनोळौ–स. पु [देशज] श्रीमाली ब्राह्मणो मे एक वैवाहिक प्रथा, जिसमे प्रथम कन्या के विवाहोपलक्ष मे कन्या का पिता, लग्न से पहले दिन अपने कुटुंबियो को लपसी, कढी, चावल आदि का भोजन कराता है। (मा. म.)
हरकांकण–स. पु.—महादेवजी का ककण।
उ०—'वखतेस' सळा सिर वेढगरौ, हरकांकण सो 'अमरेस' हरौ।

हयनाळ-स. स्त्री. [स. हय+नाल.] १ घोडो द्वारा खीची जाने वाली या घोडो की पीठ पर रख कर चलाई जाने वाली तोप।

उ०—पिव ग्रभ गजण पैंडसी, हैरें की हयनाळ। घण जीवण वाल्हा थुवै, एण जाव तज ग्राळ। —रैंवतसिंह भाटी

२ घोडो की टाप (क्षुर) मे, सुरक्षार्थ लगाई जाने वाली चन्द्राकार लोहे की पत्ती, खुरताल।

हयमेध—देखो 'ग्रश्वमेध'

हयवर-स. पु. [स] १ श्रेष्ठ घोडा, उत्तम जाति का घोडा।

उ०—१ हयवर गयवर हीमता, गौ महिसी थट्टा। लाछ दु लीधी भूबका, पल्लिग सु घट्टा।—ग्र. व. ग्र.

उ०—२ जीहो-दीधा मेगळ मोतीडा, लाला दीधा हयवर हार। जीहो-दीधा सोनौ सावट्ट, लाला दीधा ग्ररथ भडार।—जयवाणी

२ घोडा, ग्रश्व।

उ०—सवल दान वहुमान करणय कव्वाहि समप्पइ, हेला हयवर कोडि जोडि मगगण थिर थप्पइ।—व. स.

रू. भे.—हइवर, हइमर, हडवर, हईवर, हेवर, हेमर, हैंमर, हैंवर, हैमर, हैराव, हैवर।

ग्रल्पा, —हैमरौ, हैवरौ।

हयसाला-स. पु यौ [स हय+शाला] वह स्थान जहा पर घोडे वाधे जाते हैं, ग्रश्वशाला, घुडशाला।

हयहरि-स पु —पीले रग का घोडा।

हयाणी हयांणीग्रा-स स्त्री. [स. हय+ग्रनीक'] ग्रश्व-सेना, घुडसेना।

हयाणौ-स पु —एक जाति विशेष का घोडा।

उ०—तेजी वरडा गहवरा, तोरणा खुरसाणा मयाणा हयाणा रोहवाला, रूडवाला तोरका, मदकोरा, पीलूग्रा भादिजा ग्रोराहा केकाणा सूनडा सिरखडा महूडा दक्षिणपथा पाणपथा माकडा नीलडा वयाहडा गगाजल मिघूया पाखरा ग्रस्वजातय।—व स

हयाराज-स. पु. [स हयराज] १ वडा घोडा, हयेन्द्र।

२ घोडा। (डिं को)

हया-स स्त्री. [ग्र] १ मान, प्रतिष्ठा, इज्जत।

उ०—स्याळ मौत ग्रावै ज्यू साप्रत, गाव तरफ गडवडिया है। हया गमावण इण हवाल मैं, ऊमर सू ग्रव ग्रडिया है।—ऊ का.

२ शर्म, लज्जा।

३ दया, करुणा।

उ०—१ इसं सगत माणस नै घोखँ रै जाळ मैं लेय'र मारता दया नही ग्राई, पथर हिडदा मैं हया नही वापरी।—दसदोख

उ०—२ तन छीजै जोबन हटै, घटै वयस धन धरम। मदगत पसगत एक-सी, ज्या मैं हया न सरम।—ग्रग्यात

४ भावुकता।

उ०—वाणियै री वेटौ हया दया वा' यौ, हिसाव किताव मैं कामण गारौ।—दसदोख

हयाऊत-म पु.—एक पक्षी विशेष।

हयात-सं. स्त्री. [ग्र.] जीवन, जिन्दगी।

उ०—१ वै महर गुमराह गाफिल, गोस्त खुरदनी। वै दिल बदकार ग्रालम, हयात मुरदनी।—दादूवाणी

उ०—२ जिण भाति वादसाह हयात मू वणी मूरत हाल इण भाति थी।—नी. प्र

हयादार-वि [ग्र हया+फा दार] १ लज्जाशील, शर्मीला।

२ दयावान, करुणाशील।

३ भावुक।

४ मान, प्रतिष्ठा व इज्जत वाला।

हयानन-स पु [सं हय+ग्रानन] विष्णु का एक ग्रवतार, हयग्रीव।

उ०—नमौ मछ स्रग-मडाण मुकद, नमौ काळि रास दइत निकंद। नमौ है-ग्रीव निगम्म सहेत, नमौ खळ मार हयानन खेत।—ह. र.

हय्येक [स स्त्री.] एक ही वात।

उ०—तरै भील माहो-माहे वोल्या, म्हारै डीकरै रपत्रूयै हय्येक दाख्यु छै, व ह्यौ हनौ त्यू हीज ग्रायौ।

—जखड़ा मुखडा भाटी री वात

हर-स पु [स. हर.] १ शिव, महादेव।

(ग्र. मा, डि को; ना मा, ह ना. मा)

उ०—१ ढोला साय घण माणजै, भीणी पासळियाह। कइ लाभै हर पूजिया, हेमाळै गळियाह। —ढो. मा

उ०—२ साभळि ग्रनुराग थयौ मनि स्यांमा, वर प्रापति वछती वर। हरि गुण भणि ऊगनी जिका हर, हर तिण वर्दै गवरि हर।

—वेलि

उ०—३ केहर हायळ घाव कर, कुजर ढिगलौ कीध। हूंमा नग हर नू तुचा, दात किराता दीध। —वा दा.

२ ग्रग्नि, ग्राग।

३ सूर्य, भानु। (ना डिं को)

४ एक दानव जो कश्यप एव दनु के पुत्रो मे से एक था।

५ विभीपण का ग्रमात्य एक ग्रसुर।

६ राम की सेना का एक प्रमुख वानर।

७ गणित में वह सख्या जिसका किसी ग्रन्य सख्या मे भाग दिया जाता है, भाजक-सख्या।

८ छप्पय छद का दसवां भेद जिसमे ६१ गुरु, ३० लघु से ६१ वर्ण तथा १५२ मात्राएँ होती है।

६ तीन दीर्घ वर्ण वाले टगण के प्रथम भेद का नाम।

१० पौत्र, वशज।

उ०—या 'मधकर' हर वजिया, ग्राद विसै ग्रणरेह। ज्या उलटै मेघा रवी, सिद्ध पलट्टै देह।—रा. रू

११ पानी, जल। (ना. डिं. को)

१२ गधा, गर्दभ।

उ०—३ पिउ मैं घणो प्यार, मिळना मन हरखित मिळे। वै हेतु लखवार मिळजो दिन मैं 'मोतिया'।—रायसिंह साहू

हरखीलौ–वि. [स. हर्ष+रा. प्र. ई लो] (स्त्री हरखीली) हर्षित, प्रसन्न।

उ०—हरखीला देवर भाभी नै प्यारा लागोजी देवर म्हारा जी।
—लो गी.

हरख–देखो 'हरस' (रू. भे)

उ०—'जोध' हर्ष आवियो सहर जोध, कर ऊच थान उेरा समोध। 'विजपाळ' सुणे इम माहजीर, धारै हरख मन श्रत सधीर।
—शि सु रू

हरगज, हरगिज–अव्यय [फा. हरगिज] कदापि, कभी भी।

उ०—१ मुनीम दोनू हरामी, इन्याव रा काम करै। हरगज तीन सो नी हकारै।—दसदोख

उ०—२ अधविसवासी मिनख हरेक आदमी री कैयोडी वात नै माची मानण खातर ही बण्यो है। नटणै खातर हरगिज नही।
—दसदोख

हरगिर हरगिरि–स. पु [स हरगिरि] कैलाश पर्वत।

उ०—हरगिर हाथी दात धवळ इण वेळ चिराणी, काळै काज्ळ होड मेघ वठ सीस धराणी। दुग दुग जोवण जोग उणी पुळ गोभा होवै, हळधर कावै जाण सावळी दुपटी सोवै।—मेघ

रू भे—हरगिर।

हरगीता–स स्त्री.—प्रत्येक चरण मे अन्तिम गुरु वर्ण सहित २८ मात्राओ का एक मात्रिक छद। (पि प्र.)

हरगौरीरस–स पु—एक आयुर्वेदिक रसौषधि विशेष।

हरग्गिर—देखो 'हरगिर' (रू भे)

उ०—हय सफ नच्च हरग्गिर खिज्ज। लिखै गुरतार गनो घन विज्ज।—ला. रा.

हरड–देखो 'हरडै' (रू भे)

उ०—हरड बहेडा आवळा, घी सक्कर मैं खाय। हाथी दावै खाव मैं, साठ कोस लै जाय।—अज्ञात

हरडकौ–स पु—१ भैस के दौडने की क्रिया।

२ दौडते समय भैस के मुख से होने वाली आवाज।

हरडाट, हरडाटौ–स पु.—१ तेज वायु आंधी, बरसात या किसी के अत्यन्त तीव्र गति से चलने, होने या गिरने से होने वाली आवाज।

उ०—१ अपटा घी पीयोडा घोडा ईं बीचली छेनी पूरता हरडाट दौडता जावै हा।—फुलवाडी

उ०—२ अणचीत्यौ हरडाटौ सुण्यो तो दोनू जणिया वारै आई।
—फुलवाडी

उ०—३ चारेक खेतवा ताई तो मामूली छाटा-छिडका व्हिया पण पछै तो हरडाट माचग्यो।—फुलवाडी

रू भे.—हरराट।

हरडी, हरड़ै–स. स्त्री. [स हरीतकी] १ एक पेड़ विशेष जिसके पत्ते महुए के पत्तों की तरह चौड़े होते हैं।

(अ मा; ना मा, ह. ना मा.)

२ उक्त पेड़ का फल जो औषध मे काम आता है।

उ०—हरड़ै बहेडा आवळा, चौथी नीम गिलोय। मूट ऊंट कर धर लै बैठा, राम करै सो होय।—अज्ञात

३ शक्ति, सामर्थ्य, औकात।

४ गुदेन्द्रिय का भीतरी मांसल भाग।

उ०—बेटी रो ब्याव मांडणो री हरडै टाट दै।—फुलवाडी

मुहा—हरडै काढणी=शक्तिहीन करना, बर्बाद करना।

रू भे—हरड, हरड, हरडी, हरडू।

हरडौ–स. पु—रग विशेष का घोडा।

उ०—कै नीला कै काणडा, कल्डा हरडा केक। मुसकी कुहरा मेटिया, दगटा तुरग अनेक।—पे रू

हरचद–अव्यय [फा] १ कितना ही, कितना भी।

२ यद्यपि, अगरचे।

३ जितना कुछ, जिस कदर।

४ देखो 'हरिस्चद्र' (रू भे)

उ०—१ सत हरचद समान, प्रगट दरियाव अचपपण। सुर तर ग्राम सपूर, जाण पारस सेवक जण।—र. ज प्र.

उ०—२ देवी दान रै रूप बळराव दीधी, देवी सत रै रूप हरचद सीधी। देवी रठु रै रूप दसकध रूठी, देवी नीत रै रूप सौमित्र मूठी।—देवि

हरचदर—देखो 'हरिस्चद्र' (रू. भे.)

हरचदवारा–स पु—१ राजा हरिश्चन्द्र का शासन काल।

२ आनन्द का समय।

रू. भे.—वाराहरचद।

हरचदि—देखो 'हरिस्चद्र' (रू. भे.)

उ०—इव नद घरि जल वहिउ हरचदिइ। भालडी मरण लाघ मुकुदिइ।—सालिसूरि

हरचदोत–स पु—राठौड वश की एक उप शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

हरचनण—देखो 'हरिचदन' (रू. भे)

हरज–स पु [अ] १ हानि, नुकसान।

२ उपद्रव, गडबड।

३ अडचन, बाधा, रुकावट।

४ आपत्ति, विरोध, ऐतराज।

रू भे.—हरज्ज।

अल्पा.—हरजौ।

हरजक्ष—देखो 'हरिजख' (रू भे)

हरजट–वि—पीला, पीत। ✱ (डि. को.)

सग 'राम' 'हर्ष' जैमिघ सही, गजरूप सफै रिम टेक ग्रही ।
—रा. रू.

रू. भे —हरककण ।

हरकाईचद्रा-म स्त्री —एक प्रकार की ओपधि विशेप।

हरकारौ—देखो 'हलकारौ' (रू. भे)

उ०—अेक दिन राजा री हरकारौ कागद लेय ठिकाणा मैं आयो ।
—फुलवाडी

हरकियोड़ौ—देखो 'हरसियोडौ' (रू. भे)
(स्त्री हरकियोड़ी)

हरक्क, हरक्ख—देखो 'हरस' (रू भे.)

हरक्खणौ, हरक्खवौ—देखो 'हरसणौ, हरसवौ' (रू. भे)

उ०—सुरा गुर पूर भिलै अगि सार, तजै असि भोमि वढै तिण-वार। हरक्खि कटंज घरै रभ हार, अत्रावळि पाय रळत अपार।
—सू प्र.

हरक्खणहार, हारौ (हारी), हरक्खणियौ—वि० ।
हरक्खिओडौ, हरक्खियोडौ हरक्ख्योडौ—भू० का० कृ० ।
हरक्खीजणौ, हरक्खीजवौ—भाव वा० ।

हरक्खियोड़ौ—देखो 'हरसियोडौ' (रू. भे.)
(स्त्री हरक्खियोडी)

हरख—देखो 'हरस' (रू भे)

उ०—१ सो आधी रात तांई तौ हरख खुमहाळी रही।
—सूरै खींवै काधलोत री वात

उ०—२ कुमाए मता लै घरै आया छै। अठै घणा हरख सू रहै छै।—पचमार री वात

उ०—३ मा रै हिवडै हरख रौ सरवर हिबोळा खावण लागौ ।
—फुलवाडी

हरखण—देखो 'हरसण' (रू. भे)

हरखणौ, हरखवौ—देखो 'हरसणौ, हरसवौ' (रू भे.)

उ०—१ राजा राणी हरखिया, हरख्यउ नगर अपार। साल्ह कुवर पध्धारियउ हरखी मारू नार।—ढो मा

उ० - २ हिंदमथान हरखियौ ताम दहलै तुरकाणौ। जगत सरव जाणियौ, जोध लेसो जोधाणौ।—सू प्र.

उ०—३ वधू वध्या ध्यावै हुलर हुलरावै हरखती। अई इदू अबा जयत्ति जगदवा भगवती।—मे म.

उ०—४ हरखिउ अरजुनु जारथि चडिउ दाणव घरि वुवाखु पडिउ।
—सालिभद्र सूरि

उ०—५ नयणे करि निरखौ जी, हियडै वलि हरखौ। सत्रुजय सरीखौ जी, पुहवि न को परखौ।—घ व. ग्र.

उ०—६ ताळ्या दै तिण वार हरखि हुलसै हसै। केकी ज्या छद करै केक गरदन कसै।—सिवबक्स पाल्हावत

हरखणहार, हारौ (हारी), हरखणियौ—वि० ।
हरखिओडौ, हरखियोडौ, हरख्योडौ—भू० का० कृ० ।
हरखीजणौ, हरखीजवौ—भाव वा० ।

हरखत—१ देखो 'हरसित' (रू. भे)
२ देखो हरकत' (रू भे)

हरखमाण-वि. [सं. हर्षमान] हर्षित, प्रसन्न, खुश, हर्षायमान ।
(डिं. को.)

हरखवंत-वि —प्रसन्न, हर्षित ।

उ०—कुवर रै कुंवर हुवौ। वडो हरख हुवौ। नानाणै सहर वधाई गई। तद राजा हरखवंत होय घोडौ अेक, सिरपाव, कडा-मोती, रिपिया हजार दोय देनै विदा किया।—पलक दरियाव री वात

हरखा-स स्त्री. - राठोडो की एक उप शाखा ।

हरखाडणौ, हरखाडवौ—देखो 'हरमाणौ, हरसावौ' (रू भे.)

हरखाडणहार, हारौ (हारी), हरखाडणियौ—वि० ।
हरखाड़िओड़ौ, हरखाड़ियोडौ, हरखाड़्योडौ—भू० का० कृ० ।
हरखाड़ीजणौ, हरखाडीजवौ—कर्म वा० ।

हरखाड़ियोडौ—देखो 'हरसायोडौ' (रू भे)
(स्त्री हरखाडियोडी)

हरखाणौ, हरखावौ —देखो 'हरसाणौ, हरसावौ' (रू. भे)

उ०—१ मात पिता मैं दोमण मोटौ, प्रथम मिल्या सुख पाई नै। नग दोना मिळ ओ निपजायौ, हिया फूट हरखाई नै।—ऊ का

उ०—२ परस्पर दपति सपति पाय, हिकोहिक भेट करै हरखाय।
—मे म.

हरखाणहार, हारौ (हारी), हरखाणियौ—वि० ।
हरखायोडौ—भू० का० कृ० ।
हरखाईजणौ, हरखाईजवौ—कर्म वा० ।

हरखायोडौ—देखो 'हरमायोडौ' (रू भे)
(स्त्री हरखायोडी)

हरखावणौ, हरखाववौ—देखो 'हरसाणौ, हरसावौ' (रू भे)

उ०—ओय वावडी पागोडा थिर नीलम जडिया, रतन-नाळ जुत हेम-कवळ जळ फूटर भरिया। तिरती हसा डार कचोळै मन हरखावै, पानासर की याद पेखिया तोय न लावै।—मेघ

हरखावणहार, हारौ (हारी), हरखावणियौ—वि० ।
हरखाविओडौ, हरखावियोड़ौ, हरखाव्योडौ—भू० का० कृ० ।
हरखावीजणौ हरखावीजवौ—कर्म वा० ।

हरखावियोडौ – देखो 'हरसायोडौ' (रू. भे.)
(स्त्री. हरखावियोडी)

हरखित—देखो 'हरसित' (रू भे)

उ०—१ इतरी वात सुणै राणी खुसी हुई। वहुत हरखित हुई छै। कितरै हेकै दिनै पुत्र हुवा।—नैणसी

उ०—२ हरण हुवा जिण जग होय, हरखित चाह वेद चियार। तत पच कर खट तरक तै, दरियाव सात उदार।—र ज. प्र

उ०—३ भीर परी पहलाद उबारै, हरणाकस हिणताज ।
—अनुभववाणी

हरणाक्ष, हरणाक्ष्य, हरणाख—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू. भे.)

उ०—वळ थियौ दित हरणाक्ष्य अप्रबळ, तेज मीहर धर रसातळ ताम ।—र. ज. प्र

हरणाखी—देखो 'हरिणाक्षी' (रू. भे.)

उ०—काछौ करह विथूंभिया, घडियउ जोइण जाइ । हरणाखी जउ हसि कहइ, आणिसि एथि विसाइ ।—ढो. मा.

हरणाट-स स्त्री —१ नगाडे की ध्वनि ।

उ०—घूघरा तणा झरणाट हुय धमाधम, वेण रा तत्र तरणाट वाजै । नकीवा वोल हरणाट हुय नोवता, गयण धर सवद गरणाट गाजै ।—खेतसी वारहठ

२ ध्वनि विशेष ।

३ देखो 'हिणहिणाट' (रू. भे)

हरणामछ-स पु —१ एक रंग विशेष का घोडा । (शा हो)

२ एक प्रकार का घोडा ।

उ०—हरणामछ वागळ वोदलीया हद, भुतडीया मलीया भलीया ।
वादरदान दधवाडियौ

हरणायख—१ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू. भे)

उ०—हरणकस्यप हैमुख हरणायख, खाधा कै फिर खासी । तोपण भूख न गी तिण तावौ, वावौ खाय उवासी ।—र. ज. प्र

२ देखो 'हिरणकस्यप' ।

हरणी-वि स्त्री.—१ हरण करने वाली ।

२ देखो 'हरिणी' (रू. भे)

हरणीमन-वि स्त्री.—१ मन को लुभाने वाली, सुन्दर, आकर्षक ।

२ देखो 'मनहरण' (रू भे)

हरणौ-वि. [स. हर] (स्त्री हरणी) १ हरण करने वाला, चुराने वाला ।

२ छीनने वाला, लूटने वाला ।

३ मिटाने वाला, दूर करने वाला, हटाने वाला ।

४ नष्ट करने वाला ।

५ खीचने वाला ।

६ आकृष्ट करने वाला ।

हरणौ, हरबौ-क्रि. स [स. हरण] १ दूसरे की वस्तु को उसकी इच्छा के विपरीत या उसकी जानकारी के विना, अपने अधिकार मे कर लेना या ले लेना, छीनना, लूटना, चोरी करना ।

२ हटाना, दूर करना, मिटाना । (उ. र)

उ०—छेदण दैत भूत छळ छेहा, पीडा कसट रोग दळ पाण । विघना हरै साद मुण वहली, देसणोक हुदी दीवाण ।—दोनौ

३ किसी को वल पूर्वक, चोरी से, धोखे से या फुसला कर, उडा ले जाना तथा ले जाकर छुपा देना, अपहरण करना ।

उ०—१ हुवा राम अोतार सीता हरांणी । पखै जोइवा आविया देखि पाणी ।—सू. प्र.

उ०—२ वळिवध समरथि रथ लै वैसारी, स्यामा कर साहै सु करि । वाहर रै वाहर कोइ छै वर, हरि हरिणाखी जाइ हरि ।
—वेलि.

उ०—३ अस्ववध एह वीर नकीजइ, अस्व विद्य सघली हरइ हईइ ।—सालिसूरि

४ अपनी अोर खीचना, आकर्षित करना ।

ज्यू—मन हरणौ ।

५ पकडना ।

६ पूर्ण करना, पूर्ति करना ।

उ०—हरौ अभिलाख कव 'अमर' री हमरकै, जोगणी वीसरौ मती जाता । कदम दे दास रौ नेस पावन करौ, मूझ सिर धरौ धणियाप माता ।—खेतसी वारहठ

७ सहार करना, नाश करना ।

८ विभाजन करना ।

९ वहन करना ।

हरणहार, हारौ (हारी), हरणियौ—वि० ।

हरिग्रोडौ हरियोडौ हरचोडौ—भू० का० कृ० ।

हरीजणौ, हरीजबौ—कर्म वा० ।

हरत—देखो 'हरित' (रू भे.)

उ०—अत लघु तगण धन नाम पत अकास, पिता जम मात दिखण हरत पेख । विसिस्ट रिख वेंल आरूढ रस सात वण, उजेणी सूद्र लोयण उभै भेख ।—र रू

हरतण, हरतणू हरतनु, हरतनू-स. पु [स हरतनु] प्रातः काल मे तृणादि पर दिखाई देने वाला जल विन्दु, अोस-कण ।

हरता-वि [स. हर्त्ता, हर्तृ] १ हरण करने वाला, चोर ।

२ जवरदस्ती छीनने वाला, डाकू, लुटेरा ।

३ सहार व नाश करने वाला, मारने वाला ।

उ०—१ मुला हरता तु भयौ, तू हीज करता होय । तु हीज मारै हाथ सु तुही जीव रै सोय ।—अनुभववाणी

उ०—२ दीन विनां दाता नही कोई, हरता करता सब का सोई । ग्यान ध्यान गलतान गभीरा, पेम सहत मन वचन सरीरा ।
—अनुभववाणी

४ दु ख, शोक, पीडा आदि मिटाने, दूर करने वाला ।

५ आकर्षित करने वाला ।

६ उडा कर ले जाने वाला ।

७ विभाजक ।

८ सूर्य ।

रू. भे —हरत्ता ।

हरतार-वि. [स. हर्त्तरि] हरण करने वाला, हर्ता ।

हरजटा—देखो 'हरिजटा' (रू. भे)

हरजस-स. पु [स. हरि+यश] १ ईश्वर सम्बन्धी गायन, स्तुति या भजन।

२ ईश्वर का यश या कीर्ति।

हरजांणौ, हरजानौ-स. पु —१ वह धन, जो किसी हानि की पूर्ति हेतु दिया जाय, मुआवजा।

२ नुकसान, हानि।

हरजाई-वि. स्त्री.—१ उजाड करने वाली, आवारा।

उ०—पळ खावण चसकौ पड्यौ, प्रदत्त पुस्कळ पीव। थिर रह हरजाई थिरा, जाच्या देसी जीव।—रेंवतसिंह भाटी

२ व्यभिचारिणी स्त्री, वेश्या।

हरजौ-स. पु.—१ किसी सतह को चौरस करने की संगतराशी की टाकी।

२ देखो 'हरज' (अल्पा; रू. भे.)

हरज्ज — देखो 'हरज' (रू. भे)

उ०—कहण सुणण हय चढ क्रमण, साहस धरण समझ्झ। 'पता' छिहतर वरस पण, हेकण न की हरज्ज।—जैतदान बारहठ

हरड, हरडइ, हरडि, हरडू —देखो 'हरडै' (रू. भे.) (उ. र.)

उ०—हरडू हरडि हीमजी, हरडा हलद्रह वेर। हरबी हाथुडी हरी, हुफर हुसि हसेर।—मा का प्र

हरणक, हरणकस, हरणख, हरणखुर—१ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे.)

उ०—हुयौ जेम हरणक, ज्यम साह 'अवरंग' हुओ, ग्रहै सुर नरा छोडै दियौ गाढ। अवन अणथाह जाता हुई अवरकै, 'दुरग' री तेग वाराह री दाढ।—भोजराज मईयारियौ

२ देखो 'हिरण्यकस्यप' (रू भे)

उ०—नख हरणख उघेडि नाखियौ, असुरा रिपि जुग-जुग अलख। —ह ना. मा.

हरण-स पु [स. हरण] १ दूसरे की वस्तु को उसकी इच्छा के विपरीत या उसकी जानकारी के बिना, अपने अधिकार मे करने या ले लेने की क्रिया। छीनने, लूटने या चोरी करने की क्रिया या भाव।

२ वंचित करने की क्रिया या भाव।

३ हटाने, मिटाने या दूर करने की क्रिया या भाव।

ज्यू—पीड हरण, संकट हरण।

४ किसी को बलपूर्वक, चोरी या धोखे से उडा कर ले जाने तथा लेजाकर छुपा देने की क्रिया, अपहरण।

उ०—निरगै ततकाळ त्रिकाळ निदरसी, करि निरणै लागा कहण। सगळै दोष विवरजित साहौ, हुतौ जई हूओ हरण।—वेलि

५ अपनी ओर खीचने की क्रिया, भाव या अवस्था।

ज्यू —मन हरण, चीर हरण।

उ०—दुख-वीसारण, मन हरण, जउ ई नाद न हुंति। हियडउ रतन-तळाव ज्यउ, फूटी दह दिसि जंति।—ढो मा.

६ पकडने की क्रिया।

७ संहार, नाश।

८ विभाजन।

९ वहन।

१० विद्यार्थी के लिये दिया जाने वाला दान।

११ यज्ञोपवीत के समय ब्रह्मचारी को दी जाने वाली भिक्षा।

१२ बाहु।

१३ वीर्य धातु।

१४ स्वर्ण, सोना।

वि.—१ चुराने वाला, चोरी करने वाला।

२ मिटाने वाला, दूर करने वाला, नष्ट करने वाला।

उ०—वप रूप ओप नव धन वरण, हरण पाप-त्रय-ताप-हरि। गुणमान दान चाहै सु ग्रहि, कवि सुग्यान ओ ध्यान करि।

—रा. रू.

३ देखो 'हिरण' (रू भे)

रू. भे.—हरन, हिरण।

हरणकस्यप, हरणकुस, हरणकुस—देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे.)

उ० —१ हरणकस्यप हेमुख हरणायख, खाधा कै फिर खामी। तौ पण भूख न गी तिण तावै, वावौ खाय उवासी।—र. ज प्र.

उ०—२ जै जुध हरणकुस नू जरियौ, धड नाहर मानव चौ धरियौ। जिण कारण देव दितेस दुजेसर, न्याय नमै रघुनाथ सू।

—र ज प्र.

हरणक्ख, हरणख—१ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू. भे)

२ देखो 'हिरणकस्यप' (रू. भे)

हरणगरभ—देखो 'हिरण्यगरभ' (रू भे)

उ०—चीजा इतरी दीवी, (१) तखत, (२) छत्र, (३) चवर, (४) ढाल, (५) तरवार, (६) साखलै हरवू दीवी तिका कटार, (७) लक्ष्मीनारायण हरणगरभ, (८) नागणेची कुळ-देवी री स्वरूप अठार भुजी, (९) करड, (१०) भवर ढोल, (११) वैरीसाल नगारौ थापन जाभै दियौ तिको, (१२) दळ सिणगार घोडौ, (१३) भुजाई री वेगा वगेरै चीजा लीवी। पीछै माजी मू सीख कर रावजी फौज री कूच कियौ।—द दा.

हरणांखु—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

हरणाखुर-स. पु.—घोडा।

हरणाकस, हरणाकुस—देखो 'हिरणकस्यप' (रू. भे)

उ०—१ हरणाकुस हत्तं महणसु मत्थं, छितलं वळि छळता है।

—र ज प्र

उ०—२ द्रुपद सुतारौ चीर वढाया, दुसासण मद मारण। प्रहलाद परतग्या राख्या, हरणाकुस नौ उद्र विदारण।—मीरा

लगते है। (अमरत)

हरफो–स. पु —कटा हुआ चारा या भूसा रखने का घर या कक्ष जिसके चारो ओर लकडी का घेरा बना होता है।

हरवडाहट–स. पु.—ध्वनि विशेष।

उ०—हडवडाट उठ्यौ तपोवन मैं, भभडक्या सगळा खडघा हिरण।
—सकुतला

हरवळ—देखो 'हरावळ' (रू. भे.)

उ०—आणै गाडा ऊपरा भाळ घास भराया, चानै वेली पाचसो तिण मायँ छिपाया। छळ कीधा बळ दाखिया घर कारण घाया, हरवळ ईंदा राण होय गाडा गणणाया।—वी. मा.

हरवाम, हरवांमा—१ देखो 'हरवाम' (रू. भे) (अ. मा.)

२ देखो 'हरिवाम' (रू भे)

हरवी–स पु —एक वृक्ष विशेष।

उ०—हरडू हरहि हीमजी, हरडा हलद्रह वेर। हरवी हाथुडी हरी, हुफट हुसि हसेर।—मा, का. प्र

हरवू—देखो 'हडवू' (रू. भे.)

उ०—वुणता नर माथा चुणता घर धाडा, पावू हरवू रा सुणता परवाडा।—ऊ. का.

हरभात, हरभाति–क्रि वि —हर तरह से, हर प्रकार से, तरह-तरह से।

उ०—तरै फेर अरज कीधी—जैसळमेर सु म्हारै कोई काम नही हुवै। ठीड भाटीया रो कदीम ऊतन छै। नै पोकरण सदा म्हारी छै। म्हारी जागीर माहै पातसाही दफतर लीखीजै छै। हजरत फरमाण कर दै तो माहारी हरभांत कर उरी लेवा।—नैणसी

हरभू हरभौ—देखो 'हडवू' (रू. भे)

उ०—पछै उठारा चढिया साखला हरभौं रै गाव वेंहगटी आया। हरभौं जी सौंणी हुता।—नैणसी

हरम–स पु [अ.] १ महल या राज-प्रासाद का वह भाग या कक्ष जिसमे रानिया रहती है, जनान खाना, अन्तःपुर।

उ०—१ पातसाह री हजूर अमराव ममूसाह, मीर गाभरू, सु हरम री खुटक नै मुरगाव्या पगा उवांणा सो तीजै भाई नू आपडियो थो सु आ घणी वात छै, सु ऐ पचीस हजार घोडा रा धणी दिलगीर थका वैठा था।—नैणसी

उ०—२ गहिर महिर अलावदीन, राघव, हकारीय, नयण नारि निरखेवि, देखीइ हरम हमारीय।—प. च चौ.

उ०—३ नित नाम जपै जे निजमन करि अति नरम। हरखै ते पहुचै, मुगति-रमणि ने हरम।—ध व ग्र

२ अन्त पुर मे रहने वाला स्त्री-समाज।

[सं. हर्म्य] ३ बडा महल, अट्टालिका। (अ. मा)

उ०—जेहल ताळ खडीण व्हैं, तरवर लाकड होय। हरम ढहै ढूढा हुवै, जस अविकारी जोय।—वा दा.

४ मक्के के आसपास का वह क्षेत्र जिममे किसी जीव की हिंसा करना महापाप माना जाता है।

५ गुदद।

६ बुढापा,।

स. स्त्री.—७ पत्नी, स्त्री।

८ वादशाह की वेगम।

उ०—मोकलाणि सरोवरि हुतउ, हरम सहित्त आणयउ जीवतउ। साहमु राउल माडहीइ गयउ, मालदेव सिर नामी रह्यउ।
—का. दे. प्र

९ वह स्त्री जिसे पत्नी बना कर रख लिया गया हो, रखेल।

१० दासी, वादी, चेरी।

रू. भे —हरम्म, हरम्य, हुरम, हुरंम, हुरम।

हरमखांनो–स पु. [अ. फा] जनानखाना, अन्त:पुर।

रू. भे.—हुरमखानो।

हरमजदगी—देखो 'हरामजादगी' (रू. भे.) (मा. म)

हरमजादो—देखो 'हरामजादो' (रू भे)
(स्त्री. हरमजादी)

हरमजी-दाडिम–स. पु. यौ.— एक प्रकार का अनार। (व स)

हरमज्जि–सं स्त्री.—एक प्रकार की हरी सब्जी।

उ०—हनुमती नइ हहवडी, हीराउलि हरमज्जि। हाथाजोडी हीकणी, हेला आवइ कज्जि।—मा का प्र.

हरमल–स स्त्री —एक प्रकार की भाडी जो करीव डेढ दो हाथ ऊची होती है।

हरमी-खजूर–स. पु. यौ.—एक प्रकार का खजूर, छुहारा।

उ०— चगाल खजुर, फउद खजुर, पेंमी खजुर, रतवी खजुर, नवइसाक खजुर, मधुफलद खजुर, हरमी-खजुर, मधुरु माकडु, दीप सिखा समान।—व. स

हरमीजीसीरु–स पु यौ —एक प्रकार का फल।

उ०—हरमीजीसीरु, आदनी सखु, सेलडीना कटकडा, तरुणा करणा नागिगा जत्रीरा कमरक दोडगा सदाफल...... ।—व स.

हरमेखलिक–वि.—सिद्धाई रखने वाला, सिद्ध।

उ०—भोजिक सूपकार चक्षक नरवैद्य गजवैद्य तुरगवैद्य व्रखभवैद्य मत्रिक तत्रिक गारुडिक हरमेखलिक लेखक कथक कविकर तालचर कविराज सभ्य सभापति ... .। —व. स.

हरम्म हरम्य–स पु [स हर्म्य] १ राजभवन, महल।

उ०—१ चले कुचार वार को सुचार मै चलावनो। हुले हसति हिवकली हरम्म को हलावनो।—ऊ का.

उ०—२ दसा विसम्य सम्यहा अगम्य गम्य है नही। रसा परम्य रम्य रम्य हा हरम्य है नही।—ऊ का.

२ हवेली, वहुत वडा मकान।

३ देखो 'हरम' (रू. भे)

हरयंदुदर—देखो 'हरियदुदर' (रू. भे) (अ. मा)

हररथ–स. पु यौ. १ शिव का नन्दी।

हरताळ, हरताल–स. स्त्री [स हरिताल] संखिया और गंधक के योग का एक खनिज पदार्थ, उप धातुग्रो मे से एक, गोदंत। (अ मा.)
वि —१ पीला, पीत। * (डिं. को.)
रू भे.—हरिताल, हरियाळ, हरियाल।
२ देखो 'हडताल' (रू भे)

हरतेज–स पु [स. हरतेजस्] पारद, पारा।

हरत्ता—देखो 'हरता' (रू भे.)
उ०—तु ही करत्ता धरत्ता भुवन त्रिय भरत्ता हित तु ही। तु ही नाही मरत्ता अभय भय हरत्ता नित तु ही।—ऊ का.

हरथानक–स. पु. [स. हर-स्थानः] १ शिवमन्दिर, शिवालय।
२ हिमालय पर्वत।
[स हरि-स्थान'] ३ विष्णु का मन्दिर।

हरद—देखो 'हल्दी' (रू भे.)

हरदम–क्रि. वि. [फा] १ प्रति क्षण, हर-क्षण, हर वक्त, हर समय।
उ०—१ दादू हरदम माहि दिवाण, सेज हमारी पीव है। देखू सो सुबहान, यह इस्क हमारा जीव है।—दादूवाणी
उ०—२ अठै करणी तो जूनां कैदया वेगी की कोनी, पण पुराणा कैदी तो करणी सूं भारी हमदरदी दिखाळै। करणी रै मुढै माथै हरदम ऊमर कैद री डरावणी सूनाळ नीद लेवै है।—दसदोख
उ०—३ उठता-बैठता, खावता-पीवता हरदम उण री आख्या रै आगै वा काळी अंधारी मौत सू ई डरावणी रात फिरण लागती।
—अमरचूंनडी
२ निरन्तर, लगातार।
उ०—माटी नै पगा हेटै खूदणा सूं हरदम औ चेतो रंवै के वगन आया आ माटी अपानै पाछी खूंदैला।—फुलवाडी
३ सर्वदा, सदा।
उ०—जठै ब्राजै रे राम कस्ण महाराज। ज्यारै हरदम रे हरिजी सू काज।—गी रा.
रू भे—हरधम।

हरदय—देखो 'हिरदौ' (रू भे.)

हरदास—देखो 'हरिदास' (रू भे.)
(स्त्री हरदासी)

हरदासियौ—देखो 'हरिदास' (अल्पा, रू. भे.)
उ०—हर भज रे हरदासिया, दाखै ईसरदास। मोल लिया सू नहि मिळै, कोट मोहर इक सास।—ह र.

हरदासी—देखो 'हरिदासी' (रू भे) (अ. मा)

हरदी—देखो 'हळदी' (रू भे) (अ मा.)

हरदोखी, हरदोसी–स. पु. यौ [स हर+दोषी] कामदेव, मदन।
(डिं. को)

हरदौ—देखो 'हिरदौ' (रू भे.)
उ०—आठो पहर अखाडै आनद, झरणम्रत झरजावै। हरदा वीचि हुवै हरियाळी ठीक आख ठर जावै।—ऊ. का.

हरद्वान–स पु.—एक स्थान का नाम जहाँ की तलवार प्रसिद्ध है।

हरधम देखो 'हरदम' (रू. भे.)
उ०—नमो हरधम निराकार, नमो निगम निरुपन। नमो अवचळ नमो अनुभै, नमो एक अनूपन।—अनुभववाणी

हरन—१ देखो 'हिरण्य' (रू भे.) (ह ना मा.)
२ देखो 'हिरण' (रू भे.)
३ देखो 'हरण' (रू भे)
उ०—करि सहाय कमलासन केरी। हरन दनूज दसो दिस हेरी।
—मे म.

हरपुर–स पु. [स.] १ शिव-धाम, कैलाश।
२ देखो 'हरिपुर' (रू भे)
उ०—चीतवियउ चहवाणि, जउहर की माडउ जुगति। हुय हुइस्या हरपुर दिसा, वेगावेगि विहाणि।—अ वचनिका

हरपैडी, हरपैंडी—देखो 'हरिपैंडी' (रू. भे)

हरप्रि, हरप्रिय–स पु [स हर+प्रिय] १ धनपति कुवेर। (ना. मा.)
२ देखो 'हरिप्रिय' (रू भे.) (अ. मा)

हरप्रिया–स स्त्री. [स हर+प्रिया] १ उमा, पार्वती।
२ दुर्गा, भवानी।
३ देखो 'हरिप्रिया' (रू भे) (अ मा)

हरफ–स पु [अ हर्फ] १ अक्षर, वर्ण।
२ शब्द, आवाज।
उ०—दूजा रा मन ल्यै, आप तो होठा सू हरफ ही नही काढै। पिडतजी हा ! हा ! कर'र हस्या अर फूलचदजी रै घर री गळी लीनी।—दसदोख
३ दोष, ऐब, बुराई।
४ लक्ष्य, निशान।

हरफगीर–वि [अ फा. हर्फगीर] १ बहुत बारीकी से अक्षर-अक्षर का गुण-दोष निकालने वाला।
२ ऐब या गलती निकालने वाला, छिद्रान्वेषी।
३ आलोचना करने वाला आलोचक।

हरफगीरी–स. स्त्री. [अ फा. हर्फगीरी] १ हरफगीर का कार्य या धर्म, छिद्रान्वेषण।
२ आलोचना।

हरफोरवडी–स. स्त्री.—कमरख की जाति का एक वृक्ष विशेष जो अति सुन्दर होता है तथा जिसके गूलर के आकार के खट्टे-मीठे फल

उ०—हररथ माठी होय, सक्रत रथ होयै सयाणौ। मितरथ देवै पूठ घटै उतराध पयाणौ। —चौयवीहू

२ बैल। (ह ना मा)

३ देखो 'हरिरथ' (रू भे)

हरराणी—स. स्त्री. [स. हर+राज्ञी] १ उमा, पार्वती।

उ०—तज वरम्रण कुळवाट समर्थ आपो एडो। मिव हरराणी हेत चढ़ण नै सरणी जेडो।—मेघ

२ देखो 'हरिराणी' (रू भे.)

हरराट—देखो 'हरडाट' (रू. भे.)

हरराया—स पु.—विष्णु।

हररोज—क्रि. वि —नित्य, प्रतिदिन, रोजाना।

हरलोयण—स पु [स. हर+लोचन] १ शिव का नेत्र।

२ तिकोनी वस्तु। *

वि.—त्रिकोण। * (डि को)

हरवकत, हरवक्त, हरवखत—क्रि वि. [फा. अ हरवक्त] हर क्षण, हर समय, हर दम।

उ०—फाजल हरवखत इयै धारणा मैं डूब्योडो रैवै। पण जेळ मैं आ बात जावक निजोरी।—दसदोख

हरवळ—देखो 'हरावळ' (रू. में)

उ०—१ पछै कटक कर राव कोटवाळ हरवळ हुवा।

—मुंदरदास भाटी वीकूपुरी री वारता

उ०—२ पेखै चद हरवळ खळ पाडै। उरडै फोजा वाग उपाडै।

—सू प्र.

हरवळी—देखो 'हरावळी' (रू. भे.)

हरवल्ल—देखो 'हरावळ' (रू भे)

उ०—१ इंदा आहव आगळा, पडिहारा पण भल्ल। हुरवल्ला आगै हुवा, चढै अलल्ला मल्ल।—रा रू

उ०—२ लोधा हलकौ साथ सह, आप हुवा हरवल्ल।

—गज-उद्धार

हरवाम, हरवांमा—सं. स्त्री. [स. हर+वामा] १ उमा, पार्वती।

२ गगा।

३ देखो 'हरिवामा' (रू. भे.) (अ मा)

रू भे—हरवाम, हरवामा।

हरवाइ, हरवाई—स स्त्री —नीचता, कुकर्म, दुष्टता।

हरवाहण, हरवाहन—स पु [म हर+वाहन] १ शिवजी की सवारी, नन्दी।

२ बैल।

३ देखो 'हरिवाहण' (रू भे.)

हरवौ—देखो 'हळवौ' (रू भे)

हर-सकरौ—स पु.—एक प्रकार का मादक पदार्थ विशेष।

उ०—इण भात तमासो करता पाछली चौघडियो आय रह्यो छै। अमला री वखत हुवौ छै। तद खिजमतगारा नै हुकम हुवौ छै—सतावी सू हर-सकरौ तयार कीजै। सू हर-संकरै री तयारी कीजै छै। सू हर-सकरौ किण भात रौ छै। भागेपुर घोटिया री पीडी घणौ मसाला समेत री आणजै छै। गळिया अमल मे भाग गाळजै छै। फेर दारू सू उलटाय काढजै छै। रूमाल सू तिवारा छाणजै छै।—रा. सा स.

हरस—म पु [म हर्ष] १ आनन्द, खुशी, प्रसन्नता।

उ०—गिउ कौरवाधिपति सैन्य समस्त हारी, गिउ पारथ उत्तर सहित मनु हरस भारी।—सालिसूरि

२ उत्फुल्लता, प्रफुल्लता, रोमाच।

३ सयोग शृगार के अन्तर्गत साहित्य मे एक सचारी भाव जिसमे प्रसन्नता के कारण रोए खडे होने या चेहरे पर कुछ पसीना आने की क्रिया होती है।

४ धर्म के तीन पुत्रो मे से एक।

५ देखो 'हरसवरद्धन'।

रू भे—हरक, हरक्क, हरक्ख, हरख, हरन्ख, हरिख, हरिखि, हरिस, हरीख।

हरसक, हरसकर—वि. [स. हर्षक, हर्ष-कर] आनन्दप्रद, प्रसन्न-कारक, खुश करने वाला।

हरसकीलक—सं पु [म हर्ष+कीलक] कामशास्त्र के अनुसार एक आसन।

हरसखा—स. पु [स] धनपति कुबेर। (ह ना मा)

हरसचरित—स. पु [स हर्ष-चरित्र] बाणभट्ट द्वारा रचित एक सस्कृत गद्य-काव्य, जिसमे सम्राट हर्षवर्द्धन के जीवन वृत्त का वर्णन है।

हरसण—स पु [स हर्षण] १ कामदेव के पांच बाणो मे से एक।

२ काम की तीव्रता से पुरुष की इन्द्रिय का तनाव।

३ एक नेत्र रोग विशेष।

४ श्राद्ध कर्म का अधिष्ठाता एक देवता।

५ फलित ज्योतिष के २७ योगो मे से चौहदवा योग।

स स्त्री—६ प्रसन्न या खुश होने की अवस्था या भाव।

७ प्रसन्नता, खुशी।

८ एक प्रकार का श्राद्ध।

वि—१ आनन्द दायक, प्रसन्न कारक।

२ हर्ष-उत्पादक।

रू. भे—हरखण।

हरसणाकल—स स्त्री —हर्ष ध्वनि।

उ०—जिम आकासि माहि सरव पदारथ आवड तिम दधि दुरवा अक्षत चदन कुमम कुकम, पूज्य वृद्धासीरवाद, द्व दमतूरघनिनाद, विवाहादि हरसणाकल, अनेरायइ पुत्र जन्मादि महोत्सव ....।

—व. स.

हरसणौ, हरसवौ—क्रि अ [स हर्षण] १ खुश होना, प्रसन्न होना,

'अगजीत' पूजै ।—प्रतापसिंह ऊदावत री गीत

उ०—२ कूरमा नाथ जगा धार आटीपणै, सामी फौजा फाटीपणै हरामी सधीग । आसमान फाटै थाभो लागतौ ऊछाटी पणौ, माटी पणै थारै झोका लागै मानसीग ।—महादान महडू

४ मुफ्तखोर, हरामखोर, निकम्मा ।

अल्पा.—हरामडौ

हरांमीखोर—देखो 'हरामखोर' (रू भे)

उ०—मति गति लखै न कोय, राम तुम सब के दाता । जीव हरामीखोर, अहूँ माया मद माता ।—ह. पु. वा.

हरा–स स्त्री —१ उमा, पार्वती, गिरिजा । (अ. मा; ह. ना. मा.)

२ हरितकी, हर्रे, हरड । (अ. मा.)

हराउळ—देखो 'हरावळ' (रू भे)

हराड–स स्त्री.—हार, पराजय ।

उ०—मन चीता न मीटै चत्र मासै, जैत हराड जाणौ । घुरै नगारौ कहै कंथ घरणी, प्रसण भगा तज पाणौ ।

—ठाकुर रामसिंह री गीत

हराणौ, हरावौ–क्रि. स. [स ह] १ युद्ध, लडाई, द्वन्द्व या प्रतियोगिता मे अपने प्रतिपक्षी को परास्त करना, हराना, शत्रु को पछाडना ।

२ शिथिल करना, थकाना, नाकामयाव करना ।

३ तर्क या युक्ति द्वारा हार मानने के लिए विवश करना, निरुत्तर करना ।

४ हरण करने या चुराने के लिए प्रेरित करना ।

उ०—देवी लख्खण राम पीछै पठाई, देवी रावण रूप सीता हराई ।

—देवि

हराणहार, हारौ (हारी), हराणियौ—वि० ।

हरायोडौ— भू० का० कृ० ।

हराईजणौ, हराईजबौ —कर्म वा० ।

हरावणौ, हरावबौ, हारावणौ, हारावबौ—रू० भे० ।

हराद–स पु [स. ह्लाद] ध्वनि, आवाज ।

उ०—वळि निसिवान हराद नाम वदि । की गजराज आवाज पुकार ।—ह. ना. मा

हरायण, हरायणौ–स पु —१ हरे होने की अवस्था या भाव, हरितता ।

२ हरे रग या वर्ण की झलक ।

हरायत–स. पु.—१ सदेश वाहक, खवर नवीश ।

२ देखो हेरायत' (रू. भे)

उ०—पछै लाहौर सू फौज लाख अेक सू दिल्ली चलाय आया । अर दिल्ली मैं पातसाह हमायू थौ सू भाज नीसरियौ नै हरायत गयौ छुछम साथ सू । पीछै सूरसा नै सलेमखा दिल्ली रै गढ दाखल हुवा ।—द. दा

हरायोडौ–भू. का. कृ.—१ अपने प्रतिपक्षी को परास्त किया हुआ, शत्रु को पछाड़ा हुआ २ शिथिल किया हुआ, नाकायाव किया हुआ, थकाया हुआ. ३ तर्क या युक्ति द्वारा हार मानने के लिए विवश किया हुआ. ४ हरण करने या चुराने के लिए प्रेरित किया हुआ (स्त्री. हरायोडी)

हरारत–स. स्त्री [अ.] १ मंद ज्वर, हल्का ज्वर, बुखार का हल्का सा असर ।

२ गर्मी, उष्णता ।

हरालउ–वि —हर्षित ।

उ०—तीह कूयरह तीह कूयरह माहि दो वीर । इकु अरजुनु आगलऊ अनइ करणु हीयडइ हरालउ ।—सालिभद्र सूरि

हरावणौ–वि (स्त्री. हरावणी, हरावनी) १ हार या पराजय दिलाने वाला ।

२ हराने वाला, पराजित करने वाला ।

उ०—हरामखोर चोर पौ कुहाक दे हरावणौ । कराळ कठ कनीय उक्तनी डरावणौ ।—ऊ. का.

३ हरण कराने वाला ।

हरावणौ, हरावबौ—देखो 'देखो 'हराणौ, हरावौ' (रू. भे) (उ. र.)

उ०—१ जे पासा वईनि हरावु ते अह्मो छूं, महाराज ।

—नळाख्यान

उ०—२ चरण चारिहिं हस हरावती । वचनि जीणइ जीती भारती ।—सालिसूरि

उ०—३ पवन चदनगध हरावतउ । वदनि वासि वसइ दिसि वासतु ।—सालिसूरि

हरावणहार, हारौ (हारी), हरावणियौ—वि० ।

हराविओडौ, हरावियोडौ हराव्योडौ—भू० का० कृ० ।

हरावीजणौ, हरावीजबौ—कर्म वा० ।

हरावळ हरावल–पं. पु [फा] १ सेना का अग्र भाग ।

२ फौज मे सब से आगे चलने वाला सिपाहियो का दल ।

३ अग्र भाग, आगे का हिस्सा ।

उ०—दूर अगूणा परवता री हरावळ रै लारै सूं परभात री गेरौ कसूमल पल्लो अवार ताई अधारै माय सिमट्यौ पडचौ हो ।

—तिरसकू

रू भे.—हरवळ, हरव्वळ, हरव्वल, हराउळ, हरोळ, हरोल, हरोळाई, हिरावळ, हिरौल ।

हरावियोडौ - देखो 'हरायोडौ' (रू. भे)

(स्त्री. हरावियोडी)

हरास—१ देखो 'ह्रास' (रू. भे)

२ देखो 'हरारत'

हराहर–स पु —सोलकी क्षत्रियो की एक शाखा ।

हरि–स. पु [स] १ ईश्वर, परमेश्वर, परमात्मा । (ना. मा)

उ०—१ साभळि अनुराग थयौ मनि स्यांमा, वर प्रायति वछती

स. पु —१ अधर्म, पाप।

उ०—१ आपरा सत आगै तौ म्हारी अकल कह्यौ ई नी करै। पूतळी री कारीगरी रो एक टको ई लेवणौ म्हारै वास्तै हराम है।

—फुलवाडी

उ०—२ हराम का हठवाडा, हराम जादु की हाट, खोटु का खजाना, परं तु की पाट।—दुरगादत्त बारहठ

उ०—३ मिनख मारणिया सू लोग वात करणी ही माडो काम समझै। घर रो पाणी पीणी ही हराम गिणै।—दसदोख

२ बुराई।

३ स्त्री-पुरुष का नाजायज सम्बन्ध, व्यभिचार।

४ निषिद्ध की हुई वस्तु।

मुहा.—हरांम मूंडै लागणौ=बुरी आमदनी का चस्का लगना, रिश्वत की आदत पडनी, मुफ्त का माल खाने की प्रवृत्ति बननी।

हरांम री कमाई=रिश्वत की आय, चोरी का माल, नाजायज ढग से की जाने वाली कमाई, काला बाजारी।

हराम समझणौ=बुरा व अनुचित समझना, पाप समझना।

(नींद) हरांम होणौ=जीना दूभर होना।

(रोटी) हराम होणौ=सुख मे दुख आना, रस बेरस होना, विषमय वातावरण होना।

हरामकारी—स. स्त्री. [अ फा. हरामकारी] पर-स्त्री गमन, व्यभिचार।

हरामखोर—वि [अ. फा. हरामखोर] १ कृतघ्न, नमक हराम।

उ०—१ पछै लाखै' री मा, 'लाखै' री राजलोक आयी। खेत माहे लाखो' पोढियो छै। जीव नही नीसरियो छै। ताहरा राखायत निजीक पडियो दीठो। ताहरा लाखै' री राजलोक कहण लागो—'ओ हरामखोर अठै क्यू पडियो ? दूर करो।' तरै लाखोजी बोलिया—'ओ राखायत सामधरमी छै हरामखोर नही छै।

—नैणसी

उ०—२ लायो मस्तक काटकर, हरामखोर नू मार। आवै सारो लोग जे हमैं करो करनार।—गोपाळदास गौड री वारता

२ अनुचित रूप मे धन कमाने वाला, हराम की कमाई खाने वाला।

३ कामचोर, निकम्मा, मुफ्तखोर।

४ दगाबाज, धोखेबाज।

उ०—१ होळे सी कुवरजी नूं जगाइया अर कही जे हरामखोर बाहर खडा छै।—कुवरसी साखला री वारता

उ०—२ मूडी भूडो बापडा चोणिया रो जो काकड री मायली कानी ई पग देय दे। पग कलम नी कर नासू हरांमखोरा रा।

—अमरचूनडी

रू भे —हरमखोरो, हरामखोरो, हरामीखोर।

हरामखोरी—स स्त्री [फा. हरामखोरी] १ हरामखोर का कार्य।

२ कृतघ्नता, नमकहरामी।

उ०—इसडी हरामखोरै हरामखोरी की, तिण ऊपरि रामसिंघजी बुलावण नू आया समाधि पूछिवा।—द. दा.

३ कामचोरी, मुफ्तखोरी, निकम्मापन।

४ पाप की कमाई, चोरी।

५ धृष्टता, बदमाशी।

उ०—तद कुसळसिंह कही हरामखोरी म्हा कीवी, बीजा ऊभोडा किसी म्हासू परभारी साम-धरमी कीवी।

—मारवाड रा अमरावा री वारता

हरामखोरौ—देखो 'हरामखोर' (रू भे.)

उ०—आमेरनाथ कौ लून खाय, ल्यौ हरामखोरौ उठाय। जो करहि चेत 'जगतेस' राय, तव काढि खाल भूमी भराय।

—ला. रा.

हरांमडौ - देखो 'हरामी' (अल्पा, रू भे)

उ०—हरीया देख हरामडौ, रोस न कीजै राम। अब तो तेरो हुय रह्यो, और न मेरै काम।—अनुभववाणी

हरांमजादगी—स स्त्री. [फा हराम+जादगी] १ हरामजादे का कार्य, हरामखोरी।

२ धृष्टता, कृतघ्नता।

३ चोरी, बेईमानी।

४ दुष्टता, बदमाशी।

५ मुफ्तखोरी, निकम्मापन।

६ दोगलापन।

रू भे —हरमजदगी।

हरामजादौ—वि. [अ फा हरामजाद] (स्त्री हरामजादी) १ हराम की औलाद, दोगला, जारज, वर्णसकर।

२ धूर्त, दुष्ट, पाजी।

३ हरामखोर, निकम्मा।

रू. भे —हरमजादौ।

हरामी—वि [अ हरामी] १ हराम की पैदाइस, व्यभिचार से उत्पन्न, दोगला।

उ०—मर स्साळा हरामी तेरी . .. .थाणादार एक बजनी गाळ ठरकाय दी अर कागदिया पूरा करनै मुलजिम नै हवालात मैं बंद कर दियो।—अमरचूनडी

२ दुष्ट, धूर्त, पाजी।

उ०—आ भूल कीरै वगी ? कूडी कलम कैया चाली ? मुनीम दोनू हरामी, इन्याव रा काम करै। हरगज तीन सौ नी हाकरै।

—दसदोख

३ कृतघ्न, नमकहराम।

उ०—१ कुळ अजस धरै जोय 'पता' री पराक्रम, धणी रा हरामी जका धूजै। प्रवाडा सदा नत नवा खाटै 'पतो', 'पता' रा भुजा

रू भे —हर, हरी।
ग्रल्पा —हरियौ।
हरिग्राळी—देखो 'हरियाळी' (रू. भे)
हरिक-स पु [स.] १ पीले या भूरे रग का घोडा।
२ जुआरी।
३ चोर।
वि.—पीला-हरा। (डि. को)
हरिकथा-स स्त्री [स हरि+कथा] १ ईश्वर के अवतारो एव चरित्रो का वर्णन, कथानक।
२ उक्त कथानको के सग्रह की पुस्तक।
हरिकाय-स पु. [स हरितक] शाकाहार, फलाहार।
उ—कद मूल फल वीज नो, भोजन हरिकाय। साध ने भोगवणी नही, पाप दोखण थाय।—जयवाणी
हरिकीरतन, हरिकीरत्तन-स पु [स हरिकीर्त्तन] भगवान के नाम का कीर्त्तन, भजन, गायन।
रू भे —हरीकीरतन, हरीकीरत्तन।
हरिकेत-स. पु.—एक तीर्थ का नाम।
उ०—भूतेस्वर भूयतलि खरू, हरिस्चद्र हरिकेत। वइतरणी-विचि थई जता, सरगि सधावइ प्रेत।—मा का प्र.
हरिकेस-स पु [स. हरिकेश] १ सूर्य की एक कला।
२ शिव, महादेव।
हरिकेसि, हरिकेसी-स पु [स हृषिकेश] १ श्री कृष्ण।
उ०—तडि पहुतउ जल गाहिय, नाहिय प्रभु हरिकेसि। मानि न परियण उत्सव कुत्स वयण म भणेसि —जयसेखर सूरि
२ एक ऋषि चाडाल कुल मे उत्पन्न होने पर भी सयम प्रताप से ऋषीश्वर हो गये।
उ०—ऊचै कुल 'ब्रह्मदत्त' हुवौ, नीचै कुल हरिकेसी रे।
—जयवाणी
हरिक्षेत्र-स पु [स] पटना के पास का एक तीर्थ स्थान।
रू भे —हरिखेत, हरिखेतर।
हरिख-स पु.—१ एक वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में प्रथम चार ह्रस्व तथा फिर दो दीर्घ वर्ण इसी क्रम से बारह वर्ण होते है। (ल. पि)
२ देखो 'हरस' (रू भे)
उ०—सकल लक्षण सुदरी, जाणै रभानु अवतार। नयणे निरखी हरिख पाम्यु विप्र तेणि ठार।—नळाख्यान
हरिखि—देखो 'हरस' (रू भे)
हरिखेत, हरिखेतर—देखो 'हरिक्षेत्र' (रू भे)
हरिगीतिका-स. स्त्री [स] अट्ठाईस मात्राओ का एक छन्द जिसकी पाचवी, बारहवी, उन्नीसवी और छब्बीसवी मात्रा लघु होती है। सोलह व बारह पर यति होती हे तथा अन्त मे लघु गुरु होता है।

हरिचद—देखो 'हरिस्चद्र' (रू. भे.)
उ०—१ सतवादी हरिचद से राजा, नीच घर नीर भरै। पाच पाडु ग्रर कुती द्रोपदी, हाड हिमाळय गरै।—मीरा
उ०—२ धु कवार ग्रप मोरधुज, ग्रवगीत हरिचद। पद गेया परि पडवा, की नव कोट नरिद।—रा. रू.
हरिचंदण, हरिचदन-स. पु. [स.] १ एक प्रकार का चन्दन विशेष।
२ स्वर्ग का एक वृक्ष।
उ०—१ कळपव्रक्ष मतान, पारिजाती हरिचदण। तर मंदार दुवार, ग्राण ऊगा सुत ग्रप्पण।—रा. रू
उ०—२ मदार पारजाती रतन, हरिचदन संतान तर। परगियो 'ग्रभै' व्र दा विपन, कुज पुज तरवर निकर।—रा. रू.
रू भे.—हरचदण, हरचनण, हरीचदण, हरीचंदन।
हरिचरित, हरिचरित्र-स. पु.—ईश्वर का चरित्र या उसका गुणगान।
रू. भे.—हरीचरित, हरीचरित्र।
हरिचाप-सं. पु. [स] इन्द्र धनुष।
हरिजख-स. पु [स. हर्यक्ष] सिंह, शेर। (ह ना मा)
रू. भे.—हरजक्ष, हरीजख।
हरिजटा-स. स्त्री [स] रावण की ग्रनुचरी एक राक्षसी, जो अशोक वाटिका मे सीता को समझाने के लिये नियुक्त थी।
रू. भे.—हरजटा
हरिजण, हरिजन-स. पु [सं हरि+जन] १ ईश्वर का भक्त।
उ०—जो रज हुवा ज वया भरा, उडि उडि लागै ग्रग। हरीया हरिजन जाणीयै, जैसा पाणी रग।—ग्रनुभववाणी
२ भगी, मेहतर।
उ०—एकली बैठी झूमी कळपै-कुढै। वठै मा'रजा, हरिजण बाळका मैं रीझै-मुळकै।—दसदोख
हरिजस-स. पु [स हर्यश्व] १ दृढाश्व के पुत्र एक सूर्यवशी राजा।
[स. हरियश] २ ईश्वर का यश, ईश्वर की कीर्त्ति जो भक्तो द्वारा बखान की जाती है, भक्तो द्वारा गाई जाती है, ईश्वर का स्तुति-गान।
३ देखो 'हरिकीरतन'।
हरिण-स पु [स हरिण] (स्त्री हरिणी) १ एक सीगदार प्रसिद्ध चौपाया जगली जानवर, मृग, हिरन। (ग्र. र)
उ०—सर साधी राउ केडइ धाइ, हरिणउ हरिणी सहितु पुलाइ।
—सालिभद्र सूरि

वि. वि —इसके शरीर के बाल अत्यन्त मुलायम होते हैं और इसकी खाल ऋषि-मुनियो के पहनने के काम आती है। इसके नेत्र बडे सुन्दर होते है जिनकी उपमा स्त्री के सुन्दर नेत्रो को दी जाती है (मृगनयनी)। यह चौकडिया भरते हुए अत्यधिक तेज दौडता है। हिरन प्राय सफेद, पीले व काले रग के होते हैं, इनका कद

वर। हरि गुण भणि ऊपनी जिका जिका हर, हर तिणि वदै गवरि हर।—वेलि
उ०—२ वप रूप ओप नव घन वरण, हरण पाप-त्रय-ताप-हरि। गुण मान दान चाहे सु ग्रहि, कवि सुग्यान औ ध्यान करि।
—रा. रू
उ०—३ हरीया सब हरि हाथि हे, हरि मारै जीवारि। हरि धारै जो कुछि करै, त्यै डूबता तारि।—अनुभववाणी
२ विष्णु।
उ०—हेलौ कवि हिंगळाज रो, कान करो करनैल। खाथी डग मारग खडो, हरि हाथी री हेल।—मे म
३ श्रीकृष्ण। (अ. मा)
उ०—१ नर मारगि एक एक मगि नारी, क्रमिया अति उछाह करेउ। अकमाळ हरि नयर आविवा, वाहा तिकरि पसारी वेउ।
—वेलि
उ०—२ पुरातन प्रीत जिसी हरि पथ, राजा लोमज हनै दसरथ।
—रामरासौ
४ श्रीरामचन्द्र, श्रीराम।
५ ब्रह्मा।
६ इन्द्र।
उ०—वग रिखि राजान सु पावसि बैठा, सुर सूता थिउ मोर सर। चातक रटै वलाहकि चचळ, हरि सिणगारै अवहर।—वेलि
७ सूर्य, रवि। (ह ना मा)
८ शिव, महादेव।
उ०—हरि कहइ जिके करि भाव घणइ हित, दासा तिया तणउ हूं दास।—महादेव पारवती री वेलि
९ चन्द्रमा, चाद।
१० वायु हवा।
११ अग्नि, आग।
१२ कामदेव, मदन। (ह ना मा)
१३ मानव, मनुष्य।
१४ यमराज।
१५ शुक्रग्रह।
१६ सिंह, शेर। (डि. को)
१७ हाथी, गज।
उ०—रथ पदाति रूपक तणा स्वामी नीलजण रिद्धजस हरि एरावण मातलि दामिठ्ठी हरिणेगमेखी सरवागि सन्नाह पेहिरि, द्रढ कसा वांधि, धनुखि गुण चडावी रह्या।—व. स
१८ वानर, वदर, लगूर। (ना मा)
१९ अश्व, घोडा।
२० इन्द्र का घोडा।
२१ हिरन, मृग। (ह ना मा)
२२ भ्रमर, भौंरा। (ह ना मा.)
२३ मयूर, मोर।
२४ तोता, कीर।
२५ गीदड।
२६ हंस।
२७ जल, पानी।
उ०—हरि नै कहा, हरि नै सुना, हरि गये हरि कै पास। हरि तौ हरि मैं गयै, हरि भयै उदास।—अग्यात
२८ सर्प, सांप।
उ०—हरि नै कहा, हरि नै सुना, हरि गये हरि कै पास। हरि तौ हरि मैं गयै, हरि भयै उदास।—अग्यात
२९ मेढक।
उ०—हरि नै कहा, हरि नै सुना, हरि गये हरि कै पास। हरि तौ हरि मैं गयै, हरि भयै उदास।—अग्यात
३० एक प्राचीन पर्वत।
३१ एक वर्ष या भू भाग का नाम।
उ०—तेह युगलीयाना च्यारि भेद, छप्पन्न अतरदीप १ हैमवत, हैरण्यवत २ हरि वा रम्यक तणा ३ देवकुरु उत्तरकुरु ४ एक ठि पाहि अनुक्रमइ अनत गुण वल रूव सुख ......।—व स
३२ गरुड के पुत्रो मे से एक।
३३ भर्तृहरि का नामान्तर।
३४ तारकाक्ष का पुत्र एक असुर।
३५ तामस मन्वन्तर का एक देवगण।
३६ भूरा या पीला रग।
३७ जैनियो के ८८ ग्रहो में से उनचालीसवां ग्रह।
३८ छप्पय छन्द का ९ वा भेद जिसमे ६२ गुरु, २८ लघु से १५२ मात्राऐं तथा ९० वर्ण होते हैं। (र ज प्र)
३९ मतान्तर मे छप्पय छन्द का एक अन्य भेद जिसमे ५५ गुरु तथा ४२ लघु मात्राऐं होती हैं।
स स्त्री—४० किरण, रश्मि।
४१ सिंह राशि।
४२ इच्छा, कामना।
४३ कोयल।
४४ घोडो की एक जाति। (इस जाति के घोडो की गर्दन पर बडे बडे वाल होते हैं, शरीर के रोयें सुनहले रग के होते हैं)
वि—१ भूरा, कपिल, वादामी।
२ पीला।
उ०—लाल हरी सिकळात, जिलह जाळिया अजीदा। रसा कसै रेसमा, हेम रूपी हरि हौदा।—सू प्र
३ हरा, धानी।
४ काला-सफेद। (डि को)

२ पीला।
३ धानी।
रू. भे.—हरत।
हरितकाय-स पु.—शाक-सब्जी। (जैन)
हरितकी—देखो 'हरीतकी' (रू. भे.)
हरितमणि-स. स्त्री. [स.] पन्ना, मरकत।
हरिताळ, हरिताल-स. पु [सं हरिताल] १ पीले रग का कबूतर।
२ देखो 'हरताळ' (रू. भे.)
रू भे.—हरियाळ, हरियाल।
हरिताळिका, हरितालिका-स. पु. [स. हरितालिका] १ भाद्र शुक्ला चतुर्थी।
२ दूर्वा घास, दूब।
रू भे.—हरिताळी।
हरितालिका-व्रत-स. पु. यौ [स.] भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी को किया जाने वाला व्रत विशेष।
हरिताळी, हरितालो-स. स्त्री —१ तलवार का धारदार अग्र भाग, तलवार की धार।
२ देखो 'हरितालिका' (रू. भे.) (डि. को.)
हरितिय-स स्त्री [स. हरि+तिय] १ सरस्वती, शारदा।
उ०—पीठ धरणि-धर पट्टडी, हरितिय चित्रण हार। तोइ तोरा चरिता तणौ, परम न लाभे पार।—ह. र.
२ लक्ष्मी।
हरिदरभ-स. पु. [सं. हरिदर्भ] हरे घोडे वाला सूर्य।
हरिदवार—देखो 'हरिद्वार' (रू. भे)
हरिदास-स. पु. [स.] (स्त्री. हरिदासी) १ ईश्वर का भक्त।
२ रामस्नेही सम्प्रदाय के एक महात्मा।
३ विष्णु भक्त।
रू भे.—हरदास।
अल्पा;—हरदासियो।
हरिदासी-स पु [स. हरिदासिन्] १ ईश्वर की भक्त, भक्तिन, साध्वी-स्त्री।
२ लक्ष्मी, रमा।
३ पार्वती।
४ रिद्धि-सिद्धि।
५ दौलत, माया।
रू भे.—हरदासी।
हरिदिन, हरिदिवस-स पु. [स.] विष्णु की उपासना का दिन, एकादशी।
हरिदिसा-स स्त्री. [स. हरि+दिशा] पूर्व दिशा।
हरिदेव-स पु [स.] १ विष्णु।
२ श्रवण नक्षत्र।

हरिद्वार-स. पु [स.] उत्तर भारत मे स्थित वह तीर्थ स्थान जहाँ पर 'गगा' पहाडों को छोड कर मैदान में प्रवेश करती है।
उ०—१ हरिद्वार कुरखेत जनकपुर, गोदावरी हुलासी। तीरथ बद्री प्रयाग गयाजी, कासी सरजर वासी।—मीरा
उ०—२ अनुहरता सुरघट अपारै, दीपै किरि भन्तरि हरिद्वारै। कोपि अगम ओपम नवकोटा, सम् गढ कोट करण गैलोटा।
—रा. रू
रू. भे.—हरिदवार।
हरिधनुख, हरिधनुस-स पु. [स. हरिधनुष] इन्द्र धनुष।
हरिधांम-सं. पु [स हरि+धाम] विष्णु लोक, स्वर्ग।
हरिध्रम-स. पु. [स. हरि+धर्म] १ ईश्वर का भजन।
उ०—विसै करम कुं सब कोई आधा, हरिध्रम सेती पाछा। जन हरिराम राम रस पीजै, छाडि सूवर गऊ वाछा।—अनुभववाणी
२ विष्णु धर्म।
हरिन—१ देखो 'हरिण' (रू. भे.)
२ देखो 'हिरण' (रू भे)
हरिनख-स. पु —१ बाघ का नाखून लगा एक तावीज।
२ एक प्रकार का शस्त्र विशेष।
वि वि.—देखो 'बाघनख'।
वि.—कुटिल, टेढा।
हरिननैणी-स. स्त्री —मृगनयनी।
हरिनाम-स. पु.—ईश्वर का नाम, स्मरण।
हरिनामी-स. पु —एक प्रकार का अशुभ रग का घोडा। (शा. हो)
हरिनाकुस—देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे)
हरिनाक्ष—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)
हरिनाथ-स पु [स] हनुमान का एक नामान्तर।
रू. भे —हरीनाथ।
हरिन्मणि-स स्त्री [सं] हरे रग की मणि, पन्ना।
उ०—मरकत करकेतन पद्मराग पुखराग वज्र वैडूर्य सूरयकात चंद्रकात नील महानील इद्रलील सवकर विभकर ज्वरहर रोगहर सूलहर विसहर हरिन्मणि चूनडी लोहिताक्ष मसारगल्ल हसगरभ पुलक अक अजन अरिस्ट चिंतामणि।—व. स.
हरिपद-सं. पु [सं] १ स्वर्ग, वैकुण्ठ।
२ मोक्ष, मुक्ति।
३ वसत कालीन वह दिन जब दिन व रात बराबर होते है, २१ मार्च।
रू. भे.—हरीपद।
हरिपदि, हरिपदी-स. स्त्री. [स] गगा नदी का एक नाम, विष्णुपदी। (ह ना मा.)
रू. भे.—हरीपदि, हरीपदी।
हरिपुर-स. पु. [सं.] स्वर्ग, वैकुण्ठ।

वकरे के समान होता है, परन्तु इनकी कई नस्लें होती हैं जिनके अनुसार इनके रग व कद में विभिन्नता पाई जाती है। सबसे प्रसिद्ध हिरन 'वारहसिगा' होता है जिसके मुख्य दो सीगो मे से कई छोटे-छोटे अन्य सीग निकले हुए होते हैं। इसका रग काला होता है।

२ हस। ३ सूर्य।

४ विष्णु।

५ शिव।

६ सफेद रग।

७ ब्रह्मा।

वि.—१ श्वेत।

२ पीला।

३ देखो 'हिरण्य' (रू भे)

रू भे—हरण, हरन, हरिन, हिरण, हिरणण, हिरण्य, हिरन, हिरिण।

अल्पा—हिरणलौ, हिरण्यौ।

हरिणईख, हरिणख—१ देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे)

उ०—पहलाद सभरियौ ग्रायौ जमपति, चत्रभुज नमौ भगत री चाड। वहनामी रै दाढ तणै वळ, हरिणख तणौ जाणियौ हाड।

—पी. ग्रं.

२ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

हरिणनयणा हरिणनयणी-स स्त्री—मृग के नेत्रो के समान सुन्दर नेत्रो वाली स्त्री, मृगनयनी।

हरिणनाभ-स. पु—१ हरण्यनाभ नामक एक सूर्यवशी राजा।

उ०—सुत जय हरिणनाभ सुभियाणै। पुरव अव जै सुत इद्र प्रमाणै।—सू. प्र.

२ मृगनाभि जिसमें किस्तूरी होती है।

हरिणलौ—देखो 'हरिणी' (अल्पा, रू भे.)

उ०—रानह न सिरजी हरिणलौ। सूरह न सिरजी धीणु गाई।

—वी दे

हरिणांकुस—१ देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे)

२ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू. भे)

हरिणाखी—देखो 'हरिणाक्षी' (रू भे)

उ०—जे कै घरि हरिणाखी नारि। तौ किम भमइ पार कइ वारि।—वी. दे.

हरिणाकस, हरिणाकुस—देखो 'हिरणकस्यप' (रू. भे.)

उ०—कोपमान नरसिंघ रूप करि, विकट विराट वदन विकराळ। सोखै रगत असुर हरिणाकुस, प्रभु प्रहळाद भगत प्रतिपाळ।

—ह ना मा.

२ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

उ०—हरि हुए वराह हए हरिणाकस, हू ऊधरी पाताळ हू। कहौ तई, करुणा मैं केसव, सीख दीध किए तुम्हा सू।—वेलि.

हरिणाक्षी, हरिणाखी-सं स्त्री [स हरिणाक्षी] मृग के नेत्रो के समान सुन्दर नेत्रो वाली स्त्री, मृगनयनी।

उ०—१ हरि समरण रस समझए हरिणाखी, चात्रख खळ खगि खेत्र चढि। वैसै सभा पारकी वोलए, प्राणी वच्छइ त वेलि पढि।

—वेलि.

उ०—२ मुझ वर गयौ हरिणाखी नाखी दीध निरास, विलविलै राजुल आखीय भरि भरि नाखी निरास।—ध व. ग्र

रू. भे—हरणाख, हरणाखी, हरणाखी, हरिणांखी, हरिणाखी, हिरणाखी, हिरणाखि, हिरणाखी, हिरणाखिख।

हरिणि, हरिणी-स स्त्री [सं. हरिणी] १ मादा हिरन, मृगी।

उ०—जड तु पूछइहौ घरह नरेस। वन खड रहती हरिणि कइ वेस।—वी. दे

२ कामशास्त्र के अनुसार चित्रणी नामक स्त्रियो की जाति का नाम।

३ आर्या या गाहा छन्द का एक भेद विशेष जिसके चारो चरणो मे ७ गुरु और ४३ लघु वर्ण सहित ५७ मात्रायें होती हैं।

(ल. पिं.)

४ सुन्दर स्वर्ण प्रतिमा।

५ मोनजुही नामक लता।

रू भे—हरणी, हिरणि, हिरणी।

अल्पा—हरिणली।

हरिणेगमेखी-स पु—जैन मान्यतानुसार शकेन्द्र की पैदल फौज के सेनापति देव का नाम।

उ०—...१६ सहस्र वाह्य सभा तणा देव, ७ कटक, नाट्य गधरव हय गज व्रखभ रथ पदाति रूपक तणा स्वामी नीलजणा रिद्धजस हरि एरावण मातलि दामिट्ठी हरिणेगमेखी सरवागि सन्नाह पेहिरि, द्रढ कसा वधि, धनुखि गुण चडावी रह्या,......।

—व. स.

वि वि.—गर्भ परिवर्तन सतान समस्या मे इसका आराधन करने का विधान भी जैनागमो मे आता है।

हरित-सं पु [स.] १ विष्णु का एक नामान्तर।

२ सूर्य।

३ सूर्य का एक घोडा, कुम्मेद घोडा।

४ सिंह, शेर।

उ०—हिंदूवांण री घ्राण देसाण हूगो, उणा री ग्रलकार प्राकार ऊगो। वुरज्जा चहूँ जाण लोकेस-वाका, प्रथी ग्राभ री वीच भागै पताका।—मे म

हिंदोरणौ, हिंदोरवौ-क्रि स—किसी तरल पदार्थ मे हाथ डाल कर इधर उधर घुमाना, मथना।

हिंदोरणहार, हारौ (हारी), हिंदोरणियौ—वि०।

हिंदोरिग्रोडौ, हिंदोरियोडौ, हिंदोरयोडौ - भू० का० कृ०।

हिंदोरीजणौ, हिंदोरीजवौ—कर्म वा०।

हिंदोरियोडौ-भू. का. कृ—हाथ डाल कर इधर-उधर घुमाया हुग्रा, मथा हुग्रा। (तरल पदार्थ)

(स्त्री. हिंदोरियोडी)

हियालो-स पु.—एक मारवाडी लोक गीत।

हियोड़ो—देखो 'हिग्रोडो' (रू. भे)

हियो—देखो 'हियौ' (रू भे)

उ०—मूळी रो हियो फूटण लागग्यो, चळभग्यो होल उपडग्यो चित्त भरम हुयग्यो।—दसदोव

हिम्र—१ देखो 'हिम' (रू. भे)

२ देखो 'हुव' (रू भे)

हिवणा, हिवणा-क्रि वि—ग्रभी, तत्काल।

उ०—पचम भगवती सूत्र सुधन्न, पनर सहस सतसैवावन्न। ग्याता धरम कथा ग्रंग छट्ठ, हिवणा पच हजारै दिट्ठ।—ध. व ग्र.

हिवळास-सं पु—धीरज, धैर्य, ढाढस।

उ०—कवरा माथै हाथ फेरज्यो, राणी नै हिवळास। भाई-भतीजा नै मुजरा कहज्यो, माजी नै घणा सिलाम।

—डूंगजी जवारजी री छावली

हिवाड़-क्रि. वि.—ग्रभी, इसी समय, तत्काल।

३ हिन्दू-धर्म, हिन्दुत्व ।

उ०—अजमेर कूच कर आवियौ, आण फेर घर ऊपरा । 'अवरंग' अग छिवतै वरस, हुटै मग्ग हिंदवांण रा ।—रा. रू.

रू भे—हिंदआण, हिंहवाण, हिंदवाणी, हिंदवाणी, हिंदुआण, हिंदुआन, हिंदुवाण, हिंदूवाण, हीदवाण ।

हिंदवांणी-स स्त्री.—हिन्दू जाति की स्त्री, हिन्दू-स्त्री ।

उ०—तठै मुलतान मैं पातसाह पातसाही करै । तैरै एक हुरम तिका हिंदवाणी, नाम गगा ।—देपाळ धघ री वात

वि —१ हिन्दुओ का, हिन्दू सम्बन्धी ।

उ०—१ धाणी तोपा भुजाणी दाखियौ कासवाणी धाड, फरंगां की मजौ चाखियौ सेला फूट । मिळतै पारका भीम ठाणी हिंदवांणी मौड, खरदै 'माधाणी' जगा जोणी च्यार कूट ।

—जसा आढा री गीत

उ०—२ वकसी मात राव 'वींका' नै, घर थळवट रजधाणी । रिडमल तणै मुरधरा राखी, है साखी हिंदवांणी ।—मे. म.

२ देखो 'हिंदवाण' (रू. भे)

उ०—बाधोडी कमरा ओ भाभीसा नही खोलो, लाजै म्हारी जरणी रो दूध ए । हिंदवाणी झगडै जूजिया ।—लो गी

रू. भे —हिंदुआणी, हिंदुवाणी, हीदणी, हीदूआणी ।

हिंदवाणी-वि —१ हिन्दुओ का, हिन्दू सम्बन्धी ।

उ०—१ थू हिंदुसथान मैं, जगळधर देस न जाणं । जठै चवद्दह जणा, हुता राजा हिंदवांणं ।—मे म.

उ०—२ एकादसी वरस हिंदवाणं, रोजा ईद भया तुरकाणं । करि करि ईद इग्यारसि रोजा, राम रहीम न पाया खोजा ।

—अनुभववाणी

उ०—३ वडा घरा की छोरी कहावो, नाचो दै दै तारी । वर पायौ हिंदवाणौ सूरज, अब दिल मैं कहा धारी ।—मीरा

२ देखो 'हिंदवाण' (रू भे.)

उ०—१ राजा करण माधव बाभण नागर तियैरी पुत्री घर माहै घाती । तिको जाय नै पातस्याह अलावदीन आगै पुकारियो । पातसाही फौजा लायो । पछै गुजरात तुरकै लियौ । पछै तुरकाणी राज हुवौ । हिंदवाणी मिटियो ।—नैणसी

उ०—२ महिहूत खप्पराणौ मिटै, हिंदवाणां मुरधर हुवौ । जोधाण 'अजौ' आयौ जदिन, दुजड पाण 'गजवध' दुवौ ।—सू प्र.

रू भे.—हिंदुवाणी ।

हिंदवाद-स पु —हिन्दुस्तान, भारतवर्ष ।

उ०—दाखै दाद हिंदवाद राज रीज वना भाखी । लाग्वा वाता गौरा दळा रटक्का लेवाड ।—राघोदास सादू

हिंदवासूरज-स पु —उदयपुर के महाराणाओ की उपाधि ।

हिंदवी-स स्त्री —१ हिन्दू-स्त्री ।

२ देखो 'हिंदी' (रू. भे.)

उ०—नकल फुरमाण पडगना बावना री । नकल हिंदवी अखर मैं । जलालुदीन महमद अकबर पातसाह गाजी ।—द. दा

हिंदवेराय-स. पु —हिन्दू-राजा ।

हिंदसथाण, हिंदसथान—देखो 'हिंदूस्तांन' (रू भे.)

उ०—१ 'केहर' रूप 'करन्न' रो, सब हिंदसथांणा । तेण प्रवाडा चितवा, खत्रवाट वखाणा ।—द दा.

उ०—२ जसवत विना जिहान, पान चळ जाणै पवनै । कना केतु साकप, थया मन हिंदसथानै ।—रा रू

हिंदी-स. स्त्री —१ भारतवर्ष की राष्ट्रभाषा जो देवनागरी लिपि मे लिखी जाती है तथा सस्कृत की उत्तराधिकारिणी मानी जाती है ।

रू भे.—हिंदवी ।

२ किसी की भद्द, दिल्लगी, मखौल, खिल्ली ।

क्रि. प्र.—करणी, कराणी, होणी ।

हिंदु—देखो 'हिंदू' (रू. भे.)

उ०—अनेक हिंदु आसुरै प्रकोप सेल पिंजरै । वहै सहेत वारय, मुणत मार मारय ।—रा रू.

हिंदुआण—देखो हिंदवाण' (रू भे)

हिंदुआंणी-स स्त्री —१ हिन्दू-स्त्री ।

स पु [फा. हिंदुआन] २ तरबूज नामक एक देशी फल ।

३ देखो 'हिंदवाणी' (रू. भे.)

हिंदुआन-स पु [व व] १ हिन्दू-गण, आर्य ।

उ०—गढ ऊपरि वाता गई रे हलहलियो हिंदुआन । गढपति झाल्यो आपणो जी, कीज्यै केहोपान ।—प. च चौ.

२ देखो हिंदवाण' (रू भे)

हिंदुकर, हिंदुकार—देखो 'हिंदूकार' (रू भे)

२ हिन्दू-लोग, हिन्दू-जगत ।

हिंदुग-वि. —हिन्दुओ का, हिन्दू राजाओ द्वारा शासित ।

उ०—मिरजै इब्राहम इम कहियो जु न करै खुदाय जु घर की पातिसाही खोवूं । पातिसाह गुजरात ल्यो । हूं हिंदुग देस जाइ करि लेइसि ।—द वि.

हिंदुपति, हिंदुपती—देखो हिंदूपति' (रू. भे)

उ०—मैं अपणा क्रत करम सु असुर कुलै अवतारो रे । पूरव पुण्य प्रमाण सु, तू हिंदुपति सारो रे ।—प च चौ

हिंदुयछात-स पु —हिन्दुओ का राजा ।

हिंदुवाण—देखो 'हिंदवाण' (रू भे)

उ०—हिंदुवाण खुरसाण पाणि ग्रह पद्धर आया । कर मोसू घमसाण कुणै निज माण वचाया ।—रा रू

हिंदुवाणी—देखो 'हिंदवाणी' (रू भे)

हिंदुवाणौ—देखो हिंदवाणौ' (रू भे)

उ०—विमळ कतूहळ वधै, हुवौ उच्छव हिंदुवाणं । 'अवरग' चित ओदकै, तेज घाटियौ तुरकाणं ।—सू प्र

उ०—१ हिक मिवड पडै ग्रण ग्रारहट, सो पडिया वका सुहड। वैकुंठ गयो वीठल्न रो, ग्रजवसाह रावै ग्रचड।—रा रू.

उ०—२ छळी हिक मूणि सराव छकै, भर धूण पुलाव्र कवाव भखै। गहनो घट विड प्रतीत गणै, घरसै नभ मुड घमड घणै।

—मे म.

हिकमत-स स्त्री [ग्र. हिकमत] १ वुद्धि, ग्रक्ल, वुद्धिमानी।

उ०—१ पैदा किया घाट घट, ग्रापै ग्राप उपाइ। हिकमत हुनर कारीगरी, दादू लखी न जाइ।—दादूवाणी

उ०—२ पाछै एक उमराव पूछी उण मैं हिकमत इसी काई थै इण पाणी नूं नही चखाइयो।—नी. प्र

२ उपाय, तरकीव, युक्ति।

उ०—हिकमत करो हजार, गढपतिया जाचो घणा। धीरज मिळसी धार, करम प्रवाणै किमनिया।—ग्रग्यात

३ विद्या ज्ञान।

उ०—इण देस रा घणा काम सोभाळ् होया विध्या वढै नै हिकमत ऊपजै।—नी प्र.

४ कला, कारीगरी, कौशल।

५ चतुराई, चालाकी।

६ नीति, चाल।

उ०—वचन उणरो दस्तूर ग्रक्ल नै कायदा हिकमत रा सू न फिरियो।—नी. प्र.

७ युनानी चिकित्सा।

८ चिकित्सा शास्त्र, ग्रायुर्वेद।

९ विज्ञान।

रू भे.—हिकमति, हिकमती, हिगमत, हीगमत।

हिकमति, हिकमती-वि [ग्र. हिकमत] १ ग्रपने कार्य मे कुशल, चतुर।

२ चालाक, नीतिज्ञ।

३ ज्ञानवान, पडित।

४ वुद्धिमान, ग्रक्लमद, व्यवहार-कुशल।

स. पु —१ वैद्य, हकीम।

२ देखो हिकमत' (रू भे)

उ०—१ गुड मीठो ऊडी नदी, ग्राय मिल्यो ए न्याय। हिकमति सो कोजो हिमैं, कोजे कोउ उपाय।—प. च. चौ.

उ०—२ माथै मुमट हुँता निर्प रे, तेह हुग्रा मति मद। हिकमति कांइ न केलवी, राय पडघो वहु फद।—प. च चौ.

उ०—३ नगावती मुक्त नै मिलै, चढि ग्रायो ग्रप चडप्रद्योतकि हिकमति करि हारावीयो, चाल्यो नै उदय नै पोत कि।—ध. व ग्रं.

हिकमन-स पु —१ दो या दो से ग्रधिक व्यक्तियो के परस्पर सम्बन्ध की वह दशा जिसमे भावात्मक एकता होती है। ग्रर्थात् जैसे किसी एक का मन वैसा सभी का मन, मिलकर रहने की ग्रवस्था, प्रेम, ऐक्य।

उ०—साहरो जोध जोता समद, कठहडै चढण मलफै कमद। किलमाण मीर हिकमन्न कीद, दइवाण पाण जमदाढ दीद।—वि. स.

२ एक मन।

वि.—एकाग्रचित्त, दत्तचित्त।

हिकरंगौ-वि.—१ जिसका रग कभी बदलता नही हो, एक ही रग मे रहने वाला।

२ जो ग्रपने ग्राचार विचार व सिद्धान्तो को कभी नही बदलता हो, ग्रपने ग्राचरण पर दृढ रहने वाला।

उ०—रैहणा हिकरंगाह, केहणा नही कूडा कथन। चित ऊजळ चगाह, भला ज कोई 'भैरिया'।—बळवतसिह

३ किसी रग से मिलते हुऐ रग का।

४ समान ग्रवस्था वाला।

हिकरदन-सं. पु [स. एक+रदन.] गणेश, गजानन।

उ०—रज गुलाल सोणित रगी, बरबर तण पर वाय। रमै फाग जण हिकरदन, सिंधुर इस्यो सुहाय।—रेंवतसिह भाटी

हिकोहिक-क्रि वि.—१ सव के सव, सभी।

उ०—परस्पर दपति सपति पाय, हिकोहिक भेट करै हरखाय। हली विहु ग्रोड भली चद्रहास, तणी तद वाग धणी सपतास।

—मे. म

२ एक-एक करके।

उ०—रही कटि फोज गई ग्रधरात, वेर्ई तद तेण हियै मझवात। जडै समसेर हिकोहिक 'जैत', पडै रण जूझि ग्रनेक पटैत।

—मे. म

३ परस्पर, ग्रापस मे।

हिक्कली-वि —ग्रकेली।

उ०—चलै कुचार वार को सुचार मैं चलावनी, हलै हसति हिक्कली हरम्म को हलावनी।—ऊ का.

हिगमत —देखो 'हिकमत' (रू. भे)

उ०—चद्रावती जूनै चद्रगढ रहै, तठै इमरती नू मेली। ग्रागै खबर देण री तो मिस नै हिगमत खेली।—र हमीर

हिगळग्रो-वि —'हिंगळाज' देवी के दर्शनार्थ यात्रा करने वाला।

हिगैमिग-स. पु.—हर्षोल्लास।

उ०—थाळी रै झणझणाटा सूं हवा रा रेसा चीरीजण लागा। मासी री गवाडी तो हिगैमिग लागी पण लागी। पण ग्राखा गाव माथै जाणै किहकिडायनै वीजळी पडी।—फुलवाडी

हिगोटो —देखो 'हिंगोट' (रू भे.)

हिगोणियो—देखो 'हिंगाणियो' (रू. भे)

हिडकणो-सं. पु.—१ पागल कुत्ता।

२ पागलपन के रोग वाला कोई पशु या मनुष्य।

हिडकणो, हिडकबो-क्रि स.—१ काट खाने के लिए टूट पडना, उचक कर ग्राना।

उ०—तठै देखें तो अस्त्री छै। देख नै माथो धूणै छै। मैं जांण्यो परमेस्वर रा घर-माहे घणी रीघ छै, नै आ जो म्हारै वैर होयनै इण रै पेट रो कोई नग नीपजै तो हू प्रथ्वी माहे अमर होवूं पिण हिंवारू वतळाऊ तो माथो वाढै।—जखडा मुखडा भाटी री वात

हिंस—देखो 'हींस' (रू भे)

हिंसक-वि [स] १ हिंसा करने वाला, मारने या वध करने वाला, हत्यारा।

उ०—चोर हिंसक नै कुसीलिया, यारै ताइ ही साधा दियो उपदेस। यानै सावद्य रा निरवद्य किया, एहवी छै हो जिन दया धरम रेस।—भि द्र

२ हानिकारक, अनिष्ट-कर।

३ दूसरो को कष्ट या पीडा पहुँचाने वाला।

स पु. [स] १ शत्रु, वैरी, दुश्मन।

२ जगली जानवर।

रू भे—हसक।

हिंसा-स. स्त्री [स.] १ किसी जीव को मारने की क्रिया या भाव, जीव हत्या, शिकार, वध, हत्या।

उ०—१ मारण मारण समझै मूरख, तारण लखै न ताई नै। रात दिवस हिंसा सू राजी, कर दै मात कसाई नै।—ऊ. का.

उ०—२ ससार सुपहु करता ग्रह सग्रह, गिणि तिणि हीज पचमी गाळि। मदिरा रीस हिंसा निंदा मति, च्यारै करि मूकिया चडाळि।—वेलि

उ०—३ इम हिंसा झूठ चोरी मैथुन परिग्रह सेव्या सेवाया अव्रत सीची तो उण रै लेखै व्रत पिण वधती कहिणी।—भि. द्र.

२ अहिंसा का विपर्याय।

३ ऐसा कार्य, हरकत या प्रवृत्ति जिससे किसी अन्य को पीडा, कष्ट या आघात पहुचे।

४ पीडा, कष्ट।

५ विनाश, नाश।

६ अनिष्ट, बुराई।

७ उत्पात, लूट-मार।

रू भे—हिंस्या।

हिंसा-करम-स पु. यौ [स हिंसा+कर्म] १ ऐसे कार्य जो हिंसा की सज्ञा मे आते है, हिंसात्मक कार्य।

२ वध, हत्या।

३ कष्ट, पीडा।

हिंसात्मक-वि [स] जिसमे हिंसा निहित हो, हिंसायुक्त।

हिंसा-धरमी-वि. [स. हिंसा+धर्मी] हिंसात्मक कार्यो मे विश्वास करने वाला।

उ०—हिंसाधरमी कहै हिंस्या बिना धरम नही हुवै।—भि. द्र.

हिंसार, हिंसारव-स पु. [स. हेषा+रव] घोडो की हिन-हिनाहट।

उ०—१ जसौल जवाव, सजत सताव। हिंसार हयद गराज गयद।—सु प्र.

उ०—२ हक होय हिंसारव साद हुवै, धूसा छक काहुळ भैर धुवै।—गो रू

हिंसावांन-वि—हिंसात्मक भावना रखने वाला, हिंसक, हत्यारा।

उ०—चोरी करमी चोर, जार करसी नित जारी। हिंसा हिंसावान, जवा रमसी जूवारी।—ऊ का

हिंस्या—देखो 'हिंसा' (रू भे)

उ०—१ आप नफो चाहे भलो, परको भलो न चाय। जनहरीया ता दिस्ट मैं, हिंस्या उपजी आय।—अनुभववाणी

उ०—२ थे हिंस्या मैं धरम कहो सो थारै लेखैं कुसील मैं पिण धरम ठहरचो।—भि द्र

हिंस्र-वि. [सं] १ हिंसक, हिंसात्मक प्रवृत्ति वाला, हिंसालु।

२ खूंखार, खतरनाक, भयानक।

३ अनिष्टकर, घातक।

५ निष्ठुर।

५ उपद्रवी।

स. पु [स] १ हिंसक पशु या जानवर।

२ शिव।

३ भीम का एक नामान्तर।

हि-स स्त्री [स] १ एक प्राचीन विभक्ति।

उ०—सुपनइ प्रीतम मुझ मिळ्या, हूँ लागी गळि गेइ। डरपत पलक न खोलही, मति हि विछोहउ होइ।—ढो मा.

२ टिटहरी। (एका)

स. पु [स हय] ३ अश्व, घोडा।

उ०—हाथ्या हि गज रथ वाहन दिवस दिवसि नित्य। नारि कहि करू, रायजी, काइ धरम केरा कृत्य।—नळाख्यान

४ खेद, अफसोस। (एका)

५ सर्प, साँप। („)

६ मोर, मयूर। („)

७ हाथ, पाणि। („)

वि.—१ हरा। („)

२ देखो 'ही' (रू भे)

हिअ—देखो 'हिरदौ' (रू भे)

हिअकाम—देखो 'हितकाम' (रू. भे)

हिअय—देखो 'हिरदौ' (रू भे)

हिआउ हिआव-स पु. [स हृद] साहस, हिम्मत।

हिएसी, हिऐसी—देखो 'हितैसी' (रू. भे.) (जैन)

हिओ—देखो 'हिरदौ' (रू. भे)

हिक-वि. [स. एक] एक।

वायु जो मुह से निकलते समय कण्ठ मे आघात करती है तथा इसके निकलने से कुछ आवाज होती है।

उ०—१ उठता-बैठतां खावता-पीवता हरदम उणरी आंख्यां रै आगै वा काळी अधारी मौत सू ई डरावणी रात फिरण लागती, जिण रात पनियै दिनूगा ताई सून थूकयौ अर सेवट हिचकी खाय नै गावड एक कानी लटकाय नाखी ही।—अमरचूनडी

उ०—२ मरतौ हिचकी लेवै टाबर, तूटै नभ मै तारौ। वेचै रमणी लाज, चानणौ कम पडग्यौ चदा रौ—चेतमांनखौ

उ०—३ जीव जोसै पडै सास हिचकी अडै, सैन ही सैन समभाय हारचौ। दास हरजी कहै जीव वासै रहै, धोग सू धकौ ऊन काय मारचौ।—जाभौ

वि० वि०—छीक की तरह इसमे भी वात गुल्म बनता है। वह मुह से निकलते समय गले मे झटका देकर आवाज करता है।

२ एक प्रकार का वात रोग जिसमे उक्त क्रिया वार-वार होती है।

३ ठोडी, चिवुक।

उ०—१ निनाण करती उणरी मा आयगी अर कस्सी रै हिचकी टेक नै ऊभी व्हैगी।—रातवासौ

उ०—२ पछै डोकरी हिचकी रा काळा मस्सा नै गिणती कॅरण लागी—थै दोनू मिळ परा नै बूढी डोकरी सू कोगता तौ नी करौ हो।—फुलवाडी

४ रह रह कर सिसकने का शब्द।

५ रहट को उल्टा घूमने से रोकने के लिये लगाई जाने वाली लकडी।

६ ऊट का एक रोग जिसमे वह खाना पीना बद कर देता है।

क्रि प्र—आवणी, चालणी, हालणी।

हिचकौ-स. पु.—१ धक्का।

२ लचका।

३ कष्ट, पीडा, तकलीफ।

४ परिश्रम, जोर।

क्रि. प्र.—आवणौ, खावणौ, देणौ, लागणौ।

रू भे—हचकौ।

हिचडगौ-स पु.—बडी-बडी टांगो वाला कीडा जो मदगति से चलता है। (शेखावटी)

हिचण-स. पु—१ युद्ध, लडाई।

उ०—घण बोलै जोधार, हिचण तोलै नभ हाथै। रण प्रारभ रूपरा, मडै आरभ किण माथै।—मे. म.

२ देखो 'हीचण' (रू भे.)

रू. भे—हचण, हिचावण, हिचि, हीचण।

हिचणौ, हिचबौ-क्रि स.—१ युद्ध करना, लडाई करना।

उ०—१ दहू दळ वाघक आण दुवाह, हिचै खग कुत मचै हथवाह। करै फिरमाळ यहै तिण काळ, गटै भटपाळक भाळ कपाळ।

—रा. रू.

उ०—२ अथा इण घादक घोर अनेक, हिचै रण हेकण हूं बहि हेक। सेना वण ओपम कोप कमाण, जाळै मक पडव गहर जाण।—मे. म.

उ०—३ ममोभ्रम 'बेहरि' पाय ममाय, हिचै 'फिरमाळ' भटां 'हरनाथ'। 'धनावत' 'अम्मर' जोर धियाग, गळा घट भूर करै भट माग।—नू प्र.

उ०—४ मभे मग भाट हणै गळ गाय, हिचै 'भगवांन' तणौ 'हरनाथ'। तठै 'करनौत' लडै मग ताहू, भटा मनि सामत अगद थाह।—नू. प्र.

२ टक्कर लेना, सामना करना, भिडना।

उ०—१ काळ हूकमि जिम काळ रा, फिकर फहरारै। होय नटा-पट्टा हिचै, विकटा वाकारै।—नू प्र

उ०—२ मचियै काकळ मदन रो, वीर न देगै वाट। एक अनेकां सू हिचै, छाती वजर कपाट।—बां. दा.

३ युद्ध मे वीर गति प्राप्त होना।

उ०—१ जगन्नाथ भाळत कौतुक जुद्ध, माळा कज मकर ठाठव मुद्ध। विनै बहू क्रूर किया गळबाहू। मिया रजपूत हिचै रण माहू।

—मे. म.

उ०—२ निहमै मळा 'नवल्ल' रौ, अगै दळां दुकाळ। हिच पडियौ रज रज हुवै, सादू सूरजमाल।—रा रू.

उ०—३ ईसतै अरक गंदळ अतुळ, गजा कमळ कीधा गरा। खळ प्रबळ मीर झडिया खगै, हिचि पडिया 'चापा' हरा।

—रा रू.

हिचणहार, हारौ (हारी), हिचणियौ—वि०।

हिचिग्रोडौ, हिचियोडौ, हिच्योडौ—भू० का० कृ०।

हिचीजणौ, हिचीजबौ—कर्म वा०।

हचणौ, हंचबौ, हचणौ, हचबौ, हिंचणौ, हिंचबौ, हींचणौ, हींचबौ, हीचणौ, हीचबौ—रू० भे०।

हिचरमिचर-सं. पु. यौ.—१ किसी कार्य मे आगा-पीछा सोचने की अवस्था या भाव, झिझक, हिचकिचाहट।

२ टालमटूल।

हिचावण—देखो 'हिचण' (रू. भे)

उ०—जणणी किणी न खाधौ जापै, खारण खाटौ खारौ। हेवै दळा हिचावण हीदू, हेको तेडण हारौ।—वीरभाण रतनू

हिचि—देखो 'हिचण' (रू. भे)

हिचियोडौ-भू. का. कृ.—१ युद्ध या लडाई किया हुआ. २ टक्कर लिया हुआ, सामना किया हुआ, भिडा हुआ. ३ वीर गति प्राप्त किया हुआ।

(स्त्री. हिचियोडी)

२ किसी पर अनावश्यक चेंटना, नाराज होना, लडाई करना ।
३ पागल होना । (पशु)

हिडकवा-सं. स्त्री.—१ पागल कुत्ते या गीदड आदि के काटने से होने वाली बीमारी जिसमे मनुष्य प्यास से व्याकुल रहता है पर पानी देख कर चिल्ला कर भागता है । इस बीमारी मे मनुष्य जिंदा नही रह सकता ।
२ पागलपन का रोग जो अधिकतर कुत्तो को होता है ।
३ पागलपन का कार्य, शैतानी ।
रू भे.—हिडकाव, हिडकियावाव, हीडकियावाव ।

हिडकायौ—देखो 'हिडकणौ' (रू. भे.)

हिडकाव—देखो हिडकवा' (रू. भे.)

हिडकियावाव—देखो 'हिडकवा' (रू भे.)

हिडकियौ, हिडक्यौ-स पु —१ पागलपन के रोग वाला कुत्ता। इस रोग के प्रभाव से कुत्ते के जबडे खराब हो जाते हैं और लार टपकने लगती है । किसी को जबरदस्ती काटने की ताक मे रहता है और यह जिसको काटता है उसे भी पागलपन का रोग हो जाता है ।
उ०—१ सौ पचास पावडा आगै निकळ्या बाद ठाकर बोलतौ—डरजै मत ए बाइ । ए हिडकिया कुत्ता है तौ म्हूँ ई भाटी भीमौ हू। फाड नै खाय जाऊ साळा नै समझ्या कै नी ।—रातवासौ
उ०—२ आम्ही-साम्ही तरवारा री लडाई मैं तौ आप सिरदारा सूं सिंघ अर हिडकिया कुत्ता ई डरै । उठै म्हारी अकल नी भवै ।
—फुलवाडी
२ पागल ।
उ०—दुसमणा लाभ दाना दहण, खुली न काना खिडकिया । नर परम धरम बूझै नही, हूकौ सूझै हिडकिया ।—ऊ. का.
क्रि प्र —उठणौ, होणौ ।
रू भे —हडकायौ, हडकियौ, हीडकियौ ।

हिडचाळ, हिडचाळौ-स पु [स हुडुचाल] १ सिंह, शेर।
२ भिडने वाला या टक्कर लेने वाला, योद्धा ।
उ०—१ चाळागारौ हिडचाळ करग करमाळ करारौ ।—रा. रू.
उ०—२ 'चाडा' रै वडचीत हुवौ रिणमल हिडचाळौ —रा रू

हिडदौ—देखो 'हिरदौ' (रू भे.)
उ०—१ अदाता आपनै काई ठा' टाटघा रै हिडदा री पीड कैडी व्है । म्हे तौ जाणू कै टाट्या रा नाव बिचै कोळ्यौ हजार गुणौ वत्तौ ।—फुलवाडी
उ०—२ आध घडी रै उपरात वेद टिचकारी देवतौ कैवण लागौ, देखौ म्हारौ राम निकळियौ । एक ग्वास बूटी तौ भूल ई गियौ। बुढापा मैं हिडदौ काम ई नी करै ।—फुलवाडी
उ०—३ इमै सगत माणस नै धोवै रै जाळ मैं लेय'र मारता दया नी आई, पथर हिडदा मैं हया नी वापरी ।—दमदोख

हिडमच-स. स्त्री [अ. हिरमिजी] १ एक प्रकार की लाल मिट्टी विशेष ।
२ उक्त मिट्टी को घोल कर बनाया हुआ रग ।
रू भे —हिरमच, हिरमची ।

हिडमची-वि —उक्त मिट्टी के अनुरूप लाल रग का ।
स पु.—इसी रग का घोडा ।

हिचक-स स्त्री.—१ किसी कार्य को करते समय होने वाली झिझक, आगा-पीछा सोचने की प्रवृत्ति, सकोच, मन की रुकावट । किसी कार्य से पीछे हटने की क्रिया या भाव ।
उ०—कूजडौ मोळौ पडता कह्यौ—भला, आप ई आ काई बात करी, आपरै साथै वधौ करण मैं कैडी हिचक ।—फुलवाडी
२ भय, डर ।
३ अनिच्छा, उदासीनता ।
४ लचक ।
५ धक्का ।

हिचकणौ, हिचकवौ-क्रि. स.—किसी कार्य को करते समय झिझकना, सकोच करना, आगा-पीछा सोचना ।
२ अनिच्छा या उदासीनता दिखाना ।
३ पीछे हटना, मुख मोडना ।
उ०—वडौ हिम्मत रौ मरद मेहनत रा भार सू हिचकै नही ।
—नी. प्र.
४ डरना, भय खाना ।
५ लचकना ।
६ हिलना डुलना ।
हिचकणहार, हारौ (हारी), हिचकणियौ—वि० ।
हिचकिओडौ, हिचकियोडौ, हिचक्योडौ —भू० का० कृ० ।
हिचकीजणौ, हिचकीजबौ—कर्म वा० ।
हचकणौ, हचकवौ, हचक्कणौ हचक्कवौ, हिचकिचाणौ, हिचकिचाबौ—रू० भे० ।

हिचकिचाणौ, हिचकिचावौ—देखो 'हिचकणौ, हिचकवौ' (रू भे)
हिचकिचाणहार, हारौ (हारी), हिचकिचाणियौ—वि०
हिचकिचायोडौ —भू० का० कृ० ।
हिचकिचाईजणौ, हिचकिचाईजवौ—भाव वा० ।

हिचकिचाट, हिचकिचाहट—देखो 'हिचक' ।

हिचकिचायोडौ देखो 'हिचकियोडौ' (रू भे)
(स्त्री हिचकिचायोडी)

हिचकियोडौ-भू का कृ.—१ किसी कार्य को करते हुऐ झिझका हुआ, सकोच किया हुआ, आगा-पीछा सोचा हुआ. २ अनिच्छा या उदासीनता दिखाया हुआ ३ पीछे हटा हुआ, मुख मोडा हुआ. ४ डरा हुआ, भय खाया हुआ ५ लचका हुआ. ६ हिला-डुला हुआ ।
(स्त्री हिचकियोडी)

हिचकी-स. स्त्री. [सं हिक्का] १ पेट मे स्थित एक विशेष प्रकार की

हिणहिणाट, हिणहिणाहट–स. स्त्री.—१ घोडे के बोलने की आवाज।
उ०—चारेक घडी रात ढळिया मासी री गवाडी हिणहिणाट करतो घोडौ हीसियो।—फुलवाडी
रू भे —हणणाट, हणणाहट, हिणणाट, हिणणाहट, हिणहिण।

हिणहिणाणौ, हिणहिणावौ–क्रि. अ.—१ घोडे का बोलना, आवाज करना, हिनहिनाना।
२ हसना।

हिणहिणायोडौ–भू. का कृ.—१ बोला हुआ, हीसा हुआ २ हसा हुआ। (स्त्री. हिणहिणायोडी)

हिणा–क्रि वि [स अधुना] इस समय, इस वक्त।
उ०—फेर साहू विचारी—जे कदाचित्त हू हाथ पकडियो तौ हू तौ एकलो छू अर ए घणा छै। मनै मारि इयै नै परहो नै जासी। तौ वाणिया बुद्धि करनै हिणा तौ चुप रहू जावणौ।
—पलक दरियाव री वात

हिणियोडौ—देखो 'हणियोडौ' (रू. भे)
(स्त्री. हणियोडी)

हिणोडी–स स्त्री —वह गाय या भैंस जो दूध न देती हो। (ग्रांडणी)

हित–स पु [स] १ लाभ, फायदा, मुनाफा।
उ०—दया मया कौ माडहो, जीव जनेती साथि। हरीया तोरण तत का, हित लै वदू हाथि।—अनुभववाणी
२ भला, कल्याण, मगल।
३ आनन्द, सुख।
उ०—लखि तन प्रभा नयण सुख लीधो। कनिया दहू मिळै हित कीधो।—सू प्र.
४ शुभ कार्य, उपयुक्त कार्य।
उ०—गुरु गेहि गयौ, गुरु चूक जाणि गुरु, नाम लियौ दमघोख नर। हेक वडौ हित हुवै पुरोहित, वरै मुसा सिसुपाळ वर।
—वेलि
५ उपकार, भलाई, हित।
६ शुभ कामना।
७ तदुरुस्ती, स्वस्थता।
८ देखो 'हेत' (रू भे.) (अ. मा)
उ०—१ देवाळै पैसि अबिका दरसे, घणै भाव हित प्रीति घणी। हाथै पूजि कियौ हाथालगि, मन वछित फळ रुखमणी। वेलि
उ०—२ हित तिण प्यारा सज्जणा, छळ करि छेनरियाह। पहिली लाड लडाइ कई, पाछइ परहरियाह।—ढो. मा.
९ देखो हितु' (रू भे.)
१० देखो हेतु' (रू. भे)
उ०—१ हित पत धरम कैद वस हूवो, दियौ साह पूछण कौ दूवो।
—रा रू
उ०—२ आलम हाथ रो रघुनाथ धणरिज, प्रथम भूप अनक। दिल गहर दीधौ सरण हित दत, नहर हेकण नक।—र. ज. प्र.
रू. भे.—हिति।

हितकर–वि. [स.] १ हित करने वाला, हितकारी।
२ लाभप्रद, फायदेमद, फलदायक।
३ अनुकूल, उपयोगी।
४ स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी।
५ माफिक पड़ने वाला।

हितकाम–स. पु.—१ भलाई की इच्छा या भाव।
२ भलाई का कार्य।
वि.—१ भलाई करने वाला।
२ शुभेच्छु, हितेच्छु।
रू. भे.—हितकाम, हितकामी।

हितकामी—देखो 'हितकाम' (रू. भे.)
उ०—'सीमधर' युग मदिर स्वामी, वाहुजी सुवाहुजी हितकामी।
—जयवाणी

हितकार, हितकारक, हितकारी–वि [स हित—कार, कारक] १ हित करने वाला, भला करने वाला, उपकार करने वाला, उपकारी, शुभेच्छु।
उ०—१ मेरा सो हरिजन हितकारी, वाकै पेम भगति अधिकारी। समझि बूझि ऐसै नर भाई, मनवा एक दोय फळदाई।
—अनुभववाणी
उ०—२ हितुआ हितकारी हुवै, वाको ही कोइ वैण। पारिख रतन परीखतां, निरखे वाकी नैण।—ध व ग्र
उ०—३ वळ गहलोत वडा व्रत धारी, कमधा घणी तणा हितकारी। वीरमर्द पत धरम सवायो, जोम भुजै दूणी जाणायो।
—रा. रू.
उ०—४ कहे दास सगराम सुणौ सज्जन हितकारी। कर मुकत भज राम पनौती आई भारी।—सगरामदास
२ लाभ पहुँचाने वाला, फलदायक।
३ गुणकारी, फायदेमद।
४ कल्याणकारी।
उ०—उत्पतिया बुद्धि आगला, भिक्षु गुण भडार। हितकारी दृस्टत तसु, साभळता सुखकार।—भि. द्र
५ प्रेमी, स्नेही।
६ दया करने वाला, कृपालु।
७ आनन्ददायक, सुखप्रद।
रू भे.—हितकारौ, हितिकारी, हेतिकरण।

हितकारौ—देखो 'हितकारी' (रू. भे.)
उ०—खात खणी, गाठी छोडी नै, ताला कूची घर वाट वाडोजी। लाधी वस्तु नटू नही, ए कराय दौ हितकारौ जी।—जयवाणी

हिचोळणौ, हिचोळवौ–क्रि. स.—१ झूला झुलाना, झूले के धक्का देना, हिंडाना।
उ०—माता धोता अमल झुलरायो झोली, हालरि हुलरावियो, हीडोळ हिचोळी।—ध. व ग्र.
२ पकड कर हिलाना।
हिचोळणहार, हारौ (हारी), हिचोळणियौ—वि०।
हिचोळियोड़ौ, हिचोळिग्रोड़ौ, हिचोळयोड़ौ—भू० का० कृ०।
हिचोळीजणौ, हिचोळीजवौ—कर्म वा०।
हचोळणौ, हचोळवौ, हिंचोळणौ, हिंचोळवौ—रू० भे०।
हिचोळियोड़ौ—भू. का कृ—१ झूला झूलाया हुआ, झूले मे धक्का दिया हुआ २ पकडकर हिलाया हुआ।
(स्त्री. हिचोळियोड़ी)
हिचोळौ–स पु.—१ धक्का, झोका।
२ झटका।
हिज—देखो 'हीज' (रू भे.)
उ०—१ वाधव पूरव अरध एण विध, यम हिज जाण जगण उत्तरारध। काय छठं थळ यक लघु कीजै, दुमट विखम थळ जगण न दीजै।—र ज प्र
उ०—२ अम्ह विसटाळै आवियो, लगि ज्या हिज लारै। कटक सुणि अगद कहै, पित तुझ प्रकारै।—सू. प्र.
उ०—३ साधु पणो लेइ चोखो पालै तै मोटा पुरुख। कइ कहै पाच में आरा में साधु पणौं पूरो पलै नही, इसो हिज अवारू निर्भं।—भि द्र
हिजरी–स स्त्री. [अ हिज्री] १ मुहम्मद साहब के मदीने भागने की तारीख।
२ इस्लामी सवत्सर जो हजरत मुहम्मद की हिज्रत से आरंभ होता है।
वि वि—इसका प्रारम्भ १५ जुलाई ६२२ ई. या श्रावण शुक्ला द्वितीया विक्रम सवत ६७९ से माना जाता है।
हिजारौ–स पु.—कमर तक की ऊचाई तक दीवार मे लगाया जाने वाला पत्थर।
हिजूर—देखो 'हुजूर' (रू. भे)
उ०—हाथी तुरग सवै लै हालौ। साह हिजूर सतावी चालौ।
—रा रू.
हिज्जे–स पु. [अ. हिज्ज] किसी शब्द के वर्ण, वर्णों की ठीक अवस्था व किसी शब्द के मात्रा सहित अक्षर।
वि. वि.—किसी शब्द में आने वाले वे वर्ण जो निर्धारित ढंग से रक्खे जाने पर ठीक अर्थ व्यक्त करते हैं। इस मे स्वर तथा व्यजनो की ठीक योजना की जाती है।
हिठाकर–वि—युद्ध करने वाला, योद्धा, वीर।
हिडब—देखो 'हिंडिब' (रू. भे)

हिडवा—देखो 'हिंडिवा' (रू. भे)
उ०—चलण निहाइ जागिउं सहू पणमी वोलइ हिडवा वहू। माइ माइ ऊठाडउ राउ ए रूठउ अम्हारउ ताउ।—सालिभद्र सूरि
हिडवी–स. स्त्री [स हिडवक] १ भैंस, महिषा। (डिं. को.)
२ एक प्रकार का आइना, काच।
रू. भे.—हडवी, हडूबी।
४ देखो 'हिंडिवा' (रू भे.)
हिडवु—देखो 'हिंडिव' (रू. भे)
उ०—विस खप्पर कीचका वकु हिडंवु कमीरु मारिउ। लहु वधवि अरजुनि दुन्नि वार तुह जीउ ऊगारिउ।—सालिभद्र सूरि
हिडायलौ–स. पु.—कुए के अन्दर की ओर लटकती हुई लकडी (मालटियो) को वांधने वाली रस्सी।
हिंडिव–स. पु [स] १ एक राक्षस जो पाडवो के वनवास के समय भीम द्वारा मारा गया था।
२ भैंसा, महिष।
रू. भे.—हिडव, हिडवु।
हिंडिवा–स स्त्री [स,] हिंडिव राक्षस की वहन और भीम (पाडव) की पत्नी। इसका पुत्र घटोत्कच वडा वीर व पराक्रमी था।
रू. भे.—हिडवा, हिडवी।
हिडोकै–क्रि वि—इस वार, अव की।
उ०—इण च्यारा ही आय आप री माता नू सवण कहीया, माता, सवण तौ हिडोकै वारुसा छै।—वरसं तिलोकसी भाटी री वात
हिण—देखो 'इण' (रू. भे)
उ०—दादू हिण दरियाव, माणिक मझेई। ढुवी डेई पाण में डिठो हमेई।—दादूवाणी
हिणणाट, हिणणाहट—देखो 'हिणहिणाट' (रू. भे.)
उ०—मवती हिणणाट करै मवरी।—पा प्र.
हिंणणौ, हिणवौ—देखो 'हणणौ, हणवौ' (रू भे)
उ०—चढियो जस-कळस आदि लग 'चूडा', पै गज घाट गिळण गोपाळ। दाणव, देव, मानव कोय दाखौ, पग सू गज हिणतौ प्रित माळ।—गोपाळदास चूडावत रौ गीत
हिणणहार, हारौ (हारी), हिणणियौ—वि०।
हिणिओड़ौ, हिणियोड़ौ, हिण्योड़ौ—भू० का० कृ०।
हिणीजणौ, हिणीजवौ—कर्म वा०।
हिणहिण—देखो 'हिणहिणाट' (रू भे.)
हिणहिणणौ, हिणहिणवौ–क्रि स—१ घोडे का वोलना, हिनहिनाना।
२ जोर-जोर से हसना।
हिणहिणणहार, हारौ (हारी), हिणहिणणियौ—वि०।
हिणहिणिओड़ौ, हिणहिणियोड़ौ, हिणहिण्योड़ौ—भू० का० कृ०।
हिणहिणीजणौ, हिणहिणीजवौ—कर्म वा०।
हणहणणौ, हणहणवौ, हनकणौ, हनंकवौ—रू० भे०।

हिदै, हिदौ—देखो 'हिरदौ' (रू. भे.)

उ०—१ तजै नाम हिदै हु जो राजू, नही तजै तो मारि हूँ आजू। कहै प्रहलाद त्रिलोक म मावै, राज पाट की कोन चलावै।
—वि सं. सा.

उ०—२ हथळेवडै हरि जाणज्यो, आणज्यो हीयडइ गाढ। मोरो हिदौ वाजइ गयण गाजई, मेघ जिमि आसाढ।—रुकमणी मगळ

हिना-स. स्त्री. [अ] मेहदी, रक्तगर्भा।

हिफाजत-स. स्त्री [अ. हिफाजत] १ सुरक्षा, रक्षा, बचाव।

२ किसी वस्तु की ऐसी व्यवस्था जिसमे उस वस्तु की क्षति या नाश न हो, उचित प्रबन्ध, माकूल इन्तजाम।

उ०—पछै नोट उठायनै कोट री मायली जेब मैं हिफाजत सू घालतौ बोल्यो।—अमरचूनडी

३ देखरेख, देखभाल।

४ निरीक्षण, जाच।

५ होशियारी, सतर्कता, सावधानी।

हिवडौ—देखो 'हिवडौ' (रू भे.)

हिबोळौ, हिबौळौ—देखो 'हबोळौ' (रू भे)

उ०—१ उण एक दात रै पाण तो जाणै हंमी रौ अथाग समदर ई हिबोळा मारण लागो।—फुलवाडी

उ०—२ एक ठौड हिबोळा खावतौ सरवर देखनै वा उठै ढवगी। पाणी देखता ई उणनै तिरस लखाई।—फुलवाडी

हिमंचळ—देखो 'हिमाचळ' (रू भे)

हिमत—देखो 'हेमत' (रू भे)

हिमस—देखो 'हिमासु' (रू भे)

हिम-स पु. [स. हिमम्] १ वर्फ, पाला, तुषार।

उ०—अब हिम विध सुसत अचवावै, पूरण हुय चूरण सुध पावै।
—सू प्र

[स हिम] २ ठडक, जाडा, सर्दी, शीत।

उ०—१ पिव चालै पदमण कहै, आयो मिगसर मास। चहू दिसा हिम चमकियौ, बालम हियै बिसास।—अग्यात

उ०—२ हिम वाधि हिम रित निसा हरणै, दिवस क्रिस गुणि देखियै। चित मोद निस प्रति मिटै चकवा, सुख चकोर विसेखियै।
—रा रू.

३ सर्दी का मौसम, शीतकाल, जाडे की ऋतु।

४ हिमालय पर्वत।

उ०—वामण चरण प्रताप विध, हिम पित गोरी विहन।
—रा. रा.

५ चद्रमा, चाद।

६ चदन।

७ मोती।

८ कमल।

९ कपूर।

१० मक्खन।

११ औषधि बनाने की एक प्रक्रिया विशेष जिसमें औषध को रात भर ठडे पानी मे भिगोकर सवेरे मल कर छान लिया जाता है।

१२ उक्त प्रकार स बनाई जाने वाली दवा, ठडा क्वाथ।

वि. [स. हिम] १ श्वेत, सफेद।

२ शीतल, ठण्डा।

३ देखो 'हेम' (रू. भे)

उ०—१ सर गिरवर तारै पदम अठारै, सेन उतारै जगत सनै। भिड रांवण भजै गढ हिम गजै, समरा रजै अहम अनै।
—र ज प्र.

उ०—२ ऊचो गढ लागो आकास, दूर सूझ्यो जाण्यो दविलास। दूर राणी तब वीधी हाम, हिम गढ चढीयो हेमाचळ पास।
—प. च चौ.

रू. भे.—हिंव, हिव।

हिमउपल-स. पु. [स.] वर्षा की बूदों के साथ कभी कभी पडने वाले वर्फ के छोटे छोटे खण्ड, ओला, हिम-खण्ड।

हिमकण-स. पु. [स. हिमकण] १ वर्फ का छोटा कण।

२ ओस की बूद।

हिमकर, हिमकरि-स. पु [स. हिमकर] चद्रमा, शशि।

उ०—१ है नभ जितै अहिमकर हिमकर, नरपुर अतै रहण री नीम। महत सुजस विसतार न मावै, भरत खड सभ गंगा 'भीम'।
—महाराजा मानसिंह

उ०—२ नयण कज सम निपट, सुभग आणण हिमकर सम। जप सम 'ग्रीवह' जळद, तवत सम हीर दसण तिम।—र ज प्र.

उ०—३ गजरा नवग्रही ओचिया ओचे, वळै वळै विधि विधि वळित। हसत नखित्र वेधियो हिमकरि, अरध कमळ अलि आवरित।—वेलि

२ कपूर।

रू भे—हमकर।

हिमकिर, हिमकिरण-स पु. [सं] चन्द्रमा, शशि।

हिमखड-स. पु. [सं] १ वर्फ का टुकडा।

२ हिमालय पर्वत।

हिमगर, हिमगिर—देखो 'हिमगिरि' (रू. भे)

उ०—अत थारो जस ऊजळो, जेहल दिस दिस जोय। हिमकर तौ घटवध हुवै, हिमगिर गळ जळ होय।—वा. दा.

हिमगिरसुता-स. स्त्री [स हिमगिरि+सुता] पार्वती, उमा।

हिमगिरि, हिमगिरी-स. पु [स. हिमगिरि] हिमालय पर्वत।

उ०—यौवन! जा रे पापीया, तू हिमगिरि पारि। भूडा! तुझनइ भोग विसि, भवि वीजइ भरथारि।—मा का प्र.

रू. भे.—हिमगर, हिमगिर।

हितचकोर–स पु [स चकोर+हित] चद्रमा, चांद।
हितचितक–सं पु [स] शुभचितक, शुभेच्छु।
हितचिंतन–स पु. [स] १ हित करने की इच्छा।
 २ हित व भलाई के लिये की जाने वाली कामना, शुभकामना।
हितव–स. पु —चारण कवि।
 उ०—हितवां स बीटिया अळग न होवै, छाए ऊपरि घर छात।
 मणिधर तेथि जेथि मळयातर, 'पाचौ' जेथि तेथि कवि पात।
 —नादण बारहट
हितवादी–वि.—हित की बात कहने वाला।
हितवारज–स. पु [स वारज+हित] सूर्य, रवि।
हितापन–वि —जिससे अपना हित हो।
 उ०—छोड गुमान कान दै सजनी, सौत लगाय रही है घतिया।
 रामलला सिखमान हितापन हरि हिय लाय जुडावै छतिया।
 —रामलला
हितारथ–क्रि वि [स. हितार्थं] हित के लिये, भलाई हेतु, कल्याणार्थ।
 उ०—हरि कौ हितारथ ऐसौ लखै न कोई। दादू जे पीव पावै अमर होई।—दादूवाणी
 सं. पु.—प्रेम, स्नेह।
 उ०—सुख सेझ रमता ढोलो मारवणी हितारथ सु धापै न छै।
 —ढो. मा.
 रू भे —हेतारथ, हैतारत, हैतारथ।
हिति —१ देखो 'हित' (रू भे.)
 २ देखो 'हितू' (रू. भे) (ह ना. मा)
 उ०—अनत देवकी अभ उपना, हिति देवा देतां अति हाणि।
 —ह ना मा
हितिकारी—देखो 'हितकारी' (रू भे.)
 उ०—हितिकारी हिरदै वसै, यु गुडीयन की डोरि। जनहरीया तन अतरै, मन मिळग्यो ता ओरि।—अनुभववाणी
हितिया—देखो 'हत्या' (रू भे.)
हितियारौ—देखो हत्यारौ' (रू भे)
 उ०—जीव मारया हितियारै रे, पाप लागा लारै रे।—जयवाणी
 (स्त्री हितियारण, हितियारी)
हितु, हितू–वि —१ हित करने वाला, भला करने वाला, हितेच्छु, शुभेच्छु हितैषी।
 उ०—१ आपै मारै आप कौ, यहु जीव विचारा। साहिब राखण-हार है, सो हितू हमारा।—दादूवाणी
 उ०—२ लेख हितू राजो थयो, देख अकब्बर साह। दक्खी साम 'दुरग' नू, सोच तमाम सलाह।—रा रू
 उ०—३ आगळ अपती वात उग्गारी, समै पाय निज अत सु विचारी। मुकनदास कर अरज मिळाया, लेख हितू अप पाय लगाया।—रा. रू.
 २ काम में आने वाला, उपयोगी।
 ३ अपने पक्ष वाला, पक्षधर।
 उ०—विगत सुणी सारी विपर, आया हितू हजूर। अरि भमराणी आवियौ, दळा न वै था दूर।—रा. रू.
 ४ दयालु, कृपालु, खैरख्वाह।
 ५ प्रेमी प्रिय।
 स पु.—१ मित्र, दोस्त, प्रेमी।
 २ भाई, सहोदर।
 ३ नातेदार, रिश्तेदार, सम्बन्धी।
 रू. भे —हित, हिति, हेतव, हेतु, हेतू।
हितेच्छु–वि [स.] १ हित चाहने वाला, भला चाहने वाला, शुभ-चिन्तक।
 २ कृपालु, दयालु।
 ३ सहयोगी।
हितैसी—देखो 'हितेच्छु'।
 रू. भे.—हिएसी, हिऐसी।
हितोपदेस–स पु [स हितोपदेश] १ सस्कृत का एक प्रसिद्ध ग्रन्थ जिसमे व्यवहार-नीति की बहुत सी अच्छी बातें कहानियो के रूप मे कही गई हैं।
 २ किसी का हित करने या भलाई करने के उद्देश्य से दिया जाने वाला उपदेश, अच्छी नसीहत।
हित्या—देखो 'हत्या' (रू भे)
 उ०—१ वीलहदेव अस कीन्ह विचारा, छोड देवौ सव राज दवारा। इनकै हित्या कर सतसगी, इह सब लोगन करै कुसगी।
 —वील्होजी
 उ०—२ तद आसकरण जाणियो, 'जो भाई हित्या लागी, अरु राज पण मिळियो नही।' तिण सूं लाज खाय नै तीरथा गयो।
 —द. दा.
हित्यारौ—देखो 'हत्यारौ' (रू भे)
 उ०—१ राजकंवर नै देखता ई दीवाणजी अर लक्खी विणजारा माथै तो जाणै वाण वेगो। दोनू जणा आधा होय न्हाटण लागा कै राजकवर आदेस करयौ—आ हित्यारां नै पकडो, जावण मत दो।—फुलवाडी
 उ०—२ खाधी जवै तो ई उण हित्यारा नै दया नी आवै। पूछ मरोड मरोडनै आटा कर दिया —फुलवाडी
 (स्त्री हित्यारण, हित्यारी)
हिदायत–स स्त्री [अ] १ आदेश, हुक्म, निर्देश।
 २ सन्मार्ग, पथ-प्रदर्शन।
 ३ गुरुमत्र।
 ४ चेतावनी।

रू भे—हिमचळ, हिमाचळ, हिमाजळ, हीमाचळ, हेमाचळ, हेमाचल, हेमाछळ, हेमाजळ।

हिमाजळ—देखो 'हिमाचळ' (रू. भे.)

हिमाद्रि—स पु. [स.] हिमालय पर्वत।

रू भे.—हेमाद्रि, हेमाद्री।

हिमायत—स. स्त्री [अ] १ पक्षपात, तरफदारी, समर्थन।

२ सहायता, मदद।

उ०—हिमायत अदल री जै नही होवै तो सबळा निबळा नूं मार खुआर करै।—नी प्र.

३ सरक्षण, रक्षा।

उ०—फेर उण री बचन इण भांति छै जिको हिमायत जीव री भाजणा मैं देखै छै सो विचार भूठो छै।—नी. प्र.

४ दोस्ती, मित्रता।

उ०—जै तू लडणै रो मतो राखै छै तो तोनू दस सरत री हिमायत करणी।—नी प्र.

५ प्रोत्साहन, थपकी।

रू. भे—हिमाइत, हीमायत, हेमायत।

हिमायती—वि—१ हिमायत करने वाला।

उ०—चौधरी रा सिगायोडा लोग छैनकी-बैनकी लगावणा जुटग्या। सागै-सागै वूढली रै हिमायत्या नै गाळ भी ठोरणा लागग्या।

—दमदोस

२ सहायक, मददगार।

३ पक्षपाती, समर्थक, तरफदारी करने वाला।

४ रक्षक, सरक्षक।

५ मित्र, दोस्त।

रू भे.—हीमायती।

हिमार—देखो 'हमार' (रू भे)

उ०—सीहै कह्यो—हिमार बात परगट करणी नही। हू रिण-छोडजी री जात कर आऊ। पछै लाखा ऊपर जामा।—नैणसी

हिमाराति—स. स्त्री [स. हिम+अराति] १ अग्नि, आग।

२ सूर्य, सूरज।

हिमारू, हिमारु—देखो 'हमार' (रू भे)

उ०—१ अर कह्यो—मोनू रावळजी देस भळायो छै, जै हूं हिमारू परणीजण आऊं तो हेमो तुरत महेवै आवै। हू आय न सकू।—नैणसी

उ०—२ जसवत नु कही इसडीक वात छै। तरै जसवत कह्यो—हु हिमारू भूखो थको अठै आयो छु।—राव मालदेव री वात

हिमाळय, हिमालय, हिमाळिय, हिमाळे, हिमाळै, हिमाळो—स पु [स हिमालय] भारत की उत्तरी सीमा पर फैला हुआ एक बहुत बडा पर्वत जिसकी माउट एवरेस्ट नामक चोटी विश्व की समस्त पर्वत चोटियो से ऊची है।

उ०—१ मतवाळी हरिचंद सं राजा, नीच घर नीर भरै। पांच पांडु घर कुंती द्रोपदी, हाड हिमाळय गरै।—मीरां

उ०—२ पोस करै निस बासर पाळो, इसो परहरै विकट हिमाळो। सेज ठरै एकला सियाळो, पदमण विहेनां छोडो पाळो।

—प्रयाग

रू भे.—हीमाळइ, हीमालउ, हीमाळै, हीमाळो, हेमाळ, हेमाळइ, हेमाळई, हेमाळय, हेमाळे, हेमाळै, हेमाळो, हैमाळै, हैमाळो।

हिमे, हिमै—देखो 'हमे' (रू भे.)

उ०—१ ऐ गांव छै हिमे बास जीवण मालदे रा नै हरदास रायपोदास रा छै।—नैणसी

उ०—२ दुय विलास मन प्रेम हुय धारै सविता प्रग। जपूं हिमें सो मत जथा, सियवर कथा प्रसग।—र रू.

हिमेण—स पु—प्रथम गुरु के गणगण का नाम। (र. ज. प्र.)

हिमेस—स. पु [स. हिमेश] १ हिमालय पर्वत।

२ देखो 'हमेस' (रू भे)

हिमैं, हिमै—देखो 'हमैं' (रू भे)

उ०—१ तरै डूगर रावळ समरसी नै राखियो सु डूगर सीस मासर थम, हिमैं डूगरपुर बसायो छै तठै रहता।—नैणसी

उ०—२ हिमैं दिन च्यार आरा घाल नै उमादै आपरा भरतार सो कहियो थे जुबान या तद मैं बोलणो बोलायो थो।

—पचदडी री वारता

हिम्मत—स स्त्री [अ] १ साहस, हौसला, उत्साह, जोश।

उ०—१ मूळी भूजी-बळै। पेमजी धूजं-दळै। ओपरी अर उलाडी तावै नी आवै। पेमजी दबग्यो. कैणी री हिम्मत नही पटै। मूळी सिर चढगी।—दसदोख

उ०—२ ईराण वतन हिम्मत अथाह, सिर दिलद तुज्ज सिरखा सिपाह। सामहो न हालै ग्रह सार, भूम रो न झालै सेस भार।

—वि स.

२ बल शौर्य, पराक्रम।

उ०—१ झगडो अबकै जबरो चेत्यो, अलेखा चीणी कीडिया रै ज्यू आपणी काकड माथै चढनै आया है। आपणा जवान हिम्मत अर बा'दरी सू वारै मुकाबला मैं भिडियोडा है।—अमर चूनडी

उ०—२ मामो-भाणेज दोन्यू डील रा सैतान अर छाती रा वज्जर। काळजो इसो कै दोन्यू मिळनै हजारा मिनखा रो सामनो करण री हिम्मत राखै।—अमर चूनडी

३ कठिन व दुस्साध्य कार्यों के लिये रखी जाने वाली मानसिक दृढता।

उ०—म्हारी चिंता नै म्हू सहन कर सकू हू, पण टाबरियां रा दुख नै सहन करणो म्हारै हिम्मत रै आगै री बात है।

—अमर चूनडी

रू भे.—हिमत, हीमत, होमत, हीमत्त।

वि —श्वेत, सफेद । (डि. को.) *

हिमगु–स. पु. [स.] चन्द्रमा, शशि ।

हिमचळ —देखो 'हिमाचळ' (रू. भे.)

हिमची—देखो 'हमची' (रू भे)

हिमजा–स. स्त्री. [स.] १ पार्वती, उमा ।

२ गगा नदी ।

३ हरड, हर्रे, हरितकि । (अ. मा, ह ना. मा.)

४ आवा हल्दी का पौधा ।

हिमत —देखो 'हिम्मत' (रू. भे.)

हिमतण-स. स्त्री.—वह स्त्री जो साहसी हो, निर्भीक हो ।

हिमतभरियो–वि.— १ साहसी, निर्भीक ।

२ बहादुर, पराक्रमी ।

रू भे.—हिम्मतभरियो ।

हिमताळू–वि —साहसी, हिम्मतवान ।

उ०—मारग री अवळी वेळा मे जै ईनक जिसा हिमताळू चलार नही हुवता तो आज ठिकाणो लागणो मुसकल हो ।

—एक वीनणी दो वीन

हिमद्रजा–स स्त्री [स हिम+अद्रि+जा] पार्वती, उमा ।

उ०—रमै हिमद्रजा तुही अनेक रूपनी, अवै 'ममुद्रजा' स्वरूप मद्र ऊपनी ।—मे म.

हिमप्रकास–स पु [स हिमप्रकाश] १ शीतल प्रकाश ।

२ चांदनी ।

हिमभान, हिमभानु–स. पु. [स. हिमभानु] चन्द्रमा, शशि ।

हिममयूख–स पु [स] चन्द्रमा, चांद ।

हिमरके, हिमरकै–क्रि वि —इस बार, अब की ।

उ०—तरै ईडर रै धणी कह्यो—हिमरकै आपै ही खेडा री बाधण करस्या । पछै ऐ मेवाड आया ।—नैणसी

हिमरस्मि–स पु [स हिमरश्मि] चन्द्रमा, शशि ।

हिमरा–स स्त्री —तरफदारी, पक्षपात ।

उ०—जीया जितै पूरी सारी पख पाळी अर हियाळी सू राख्यो । हर वात मैं हिमरा चढ्या अर भीर बोल्या ।—दसदोख

हिमरित, हिमरितु–स स्त्री [स हिम+ऋतु] हेमन्त ऋतु ।

उ०—सोळसै साक चववीस तास, मधि हिमरित वर अघण मास ।

—सू. प्र.

रू भे —हिमरुत ।

हिमरुचि–स पु [स] चन्द्रमा, चांद ।

हिमरुत—देखो 'हिमरितु' (रू भे)

उ०—यी वरखा रित वौळवी, वीती सरद अदुंद । हिमरुत आधी वीच त्यौं, फेर प्रगट्टयो फद ।—रा रू

हिमवत, हिमवत–वि.—१ हिम के समान, बर्फ जैसा ।

२ शीतल, ठडा ।

स. पु. [स हिमवत्] हिमालय ।

रू भे.—हैमवत ।

हिमवतपरवति–स. पु [स हिमवत्+पर्वत] हिमालय पर्वत ।

उ०—एतला प्रदेस माहरी वास भूमि, पुण हिमवत-परवति पद्म-द्रहि एक कोडि वीस लाख साधिक पद्मि परिवरिउ तिहा माहरउ वास ।—व स.

हिमवांन–स पु [हिमवत्] १ हिमालय पर्वत ।

२ चन्द्रमा ।

वि —१ जिसमे हिम हो, बर्फीला

२ ठडा, शीतल ।

हिमवार–स स्त्री —हेमन्त ऋतु का समय, शीतकाल ।

उ०—समत मेक सपत्त, मिळै गुणसठो छमच्छर । सरप पार हिमवार, सकळ रित हूं रित सुदर ।—रा. रू

हिमसैलजा–स स्त्री. [स हिमशैलजा] पार्वती, उमा ।

हिमसुत–स पु [स] चद्रमा ।

हिमहित–स पु.—चद्रमा ।

हिमाचळ—देखो 'हिमाचळ' (रू भे)

उ०—नदी जु पूर वहती थी सु घटि होण लागी । अर हिमांचळ परवत्त का स्रिग वधण लागा । जैसे जोवन कै आयै नायिका की कटि खीण होय । त्यौं नदी खीण हुई ।—वेलि टी

हिमांणी, हिमानी —देखो 'हेमाणी' (रू भे.)

हिमामदस्तो—देखो 'हमामदस्तो' (रू भे)

हिमासु हिमासू, हिमासु–स पु [स हिमाशु] १ चन्द्रमा ।

उ०—कन्ध्वसो विस्णू कमळ भव जिस्णू स्तुति करै । हिमासू उस्णासू पदम-पद पासू सिरधरै ।—मे म

२ कपूर ।

३ रजत, रूपा, चादी । (ह. ना मा)

रू भे —हिमस, हेमसु, हेमसू ।

हिमाइयत—देखो 'हिमायत' (रू भे)

उ०—बहराम नू इणरी हिमाइयत पसद आई । घोडो तो लीन्हो नही आपरै घर पाछो आयो ।—नी प्र

हिमाकत–स स्त्री [अ] मूर्खता, बेवकूफी ।

हिमाचळ–स पु [स हिम+अचल] १ हिमालय पर्वत ।

उ०—१ देख तपती ताव सू, मुरधर अख रै भाण । हियो हिमाचळ आभळचो, वह चाल्यो वरफाण ।—लू

उ० —२ सबळ जळ सभिन्न सुगध भेट सजि, डिगमिग पाउ वाउ क्रोध डर । हालियो मळयाचळ हूत हिमाचळ कामदून हर प्रसन कर ।—वेलि

२ शिव के श्वसुर का नाम जो हिमप्रदेश का शासक था, पार्वती का पिता ।

हिरण–स पु [स. हिरण्य] १ स्वर्ण, सोना।

उ०—वा व्रत किया अनेक, हिरण दै दै विप्रा हथ। ज्या सधिया अठ जोग, त्या किया कौटक तीरथ।—र. ज प्र

२ द्रव्य, धन, दौलत, सपत्ति। (ह ना मा)

उ०—तीरथ जात समस्त, सफळ साधा मिळ सगा। रास तमामा रमै, हुलस नाचै हुडदगा। साजी मेळा साग देव राखी चंदोळी। मिदर मडी मसाण, होळिका फाग हरोळी। भागवत कथा भूतावळी हिरण दरस हिंडोरचा, परवीण होय जाणै पुरस, मालजादा रा मोरचा।—ऊ का

३ देखो 'हरिण' (रू. भे.) (ह ना. मा)

उ०—१ इतरै बीच हिरणा रा डार आय नीसरै छै। तिकै किण भात रा हिरण छै।—रा सा स

उ०—२ तीतर, सूवटा री बोली सुणिया अबै उण नै ऊबका आवता। अबै नी हिरण आछा लागता अर नी खिरगोस।

—फुलवाडी

४ देखो 'हरण' (रू भे)

उ०—जग रा रूप वाच रा जुजठिळ इळ रा थभ कुळ रा अजुआळ। दुख रा हिरण देव रा हिरसण पन रा प्रवित्त छै ब्रंन रा पाल।—ल. पि

रू. भे.—हरण, हरन, हिरिण।

हिरण-उपवन–स. पु. यौ —ब्रह्मा। (डिं ना. मा.)

हिरणक, हिरणकस—१ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

उ०—हुय सूअर हिरणक हणौ, धरती उर चारै। चद रवी चलै, धूतै थिर सारै।—भगतमाळ

२ देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे)

उ०—हिरणक राकस तू ही नर सिंघ निदाणा।

—केसोदास गाडण

हिरणकसप हिरणकसिपु, हिरणकस्यप–स पु [स हिरण्यकशिपु] १ एक दानव जिसने शिव के वरदान से एक अर्बुद वर्षो के लिए सारे देवताओ का ऐश्वर्य प्राप्त किया था। इसने मेरुपर्वत को भी हिलाया था।

२ कश्यप एवं दिति की दैत्य सन्तानो मे से एक सुविख्यात असुर, जो दैत्यवश का आदिपुरुष माना जाता है।

उ०—१ नरहर डर प्रहलाद निवारै, हिरणकसप वप नखा प्रहारै। ईखै दुरयोधन अनियाई, सकळ पाडवा चीत सभाई।—रा रू

उ०—२ हिरणकस्यप जिसा प्रथमी साल प्रचड।—अ मा.

वि वि —दैत्यवश मे उत्पन्न तीन इन्द्रो मे से यह एक था। शेष दो इन्द्रो के नाम थे—प्रह्लाद व बलि। यह एव इसका भाई हिरण्याक्ष वशकर दैत्य माने जाते हैं क्यो कि अधिकाश दैत्यकुल इन्ही के पुत्र-पौत्रो के द्वारा चलाये गये थे। मगध नरेश जरासध भी इसी के अश से उत्पन्न हुआ था।

कश्यप ऋषि द्वारा किये गये अश्वमेध यज्ञ के समय कश्यप-पत्नी दिति गर्भवती थी और दस हजार वर्षो मे उक्त गर्भ को पेट मे ही पाल रही थी। जब दिति यज्ञ मण्डप मे होतृ के लिए रखे मुख्य सुवर्णासन पर जा बैठी तब उसी सुवर्णासन मे प्रसूत हुई, एव उसका नवजात शिशु वही सुवर्णासन पर अधिष्ठित हुआ। इस प्रकार जन्म से ही सुवर्णासन पर अधिष्ठित होने के कारण इसे 'हिरण्यकशिपु' कहा गया।

इसने अपने भाई हिरण्याक्ष के वध का बदला विष्णु से लेने हेतु ब्रह्मा की कठोर तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने इसे वर दिया कि घर मे या बाहर, दिन मे या रात मे, मनुष्य से या पशु से, शस्त्र से या अस्त्र से, सजीव से या निर्जीव से, शुष्क से या आर्द्र से, यह अवध्य रहेगा। इस वर के कारण इसने घोर अत्याचार शुरु कर दिये।

इसकी तपस्या-काल मे इसकी पत्नी कयाधु गर्भवती थी। इसकी अनुपस्थिति मे नारद ने उसे विष्णु-भक्ति का उपदेश दिया, जिसका प्रभाव उसके गर्भ में स्थित बालक प्रह्लाद पर भी पडा। इससे वह जन्म से पूर्व ही विष्णुभक्त हो गया। हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद की विष्णुभक्ति नष्ट करने के अनेकानेक प्रयत्न किये पर इसे असफलता ही मिली। अत तग आकर इसने प्रह्लाद से कहा, 'सारे चराचर मे भरा हुआ तुम्हारा विष्णु इस खम्भे मे भी होना चाहिये। तुम इसे बाहर आने के लिए क्यो नही कहते?' इतना कहते ही खम्भे से श्रीविष्णु का रौद्र नृसिंहावतार प्रकट हुआ एव नाखुनो से सायकाल के समय इसका वध किया।

पूर्वजन्म मे यह व इसका भाई हिरण्याक्ष भगवान् विष्णु के जय व विजय नामक द्वारपाल थे। पुनर्जन्म में यह रावण बना।

रू भे —हणकस, हरणक, हरणख, हरणखुर, हरणकस्यप, हरणकुस, हरणकुस, हरणक्ख, हरणख, हरणाकस, हरणाकुस, हरणाख, हिरणायख, हरिणाईख, हरिणख, हरिणाकुस, हरिणाक्स, हरिणाकुस हरिणख, हिरणक, हिरणकस, हिरणाक, हिरणाकस, हिरणाकुस, हिरणाख, हरिण्यकसिपु, हिरण्यकस्यप, हिरनकस्यप।

हिरणखुरी–स. स्त्री —१ वर्षा ऋतु मे उगने वाली एक लता विशेष, जिसके पत्ते हिरन के खुर से मिलते-जुलते होते हैं।

२ रात्रि मे हरिन के बैठने का स्थान।

उ०–हिरणखुरी दो आगळी, धरती लाख पसाय। लिखिया भखिया ना टळै, जहा पासा तहा दाव।—अग्यात

रू. भे —हिरनखुरी।

हिरणखिख—देखो 'हिरणाक्षी' (रू भे.)

उ०—लागा कुसुप सरीख वप, ज्यारै पडै खरोट। हद नाजक हिरणखियां, हे माभळ हमरोट।—बा दा.

हिरणगरभ—देखो 'हिरण्यगरभ' (रू. भे.)

(अ. मा; ना. मा, ह. ना. मा.)

हिम्मतभरियौ—देखो 'हिंमतभरियौ' (रू. भे.)
हिम्मति, हिम्मती—देखो 'हीमती' (रू भे)
उ०—वड विना क्रामति न को वीरति, पिंड हुई मत जाय सपति।
हमैं इण भति घरौ हिम्मति, पुळौ पर खिति रहौ नरपति।
—रा. रू.
हिय—देखो 'हिरदौ' (रू. भे.)
उ०—१ वाररी वात वालावकस विए रैं, हियैं रैं मांहि तकलीफ हूगी। जरा हू याद पोहकरी जिम करी जद, पयादा हूरी ज्यौ इद्र पुगी।—मे. म
उ०—२ सान्ह चलतइ परठिया, आगण वीखडियाह। सौ मई हियइ लगाडिया, भरि भरि मूठडियाह।—ढो मा.
हियडलु, हियडलौ—देखो 'हिरदौ' (अल्पा, रू भे.)
उ०—१ हियडलु राति नइ दिवस हीसैं।—स. कु.
उ०—२ अरध मडित नारी नागिला रे, खटकइ म्हारा हियडला वारि रे।—स. कु.
हियडौ—देखो 'हिरदौ' (अल्पा, रू भे)
उ०—१ सदेसडैं न जिवाय, जा नयणां दिन दीस। नेडौ नीर न तिस हरैं, जा हियडैं नही पीस।—पचदडी री वारता
उ०—२ प्रीतम तोरइ कारणइ, ताता भात न खाहि। हियड़ा भीतर प्रिय वसइ, दाझणती डरपाहि।—ढो मा
उ०—३ दादू इस हियडैं यह साल, पिव बिन क्योंहि न जाइसी। जब देखू मेरा लाल, तब रोम-रोम सुख आइसी।—दादूवाणी
हियड, हियडउ—देखो 'हिरदौ' (रू. भे)
उ०—१ हियडइ ताहरइ हे सखी, यण हरनु थड वक। अलग घरइ आलिगता, रायगणि जिम रक।—मा का प्र.
उ०—२ जगडड ए जासक जूहिय, मू हियडउ निरधार। देखउ केवडी केवडी, जेवडी करवत धारि।—जयसेखर सूरि
हियडलइ, हियडलउ, हियडलौ—देखो 'हिरदौ' (अल्पा, रू भे)
उ०—१ नेम नगीनउ मइ पायउ, सखिजी, एह अमूलिक नग्ग। गुण गुफी प्रेम कुदन जडी जी, राखिसि हियडलइ रग।—स कु
उ०—२ हु तउ मूरख ए अतिजाण ए असरीखउ किम घटइ ए। वली विमासिइ हियडला माहि, दैवचिता नवि जाणीइ ए।
—हीराणद सूरि
हियडौ—देखो 'हिरदौ' (रू भे)
उ०—चोली नीला नेत्रनी, कणयर वन्नु चीर। आभरणे उद्योत अति, हरतो हियडा हीर।—मा का प्र
हियत्थ-स. पु —हितार्थ, मोक्ष। (जैन)
हियरौ—देखो 'हिरदौ' (रू. भे.)
हियां-अव्यय —यहा, इस जगह।
हियाखाई-स स्त्री [स हृदय-खाति] १ किसी बात या कार्य के प्रति होने वाली हिचक, सकोच।
२ भय, डर।
३ शका, सदेह।
हियाफूट, हियाफूटोडौ, हियाफूटौ-वि. (स्त्री हियाफूटी, हियाफूटोडी)
१ मूर्ख, नासमझ, बेवकूफ, शिर-फिरा।
उ०—१ अकबर कूट अजांण, हियाफूट छोडैं न हठ। पगा न लागण पाण, पणधर राण प्रतापसी।—दुरसौ आढौ
उ०—२ मात पिता मैं दोसण मोटो, प्रथम मिळ्या सुख पाई नें। नग दोना मिळ श्रो निपजायो, हियाफूट हरखाई नैं।—ऊ का.
२ खिन्नचित्त, उदास।
रू. भे —हीयाफूटौ, हीयाफूट, हीयाफूटोडौ, हीयाफूटौ।
हियाळी, हियाली-स स्त्री.—१ वात्सल्य, प्रेम, स्नेह।
उ०—हुस्यार करचौ, मुनीम वणायौ, व्याह माड्यौ, अर घर पक्कौ करायौ। जीया जितै पूरी सारी पख पाळी अर हियाळी सू राख्यौ।—दसदोख
२ तसल्ली, धैर्य, ढाढस।
३ हसी, मजाक।
४ बदतमीजी, अभद्र व्यवहार।
रू. भे.—हीयाळी, हीयाळि, हीयाळी, हीयाली।
हियाव-स पु.—लगाव।
उ०—लोह अकोड करैं अनियाव, चाडी चुगली सू घणौ हियाव।
—वील्होजी
हियाहीण, हियाहीन-वि [स हृदय+हीन] १ मूर्ख, अज्ञानी।
२ कायर, डरपोक।
३ क्रूर, दयाहीन, हृदयहीन।
रू. भे —हीयाहीण।
हियु, हियु, हियू, हियौ—देखो 'हिरदौ' (रू भे)
उ०—१ दव जिम दीठइ करुणए, करणइ ए हियुं निकामु। मरूउ वरूउ दमनकि मन, किहि नही य विस्रामु।—जयसेखर सूरि
उ०—२ रही कटि फौज गई अधरात, वेई तद तेण हियै मझ वात।—मे म.
उ०—३ नित समरू एहनौ नाम रे, सहु वातैं समरथ स्वाम रे। हिव पूगी हिया नी हाम रे, श्रोहिज मुझ आतम राम रे।
—ध व. ग्रं.
उ०—४ जब जब सुरत लगै वा घर की, पल पल नैनन पानी। ज्यौं हियैं पीर तीर सम लागत, कसक कसक कसकानी।—मीरा
उ०—५ हियैं तहव्वर खान रै, व्यापी यौं विपरीत। दाह अकब्बर भोगयौ, 'नौरग' साह नचीत।—रा. रू.
हिरणख—देखो 'हिरणकस्यप' (रू. भे)
हिरणखी—देखो 'हरिणाक्षी' (रू भे.)
उ०—जिम नौ गुण अवनी अमर, जिम हिरणखी हार। इम गढवा बाधा गळैं, जेहल राजकुवार।—बा. दा

उ०—विमळानन विबुधेस विहारी, सख चक्र धारी सुमरण। भव तारण भूधर भय भजण, हिरणगरभ त्रय ताप हरण।—र ज प्र

हिरणचवौ—स पु—एक प्रकार का घास।

हिरणजप, हिरणझप—स पु—१ डिंगल का एक छद (गीत) विशेष जिसके प्रथम चरण मे १६ मात्रा, द्वितीय मे १४ मात्रा, तृतीत चरण मे २४, चतुर्थ और पचम चरण मे १४-१४ तथा छठे चरण मे २४ मात्राऐ होती हैं। इसके पहली, दूजी, चौथी व पाचवी तुक के अंत मे भगण तथा नगण और अंत मे लघु होता है। तीसरी व छठी तुक के अंत मे जगण होता है।

२ मृग की छलाग।

हिरणदा—स स्त्री [स हिरण्यदा] पृथ्वी। (डिं को)

हिरणरेत—स पु [स हिरण्यरेतस्] १ अग्नि, आग।

२ शिव, महादेव।

३ सूर्य, रवि।

४ बारह आदित्यो मे मे एक।

रू भे—हिरण्यरेत, हिरण्यरेता।

हिरणलौ—देखो 'हरिण' (अल्पा, रू भे)

उ०—किहा गया कुवरजी प्रभात का, किण ठामै किण ठोर वे। राणी कहै रे हिरणला, ताहरी वाहर जोय वे।—रीसालू री वात

हिरणाखी—देखो 'हिरणाखी' (रू भे)

हिरणाक, हिरणाकस, हिरणाकुस—१ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

२ देखो 'हिरणाकस्यप' (रू भे)

उ०—१ करकै तरवार ग्रहै हिरणाकुस, मूढ निरोस निवार मुडै। सुत कै वळ एक मुरार तणौ सज, थभ विडार गिलार थडै।—भगतमाळ

उ०—२ करचौ रूप नरसिंघ कौ, सुण्यौ सत कौ साद। हिरणाकुस फाडचौ उदर, राख लियौ पहळाद।—गज-उद्धार

उ०—३ हिरणाकुस प्रल्हाद सतायौ, जार अगन विच डाल दियौ री। राज छाड दियौ नाव न छाडचौ, खभ फाड प्रभु दरस दियौ री।—मीरा

उ०—४ पुत्र हिरणाकुस २०, पुत्र पहिलाद २१ पुत्र वैरोचन २२, पुत्र वलिराजा २६।—रा वमावळी

उ०—५ जेण कसासुर मारियौ, मध कीचक समदर मथै। मुर हिरणाकुस हिरणाख, अगज गज उनथ नथै।—वि स सा

हिरणाख—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

उ०—१ जेण कसासुर मारियौ, मध कीचक समदर मथै। मुर हिरणाकुस हिरणाख, अगज गज उनथ नथै।—वि स सा

उ०—२ प्रथम्मी जाती रेस पयाळ, दाढा विच राखी दीन-दयाल। रामी धरवार किता तै राम, सभै हिरणाख विखै सग्राम।

—ह र

हिरणाखि, हिरणाखी—१ देखो 'हरिणाक्षी' (रू भे)

उ०—१ हिरणाखी रुखमणीजी त्याका कठ कै विखै। अतरि जु सरसती थी। सु मानौ वाहरि लाल रूप करि प्रगट हुई छै।

—वेलि टी

उ०—२ हिरणाखी हस हाली चरजा उचारै। सेवक पढत सतूती देवळ निज द्वारै।—मे म

उ०—३ माळवणी तू मन समी, जाणइ महू विवेक। हिरणाखी हसिनइ कहइ, करउ दिसाउर एक।—ढो मा

२ देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

उ०—लकापति रावण कहा, कुभ करण कहा वस। हिरणाकुस हिरणाखि कहा, महकासुर कहा कस।—ह पु वा

हिरणायख—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)

उ०—हिरणायख हाणै सख सभाणै, हयग्रीवा खळ हता है। हरणाकुस हत्तै महण सु मथ्थै छित लै वळि छळता है।

—र ज प्र

हिरणावटियौ—स पु—कच्चे झोपडे के मध्य मे स्तम्भ रूप खडे किये हुए काष्ठ के ऊपरी हिस्से पर चारो ओर लगाई जाने वाली लकडी।

हिरणावटी—स स्त्री—मोट के खाली होने वाले स्थान पर लगे पत्थर मे सीधी खडी लगाई हुई लकडी।

हिरणियौ—स पु—१ गरीव व्यक्ति।

२ देखो 'हरिण' (अल्पा, रू भे)

हिरणी—स स्त्री—१ मादा हरिन, मृगी।

उ०—१ जिणि दीहे तिल्ली त्रिडइ, हिरणी झालइ गाभ। ताह दिहा री गोरडी, पडतउ झालइ आभ।—ढो मा.

उ०—२ विडरी हिरणीं सी फिरणी विजकाती, मुखडौ मुसकाती जोरौ जतळाती। आलै भक आटा कोलै जिम कुयिगी, हावर भामणिया सामणिया हुयगी।—ऊ का

२ सोन जुही। (अ मा, ना मा)

३ स्वर्ण की चमक।

४ मृगशिरा नक्षत्र।

५ देखो 'हिरणीखूटौ'।

रू भे—हरणी।

हिरणीखूटौ—स पु—गाडी मे लगाया जाने वाला लकडी का डडा जो बोझा ढोने के निमित्त माकडे मे सीधा खडा किया जाता है। ऐसे चार डडे लगाये जाते हैं।

हिरण्ण—देखो 'हिरण्य' (रू भे)

हिरण्मय—स पु [स] १ ब्रह्मा।

२ जबू द्वीप के नौ खण्डो मे से एक खण्ड जो कि श्वेत व शृंगवान पर्वतो से घिरा हुआ है।

३ एक प्राचीन ऋषि का नाम।

वि—१ सोने का।

हिराळी—देखो 'हरियाळी' (रू भे)
उ०—परवत रै सयत सीनै पर, उफणै हो रूप हिराळी रौ। हो हियौ मुळकतौ दरसावै, पत्तै पत्तै ग्रर डाळी रौ।—सकुतळा

हिरावडौ-वि (स्त्री हिरावडी) हरियाया।
उ०—विदवाना ग्रर धनवाना री सगत, साथै देस सेवा भी। मारजा तौ सै चीजा छोड'र हिरावडै पमुरो सी लक्कड, गळै में वैर वाध लियौ है।—दसदोख

हिरावळ—देखो 'हरावळ' (रू भे)

हिरासत-स स्त्री [ग्र] १ कैद, हवालात।
२ निगरानी, चौकीदारी, पहरा।
३ नजरवदी, नजर कैद।
४ निरीक्षण, जाँच।
५ देख-रेख, चौकमी।
६ गिरपत, कब्जा।

हिरिण—१ देखो 'हरण्य' (रू भे)
२ देखो 'हिरण' (रू भे)
३ देखो 'हरिण' (रू भे) (ह ना मा)

हिरिदौ—देखो 'हिरदौ' (रू भे)
उ०—हरीया ढूढत मै फिरू, पेम पीयारा मित। ता हिरिदै की दाखवु, मेट हमारी चित।—ग्रनुभववाणी

हिरिम-वि [स ह्रीमान्] १ लज्जावान, लज्जाशील।
२ शिष्ट, सभ्य।

हिरौळ—देखो 'हरावळ' (रू भे)

हिळणौ, हिळवौ-क्रि ग्र [स हिल्] १ चस्का लगना, लगाव होना, लगना।
उ०—१ हरि सुख सागर पर हरया, कीच रह्या लपटाय। जन हरिदास ता जीव कू, हिळीयौ हाडौ खाय।—ह पु वा
उ०—२ हिळता हिळता हाय भिळी मत दुख सू भाई। मिळ मुरदा मनवार करौ मन वुरी कमाई।—ऊ का
उ०—३ भख ग्रवर न भावै घणा भरोसै, ग्रोमभि ग्रावै नही दळै। करणा तूझ कटारी कटका, गटका हिळी पठाण गिळै।
—करणसिंघ चहवाण रौ गीत
२ ग्रादी होना, निर्भर होना, प्रवृत्ति का भुकाव एक ही तरफ होना।
उ०—१ वूठा वरसै मेह ग्रर दीठा राचै चोर। हिळ्योड़ो वळै हवेली ग्रावैला।—फुलवाडी
उ०—२ मोचगा लागा कै कीकर कुचमादी नै पकडै। डोकरी नै तौ धारै कोनी। हिळ्योडो घडी-घडी ग्रठी इज ग्रावै।
—फुलवाडी
३ ग्रनुरक्त होना, ग्राशक्त होना, ग्राकर्पित होना।
४ घुसना, पैठना।
हिळणहार, हारौ (हारी), हिळणियौ—वि०।
हिळिग्रोडौ, हिळियोडौ, हिळ्योडौ—भू० का० कृ०।
हिळीजणौ, हिळीजवौ—भाव वा०।
हेळणौ, हेळवौ—रू० भे०।

हिलणौ, हिलवौ-क्रि ग्र [स हिल्] १ चलायमान होना, चलना।
उ०—सनाहै ग्रमत्ली, हिलै फौज हल्लौ। लडगै ग्रलेखै, दिली ख्याल देखै।—रा रू
२ स्थिर न रहना, हिलना, डुलना।
उ०—लडफा उतारण वाळौ मी। मोग माथै पाणी री कोरी मटकी। उघाडी डील। पण वै टिमची री गळाई हिल्या नी कोई डुल्या।—फुलवाडी
३ चलना, जाना, सरकना, ग्रपने स्थान मे टलना, इधर उधर होना, खिसकना।
उ०—गोडा जाणै मुडग्या व्हे ज्यू, उण सू तौ ग्रागै लारै हिलीजियौ ई कोनी।—फुलवाडी
४ कापना, धूजना।
उ०—वापडा भोळा पछिया रा तौ चुग्गा-पाणी हा जठै रा जठै ई छूटग्या। वारी कुरळाट सुणनै ग्राभौ हिलण लागौ।—फुलवाडी
५ झूमना, लहराना।
उ०—'रतना' मै धिटाई प्रगट हुई लाज थी सू भागी, पायल विछिया मौन कीवी कटि मेखळा वागी। छिव मैं छिलिया, हार हमेल हिलिया। छातिया थहरै केस छूट छहरै। कुचा पर फावी ग्रलकरी वोकस, कलभरा कुभा जाणै मदन महावत रा हीज ग्राकस।—र हमीर
६ जमकर न रहना, विचलित होना, डिगना, चचल होना।
७ कोई हरकत होना, हिलना।
८ चचल होना।
९ फिरना, घूमना।
हिलणहार, हारौ (हारी), हिलणियौ—वि०।
हिलिग्रोडौ, हिलियोडौ, हिल्योडौ—भू० का० कृ०।
हिलीजणौ, हिलीजवौ—भाव वा०।
हलणौ, हलवौ—रू० भे०।

हिलब-स स्त्री—एक गुफा विशेप।
उ०—मुसलमान रै कितावा मैं लिखै है—ग्रगरेजा रै ग्रागै रूम रौ पातसाह भाजि हिलब मैं जावसी, पछै इमाम महदी हुसी, कित्ताहीक वरस पातसाही करसी, पछै ग्रगरेजा रै हाथ ग्रौ सहीद पछै कयामत हुसी।—वा दा ख्यात

हिलबी—देखो 'हिलवी'।

हिलम-स स्त्री [स हिल्म] १ भल मनसाहत, भलाई।
उ०—काई छै घणी हिलम नरमी जिकी जहर दै तोनू तिण नू मिस्त्री देय कम मत ना रहै।—नी प्र

धारण कर लेना कि वह कभी भुलाई नही जा सके।
वि — हृदय या चित्त मे समाहित।
रू भे — हीयागम।

हिरदै, हिरदौ–न पु [स हृदय] १ प्रत्येक प्राणी के शरीर मे वक्ष-स्थल के नीचे स्थित वह शारीरिक अवयव जो समस्त शरीर मे रक्त सचालन करता है तथा जिसके स्पदन से श्वास प्रक्रिया चलती है। (Heart)
उ०—१ हिरदै रोग स्वास अरू खास, डभ क्रिया तिहा पच प्रकास। हुदै लीक अरू वरत्तुल च्यार, दभ अस्थि कै मध्य विचार। —ध व ग्र
उ०—२ रसना प्रथम सत सवद कु दिढ करि, दूसरै कठ लिव पेम आया। तीसरै सास उसास हिरदै उठै, चतुरथै नाभ घट खेल लाया।—अनुभववाणी
उ०—३ राम राम रसना लीया, मास दोय विसराम। हरीया हिरदै कठ मैं, सागर वरस मुकाम।—अनुभववाणी
२ मस्तिष्क या चित्त की वह चेतना शक्ति जिसके द्वारा प्राणी के मन मे रागद्वेष, हर्ष-शोक, प्रेम आदि की अनुभूतिया होती है तथा जिसके द्वारा वह प्रत्येक वात के औचित्य पर विचार करता है। अन्त करण, चित्त, मन।
उ०—१ साधु मिळै तव ऊपजै, हिरदै हरि का भाव। दादू सगति साधु की, जव हरि करै पसाव।—दादूवाणी
उ०—२ हिरदै ऊणा होत, सिर धूणा अकवर सदा। दिन दूणा टैंसोत, पूणा व्है न प्रतापसी।—दुरसौ आढौ
उ०—३ द्रढ हिंगळाज दान हिरदा मैं, ढावी कवि ढूढाडै। गति अदभूत रमत गिरजा नै, चिरजा अम्रत चखाडै।—मे म
३ ज्ञानेन्द्रिय।
उ०—१ पहली स्रवण द्वितीय रसना, त्रितीय हिरदै रमइ। चतुरथी चिंतन भया, तव रोम-रोम ल्यौ लाइ।—दादूवाणी
उ०—२ प्रथम राम रसना सवरि, दुतीयै कठ लगाय। त्रितीयु हिरदै ध्यान धरि, चौथै नाभ मिलाय।—अनुभववाणी
४ वक्षस्थल, छाती, सीना।
५ मुख, जवान।
उ०—छोटै वडै नीच कुल ऊचा, राम कहत सवही नर सूचा। कहा भयौ जै ऊँच कहायौ, राम नाम हिरदै नही गायौ।
—अनुभववाणी
६ किसी वस्तु का सार या मर्म, मूल तत्व।
७ अत्यन्त प्रिय-जन, अत्यन्त प्रिय वस्तु।
८ जीवन, प्राण।
९ प्रेम, प्यार।
१० स्मरण-शक्ति।
रू भे — रदि, रदी, रदे, रदै, रदौ, रिदय, रिदि, रिदौ, हईड, हईडइ, हईडौ, हडदै, हडदौ, हरदय, हरदौ, हिग्र, हिग्रौ, हिडदौ, हिदे, हिदै, हिदौ, हिय, हियडइ, हियडलु, हियडलौ, हियडौ, हियडइ, हियडउ, हियडलइ, हियडलौ, हियडौ, हियरौ, हिरद, हिरदय हीयौ हीग्र, हीइ हीग्रौ, हीय, हीयइ, हीयइ हीयउ, हीयऊ, हीयडई, हीयडलौ, हीयडौ, हीयडइ, हीयडउ, हीयडौ, हीयरौ, हीयौ, हीरद्द, हीरद्दौ, हैये, हैयै।

हिरन—१ देखो 'हरिण' (रू भे)
२ देखो 'हिरण्य' (रू भे) (अ मा)

हिरनकस्यप—देखो 'हिरणकस्यप' (रू भे)
उ०—भक्त कारण रूप नर हरि, धरचौ आप सरीर। **हिरनकस्यप** मार लीनौ, धरचौ नाहिन धीर।—मीरा

हिरनखुरी—देखो 'हिरणखुरी' (रू भे)

हीरनहीरनाछी–स पु — वह घोडा जिसका आधा शरीर हरे रग का तथा आधा शरीर सफेद रग का हो। (अशुभ) (शा हो)

हिरनाख्य—देखो 'हिरण्याक्ष' (रू भे)
उ०—उस विरयाँ वज्जीर दौल कू कहै कुतब्बी। जानिक सुरगै लेन कौ, हिरनाख्य मुरब्बी।—ला रा

हिरमच, हिरमची—देखो 'हिडमच' (रू भे)
उ०—हरीया **हिरमच** लायकै, वैठै विरकत होय। विरकत सोई जाणीयै, विखै विरता सोय।—अनुभववाणी

हिरळवत–स पु [स हिरण्यवत्] सूर्य, रवि। (अ मा)

हिरस–स स्त्री [स हिर्स] १ तृष्णा, वासना, लोभ, लालच।
